सूर्योदय : 6:35
सूर्यास्त : 6:03
अधिकतम तापमान : 28.0
न्यूनतम : 14.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-261 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, शुक्रवार, 01 मार्च 2024
19 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




**मुख्यमंत्री योगी ने अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण किया**

# हर घटना हमारे लिए एक सबक होनी चाहिए : योगी

**सौगात**

- **जल्द ही तहसील स्तर पर फायर स्टेशन वाला पहला राज्य होगा यूपी**
- **सात वर्षों में उठाये गये कई महत्वपूर्ण कदम**



> सीएम योगी ने कहा कि फायर टेंडर के रिस्पांस टाइम को कम से कम करने पर जोर होना चाहिये ताकि जन-धन की हानि को कम से कम किया जा सके। पिछले कुछ वर्षों में इसमें काफी सुधार भी हुआ है। यही वजह है कि 33,000 से अधिक अग्नि दुर्घटनाओं में 3,780 जनहानि को रोका गया। साथ ही 5000 से अधिक पशुओं के साथ ही 150 करोड़ रुपये की संपत्ति को नष्ट होने से बचाया गया। इसके अलावा विभाग तेज लू के दौरान फसलों में आग लगने की घटनाओं पर काबू पाने के लिए सदैव खड़ा रहता है। इसे ही ध्यान में रखते हुए हमने आपात सेवाओं का उच्चीकरण करने का कार्य किया है।

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को अपने सरकारी आवास पर आयोजित अग्निशमन सुरक्षा कवच के सुदृढ़ीकरण के लिए 38 अग्निशमन केंद्रों का लोकार्पण/शिलान्यास एवं 35 अग्निशमन वाहनों के फ्लैग ऑफ कार्यक्रम में में कहा संकट के समय अग्निशमन सेवाओं की भूमिका से सभी भलीभांति परिचित हैं। इसी को ध्यान में रखकर वर्ष 1944 में प्रदेश में विभाग का गठन किया गया। वर्ष 1944 से 2017 के बीच 73 वर्षों में केवल 288 फायर स्टेशन स्थापित किये गये जबकि पिछले 7 वर्षों में 71 नए फायर स्टेशन स्थापित किए गये। आज हम प्रदेश में तेजी के साथ तहसील स्तर पर एक-एक फायर स्टेशन स्थापित करने की दिशा में अग्रसर हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही उत्तर प्रदेश पूरे देश में ऐसा राज्य होगा, जहां तहसील स्तर पर फायर स्टेशन होंगे। हमने कानून व्यवस्था में व्यापक रिफॉर्म के कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है साथ ही उनके आधुनिकीकरण के लिए समयबद्ध तरीके से कार्यक्रम आगे बढ़ाए गए हैं। उसी का परिणाम है कि प्रदेश में आज अग्निशमन विभाग प्रदेश की इमरजेंसी सेवाओं में एक बेहतरीन सेवा प्रदान करने के लिए अपने आप को तैयार कर रहा है। हमने विभाग की सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिए अब तक लगभग 1400 करोड़ रुपये दिये हैं। इस दौरान सीएम योगी ने विभाग की ओर से लगाई गयी प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया और अधिकारियों से अग्निशमन उपकरणों की जानकारी हासिल की। आज एसडीआरएफ की छह कंपनियां काम कर रही हैं। साथ ही साथ प्रदेश के अंदर स्पेशल सिक्योरिटी फोर्स का गठन करते हुए महत्वपूर्ण इमारतों और संस्थाओं की सुरक्षा के दायित्व को पूरा किया है। इन प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए प्रदेशवासियों, निवेशकों और टूरिस्ट के विश्वास को और मजबूत करना है। इसी के तहत पहले चरण में जनपद स्तर और दूसरे चरण में तहसील स्तर पर एक से डेढ़ वर्ष में फायर स्टेशन स्थापित हो जाएंगे। हर घटना हमारे लिए एक सबक होनी चाहिए और फिर उस सबक को लोगों तक पहुंचाना चाहिए, ताकि लापरवाही से बचा जा सके। सीएम ने कहा कि कहीं कोई दुर्घटना होती है तो अक्सर लोग वहां पर फोटोग्राफी, वीडियोग्राफी करते रहते हैं।

# सलाखों के पीछे पहुंचा संदेशखाली का सरगना

**शाहजहां शेख 55 दिन बाद गिरफ्तार**



**शिकंजा**

## छह साल के लिए पार्टी से निलंबित

तृणमूल कांग्रेस ने शाहजहां शेख को छह साल के लिए पार्टी से निलंबित कर दिया है। कोलकाता में तृणमूल नेता डेरेक ओ ब्रायन ने इसकी जानकारी दी। इससे पहले पश्चिम बंगाल के संदेशखाली हिंसा के मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों की टीम पर हमले के बाद से फरार था। पुलिस ने कलकत्ता उच्च न्यायालय के आदेश पर उसे गिरफ्तार किया।

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के संदेशखाली मामले में आखिरकार मुख्य आरोपी शाहजहां शेख को गुरुवार को गिरफ्तार कर लिया गया।

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) से निलंबित नेता शाहजहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमले के बाद से फरार था। दरअसल, 5 जनवरी को राशन घोटाला केस में ईडी शाहजहां के ठिकानों पर छापेमारी करने गई थी। इस दौरान शाहजहां के समर्थकों ने अधिकारियों की टीम पर हमला कर दिया। इस घटना के बाद से ही वह फरार था। इस बीच केंद्रीय एजेंसी ने फरार नेता पर शिकंजा कसने के लिए नोटिस जारी किया। उधर स्थानीय महिलाओं ने भी शाहजहां के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। इन महिलाओं ने शाहजहां और उसके समर्थकों पर शोषण और जबरन जमीन कब्जाने जैसे कई गंभीर आरोप लगाए। वहीं कई दिनों तक गिरफ्तारी न होने के कारण न्यायालय ने बंगाल पुलिस को कठघरे में खड़ा किया।

# मोदी कैबिनेट : पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी

- **75,021 करोड़ की लागत से एक करोड़ घरों पर लगेगा सोलर पैनल**
- **तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के प्रस्तावों को भी मंजूरी**




**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 75,021 करोड़ रुपये के खर्च के साथ एक करोड़ घरों में रूफटॉप सोलर लगाने के लिए पीएम-सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को मंजूरी दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 13 फरवरी, 2024 को इस योजना की शुरुआत की थी। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कैबिनेट के इस फैसले की जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज पीएम मोदी के नेतृत्व में कैबिनेट की बैठक हुई। इसी बैठक के दौरान पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को आज मंजूरी दी गई। इस योजना के तहत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट मुफ्त बिजली मिलेगी। प्रत्येक घर को 1 किलोवाट प्रणाली के लिए 30,000 रुपये और 2 किलोवाट प्रणाली के लिए 60,000 रुपये की सब्सिडी मिल सकती है। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने खरीफ सीजन 2024 के लिए पीएंडके उर्वरकों के लिए पोषक तत्व आधारित सब्सिडी को मंजूरी दी। केंद्र सरकार के मंत्रिमंडल ने गुजरात और असम में 1.26 लाख करोड़ रुपये के अनुमानित निवेश के साथ तीन सेमीकंडक्टर इकाइयां स्थापित करने के प्रस्तावों को भी गुरुवार को मंजूरी दे दी। केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्तावों को मंजूरी देने के बाद दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि सभी तीन इकाइयों का निर्माण अगले 100 दिनों के भीतर शुरू हो जाएगा। टाटा इलेक्ट्रॉनिक्स प्राइवेट लिमिटेड पावरचिप सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग कॉर्प, ताइवान के साथ साझेदारी में एक सेमीकंडक्टर फैब स्थापित करेगा। इस यूनिट का निर्माण गुजरात के धोलेरा में किया जाएगा। इस संयंत्र में 91,000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा। टाटा सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट प्राइवेट लिमिटेड 27,000 करोड़ रुपये के निवेश पर असम के मोरीगांव में एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करेगी।

# विकास और विरासत साथ लेकर चलेंगे: प्रधानमंत्री मोदी

- **प्रधानमंत्री मोदी ने मध्य प्रदेश में 17,500 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास किया**

**इंदौर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मध्य प्रदेश में लगभग 17,000 करोड़ रुपए की कई विकास परियोजनाओं की आधारशिला रखी और राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि हमारी सरकार विरासत और विकास को कैसे एक साथ लेकर चलती है, इसका उदाहरण उज्जैन में लगी वैदिक घड़ी भी है। बाबा महाकाल की नगरी कभी पूरी दुनिया के लिए काल गणना का केंद्र थी, लेकिन उस महत्व को भुला दिया गया था। अब हमने विश्व की पहली विक्रमादित्य वैदिक घड़ी फिर से स्थापित की है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश की सभी लोकसभा सीटों को एक साथ लगभग 17 हजार करोड़ रुपये की विकास परियोजनाएं मिली हैं। ये परियोजनाएं मध्य प्रदेश लोगों का जीवन आसान बनाएंगी, यहां निवेश और नौकरियों के नए अवसर बनाएंगी। इन परियोजनाओं के लिए सभी को बहुत बहुत बधाई। मोदी ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में भारत के कई राज्यों ने विकसित बनने का संकल्प लिया है क्योंकि विकसित राज्यों से ही विकसित भारत बनेगा।

# यूपी, हरियाणा और पंजाब की सीमाएं और राजधानी बदलने की लगी अर्जी

**विभाजन**

- **हाईकोर्ट बोला, यह हमारा काम नहीं**



**चंडीगढ़।** उच्च न्यायालय ने गुरुवार को उस जनहित याचिका को खारिज कर दिया जिसमें पंजाब, उत्तर प्रदेश और हरियाणा राज्यों की सीमाओं को बदलने और हरियाणा की राजधानी को चंडीगढ़ से कुरुक्षेत्र स्थानांतरित करने के निर्देश देने की मांग की गई थी।

जेपी सिंह नामक व्यक्ति की याचिका में यह भी प्रार्थना की गई कि पंजाब और हरियाणा के लिए सामान्य उच्च न्यायालय को विभाजित किया जाना चाहिए और जालंधर में पंजाब के लिए एक अलग उच्च न्यायालय स्थापित किया जाना चाहिए। वर्तमान में पंजाब और हरियाणा दोनों एक साझा राजधानी (चंडीगढ़) और उच्च न्यायालय साझा करते हैं। कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन और न्यायमूर्ति मनमीत प्रीतम सिंह अरोड़ा की खंडपीठ ने यह कहते हुए याचिका खारिज कर दी कि अदालतों को देश या राज्य की सीमाओं को बदलने का अधिकार नहीं है और यह संसद का विशेष अधिकार क्षेत्र है।

## सुप्रीम कोर्ट जाएगा हिमाचल का सियासी संकट

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले छह कांग्रेस विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया। अब अयोग्य ठहराए गए विधायकों ने स्पीकर के खिलाफ मोर्चा खोलने का एलान कर दिया है। विधायकों ने कहा कि स्पीकर के आदेश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील करेंगे। बता दें कांग्रेस के छह बागी विधायकों ने सरकार के पक्ष में मतदान करने के पार्टी व्हिप का उल्लंघन करते हुए विधानसभा में कटौती प्रस्ताव और वित्त विधेयक (बजट) पर मतदान से परहेज किया था। सत्तारूढ़ कांग्रेस ने इस आधार पर उन्हें अयोग्य ठहराने की मांग की थी। अयोग्य ठहराए गए विधायकों में सुधीर शर्मा, रवि ठाकुर, राजिंदर राणा, इंदर दत्त लखनपाल, चेतन्य शर्मा और देविंदर कुमार भुट्टो शामिल हैं।

# अवनीश अवस्थी का कार्यकाल बढ़ा

**सेवा विस्तार**

- **रिटायर होने के बाद मुख्यमंत्री योगी के सलाहकार हैं**
- **फरवरी 2025 तक बने रहेंगे पद पर**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार अवनीश अवस्थी का कार्यकाल फिर से बढ़ा दिया गया है। अब वह 1 मार्च 2024 से 28 मार्च 2025 तक यूपी सीएम के सलाहकार बने रहेंगे। 29 फरवरी 2024 को उनका कार्यकाल समाप्त हो रहा था।

इंडियन एडमिनिस्ट्रेटिव सर्विस से रिटायर होने के बाद से अवनीश अवस्थी प्रशासनिक कार्यों के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार हैं. वह मुख्यमंत्री के काफी विश्वस्त माने जाते हैं। इस पद पर यह उनका तीसरा सेवा विस्तार है। अपर मुख्य सचिव डॉ. देवेश चतुर्वेदी ने इस संबंध में गुरुवार को आदेश जारी किया। यूपी की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने सरकार की सिफारिश पर अपनी स्वीकृति दे दी है। 1987 बैच के आईएएस अफसर रहे अवनीश अवस्थी, 31 अगस्त 2022 को सेवानिवृत्त हुए थे। वह सबसे लंबे वक्त तक उप्र गृह विभाग की जिम्मेदारी संभालने वाले आईएएस अफसर रहे हैं सेवानिवृत्ति के बाद अवनीश अवस्थी के लिए सीएम योगी के प्रशासनिक कार्यों के सलाहकार के रूप में एक अस्थायी पद सृजित किया गया। पिछले साल पहला कार्यकाल समाप्त होने के बाद यूपी के गवर्नर ने 29 फरवरी 2024 तक के लिए पूर्व आईएएस को सेवा विस्तार दिया था। एक बार फिर उन्हें 28 मार्च 2025 तक के लिए इस पद पर सेवा विस्तार मिला है।





गेहूँ खरीद
वर्ष 2024-25

प्रदेश के न्यूनतम समर्थन मूल्य योजना के अंतर्गत
गेहूँ की सरकारी खरीद
दिनांक 1 मार्च, 2024 से प्रारंभ

गेहूँ की बिक्री हेतु किसानों को खाद्य एवं रसद विभाग के पोर्टल fcs.up.gov.in अथवा विभाग के मोबाइल ऐप UP Kisan Mitra पर पंजीकरण/नवीनीकरण कराना अनिवार्य

इस वर्ष बटाईदार कृषकों द्वारा भी पंजीकरण कराकर गेहूँ की बिक्री की जा सकेगी

गेहूँ का समर्थन मूल्य ₹2275/- प्रति क्विंटल

कृषक भाइयों से अपील

- कृषक का बैंक खाता आधार सीडेड (अर्थात् बैंक खाता आधार से जुड़ा हो) एवं बैंक द्वारा एन.पी.सी.आई. पोर्टल पर मैप एवं सक्रिय होना आवश्यक है।
- गेहूँ के मूल्य का भुगतान पी.एफ.एम.एस. के माध्यम से सीधे किसानों के आधार लिंक्ड बैंक खाते में यथासम्भव 48 घंटे के अंदर किए जाने की व्यवस्था।
- किसानों की सुविधा के लिए नामिनी की व्यवस्था।
- 100 क्विंटल की सीमा तक गेहूँ विक्रय के लिए सत्यापन से छूट (बटाईदार कृषक एवं चकबंदी ग्रामों को छोड़कर)।
- केंद्र प्रभारी द्वारा कृषक के गेहूँ अस्वीकरण की दशा में तहसील स्तर पर कार्यरत क्षेत्रीय विपणन अधिकारी की अध्यक्षता में गठित समिति के समक्ष अपील की व्यवस्था।
- गेहूँ विक्रय हेतु इच्छुक किसान खाद्य एवं रसद विभाग के टोल-फ्री नंबर 1800-1800-150, क्रय एजेंसियों के क्रय केंद्र प्रभारी /क्रय एजेंसियों के जनपद/सम्भाग स्तर के अधिकारियों से दूरभाष पर सम्पर्क कर अथवा मिस्डकॉल कर अपना पंजीकरण /नवीनीकरण करा सकेंगे।

खाद्य एवं रसद विभाग उत्तर प्रदेश के पोर्टल UP KISAN MITRA पर पंजीकरण/नवीनीकरण प्रारंभ

इलेक्ट्रॉनिक प्वाइंट आफ परचेज (ई-पॉप) मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण करते हुए खरीद

इस वर्ष खाद्य विभाग व अन्य क्रय एजेंसियों के कुल 6500 क्रय केंद्र स्थापित करने की योजना

किसान पंजीकरण/नवीनीकरण, भूमि के रकबे का सत्यापन, खरीद व MSP पेमेंट की अद्यतन स्थिति जानने हेतु गूगल प्ले स्टोर/QR कोड के माध्यम से UP Kisan Mitra मोबाइल ऐप डाउनलोड करें।

किसान भाइयों से अनुरोध है कि गेहूँ को ओसाकर, छन्ने से मिट्टी, कंकड़, धूल, विजातीय पदार्थों को हटाकर एवं अच्छी तरह सुखाकर क्रय केंद्र पर विक्रय हेतु लाएं।

गेहूँ क्रय की अवधि सम्पूर्ण प्रदेश में
दिनांक 01.03.2024 से 15.06.2024 तक

क्रय केंद्र प्रतिदिन प्रातः 9:00 बजे से सायंकाल 6:00 बजे तक खुले रहेंगे।
(रविवार एवं राजपत्रित अवकाश को छोड़कर)

कृषक किसी भी सहायता के लिए टोल फ्री नम्बर 1800-1800-150 या संबंधित जनपद के जिला खाद्य विपणन अधिकारी, तहसील के क्षेत्रीय विपणन अधिकारी या ब्लॉक के विपणन निरीक्षक से सम्पर्क कर सकते हैं।

खाद्य एवं रसद विभाग, उत्तर प्रदेश

## मुख्यमंत्री के फायर स्टेशन का वर्चुअल लोकार्पण के बाद अमृतपुर विधायक ने पर्दा हटाकर किया शुभारंभ



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** अमृतपुर तहसील क्षेत्र में स्थित अग्निशमन केंद्र का वर्चुअली मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोकार्पण किया। थाना राजेपुर क्षेत्र के दौलतपुर चकई स्थित कार्यक्रम स्थल पर डीएम डॉ बी के सिंह, एसपी विकास कुमार व अमृतपुर विधायक सुशील शाक्य पहुंचे। फायर स्टेशन को बेहतरीन ढंग से सजाया गया था अग्निशमन की गाड़ियों पर भी रंग-बिरंगे गुब्बारो से सजावट की गई थी एक करोड रुपए से अधिक की लागत से दौलतपुर चकई में बनकर तैयार हुआ है फायर स्टेशन का मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से जनता को फायर स्टेशन समर्पित किया। कार्यक्रम स्थल पर एएसपी डॉ संजय सिंह, जिला अग्निशमन अधिकारी, सीओ अमृतपुर सहित विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। दौलतपुर चकई स्थित अग्नि शमन केंद्र का सीएम योगी ने वर्चुअली लोकार्पण किया। सीएम योगी के लोकार्पण के बाद अमृतपुर विधायक ने शिलापट से पर्दा हटाकर शुभारंभ किया जिसके बाद अमृतपुर विधायक ने अधिकारियों के साथ केंद्र पर बने कार्यालय का निरीक्षण किया। अग्निशमन अधिकारी से विधायक सुशील शाक्य ने विस्तार से जानकारी ली। 9 करोड़ 42 लाख रुपए से अधिक की लागत से फायर स्टेशन बनकर तैयार हुआ है। औपचारिक तौर पर फायर स्टेशन शुरू होने से क्षेत्र की जनता को बड़ी सहूलियत मिलेगी। एसपी विकास कुमार ने बताया की सीएम योगी ने प्रदेश भर के नव निर्मित फायर स्टेशन का लोकार्पण किया है।

## माध्यमिक शिक्षा की मजबूती को मुख्यमंत्री देंगे 25 करोड़ रुपये का उपहार

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार (3 मार्च) को गोरखपुर में माध्यमिक शिक्षा की मजबूती के लिए करीब 25 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उपहार देंगे। वह 26 माध्यमिक विद्यालयों में प्रोजेक्ट अलंकार के कार्यों तथा 141 माध्यमिक विद्यालयों में प्रीमियम स्मार्ट क्लास रूम का शिलान्यास करेंगे। शिलान्यास के ये कार्य राजकीय जुबली इंटर कॉलेज में रविवार पूर्वाह्न प्रस्तावित स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह के मंच से होंगे। इस समारोह में तीन हजार छात्र-छात्राओं को स्मार्टफोन तथा डेढ़ हजार को टैबलेट वितरित किया जाएगा। सीएम योगी कुछ विद्यार्थियों को अपने हाथों से स्मार्टफोन व टैबलेट प्रदान करेंगे। सीएम योगी की मौजूदगी में अभी 28 जनवरी को गोरखपुर विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम में एक हजार युवाओं को स्मार्टफोन वितरित किया गया था। एक बार फिर वह 22 फरवरी को साढ़े चार हजार युवाओं के स्मार्टफोन व टैबलेट वितरण समारोह में शामिल होंगे।

# संयुक्त टीम ने ई-रिक्शा पर लदी 19 बोरी प्याज के साथ दो को पकड़ा

अवधनामा संवाददाता



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर।** 43वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल सीमा चौकी खुनुवा व खुनुवा कस्टम व पुलिस चौकी संयुक्त टीम ने बृहस्पतिवार को दो ई -रिक्शा पर लदी प्याज पकड़ा। चेकिंग में 19 बोरी प्याज बरामद किया गया। एसएसबी 43वीं वाहिनी के सहायक कमांडेंट राजपाल ने बताया कि सूचना प्राप्त हुई थी कि रमवापुर तिवारी चौराहे से बगहवा गांव से नहर के रास्ते गुजरौलिया गांव से होकर अवैध तरीके से प्याज की तस्करी होने वाली है। सूचना को संज्ञान में लेते हुए सीमा चौकी खुनुवां से एस आई ओम प्रकाश के नेतृत्व में ए एस आई प्रसन्नजीत वर्मन, हेड कांस्टेबल देवान्शु कुमार, कांस्टेबल रंजन कुमार झा व चौकी इंचार्ज खुनुवां जगत नरायन यादव, कांस्टेबल विशाल गुप्ता और सीमा शुल्क कार्यालय खुनुवा से निरीक्षक अक्षय यादव के नेतृत्व में संयुक्त गस्ती दल पिलर संख्या 556 से लगभग ढ़ाई किलोमीटर दूर रमवापुर तिवारी चौराहे पर पहुंच गई। चिन्हित स्थान पर पहुंचने के उपरांत देखा गया कि दो ई रिक्शा पर लदा प्याज शोहरतगढ़ से रमवापुर तिवारी पेट्रोल पंप के आगे खुनुवां की तरफ से जा रही है। गस्ती दल को देखते ही ई रिक्शा चालक में से एक ई रिक्शा चालक रिक्शा छोड़कर नजदीकी गांव में भाग गया।जिसे संयुक्त टीम ने तत्परता से पकड़ लिया। दोनों ई रिक्शा तलाशी ली गई, जिसमें से 19 बोरी, कुल 855 किलो प्याज बरामद हुई। पूछताछ में ई रिक्शा चालक टिंकू पुत्र गयासुद्दीन उम्र लगभग 32 वर्ष निवासी नगर पंचायत शोहरतगढ़ वार्ड नंबर 10 मुहल्ला गांधी नगर, व दूसरा घिसियावन पुत्र संतोषी ग्राम खुनुवां, थाना शोहरतगढ़ ने बताया कि यहीं से एक-एक मोटरसाइकिल पर तीन -तीन बोरी तस्करी के जरिए नेपाल भेजी जाती है। हम लोगों को बीस रुपये प्रति बोरी भाड़ा मिल जाता है। बरामद ई रिक्शा सहित प्याज व दोनों चालकों के विरुद्ध 11कस्टम ऐक्ट के तहत कार्यवाही कर खुनुवां कस्टम विभाग को सुपुर्द कर दिया गया।

## एसडीएम ने किया परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** हाई स्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं पूरे प्रदेश में चल रही हैं। परीक्षा को नकल विहीन बनाने के लिए प्रशासन ने कई इंतजाम किये हैं। वृहस्पतिवार को तहसील क्षेत्र के सभी परीक्षा केंद्रों का जायजा लिया और नकल विहीन व सकुशल पूर्ण सम्पन्न कराए जाने हेतु उचित दिशा निर्देश दिया। उपजिलाधिकारी डॉ0 संजीव दीक्षित ने सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कालेज बैदौलागढ़, खैर टेक्निकल इण्टर कालेज बनगवा डुमरियागंज, राम जानकी इण्टर कालेज गिरधरपुर कुनगाई आदि परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा सुचारू रूप से संचालित पायी गयी। उन्होंने सभी परीक्षा केंद्रों पर लगे सी.सी.टी.वी. कैमरों का परीक्षण कराया गया। सभी कैमरे सही पाए गए। परीक्षा केंद्रों पर पेयजल , शौचालय, प्रकाश इत्यादि व्यवस्था देखी गयी, जिसमें सरस्वती विद्या मन्दिर बैदौलागढ़ में कमरों में प्रकाश व्यवस्था कम पाएं जाने पर केन्द्र व्यवस्थापक को प्रकाश की पर्याप्त व्यवस्था कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने सभी केन्द्र व्यवस्थापकों को शासन की मंशानुसार सुचिता पूर्ण ढंग से परीक्षा कराए जाने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान सरस्वती विद्या मन्दिर बैदौलागढ़ में कुल 441 परीक्षार्थियों में 412 परीक्षार्थी उपस्थित तथा 29 अनुपस्थित, खैर इण्टर कालेज बनगवा डुमरियागंज में कुल 381 परीक्षार्थी में 365 उपस्थित तथा 16 अनुपस्थित, राम जानकी इण्टर कालेज गिरधरपुर कुनगाई में कुल 254 परीक्षार्थी में 242 उपस्थित तथा 12 अनुपस्थित पाए गए।

# कप्तानगंज में 9 करोड़ की लागत से बना फायर स्टेशन का सीएम ने किया वर्चुअल लोकार्पण

अवधनामा ब्यूरो

**कुशीनगर।** जिले के कप्तानगंज में नवनिर्मित फायर ब्रिगेड स्टेशन के आवासीय भवन का मुख्यमंत्री ने वर्चुअल उद्घाटन किया। इसके लिए कप्तानगंज थाने के सटे लगभग 9 करोड़ की लागत से बने फायर स्टेशन को सजाया गया था। कुशीनगर जिले की अग्निशमन एवं आपात सेवा विभाग द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यातिथि के रूप में सांसद ने लोकार्पण की स्थलीय औपचारिकता को पूरा किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रामकोला विधायक विनय प्रकाश गौंड के साथ भाजपा के नेता और पुलिस के अधिकारी मौजूद रहे।

सांसद विजय दुबे ने कहा की आज उत्तर प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ पूरे उत्तर प्रदेश में बने नव निर्मित बने अग्नि समन का लोकार्पण किया। उसी क्रम में कुशीनगर के कप्तानगंज में बने नव निर्मित बने अग्नि समन का लोकार्पण हुआ है। यह बताने की जरूरत नहीं है की आपदा में कितना कारगर साबित होता हैं। आज कप्तानगंज में जो अग्नि समन केंद्र बना है उससे लोगो को भी लाभ होगा वही पूर्व सरकार को घेरते हुए कहा की पूर्व की सरकार इस विभाग पर ध्यान नहीं देते थे। जिसका नतीजा ये था कि कुशीनगर में आग लगती थी और अग्नि समन की गाड़ियां महराजगंज से आती थी। जिससे लोगो को भी भारी नुकसान सहना पड़ता था वही नव निर्मित बने अग्नि समन पर कम पुलिस बल की संख्या पर बोले की अब ये अग्नि समन बनकर तैयार हो गया हैं पुलिस बल की संख्या भी बढ़ जाएगी। सरकार आम जन को लाभ पहुंचाने के लिए नए नए संसाधन का उपयोग करती है जिससे आम जन को लाभ पहुंच सके। उसी संदर्भ में कप्तानगंज में अग्नि समन केंद्र का शिलान्यास किया गया। जिससे आग पर काबू पाया जा सके और लोगो को अच्छी व्यवस्था दिया जा सके। आए दिन लोग आग के शिकार होते है जिससे उनके समानों का नुकसान होता हैं। कप्तानगंज में बने अग्नि समन का शिलान्यास होना एक अच्छी पहल मानी जा रही है।





लोकार्पण के दौरान सांसद व नवनिर्मित भवन

- **दो यूनिट की क्षमता में एक यूनिट की हुई तैनाती, पूरे तहसील के गांवों को मिलेगी सेवाएं**
- **जिले के चार थानों के साथ महराजगंज में आपात स्थिति पर संभालेगी मोर्चा**

### पूरे तहसील व इंडस्ट्रियल एरिया को आपात सेवाएं मुहैया कराएगी

फायर बिग्रेड स्टेशन कप्तानगंज के बारे में जानकारी देते हुए कुशीनगर फायर ब्रिगेड विभाग के सीओ जसवीर सिंह ने बताया कि यह लगभग पौने 9 करोड़ की लागत से बना है। ये दो यूनिट की आवासीय फायर स्टेशन हैं जो पूरे तहसील के गांव और इंडस्ट्रियल इलाको को आपात सेवाएं मुहैया कराता है, जो फायर स्पॉट पर जाने के लिए फायर टेंडर है उसकी क्षमता 4500 लीटर की है। साथ ही जल्द यहां एक और फायर टेंडर के साथ रेस्क्यू वैन रखी जाएगी। यहां से महराजगंज जिले में भी आपात स्थिति के दौरान वाहन भेजी जाएगी।

## डीएम-एसपी ने किया बूथो का निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**गाजीपुर।** आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत निर्वाचन सम्बन्धी विविध कार्यो को समयबद्ध एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने एवं निर्वाचन को सकुशल संचालन तथा भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराये जाने हेतु जिलाधिकारी आर्यका अखौरी एवं पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने सामूहिक रूप से तहसील सेवराई के दारूल उलूम अहले सुन्नत गौसिया में 07 बूथ जिसमें 317 से 323 तक, कम्पोजिट विद्यालय बारा में 03 बूथ जिसमें 14, 15 एवं 16 बूथ, एवं कम्पोजिट विद्यालय सेवराई में 08 बूथ जिसमें 401 से 408 तक बूथो का स्थलीय निरीक्षण करते हुए सम्बन्धित को आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराने का निर्देश दिया। उन्होने कहा कि कार्य में कोई अंश छुट न पाये इसको समयान्तर्गत पूर्ण करा लिया जाय। आने जाने वाली सड़क, टूटी फर्स, को ठीक कराने को कहा। उन्होने कहा कि बूथो पर जहा मतदान स्थल बनाये गये है वो निर्वाचन आयोग की जो भी गाइड लाईन शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाये।

## दूसरी अवैध असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** जालौन पुलिस ने पिछले 24 घंटे के दैरान दूसरी अवैध असलाह बनाने की फैक्ट्री का भांडाफोड़ किया है ।मामला डकोर थाना क्षेत्र का है जहाँ आज मुखविर की सूचना पर एस ओ जी सर्विलांस टीम और थाना डकोर पुलिस ने ग्राम डकोर के पास लाई के खेत से एक अभियुक्त को अवैध तमंचा बनाते हुए गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अभियुक्त के पास से 9 अदद तमंचा 315 बोर, 2 अदद तमंचे 12 बोर, 3 अदद तमंचे अधबने, 1 अदद कारतूस खोखा 315 बोर, 1 अदद खोखा कारतूस 12 बोर एवम अवैध शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किए है पूंछतांछ में अभियुक्त ग्यासी लाल पुत्र स्व मोतीलाल निवासी ग्राम मनोरी थाना कोंच जनपद जालौन ने बताया कि में अवैध शस्त्र बनाने के उपरांत आस पास के क्षेत्रों में बेच देता हूं उससे जो पैसा मिलता है उससे में अपनी जरूरतें पूरी करता हूं। अपर पुलिस अधीक्षक असीम चौधरी ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है, कुछ ?र अभियुक्त इसमें शामिल हो सकते है शीघ्र ही उन्हें गिरफ्तार किया जाएगा , उन्होंने बताया कि अवैध असलाह बनाने बाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ कर सराहनीय कार्य करने बाली एस ओ जी टीम ओर थाना डकोर पुलिस को डी आईं जी झांसी ने 25 हजार का इनाम दिया है। गिरफ्तार अभियुक्त के खिलाफ आयुध अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत कर जेल भेज दिया गया है।

## जयवीर सिंह का जनपद भ्रमण कल

**मैनपुरी अवधनामा संवाददाता।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री उ.प्र. शासन जयवीर सिंह दि. 02 मार्च को जनपद भ्रमण पर पधार रहे हैं, मंत्री जी प्रातः 09.15 बजे से शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रॉसिंग करहल रोड पर जन समस्याएं सुनेंगे, अपरान्ह 01.15 बजे क्षेत्रीय ग्राम्य विकास संस्थान, विकास भवन के पास सांस्कृतिक केन्द्र का शिलान्यास करेंगे, तद्‌परांत अपरान्ह 02.30 बजे निज आवास सिरसागंज के लिए प्रस्थान करेंगें।

# जयपुर से पधारे संगीत श्री डॉ शिव दर्शन द्विवेदी को सम्मानित किया गया






अवधनामा संवाददाता

**मैनपुरी।** होली पब्लिक स्कूल में सरस संगीत सन्ध्या तथा सम्मान समारोह आयोजित कर जयपुर से पधारे संगीत श्री डॉ शिव दर्शन द्विवेदी को सम्मानित किया गया। डॉ शिव दर्शन को ध्रुपदश्री व स्वरमणि उपाधि से भी अलंकृत किया जा चुका है। वे आकाशवाणी के ए ग्रेड प्राप्त कलाकार हैं तथा अन्तर्राष्ट्रीय और राष्ट्रीय स्तर के अनेक पुरस्कार तथा सम्मान प्राप्त कर चुके हैं। वर्तमान में वे राजस्थान विश्वविद्यालय में संगीत के व्याख्याता के रुप में सेवारत हैं। प्रारम्भ में डॉ सन्तोष द्विवेदी ने कलाकार का परिचय दिया। डॉ शिव दर्शन ने गायन का प्रारम्भ गणपति स्तुति आओ आओ विनायक, मंगल दायक से किया। उन्होंने मारवाड़ी, ब्रजभाषा व खड़ी बोली में अनेक शास्त्रीय तथा उपशास्त्रीय रचनाएं सुनाकर समां बॉध दिया। आयोजकों ने शाल,गलहार तथा प्रतीक चिन्ह द्वारा इस विलक्षण गायक का सम्मान किया। अन्त में कवि विनोद माहेश्वरी ने सभी आगन्तुकों और कलाकारों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## कॉपीराइट कैस्ट्रॉल आयल बेचने वाला गिरफ्तार

**उरई जालौन।** कस्बा कुठौंद में कैस्ट्रॉल कंपनी वाले मालिक लाल सिंह कदयान पुत्र श्री शेर सिंह पता कंपनी लांसर नेटवर्क लिमिटेड अधिकृत कैस्ट्रोल इंडिया लिमिटेड 630 लेन नंबर 3 बेस्ट एंड मार्क कोहिनूर न्यू दिल्ली को नकली कैस्ट्रॉल आयल बेचने की सूचना पर कस्बा कुठौंद आये थे।जिस दुकानदार की सूचना मिली उसी दुकानदार पर ग्राहक बनकर चेक किया गया तो वहां पर देखा कि कैस्ट्रोल आयल का नकली आयल बेचा जा रहा है। यह सूचना थाने में दी गई।

एक टीम जिसमें कांस्टेबल रवि गुप्ता व कांस्टेबल गौरव कुमार को साथ ले गए तो दुकानदार जिसका नाम कार केयर ऑटो पार्ट्स जो माधौगढ़ तिराहा से 100 मीटर आगे स्थित है उस पर जाकर चेक किया तो वहां पर कैस्ट्रॉल का नकली एक-एक लीटर के डिब्बे कुल मिलाकर 101 कैस्ट्रॉल एक्टिव डिब्बे बरामद किए गए। कुछ खाली डिब्बे भी वहां पर रखे हुए थे जो नकली कैस्ट्रॉल आयल भरने के लिए थे। बरामद भरे हुए डिब्बे के बारे में दुकानदार से पूछा कि कागजात या बिल दिखाओ तो कोई कागजात व बिल प्रस्तुत नहीं कर सका।

## भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति ने किया विस्तार

**भाटपार रानी, देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार समन्वय समिति व सोशल मीडिया पत्रकार महासंघ के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष सरदार दिलावर सिंह ने पत्रकार हितों के लिए संगठन का संकल्प पत्र जारी करते समय संगठन की समीक्षा के उपरान्त दिनेश कान्त मिश्रा को गोरखपुर, अविनाश श्रीवास्तव को गोण्डा एवं अजय कुमार पटेल को महाराजगंज जिले का प्रभारी बनाया है साथ ही अपेक्षा की है कि वे एक पखवाड़े के अन्दर अपनी कमेटियों को विस्तार देकर शपथ ग्रहण व होली मिलन समारोह का आयोजन करेंगे। इनके मनोनयन पर छत्तीसगढ़ के प्रान्तीय अध्यक्ष सरदार मन्विन्दर सिंह भाटिया, प्रान्तीय महासचिव सोनम कौर भाटिया, गोरखपुर के मण्डल अध्यक्ष डॉक्टर सतीश चंद्र शुक्ला, देवरिया जिला अध्यक्ष श्यामानन्द पाण्डेय आदि ने बधाई सहित अपनी शुभकामनाएं दी है। इनके अतिरिक्त संगठन के जितेन्द्र कुमार गुप्ता, मोहम्मद मोहसिन अंसारी, बाबूलाल सक्सेना, अजय कुमार दुबे, जवाहर लाल गुप्ता, पंचानन पाण्डेय, प्रदीप यादव, दुर्गेश वर्मा, सुभाष चन्द्र, बृजानन्द, दिनेश कान्त मिश्रा, श्याम जी गुप्ता, कमलेश मणि त्रिपाठी, एचडी शर्मा, सूरजदीप तिवारी, फोटो जर्नलिस्ट सरदार सिमरजीत सिंह, प्रदीप कुमार, दिनेश श्रीवास्तव, गौरव श्रीवास्तव, विश्वनाथ उपाध्याय, रितेश शर्मा, दयाशंकर प्रसाद, सतीश कुमार पाण्डेय, आशीष मिश्रा श्याम, दयानन्द, बीपी मिश्रा, प्रशान्त कुमार श्रीवास्तव, अनिल कुमार पटेल, सुनील कुमार गुप्ता सहित अनेक पत्रकारों ने इस मनोमय पर बधाई दी है।



दिनेश कान्त को गोरखपुर, अविनाश को गोण्डा व अजय कुमार को महराजगंज जिले का मिला प्रभार

## कांग्रेस हो या सपा दोनों ने पसमांदा समाज को ठेंगा दिखाने का काम किया है

**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** कांग्रेस हो या समाजवादी पार्टी दोनों ने पसमांदा समाज को ठेंगा दिखाने का काम किया है। सदन भेजने से लेकर लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने तक दोनों ही दलों ने पसमांदा मुसलमान को सिरे से नजरअंदाज कर जता दिया कि उन्हें इस समाज की फिक्र नही है। हालांकि पसमांदा समाज भी अब तक उनकी नीति और नियति को परखता आया है और इन धोखेबाज, मतलबपरस्त स्वार्थो दलों ने हमेशा निराश ही किया है। इनसे उम्मीद रखना ही सबसे बड़ी गलतफहमी है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के प्रमुख राष्ट्रीय महासचिव ने अपने बयान में कही। उन्होंने कहा कि कांग्रेस व समाजवादी पार्टी दोनों को लोकसभा चुनाव में होने वाला अंजाम पता है और दोनों ही खुद की हैसियत आंक चुके हैं। अकेले इनसे कुछ होने से रहा इसीलिए एक बार फेल होने के बाद फिर जोड़ी बनाकर राहुल व अखिलेश मैदान में उतरे हैं। पसमांदा मुसलमान के प्रति इनका भेदभाव भरा रवैया पहले जैसा ही है। यह बेरुखी एक बार फिर सामने आई है। चाहे सदन में बिठाना हो या संगठन में जगह देना, दोनों ही हालात में कांग्रेस व सपा ने निराश किया है। अब बात लोकसभा चुनाव की करें तो दोनों ही दलों ने पसमांदा को कहीं भी जगह नही दी है। यही नही हाल ही में विधान परिषद भेजने में भी दोनों दलों ने पसमांदा को नजरअंदाज किया। राष्ट्रीय महासचिव ने कहा कि कांग्रेस व सपा के रवैये के विपरीत पसमांदा मुसलमान को भाजपा से बड़ी उम्मीदें थीं। पीएम मोदी ने जिस तरह लाल किले से लेकर कई जगहों पर पसमांदा का नाम लिया और सबका साथ सबका विश्वास का नारा दिया उससे पसमांदा समाज मे बड़ी आस जग गई थी पर अब तक भाजपा ने ऐसा कुछ भी नही किया।


# कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम-हरदोई।

पत्रांक : 2160/लेखाकार/निविदा आमंत्रण/2023-24 दिनांक : 23/02/2024

## अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

राज्य वित्त/केन्द्रीय वित्त आयोग के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त धनराशि के सापेक्ष प्रस्तावित निम्न परियोजनाओं के निर्माण कार्यो हेतु पंजीकृत ठेकेदारों/फर्मो के अल्पकालीन निविदा आयोजित की जाती है। निविदा दाता किसी एक कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है। मुहर बन्द निविदाएँ दिनांक 07/03/2024 को अपरान्ह 3 बजे तक निविदा बाक्स में डाली जायेगी जो उसी दिन अपरान्ह 4.00 बजे विकास खण्ड कार्यालय में गठित निविदा समिति के समक्ष निविदादाताओं की उपस्थिति में खोली जायेगी कार्यवार निविदा प्रपत्र दिनांक 24/02/2024 से 07/03/2024 तक कार्यालय में निर्धारित शुल्क अदाकर प्राप्त किये जा सकते है। कार्यो का विवरण निम्नवत् है-

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | भौतिक मात्रा | प्राक्कलन लागत (लाख में) | धरोहर राशि (10 प्रतिशत) | निविदा मूल्य | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत गुरोली में अमृत सरोवर कार्य | 1 n | 447800-00 | 44780 | 900 | 3 माह |

### निविदा की शर्ते निम्नवत् है-

1. निविदा के निर्माण कार्य की दरें प्रतिशत् में उल्लेख करना अनिवार्य है। एवं पैसे में प्रस्तुत निविदा मान्य न होगी।
2. निविदादाताओं को प्रपत्र के साथ रू0 200.00 का स्टाम्प एवं रू0 100 का रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर एवं नोटेरी शपथ पत्र संलग्न करना अनिवार्य होगा।
3. निविदादाता आयकर देने वाला हो तथा वणिज्य कर कार्यालय में पंजीकृत हो जिस पर जी0एस0टी0 नं0 अंकित हो की प्रमाणित पैन नम्बर एवं जी0एस0टी0 नम्बर की छायाप्रति व हैसियत प्रमाण-पत्र की प्रति अवश्य संलग्न की जाये।
4. निविदादाताओं को निविदा स्वीकृत होने पर नियमतानुसार टैक्स की अनुमन्य कटौती की जायेगी।
5. निविदा के साथ कालन-5 में अंकित जमानत धनराशि सम्बन्धित कार्यो के अनुसार आवश्यक संलग्न होनी चाहिये कुल धरोहर धनराशि में से 02 प्रतिशत की राष्ट्रीय बैंक से निर्मित फीक्स डिपाजित रसीद, एन0एस0सी0 पोस्ट ऑफिस पासबुक जोकि सम्बन्धित खण्ड विकास अधिकारी बिलग्राम-हरदोई के पदनाम से एक वर्ष की अवाधिक तक बंधक हो तथा 8 प्रतिशत धरोहर की बिल से कटौती की जायेगी। निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा निरस्तकर की जायेगी। जिसके सम्बन्ध में आपका कोई भी दावा मान्य नही होगा।
6. फर्म/ठेकेदार कार्य स्थल का भलीभांति परीक्षण कर ले निविदा स्वीकृत के पश्चात् कार्य स्थल पर निर्माण कार्य निर्धारित समय सीमा में पूर्ण होने की अवधि वर्षा एवं गर्मी के मौसम को सम्मिलित करते हुए की गयी है जिसके सम्बन्ध में कोई भी दावा मान्य न होगा।
7. कार्य स्थल पर किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में विवाद निपटारा होने तक निर्माण कार्य का कोई भी भुगतान नही किया जायेगा, और न ही भुगतान सम्बन्धी को दावा आपत्ति मान्य होगा।
8. ऐसे निविदादाता जोकि राज्यवार काउंसिल में पंजीकृत है को टेण्डर प्रक्रिया में भागीदारी की अनुमति नही है।
9. एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।
10. बीजक के बिल से नियमानुसार आयकर/जी0एस0टी0/जमानत धनराशि एवं अन्य अनुमन्य कटौती पर भुगतान होगा।
11. सशत् निविदा स्वीकार नही की जायेगी एवं समस्त वादों का न्याय क्षेत्र न्यायालय हरदोई के अधीन होगा।

**(श्री सतेन्द्र सिंह)**
**प्रमुख क्षेत्र पंचायत**
**बिलग्राम-हरदोई।**

**(आल मो. काजमी)**
**खण्ड विकास अधिकारी,**
**बिलग्राम-हरदोई।**

# प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत रग रग में राम से जन जन की आरोग्यमयी सेवा



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** श्रीरामजन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा समारोह अंतर्गत व्यवस्थाओं में श्रद्धालुओं की स्वास्थ्य की देखभाल हेतु ट्रस्ट की प्रेरणा से शासन व सन्गठन के सहयोग से 18 चिकित्सा सेवा शिविरों का संचालन ट्रस्ट द्वारा निर्देशित चिकित्सा सेवा समन्वयक समिति के माध्यम से किया जा रहा है। चिकित्सा सेवा समन्वयक डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी के संयोजन में स्वामी विवेकानन्द जयंती 12 जनवरी को श्रीराम अस्पताल में रग रग में राम अभियान के अंतर्गत आकस्मिक स्थिति में आवश्यकता हेतु 22 रक्तवीरों के रक्तदान से रक्तकोष स्थापित हुआ, और 15 जनवरी से आरोग्य भारती व होम्योपैथी चिकित्सा विकास महासंघ के 200 चिकित्सकों व चिकित्सा सहायकों की 45 दिवसीय चरणबद्ध सेवा प्राकृतिक चिकित्सालय मणिराम दास छावनी व साकेत निलयम में शुरू हुई जिसे दर्शनार्थियों की मांग के अनुरुप एक फरवरी से श्रीरामजन्मभूमि परिसर में निकास मार्ग पर स्थानांतरित कर दिया गया। शिविर में होम्योपैथी, एलोपैथी आयुर्वेद एक्यूप्रेशर पद्धतियों के ऐच्छिक विकल्प चुनने की सुविधा के परिणामस्वरूप यहां प्रतिदिन हजार से अधिक , दर्द, अम्लता, गैस, सर्दी, जुकाम, बुखार,आदि प्रमुख लक्षणों वाले दर्शनार्थियों को सेवा का लाभ मिलना शुरू हुआ। शिविर में जनपद के अतिरिक्त, अवध प्रान्त,काशी प्रान्त, गोरक्षा प्रान्त,कानपुर प्रान्त व होम्योपैथी महासंघ के बिहार,उप्र, राजस्थान, मप्र के चिकित्सकों ने अपनी सेवाएं दीं।डॉ त्रिपाठी ने बताया कई बार भीड़ बढ़ जाने से चिकित्सको के लिए भक्तों के नाम लिख पाना तक मुश्किल हो जाता था, किन्तु देर तक खड़े रहकर पैदल चलकर थकान और दर्द में मलहम जेल लगाकर दर्द से राहत देने में चिकित्सकों और उनके सहायकों को राम सेवा की संतुष्टि का अनुभव होता। माताएं बुजर्ग आशीर्वाद देते, थकान मिटाते, दर्द में राहत पाते और आगे बढ़ जाते हैं।निरन्तर सेवा में सहयोगी चिकित्सको में डॉ उपेन्द्र मणि त्रिपाठी, डॉ दीपक गुप्ता, डॉ सुरजीत वर्मा, डॉ लक्ष्मी अग्निहोत्री, डॉ दीपक सिंह,डॉ अजीत, डॉ उपकार, डॉ यशी, डॉ सोनी शर्मा, डॉ राहुल , डॉ विनय, डॉ रविकांत त्रिपाठी एक्यूपेशर विशेषज्ञ राजपाल, व डॉ कल्पना कुशवाहा, डॉ सुनील सिंह, डॉ संदीप श्रीवास्तव, डॉ अभिषेक पांडेय, डॉ सुरेंद्र कुमार,सहित न्यूयार्क की बाल एवं शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ निधि श्रीवास्तव, सूरत के डॉ राजेन्द्र गोयल, डॉ कुलदीप पांडेय, आदि का प्रमुख योगदान रहा।

## जिलाधिकारी ने किया लेखा टीम का गठन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को निष्पक्ष, स्वतंत्र, शांतिपूर्ण एवं सुचारू ढंग से सम्पन्न कराने हेतु निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण कार्य के लिए लेखा टीम का गठन किया गया है। 271-रूदौली में मनोज कुमार सिंह को लेखा टीम का प्रभारी व इनके साथ 02 सहायक अनंत राम यादव, अर्जुन लाल को रखा गया है। इसी तरह 273-मिल्कीपुर में श्री हरे कृष्ण प्रसाद को लेखा टीम प्रभारी व महेश कुमार व सूरज वर्मा को सहायक बनाया है, 274-बीकापुर में शोमेश कुमार वर्मा को लेखा टीम प्रभारी व श्री मुक्त नरायन भारती व अम्बोज कुमार यादव को सहायक बनाया है, 275-अयोध्या में शिव नारायन सिंह को लेखा टीम प्रभारी व जमील अहमद व अभितेश को सहायक बनाया है, 276-गोशाईगंज में संदीप सक्सेना को लेखा टीम प्रभारी, शरद शर्मा व विजय श्रीवास्तव को सहायक बनाया है। इसके अलावा 03 लेखा टीम प्रभारी आशीष कुमार सिंह, निलेश जायसवाल व प्रभात रंजन श्रीवास्तव को आरक्षित में रखा गया है तथा 06 सहायकों रमाकांत वर्मा, शफीक अहमद, मो0 आमीर, मनोज, शिवम श्रीवास्तव व राजेन्द्र प्रसाद को आरक्षित में रखा गया है।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लेखा टीम द्वारा निर्वाचन प्रचार प्रसार आदि से सम्बंधित व्यय प्रत्येक अभ्यर्थी के लिए निर्धारित छाया प्रेषण रजिस्टर और साक्ष्यों के फोल्डर के रख रखाव सहायक व्यय प्रेषक/सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण के मार्गदर्शन में कार्य करना होगा, आयोग के निर्धारित प्रारूप पर सूचना सम्बंधित सहायक रिटर्निंग आफिसर एवं व्यय लेखा हेतु नियुक्त नोडल/सहायक नोडल अधिकारी व्यय अनुवीक्षण सेल को उपलब्ध कराना होगा।

## कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगी: निर्मल खत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** कांग्रेस कार्यालय कमला नेहरू भवन पर कांग्रेस के पदाधिकारीगणों एवम समाजवादी पार्टी के नेताओ के साथ संयुक्त बैठक हुई।बैठक का संचालन कांग्रेस महानगर अध्यक्ष वेद कमल सिंह ने व अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव ने कि।बैठक में उपस्थित कांग्रेस पार्टी के सभी पदाधिकारियों ने समाजवादी पाटी (इंडिया गठबंधन) के अयोध्या-फैज़ाबाद लोकसभा के उम्मीदवार अवधेश प्रसाद को पूर्ण बहुमत से जिताने का संकल्प लिया पूर्व सांसद निर्मल खत्री ने कहा कि कांग्रेस पार्टी का एक एक कार्यकर्ता पूरी मेहनत से गठबंधन के उम्मीदवार को जिताने का काम करेगी, इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी अवधेश प्रसाद ने कहा की दोनों दलों का ही नही ये दोनों दिलो का गठबंधन है में कांग्रेस के सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनकी हर दुख सुख में शरीक रहूंगा, पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय ने कहा की मौजूदा सरकार से आज हर वर्ग परेशान है अयोध्या की धरती से गठबंधन के प्रत्याशी को जिताकर संसद भेजने का मन जनता ने बना लिया है। जिला अध्यक्ष



पारसनाथ यादव व महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव ने सभी के सुझाव लिए व सबको भरोसा दिलाया कि महानगर और ज़िला कांग्रेस के सभी नेताओं से संपर्क कर बहुत जल्द महानगर व जिला व ब्लाक स्तर पर सयुक्त बैठक का अयोजन करेगी। महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस अवसर पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व सांसद डा0 निर्मल खत्री , समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष पारसनाथ यादव , महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव, जिला महासचिव बख्तियार खान, महासचिव हामिद जाफर मीसम , कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष रामदास वर्मा, कमलासन पांडेय, छोटेलाल यादव, अमृत राजपाल, बलराम मौर्या, सरोज यादव,अरैनी पासवान, इश्तियाक खान,राजेंद्र प्रसाद सिंह, अनिल सिंह, अशोक वर्मा, अनिल तिवारी , उग्रसेन मिश्रा सहित कांग्रेस पार्टी के भारी संख्या में सम्मानित पदाधिकारीगण एवम नेतागण उपस्थित रहे।

## डीएम एसपी ने खंगाला जिला कारागार, सुविधाओं का किया परीक्षण

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला कारागार का सोमवार को डीएम व एसपी ने बारे में जानकारी ली गई। अस्पताल के चिकित्सक से बंदियों के लिए दवाओं की उपलब्धता पर जानकारी की। डीएम ने निरुद्ध बंदियों से वार्ता



औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जेल की बैरकों की पड़ताल कर बंदियों को दी जा रहीं सुविधाओं का परीक्षण किया गया।

डीएम सत्येंद्र कुमार, एसपी दिनेश कुमार सिंह दोपहर में जिला कारागार पहुंचे। सबसे पहले बंदियों की बैरकों की तलाशी करवाई गई। जेल की मेस, अस्पताल परिसर का सघन निरीक्षण कर भोजन एवं स्वास्थ्य सेवाओं के करते हुए उनके मिलने वाले भोजन, स्वास्थ्य सेवाओं के बारे में पूछा। महिला बंदियों के साथ मौजूद बच्चों की शिक्षा व्यवस्था व पोषाहार के बारे में पूछा। डीएम ने कहा कि बंदियों को ठंड से बचाने के लिए पर्याप्त संख्या में गर्म कपड़ों और कंबल की व्यवस्था दुरुस्त रहे। गंभीर बीमारियों से ग्रस्त बंदियों का बेहतर इलाज कराया जाए।

## रुश्दी मियां की सपा में वापसी की उल्टी गिनती शुरू

*अवधनामा संवाददाता*

**भेलसर अयोध्या।** आजमगढ़ जिले से बसपा के कद्दावर नेता रहे शाह आलम उर्फ गुड्डू जमाली के सपा में शामिल होने के बाद अब बहुत जल्द ही बसपा का दूसरा विकेट रूदौली विधान सभा मे गिरने वाला है।सूत्रों की मानें तो इसकी पटकथा लगभग तैयार हो चुकी है। हम बात कर रहे हैं दो साल पहले सायकिल से उतर कर हाथी पर सवार होने वाले पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां की।सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक पूर्व विधायक अब्बास अली जैदी उर्फ रुश्दी मियां एक सप्ताह के अंदर फिर अपने पुराने घर यानि सपा में शामिल हो सकते हैं।जिले के एक कद्दावर सपा नेता ने अखिलेश यादव से रुश्दी मियां की फोन पर बात भी करा दी है।शायद अखिलेश यादव को रुश्दी मियां की रूदौली विधान सभा मे ताकत के बारे में अहसास भी करा दिया गया है और रुश्दी मियां को भी सपा में शामिल होने का इससे उपयुक्त अवसर नहीं मिलेगा।अखिलेश यादव को यहां तक भी बता दिया गया है कि यदि रुश्दी मियां की घर वापसी हो जाये तो लोक सभा चुनाव में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी के पक्ष में अच्छा माहौल बन सकता है।जिस प्रकार इस समय प्रदेश में राज्यसभा चुनाव में सपा के कई विधायकों ने भाजपा के प्रत्याशियों के पक्ष में मतदान किया था।इससे प्रदेश में सपा को काफी झटका लगा है।झटका खाने के बाद संभले अखिलेश यादव अब प्रदेश में जनाधार रखने वाले नेताओं से सम्पर्क स्थापित कर फिर से माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं।कुछ माह पहले तक जब अखिलेश यादव से रुश्दी मियां के बारे में बात की गयी थी तो उन्होंने साफ शब्दों में कहा था सपा में शामिल हो जाएं लेकिन विधान सभा टिकट के बारे में मत बात करें।यह बात सुनकर रुश्दी मियां ने अपना इरादा बदल दिया था लेकिन अब अखिलेश यादव ने रुश्दी मियां के प्रति रुख नर्म कर लिया और हरी झंडी दे दी।बस अब किसी दिन रुश्दी मियां सपा में दमदार वापसी कर सकते हैं।बहरहाल रुश्दी मियां के सपा में शामिल होने पर रूदौली विधान सभा मे सपा काफी मजबूत हो सकती है इसमें कोई संदेह नहीं।

### शार्ट सर्किट से लगी आग से हज़ारों का सामान जलकर राख

**रुदौली अयोध्या।** रुदौली तहसील क्षेत्र के एक गांव में विधुत शार्ट सर्किट से लगी आग में हज़ारों का सामान जलकर राख हो गया। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड रुदौली के ग्राम पंचायत चका पुरवा मजरे अल्हवाना निवासी सरफ़राज़ सहित सभी लोग अपने अपने कमरे में सो रहे थे तभी अचानक मंगलवार की रात्रि को विद्युत शार्ट सर्किट से एक कमरे में आग लग गई।आग लगते ही कमरे में धुआं भर गया कमरे में सो रहे परिजनों में अफरा तफरी मच गई।धुंआ भरे कमरे से जान बचाकर भागते समय तीन लोग जख्मी हुए हैं।परिजनों के हल्ला गुहार पर पहुंचे ग्रामीणों ने बड़ी मशक्कत के साथ आग पर काबू पाया।सरफ़राज़ ने बताया की जिस कमरे में शार्ट सर्किट से आग लगी उसमें रखा फ्रिज, कलर, टीवी, इन्वर्टर, बेड गद्दा आदि लगभग एक लाख से ऊपर का सामान जलकर राख हो गया।

### शिक्षिका की पुत्री स्वर्ण पदक से सम्मानित बढ़ाया जिले का मान

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** डीएवी कुमारगंज की शिक्षाका संतोष कुमारी एवं डीएवी बीना में तैनात अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष शिक्षक मोहन सिंह की पुत्री तथा कुमारगंज डीएवी की पूर्व छात्रा गरिमा सिंह को उपराष्ट्रपति जगदीश धनकड़ तथा दिल्ली विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर योगेश सिंह ने स्वर्ण पदक से सम्मानित किया है।

हिंदू विश्वविद्यालय नई दिल्ली में आयोजित 100 वे दीक्षांत समारोह में एम एस सी जीव विज्ञान की टापर छात्रा गरिमा सिंह को विश्वविद्यालय के कुलपति योगेश सिंह ने स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया इससे पूर्व देश के उपराष्टपति जगदीश धनकड़ ने भी गरिमा को स्वर्ण पदक देकर सम्मानित किया था। छात्र के पिता मोहन सिंह ने बताया कि गरिमा बचपन से ही मेधावी थी, उसने हाई स्कूल इंटर की शिक्षा आचार्य नरेंद्र देव कृषि विश्वविद्यालय कुमारगंज डीएवी से प्राप्त की है।

### मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित हुआ नुक्कड़ नाटक


*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** दारू कपड़ा रुपया से अपने वोट को नहीं बेचना है बल्कि स्वच्छ छवि और ईमानदार व्यक्ति का चुनाव कर सही लीडर को जिताना है ताकि हमारे समाज का विकास हो सके।चुनाव लोकतंत्र का महापर्व है इसमें हम सभी को बढ़-चढ़कर भाग लेना है।उक्त उद्गार उपनिबंधक पीसीएस अनिता कुमारी ने लायंस क्लब द्वारा मतदाता जागरूकता हेतु आयोजित नुक्कड़ नाटक में कहीं।

लोकसभा चुनाव तिथि घोषणा के पूर्व जिले के विभिन्न तहसीलों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर लायंस क्लब रुदौली जिला प्रशासन के सहयोग से मतदाता जागरूकता अभियान चला रही है जिसके अंतर्गत गुरुवार को दोपहर तहसील परिसर में लायंस क्लब द्वारा अंगीकृत गांधी नगर के बच्चों ने नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस दौरान कलाकार ज्योति, प्रतीक्षा, लवकुश समेत दर्जन भर कलाकारों ने नाटक के माध्यम से क्षेत्र की जनता को मतदान के महत्व बताये। मतदान करने से लाभ व न करने से उसके दुष्परिणामों की भी जानकारी दी।इसके पश्चात् उपनिबंधक पीसीएस अनिता कुमारी ने नुक्कड़ नाटक टीम को फ्लैग ऑफ कर अन्य तहसीलों के लिए रवाना किया। तहसीलदार राजेश वर्मा व नायब तहसीलदार मवई रेशू जैन ने डिस्ट्रिक्ट स्वीप आइकॉन डॉ. निहाल रज़ा के अभिनव प्रयोग की सराहना करते हुए कहा कि मजबूत राष्ट्र निर्माण में हर एक व्यक्ति को अपनी भूमिका समझकर मतदान करने जाना होगा तभी देश में लोकतंत्र को मजबूत व सशक्त बनाया जा सकेगा।इस अवसर पर बार एसोसिएसन अध्यक्ष हरि नारायण यादव,क्रीड़ा शिक्षक अजय सिंह,लायन अनिल खरे,अफसर रज़ा रिज़्वी व ओपी शर्मा, दस्तावेज लेखक नितिन कुमार,तमाम अधिवक्तागण समेत सैकड़ो की संख्या में लोग मौजूद रहे।

### चौदह माह से गायब पुत्र की बरामदगी के लिए मां ने पुलिस से लगाई गुहार

## पुलिस ने दिया कार्यवाही का आश्वासन



*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना उसहैत क्षेत्र के वार्ड संख्या सात निवासी महिला द्वारा लगभग चौदह माह पूर्व घर से मजदूरी वास्ते निकले अपने पुत्र का वीडियो मिलने के बाद पुलिस से पुत्र को मजदूरी पर ले गए ठेकेदार आदि पर कार्यवाही करने की मांग प्रार्थना पत्र देते हुए की गई है।

थाना उसहैत के वार्ड संख्या सात निवासी कामिनी पत्नी शब्बीर द्वारा बृहस्पतिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर सीओ उझानी को एक वीडियो दिखाते हुए प्रार्थना पत्र सौंपा गया है। प्रार्थना पत्र में उसने कहा है कि उसका पुत्र मोहम्मद सगीर(23) विगत वर्ष 4 जनवरी को थाना क्षेत्र के वार्ड संख्या 10 निवासी एक ठेकेदार के साथ काम करने के लिए बाहर गया था जिससे 23 जनवरी के बाद परिवार वालों का संपर्क टूट गया। प्रार्थना पत्र में उसका आरोप है कि ठेकेदार से इस बाबत संपर्क करने पर वह यह कहकर टालमटोल करता रहा कि तुम्हारा पुत्र कहीं चला गया है।पीड़िता कामिनी का कहना है कि पुत्र के गायब होने लगभग 14 माह बीत जाने के बाद अब उसके हाथ एक वीडियो लगा है जिसमें उसके बेटे सगीर को भूख से तड़पा कर उसके दोनों हाथ पैर बांधकर प्रताड़ित किया जा रहा है जिसमें ठेकेदार सहित उसका भाई एवं अन्य लोग नजर आ रहे हैं,पीड़िता का आरोप है कि ठेकेदार तथा उसके लोग उसको धमकी देते हुए कह रहे हैं कि वह उसके दूसरे बेटे को भी मार देंगे। पीड़िता द्वारा सीओ उझानी को सौंपे गए प्रार्थना पत्र पर उन्होंने कार्यवाही करने का आश्वासन दिया है।

### अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पांच गिरफ्तार

**बदायूं।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस द्वारा पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। थाना फैजगंज बेहटा पुलिस द्वारा गैंगस्टर के मुकदमे में वांछित चल रहे एक तथा शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में तीन,लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वहीं थाना बिनावर पुलिस द्वारा एक मुकदमे में वांछित चल रहे एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है।गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध विधिक कार्रवाही करते हुए पुलिस द्वारा इनको संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### सार्थक साबित हुआ साइबर थाना, पीड़ित को वापस मिले ठगी में गए रुपये

**बाराबंकी।** शुभारंभ के दूसरे दिन ही साइबर थाने ने बड़ा काम कर दिखाया। मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर फ्रॉड कर ठगे गए 3,28,500 रुपये पीड़ित के खाते में वापस कराये गए। बताया जाता है कि 13 फरवरी को एक शिकायती पत्र पुलिस को मिला, जिसमें ललित राज पुत्र भरत लाल निवासी अर्जुनगंज नई बस्ती थाना गोल्फ सिटी जनपद लखनऊ हाल पता कस्बा व थाना मसौली ने बताया कि उनके साथ मर्चेण्ट नेवी में नौकरी दिलाने के नाम पर आरटीजीएस व फोन पे के माध्यम से धोखाधड़ी कर कुल 3,28,500 रूपये ठग लिए गए। संदर्भित प्रकरण में पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह द्वारा साइबर थाना को प्रकरण की गहन जांचकर पीड़ित की सम्पूर्ण धनराशि वापस कराने हेतु निर्देशित किया गया। साइबर थाना द्वारा साइबर तकनीक का प्रयोग कर आवेदक की सम्पूर्ण धन राशि 3,28,500 रुपये को आवेदक के बैंक खाते में वापस कराया गया।

### जागो री जागो संस्था ने महिला अस्पताल की मरीजो में बांटी हाइजिन किट

*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** जिला महिला अस्पताल में नवजात कन्याओं को हाइजिन किट एवं 90 प्रसूताओं में फल बांट जागो री जागो संस्था ने स्वास्थ्य के प्रति महिलाओं को जागरूक किया। बालिकाओं, महिलाओ में शिक्षा, स्वास्थ्य और खाली समय में घर पर रोजगार कर परिवार को आर्थिक संबल करने की जागरूकता फैलाने में छोटा सा योगदान कर रही संस्था जागो री जागो की ओर से गुरुवार को जिला महिला अस्पताल में भर्ती प्रसूता महिलाओं को अस्पताल अधीक्षक डा प्रदीप कुमार, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन उपायुक्त वीके मोहन, जागो री जागो कार्यक्रम संयोजक चंद्र प्रकाश की उपस्थिथि में कृष्णा चौधरी, नलनी वैश्य नीलम दीक्षित, शिल्पी सिंह, सरिता सिंह, कमलेश शुक्ला, मीना वर्मा, पुष्पलता श्रीवास्तव, किरन तिवारी, कोपल, नीतू देवी महिलाओं और शालिनी, अंजू, सुहानी, पारुल, अनुराधा, शालिनी, नेहा बालिकाओं द्वारा प्रसूताओं एवं अन्य दिखाने आई



जरूरतमंद महिलाओं को 90पैकेट फल कीनू, केला, ब्रेड, बिस्कुट, सूखा दूध, पैकेट में और नवजात कन्याओं को 30बेबी हाइजिन किट, साबुन, हैंड वॉश निःशुल्क वितरण में सहभागिता की गई। शिल्पी सिंह के नेतृत्व में किरन तिवारी आदि महिलाओ द्वारा अपने आसपास स्वच्छता बनाए रखने, शिशुओं को छः माह तक अपना दूध पिलाकर सही ढंग से देखभाल करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर प्रभात कुमार वर्मा, पंकज गुप्ता, डा. बीरेंद्र पटेल, डा. वीकेजैन, डा. खुशी राम वर्मा,अंकुश वर्मा, राजीव श्रीवास्तव, अनुराग गुप्ता, हसन उस्मानी उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, वजह पर बना रहस्य

**बाराबंकी।** सतरिख थाना क्षेत्र में एक युवक ने घर की दूसरी मंजिल पर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सुसाइड के पीछे कारण का पता नही चल सका है। जानकारी के अनुसार सतरिख थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ापुरा निवासी प्यारेलाल के 25 वर्षीय पुत्र ब्रजेश गौतम का शव घर की दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर फंदे से लटकता मिला। गुरुवार की सुबह ऊपर गए परिजनों ने कमरा खोला तो सब हैरत में पड़ गए। यह देख घर मे कोहराम मच गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव उतरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। युवक ने आत्महत्या जैसा कदम क्यों उठाया, इसका पता नही चल सका है।

### सूरतगंज ब्लाक में जायद गोष्ठी आयोजित

**सूरतगंज, बाराबंकी।** ब्लाक सूरतगंज में कृषि विभाग की ओर से पीएम किसान सम्मन निधि की 16 वीं किस्त जारी करने के मौके पर प्रधानमंत्री के भाषण का एलईडी स्क्रीन के माध्यम से लाइव प्रसारण किया गया। वहीं जायद गोष्ठी आयोजित की गई।इस गोष्ठी में कृषि विभाग के सहायक विकास अधिकारी सिद्धार्थ मिश्रा ने अन्नदाताओं को जागरूक करते हुए कहा कि फसलों में पोटाश की कमी होने पर रोग लगने की संभावना ज्यादा रहती है। पोटाश का छिड़काव करने से पौधे मजबूत रहते हैं। फसलों में बाली आने के वक्त पानी भरपूर मात्रा में रहना चाहिए। उन्होंने आर्गेनिक खेत पर भी बल दिया। कार्यक्रम मौके पर प्राविधिक सहायकगण, जिले स्तर पर सम्मान प्राप्त किसान आदि उपस्थित रहे।

## दो उपनिरीक्षकों को दी गई विदाई



*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद मे सेवानिवृत्त हो रहे पुलिसकर्मियो के विदाई के दौरान पुलिस कार्यालय तथागत सभागार में भावभीनी विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें दो उपनिरीक्षक पद से सेवानिवृत पुलिसकर्मियों को विदाई दी गई।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फरेंदा क्षेत्राधिकारी अनुरूद्ध कुमार ने कहा कि सेवानिवृत्ति नौकरी का हिस्सा होता है। अधिकारी या कर्मचारी जहां कहीं भी जाता है, वहां से कुछ न कुछ जरूर सीखता है । उन्होंने कहा कि अधिकारी को काम करने में तभी आनंद आता है, जब उनको वहां की जनता से सहयोग मिलता है । सभी ने ड्यूटी के दौरान अपनी जिम्मेदारी बखूबी निभाई है। त्तपश्चात सभी सेवानिवृत्त पुलिस कर्मी को ससम्मान वाहन मे बैठाकर विदाई दी गयी । जिसमें उप निरीक्षक नागरिक पुलिस हरिन्द्र राम जो वर्तमान में पनियरा थाने में नियुक्त थे जबकि दूसरे उप निरीक्षक नागरिक पुलिस बृजभान पाण्डेय वर्तमान में थाना नौतनवा में तैनात थे। कार्यक्रम के दौरान काफी पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## 775 बिजली ट्रांसफार्मर की कार्यक्षमता में वृद्धि की जा रही वृद्धि

- जनपद में 136 स्थानों पर ट्रांसफार्मर हो रहा स्थापित
- कलेक्ट्रेट सभागार में मंत्री, जनप्रतिनिधि और अधिकारियों की हुई बैठक

*अवधनामा संवाददाता*



**महराजगंज।** प्रदेश सरकार द्वारा 20 फरवरी से 29 फरवरी तक पूरे प्रदेश में संचालित बिजली सेवा एवं जनसम्पर्क अभियान के अंतर्गत केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में विद्युत विभाग व नेडा के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की गई। बैठक में अधीक्षण अभियंता विद्युत महराजगंज ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार विद्युत विभाग द्वारा प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को बेहतर करने और विद्युत क्षति को रोकने हेतु नए बिजलीघर स्थापित करने, ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि करने और नए ट्रांसफार्मर लगाने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही आरडीएसएस योजना के अंतर्गत विद्युत अवसरंचना में सुधार का काम भी जारी है। उन्होंने बताया कि परतावल विद्युत उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग कम करने हेतु हरपुर तिवारी और सदर में वैकुंठपुर विद्युत उपकेंद्र पर ओवरलोडिंग की समस्या को दूर करने हेतु धनेवाङ्कधनेई में 05 एमवीए के नवीन विद्युत उपकेंद्र स्थापित किए जायेंगे। उन्होंने बताया कि जनपद में 775 स्थानों पर ट्रांसफार्मरों की क्षमता वृद्धि की जा रही है, जबकि 136 नवीन स्थलों पर ट्रांसफार्मर स्थापित किए जा रहे हैं। बैठक में जनपद के विद्युत समस्या को करने व समस्याओं के समाधान पर भी चर्चा हुई। जनप्रतिंधियों से विभाग से सम्बन्धित शिकायतों के प्रभावी निस्तारण के लिए फीडबैक व सुझाव प्राप्त किया गया और उनके क्षेत्र में चल रहे कार्यों की जानकारी भी दी गई। विद्युत विभाग द्वारा विद्युत अवसंरचना के सुदृढ़ीकरण व जनशिकायतों के समाधान हेतु बिजली सेवा और जनसंपर्क अभियान 20 फरवरी से 29 फरवरी तक विद्युत गति से समाधान की थीम पर संचालित किया गया, जिसकी समीक्षा केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन कर किया गया। बैठक में नेडा द्वारा पीएम सूर्यघर योजना की भी जानकारी दी गई। पीओ नेडा गोविंद तिवारी ने बताया कि पी0एम0 सूर्य-घर मुफ्त बिजली योजना का शुभारंभ मा प्रधानमंत्री जी द्वारा 13.02.2024 को किया गया। इस योजना के तहत जनपद के 23132 घरों में रूफटॉप सोलर सेल स्थापित किए जायेंगे। योजना के तहत उपभोक्ता को 300 यूनिट फ्री बिजली के साथ ही उपभोक्ताओं को केन्द्र एवं राज्य सरकार की सब्सिडी प्राप्त होगी। बैठक को संबोधित करते मंत्री ने कहा कि सरकार की मंशा शहरी और ग्रामीण दोनो क्षेत्रों में 24 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने की है और इसी को सुनिश्चित करने हेतु सौभाग्य, आरडीएसएस सहित विभिन्न योजनाएं संचालित हैं। विद्युत विभाग सुनिश्चित करे कि योजना का क्रियान्वयन धरातल पर प्रभावी ढंग से हो। उन्होंने कहा कि वर्तमान केंद्र और प्रदेश सरकार की मंशा समस्या के सम्पूर्ण समाधान की है। इसलिए विद्युत विभाग सुनिश्चित करे कोई मजरा/टोला छूटने न पाए। उन्होंने बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा प्रकाश में लाए गए मुद्दों को कार्यवृत्त में शामिल करते हुए दिए गए निर्देशों का अनुपालन कर अगली बैठक में सूचित करने का निर्देश दिया। मा मंत्री जी ने कहा कि को बिंदु छूट गए हैं, उनको शामिल करते हुए उनके समाधान हेतु एक कार्ययोजना बनाकर जनप्रतिनिधियों से साझा करने और उनसे समन्वय व सहयोग करते हुए जनपद में बेहतर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

## क्षेत्र पंचायत निधि से होने वाले 24 विकास कार्यों का उद्घाटन



*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय सभागार विकास खण्ड देवां में क्षेत्र पंचायत की बैठक का आयोजन किया गया। क्षेत्र पंचायत निधि से कराए जा रहे लगभग 24 विकास कार्यो का उद्घाटन मुख्य अतिथि सांसद उपेन्द्र सिंह रावत ने बटन दबाकर लोकार्पण किया। क्षेत्र पंचायत की बैठक में आए हुए सम्मानित सदस्यों एवं प्रधान गणों की उपस्थिति में वार्षिक बैठक सकुशल संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लाक प्रमुख देवां धर्मेन्द्र यादव ने की। उन्होंने अपने विचार रखे तथा कराए गए विकास कार्यों पर चर्चा की एवं आगामी विकास कार्यो की रूपरेखा प्रस्तुत की। इस अवसर पर खंड विकास अधिकारी नेहा शर्मा, अवर अभियंता भीष्म यादव, जिलाध्यक्ष किसान मोर्चा आशुतोष अवस्थी, पूर्व प्रमुख इछ्वाक मौर्य, मनीष परिहार, राम लखन मिश्रा, अरविन्द वर्मा एवं समस्त ब्लॉक के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# मेरा बूथ अध्यक्ष बूथ की मजबूत कड़ी है : सांसद




**डुमरियागंज सिद्धाथनगर अवधनामा संवाददाता।** सांसद जगदंबिका पाल द्वारा आयोजित बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह के क्रम में आज डुमरियागंज विधानसभा के मंडल डुमरियागंज मे मंडल अध्यक्ष अमरेंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में बूथ अध्यक्ष सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि आप लोगों की जिम्मदारियो के बल पर ही इस बार मा प्रधानमंत्री जी ने सदन में कहा कि अबकी बार 400 पार बैठक सम्मान समारोह में बूथ अध्यक्षों का जिक्र करते हुए सांसद ने कहा मेरा बूथ सबसे मजबूत के क्रम में मुझे चुनाव जिताने का कार्य तथा चुनाव लड़ाने का कार्य आप लोगो ने किया है और इस बार आप लोग इतना मेहनत करे कि हर बूथ पर केवल कमल दिखे। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा की हमेशा हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी कहते है मेरा बूथ सबसे मजबूत बूथ जीतो चुनाव जीतो यह सब सारी जिम्मेदारी बूथ स्तर पर कार्यकर्ताओं के ऊपर ही होती है और मेरा बूथ अध्यक्ष बूथ की मजबूत कड़ी है सांसद जगदंबिका पाल ने उक्त अवसर पर मंडल अध्यक्ष सहित मंडल के सभी पदाधिकारी तथा सभी बूथ अध्यक्ष को कंबल देकर सम्मान किया। कार्यक्रम में सभी बूथ अध्यक्षगण पदाधिकारी, तथा कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# परिषदीय विद्यालयों का सहायक शिक्षा निदेशक ने किया निरीक्षण

अवधनामा संवाददाता

**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** सहायक शिक्षा निदेशक बेसिक संजय शुक्ला ने डुमरियागंज विकास खंड के विभिन्न परिषदीय विद्यालयों का निरीक्षण किया निरीक्षण में कुछ कमियां मिलने पर चेतावनी दी। वहीं एक विद्यालय में निपुण लक्ष्य हासिल करने वाली बालिका से खुश होकर बालिका को पुरस्कृत किया।

एडी बेसिक ने निपुण भारत मिशन के तहत ब्लॉक संसाधन केंद्र डुमरियागंज में चल रहे प्रशिक्षण में पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा भी लिया। जहां पर उपस्थित शिक्षकों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। जानकारी के मुताबिक डुमरियागंज स्थित बीआरसी परिसर में पहुंचने के बाद निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित प्रशिक्षण के दोनों कक्षों में पहुंचकर प्रशिक्षण का जायजा लिया।



जहां आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए उन्होंने कहा कि सभी बच्चों को शिक्षक गुणवत्ता से समावेशित व रुचि पूर्ण शिक्षा देने पर जोर दें। जो प्रशिक्षण में सीख कर जाएं वह बच्चों तक पहुंचाएं। प्रशिक्षण के दौरान खंड शिक्षा अधिकारी डुमरियागंज संजय कुमार, एआरपी मुश्ताक अहमद, अरविंद कुमार, ऐश्वर्या लता, तिलक राम, अमित मिश्रा, प्रेम प्रकाश चौबे, अभिषेक सिंह, विजय श्रीवास्तव आदि लोग मौजूद रहे। इसके बाद सहायक शिक्षा निदेशक ने परिसर में स्थित पीएम श्री विद्यालय डुमरियागंज व पूर्व माध्यमिक विद्यालय डुमरियागंज का निरीक्षण किया। जहां पर व्यवस्था देखकर काफी खुश नजर आए। उन्होंने शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा कि सभी शिक्षक इसी तरह निरंतर प्रयास करें। इसके बाद

**निपुण भारत मिशन के तहत आयोजित प्रशिक्षण में भी पहुंचे एडी बेसिक**

कंपोजिट पूर्व माध्यमिक विद्यालय बैदौला गढ़ का निरीक्षण किया। जहां पर निपुण लक्ष्य हासिल करने वाली बालिका कनीज फातिमा कक्षा एक की छात्रा से भाषा व गणित पर सवाल पूछा जिसे छात्र ने बड़ी सरलता से हल किया। जिस पर खुश होकर बालिका को पुरस्कृत किया। यहां पर सभी शिक्षक उपस्थित रहे। उपस्थित शिक्षकों से कहा कि निपुण लक्ष्य हासिल करने पर सभी शिक्षक जोर दें। एक माह के अंदर लक्ष्य को पूरा करें। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय जमलाजोत का भी निरीक्षण किया जहां पर कक्षा एक व दो में अध्यनरत छात्रों से गणित विषय में जोड़, घटाना, गुणा, भाग से संबंधित प्रश्न पूछा जिसे ज्यादातर बच्चों ने सही तरीके से हल किया।

## एनटीपीसी ने 6 अपाचे बाइक स्थानानतरित किया



**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** एनटीपीसी टांडा द्वारा नैगमिक सामाजिक दायित्व के अन्तर्गत उत्तर प्रदेश पुलिस, अम्बेडकर नगर प्रशासन को 06 टीवीएस अपाचे बाइक का हस्तांतरण कार्यक्रम दिनांक - 28.02.2024 को सम्पन्न हुआ। यह वाहन पुलिस प्रशासन को महिलाओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए एंटी रोमियो स्क्वाड बाइक के रूप में हस्तांतरित किये गए हैं। इस अवसर पर परियोजना प्रमुख बी.सी.पलेई मुख्य, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) रजनीश कुमार खेतान, उप महाप्रबंधक (मानव संसाधन) अनुराग सिन्हा एवं अन्य वरि. अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

## उपडाकघर की मशीन आये दिन रहती है खराब

**अम्बेडकर नगर अवधनामा संवाददाता।** विधानसभा क्षेत्र आलापुर अंतर्गत नगर पंचायत राजेसुल्तानपुर में स्थित उप डाकघर पर आए दिन मशीन खराब रहती है जिससे दूर दराज से रजिस्ट्री करने और पैसा निकालने के लिए आए लोगों को काफी कठिनाइयां उठानी पड़ रही है। मालूम हो कि राजेसुल्तानपुर में स्थित उपडाकघर पर बुधवार को रजिस्ट्री करने गए लोगों ने बताया कि सप्ताह भर से लगातार रजिस्ट्री करने आ रहा हूं परन्तु तैनात बाबू द्वारा हमेशा मशीन खराब बताया जाता है जिससे हम लोगो को देवरिया और जहांगीरगंज अक्सर जाना पड़ता है। वहीं मौके पर रजिस्ट्री करने आए धनंजय, प्रमोद,विमल, कमलेश आदि ने बताया कि उपडाकघर के कर्मचारियों द्वारा अक्सर कार्य न करने की स्थिति में मशीन खराब या सर्वर न चलने का हवाला दिया जाता है जिससे क्षेत्रीय लोगों को पैसा निकालने और रजिस्ट्री भेजने में काफी दिक्कतें उठानी पड़ रही है।



## रोज़गार मेले का हुआ आयोजन

**आलापुर, अंबेडकरनगर।** विकास खण्ड जहाँगीरगंज के परिसर राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जहाँगीरगंज में कौशल विकास मिशन, जिला सेवायोजन कार्यालय एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजर्नातगत ब्लॉक स्तरीय रोजगार मेला आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में राजा बाबू गुप्ता जिला उपाध्यक्ष भाजपा (युवा मोर्चा) और कौशल विकास मिशन के अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यकम का शुभारम्भ दीप प्रज्वलन एवं बुके देकर अधिकारियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा किया गया। जिला कौशल प्रबंधक, कौशल विकास मिशन द्वारा उपस्थित सभी प्रशिक्षार्थियों को यह अवगत कराया गया कि दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना भारत सरकार की एक महत्वाकाँक्षी योजना है। प्रदेश सरकार द्वारा भी शिक्षित वेरोजगार युवको को ज्यादा से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराना है।

# राज्यसभा चुनाव में भाजपा की जीत पर मिठाई खिलाकर किया खुशी का इजहार



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** बीते दिनों सम्पन्न हुए राज्य सभा सदस्यों के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के आठ प्रत्याशियों के जीत पर डुमरियागंज स्थित भाजपा कार्यालय पर प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय के नेतृत्व में पार्टी कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया। साथ ही दावा किया है कि आने वाले लोक सभा चुनाव में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। प्रधान संघ अध्यक्ष दिलीप पाण्डेय उर्फ छोटे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों की बदौलत सभी चुनाव में लोगों का बढचढ कर समर्थन मिल रहा है। जिसका नतीजा है कि पार्टी लगातार जीत की ओर अग्रसर है। राज्य सभा चनुाव की तरह आगामी लोक सभा चनुाव में भी भाजपा को प्रचण्ड जीत तय है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्ववाली केंद्र सरकार व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली यूपी सरकार समाज के सभी वर्ग के कल्याण और उत्थान की दिशा में लगातार काम कर रही है। इस दौरान प्रेम पाण्डेय, विष्णु श्रीवास्तव, अंकित श्रीवास्तव, धर्मेश पाण्डेय, हरिनिवास पाण्डेय, शत्रुहन सोनी, अजय अग्रहरि, डंपू पाण्डेय, अमन गौड़, अर्जुन विश्वकर्मा आदि मौजूद रहे।

# कृषकों का आय दोगुना करने का साकार सपना हो रहा साकार : सांसद

एजाज़ सिद्दीक़ी

**इटवा सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना के तहत विकास खंड खुनियावं में मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजना अंतर्गतग सिंचाई विभाग सिद्धार्थनगर के द्वारा पंपसेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें जिले के 604 किसानों में बृहस्पतिवार को अनुदानित पंपसेट वितरित किया गया। इसे पाकर किसानों के चेहरे पर खुशी दिखी।




मुख्य अतिथि सांसद जगदंबिका पाल, विशिष्ट अतिथि इटवा के विधायक माता प्रसाद पाण्डेय ने लाभार्थियों में पंपसेट का प्रतीकात्मक वितरण किया। सांसद ने कहा कि सरकार का सपना आय दोगुना करने का सपना साकार हो रहा है। सरकार किसानों की पूर्ण हितैषी है। उनकी आय दोगुनी करने के प्रति प्रतिबद्ध है। सांसद जगदंबिका पाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में चल रही है किसान अच्छी फसल पैदा करे पानी के अभाव में कोई फसल सूखे न तथा उपज दुगनी हो जिसके क्रम में आज पूर्व निर्मित उद्यम नलकूपों पर सरकार द्वारा पंप सेट दिया जा रहा है आज हमारी सरकार किसानों की सबसे बड़ी हितैषी सरकार है फसल की बुवाई करते समय किसान को किसी से कर्ज न लेना पड़े जिसकी चिंता करते हुए हमारी सरकार किसान सम्मान निधि देकर किसानों का सम्मान बढ़ाने का कार्य कर रही है।

कार्यक्रम में पंपसेट पाकर किसानों के चेहरे खिल उठे। इस अवसर बबलू सिंह, विद्यामानी, राजेंद्र दूबे, ब्लॉक प्रमुख रीता दुबे, बलराम जी, विजय सिंह, अमन सिंह व अन्य किसानों के साथ-साथ वहां की स्थानीय जनता की उपस्थित रही।

## लोकसभा निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए बैठक

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी/उप



जिलाधिकारी सदर डॉ ललित कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में गुरुवार को तहसील नौगढ सभागार मे कपिलवस्तु विधानसभा के अन्तर्गत आने वाले सभी सेक्टर मजिस्ट्रेट एवं सभी सेक्टर ऑफिसर्स (पुलिस) की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल संपन्न करने के उद्देश्य से उपजिलाधिकारी द्वारा वल्नरेबुल बूथों, क्रिटिकल बूथों का भौतिक सत्यपान एएम एफ, 2019 लोकसभा निर्वाचन में वोटर टर्नआउट के सम्बन्ध में जिस बूथ पर कम मतदान हुआ था, उसमें सुधार किए जाने समेत अन्य निर्देश दिया गया। बैठक में सीओ सदर सुजीत राय, सभी थानों के थानाध्यक्ष, तहसीलदार सदर पीयूष श्रीवास्तव, नायब तहसीलदार विजय श्रीवास्तव, माधुर्य यादव, प्रेम प्रकाश, रामकेश, सोनू पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

## भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए गए सबलू सहानी

**सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सबलू सहानी भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष बनाए गए। जिलाध्यक्ष बनाए जाने के उपरांत भाजपा जिला



कार्यालय पर जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने पार्टी कार्यकर्ता एवं पदाधिकारियों के साथ मिठाई खिलाकर माला पहनाकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान ने कहा भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता आधारित पार्टी है, यहां हर कार्यकर्ता का सम्मान है। सही समय पर उनको सही जगह दिया जाता है। कार्यकर्ता की ही देन है की आज भारतीय जनता पार्टी विश्व के सबसे बड़ी पार्टी बनी है। सबलू सहानी ने कहा अब तक पार्टी ने जो भी जिम्मेदारी दी है उसका निर्वहन पूरी निष्ठा से किया हूं। जिस तरह से आशा और विश्वास के साथ पार्टी ने मुझे दायित्व दिया निश्चित ही उस पर खरा उतरूंगा। इस अवसर पर उपस्थित जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य जिला मंत्री अजय उपाध्याय, वरिष्ठ नेता सुरेंद्र पांडे, जिला मीडिया प्रभारी निशांत पांडेय, फूलचंद जायसवाल, भाजपा नेता संपूर्णानंद पांडे, मंगल चौरसिया, बजरंगी गोस्वामी, विक्की रस्तोगी आदि लोगो ने बधाई व शुभकामनाए दिया है।

# मिठवल ब्लाक कार्यालय का सीडीओ ने आकस्मिक निरीक्षण

**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** मिठवल ब्लाक कार्यालय का सी डी ओ जयेंद्र कुमार ने बृहस्पतिवार को आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण मे खामी मिलने पर लगाया फटकार और हिदायत दिया कि दुबारा जांच में कमी मिलने पर कार्यवाही किया जायेगा।सीडीओ ने ब्लाक कार्यालय में मनरेगा से सम्बन्धित फाइलों को देखना शुरू किया तो कोई भी फाइल पूर्ण नहीं पाया गया। सीडीओ के खण्ड विकास अधिकारी चंद्र भान उपाध्याय से आठ चार नौ (8, 4, 9) के संबंध में जानकारी मांगने पर कोई भी जानकारी नहीं करा सके। इस दौरान सीडीओ ने उपरोक्त फाइल के विषय में कहा गया कि हर बैठकों में यह जानकारी देकर फाइल पूर्ण करने का निर्देश दिया जाता है फिर भी आपको जानकारी नहीं है। निरीक्षण के दौरान ब्लाक कर्मियों की सांसें अटकी रही। लगभग आधे घंटे तक जांच के क्रम में ब्लाक की लापरवाही केंद्र में रहा। ब्लाक से जाते जाते खंड विकास अधिकारी पर नाराजगी जाहिर करते हुए चेतावनी दिया कि अगले जांच में कमी पाए जाने पर कार्यवाही किया जायेगा। ब्लाक कार्यालय निरीक्षण के बाद सी डी ओ ने ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत मरवटिया चैनपुर गांव में चल रहे मनरेगा कार्यों का निरीक्षण किया इस दौरान उन्होंने खण्ड विकास अधिकारी चन्द्रभान उपाध्याय को ग्राम पंचायत स्तर पर गुणवत्ता पूर्ण व पारदर्शिता के साथ कार्य कराने का निर्देश दिया।



# तहसील स्तरीय निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित आफिसर्स की बैठक हुई आयोजित

अवधनामा संवाददाता

**इटवा सिद्धार्थनगर।** स्थानीय ब्लाक सभागार में गुरूवार को उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु तहसील स्तरीय निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित एक बैठक अयोजित की गयी। जिसमें सभी अधिकारी उपस्थित रहे। पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के आधार पर उपजिला अधिकारी की अध्यक्षता में विकास खण्ड इटवा सभागार में 12:00 बजे पुलिस उपाधीक्षक इटवा, तहसीलदार इटवा, नायब तहसीलदार इटवा एवं समस्त थानाध्यक्ष, खण्ड विकास अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी एवं समस्त विभाग के तहसील स्तरीय निर्वाचन कार्य से सम्बन्धित अधिकारी तथा अधिशासी अधिकारी व सेक्टर आफिसर्स की एक बैठक आयोजित की गयी। बैठक में उपजिलाधिकारी ने सेक्टर आफिसर्स एवं थानाध्यक्षों को यह बताया गया कि आप लोग एक-दूसरे से भली-भांति परिचित हो जायें। आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल सम्पन्न कराये जाने में आपसी समन्वय अत्यन्त ही सहायक सिद्ध होगा। उपजिला अधिकारी ने सभी को यह भी बताया कि



वल्नरेबिल एवं क्रिटिकल मतदेय स्थलों की जाँच कर लें। वल्नरेबिलिटी के कारक के सम्बन्ध में विधिवत जानकारी कर आवश्यक रिपोर्ट कार्यालय में प्राप्त करा दें। पोलिंग पार्टियों के सुगमता पूर्वक मतदेय स्थल पर पहुँचने के कच्चे/पक्के मार्गो की जांच, मां0 निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित ए0एम0एफ0 यथा मतदेय स्थलों पर पेयजल, शौचालय, रैम्प, फर्नीचर, प्रकाश, बाउण्ड्रीवाल इत्यादि की जाँच विधिवत करलें और पूर्व में निर्गत पत्र के क्रम में कृत कार्यवाही की जांच रिपोर्ट कार्यालय को प्राप्त करा दें। जिससे समय से सम्बन्धित विभागों को पत्राचार एवं संवाद कर अवशेष पायी गयी कमियों को ससमय दूर कराये जाने की कार्यवाही की जा सके। यह भी अवगत कराया गया कि विगत निर्वाचनों में जहां अपेक्षाकृत कम मतदान हुआ हो वहां सभी विभागों के स्थानीय कर्मचारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर घर-घर जाकर आगामी निर्वाचन में लोगों से अधिक से अधिक मतदान करने की अपील करें। उपजिला अधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इटवा को निर्देशित किया कि नगर में स्थापित सभी मतदेय स्थलों की विधिवत जांच करें यदि एएमएफ से सम्बन्धित कमियां परिलक्षित हो रही हों, तो जांचोपरान्त अपनी स्पष्ट रिपोर्ट कार्यालय को प्राप्त करा दें। बैठक में उपस्थित सभी अधिकारियों द्वारा आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 कुशलता से सम्पन्न कराये जाने हेतु उपजिला अधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी पुलिस इटवा को आश्वासन दिया गया।

## पुनः बने समाजवादी छात्र सभा सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष

**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर समाजवादी छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष विनीत कुशवाहा द्वारा समाजवादी छात्रसभा के संघर्षशील नेता विष्णु उमर को समाजवादी छात्रसभा सिद्धार्थ नगर का पुनः जिलाध्यक्ष बनाए जाने पर समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष लालजी यादव, पूर्व स्पीकर माता प्रसाद पांडेय, विधायक सैय्यदा खातून, पूर्व प्रत्याशी उग्रसेन सिंह, अंबिकेश श्रीवास्तव, जय प्रताप यादव, रामू यादव,डब्लू सिंह, गुड्डू सिंह, नागेश्वर मिश्र, राहुल यादव, सिकंदर यादव समेत तमाम सपा कार्यकर्ताओ ने विष्णु उमर को पुनः समाजवादी छात्र सभा का जिलाध्यक्ष सिद्धार्थनगर बनाये जाने पर प्रसन्नता व्यक्त की।



# शासन के मंशानुरूप नकल विहीन हो परीक्षा : समारू

अवधनामा संवाददाता

**बांसी सिद्धार्थनगर।** बोर्ड परीक्षा प्रारंभ होने के साथ ही जिला विद्यालय निरीक्षक समारू प्रधान शासन के मनसा अनुरूप नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए लगातार परीक्षा केंद्रों का दौरा करते रहे।

बृहस्पतिवार को बांसी तहसील क्षेत्र के दर्जन भर से अधिक केदो का दौरा करने के बाद जिला विद्यालय निरीक्षक श्री प्रधान ने बताया कि नकल विहीन परीक्षा कराने के लिए पूरी तरीके से प्रशासनिक अधिकारियों को लगाया गया है स्ट्रांग रूम, पेपर और कापियों का रखरखाव के साथ ही नकल विहीन परीक्षा कराया जाना शासन प्रशासन की प्राथमिकता है यदि इसमें किसी प्रकार की लापरवाही या शासन के मानसा के विपरीत कार्य करते हुए कोई पाया गया तो उसके ऊपर सुसंगत धाराओं में करवाई किया जाएगा उन्होंने परीक्षार्थियों को भी सलाह दिया कि परीक्षा की तैयारी नियमित तौर पर करते रहें और जो तैयार भी है उसे प्रतिदिन एक बार जरूर अध्ययन करें पेपर की शुरुआत शुरू से करें जो प्रश्न परेशान करने वाले हो उन्हें बाद में करें जो आता हो सबसे पहले सुंदर और स्पष्ट अक्षरों में लिखने का कार्य करें इससे बेहतर अंक अर्जित कर सकते हैं श्री प्रधान बृहस्पतिवार को न्यू पब्लिक इंटर कॉलेज भी पहुंचे जहां उनसे पूर्व उप जिला अधिकारी बांसी कुणाल के अलावा सचल दस्ता प्रभारी राजकीय इंटर कॉलेज नौगढ़ के प्रधानाचार्य दयाशंकर यादव दूसरे सकल दस्त प्रभारी खंड शिक्षा अधिकारी मिठवल कर रामकुमार सिंह भी दौरा कर चुके थे केंद्रव्यवस्थापक प्रधानाचार्य देवेंद्र धर द्विवेदी ने बताया कि हाई स्कूल विज्ञान में कुल 139 छात्राएं पंजीकृत रहे जिसमें से 135 की उपस्थिति रही इसी तरह दूसरे पाली में कल 66 परीक्षार्थियों में से 58 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दिया।



# जेसीबी से नाली खुदाई का ग्रामीणों ने किया विरोध

अवधनामा संवाददाता

**बढ़नी सिद्धार्थनगर।** बढ़नी ब्लाक के ग्रामपंचायत अर्री के ग्रामीणों ने शोहरतगढ़ विधायक सहित जिले के अधिकारियों को शिकायती पत्र भेजकर जेसीबी से नाली खुदाई करवाने का आरोप लगाया है।

ग्रामीणों ने जांच कर आवश्यक कार्रवाई करने की मांग किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बढ़नी ब्लॉक के ग्राम पंचायत अर्री के रहने वाले प्रभु, हेतराम, सोमई, तिलकराम, प्रभुदयाल आदि ने ग्राम प्रधान पर गांव के कुछ गरीब व्यक्तियों की आराजी में फसल को खुदवा कर जेसीबी से नाली खुदाई का काम करवाने का आरोप लगाया है। जिसके लिए ग्रामीणों ने शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा के अलावा जिले के अधिकारियों के पास शिकायती पत्र भेजा है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान शासनादेश के विरुद्ध मनरेगा मजदूरों से काम न करवाकर जेसीबी से नाली की खुदाई करवा रहे हैं और खुदाई भी गरीबों के भूमिधरी आराजी में नाली बनवाने के लिए कर रहे हैं।जब ग्रामीण उसका विरोध कर रहे हैं तो ग्राम प्रधान धमकी भी दे रहे हैं। ग्रामीणों ने उक्त कार्य की जांच करवाकर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही करने की मांग किया है। इस संबंध में बढ़नी वीडियो श्याम मनोहर मुरली मिश्रा ने बताया कि शिकायत की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।



**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या L 9907864 मे मेरे नाम त्रुटिवश SIMA SHEKHAR (सीमा शेखर) लिख गया है जबकि मेरा नाम सभी दस्तावेज़ो पर SEEMA (सीमा) है। भविष्य में मुझे SEEMA (सीमा) के नाम से ही जाना, पहचान और पुकारा जाये।

**निवासिनी-116/22, घसियारी मंडी लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001**

**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश KAMARUL ISLAM SIDDIQUI (कमरुल इस्लाम सिद्दीकी) हो गया है जबकि मेरे नाम की सही स्पेलिंग सभी दस्तावेज़ो में QAMRUL ISLAM SIDDIQUI (क़मरुल इस्लाम सिद्दीकी) है।

**निवासिनी-448/327, नगरिया मुसाहेब गंज, ठाकुरगंज लखनऊ उत्तर प्रदेश-226003**

## पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में शुरू हुआ चार दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण

**पौली अवधनामा संवाददाता।** विकास क्षेत्र पौली के पूर्व माध्यमिक विद्यालय शनिचरा बाजार के सभागार में एफएलएन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे प्राथमिक स्तर के बच्चों को भाषा हिंदी और गणित में दक्षता हासिल कराने को लेकर खंड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव के निर्देशन में शिक्षकों व शिक्षा मित्रों का चार दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। गुरूवार को एफएलएन ( फाउंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमरेसी) के चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के पहले बैच पहले बैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी जनार्दन यादव ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। शिक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रशिक्षण से प्राथमिक स्तर के बच्चो को भाषा व गणित में दक्षता हासिल करने में मददगार होगा। शिक्षक अपने कर्तव्यों के प्रति सदैव निष्ठावान है और प्रशिक्षण प्राप्त कर अपने अपने बच्चो को प्रशिक्षित कर विद्यालय, ब्लाक व जनपद का नाम रोशन करे। शिक्षक हर हाल मे आधारशिला क्रियान्वयन एवं संदर्शिका का उपयो करे। इसमे किसी भी प्रकार की लापरवही न बरते। यहां जो भी प्रशिक्षण प्राप्त करें उसको अपने जीवन में उतारने का हर संभव प्रयास करें।

## हाईटेंशन तार की चपेट में आकर राहगीर ने गवाई जान

**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सिकंदरपुर बाजार में पूर्वी छोर पर भूसी लादकर जा रहे ओवरलोड ट्रक में करंट उतरने से एक राहगीर की दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गुरुवार को पूर्वाह्न करीब 10 बजे दर्शननगर से भूसी लाकर एक ट्रक सिकंदरपुर के पास एक भट्टे पर जा रही थ सिकंदरपुर बाजार के पूर्वी छोर पर ओवरलोड ट्रक सड़क के किनारे 11हजार की सप्लाई वाले तार से छू गई, जिससे उसमें करंट उतर गया। ड्राइवर व खलासी ने करंट उतरने का अहसास होते ही ट्रक से नीचे कूद कर अपनी जान बचाई। इसी बीच बगल से साइकिल से जा रहे सहनेमऊ निवासी 65 वर्षीय मोहम्मद शफीक ट्रक से छू गए जिससे उनकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन उन्हें जिलाअस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

## आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था

भाजपा के श्वेतपत्र के खिलाफकांग्रेस भले काला पत्र निकाले पर विश्व मान रहा है। भारत की अर्थव्यवस्था आगे बढ़ रही है। यह अन्तरराष्ट्रीय वित्तीय एजेन्सियों का निरीक्षण है। विश्व की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बनने के बाद विश्व की बड़ी आर्थिक व्यवस्थाओं के बीच तेजी से आगे बढ़ने की ओर अग्रसर है। पांच वर्षो में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यस्था बन जायेगी। कई देश भारतीय आर्थिक माडल अपनाने की बात करने लगे है। राजनीतिक दल अपनी आकलन कर देश की अर्थव्यस्था पर प्रश्न चिन्ह लगाने में व्यस्त है। एक तो भारत का मुख्य विपक्षी दल अपने पार्टी में चल रहे बिखराव, पार्टी छोड़ जाने वाले लोगो से आहत है। पार्टी नहीं सभांल रही है भारत जोड़ने की बात कर रही है। कुठांग्रस्त भारत के हर तरफके प्रगति प्रश्न चिन्ह लगाने में व्यस्त है। कालापत्र निकालने में व्यस्त है।

भारत के अर्थव्यस्था की प्रगति का सबूत शेयर बाजार के पूंजीकरण में देखा जा सकता है। 2023 के पहले हफ्ते में फ्रान्स और ब्रिटेन को पीछे छोड़ते हुये शेयर बाजार के पूंजीकरण के मामले को भारत ने ब्रिटेन और फ्रान्स को पीछे छोड़ते हुये पांचवा स्थान प्राप्त किया था। भारत से आगे अमेरिका चीन, जापान, हांकांग थे। दो माह के अन्दर हांगकांग के पीछे छोड़ते हुये चौथा स्थान प्राप्त कर लिये। कांग्रेस इसे वाकिफहै की नहीं। भारत वैश्विक स्तर पर विभिन्न उत्पादों के लिये बहुत बड़े क्षेत्र में विकसित हो रहा है इससे 50 से ज्यादा देश भारत से द्वीपक्षीय व्यापार समझौता चाहते है। देश की प्रगति तभी सफ्ल मानी जाती है जब आखिरी पक्ति में खड़े व्यक्ति के पास भी प्रगति का हिस्सा पहुंचे। इस सन्दर्भ में विश्व बैंक ने भारत की सराहना करते हुये कहा है गरीबी और आय की असमानता कम करने में विशेष सफ्लता पाई है। अन्तराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने भी यही कहा है। 1947 में 70 प्रतिशत गरीबी रेखा के नीचे थे 2020 में आबादी का 10 प्रतिशत हिस्सा गरीबी रेखा के नीचे था।

भारत डिजिटल इन्डिया के माध्यम से क्रान्तिकारी दौर से सफ्लता पूर्वक आगे बढ़ रहा है। पिछले 10 सालो में डिजिटलीकरण के क्षेत्र में ऐतिहासिक प्रगति की है। सबूत के तौर 120 करोड़ से ज्यादा इन्टरनेट 114 करोड़ से ज्यादा मोबाइल, 165 करोड़ से ज्यादा स्मार्ट फोन का उपयोग हो रहा है। दिन पर दिन यह संख्या आगे बढ़ती जा रही है और आगे भी बढ़ेगी क्योकि इस क्षेत्र में नये नये प्रयोग हो रहे है। दिमाग में चिप्स बैठाने की बात हो रही है। क्या मानव का पूरी तरह मशीनीकरण हो जायेगा। यह तय है कि विश्व एक नये डिजटल युग में प्रदेश करेगा। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में डिजिटल इन्डिया अपना कमाल दिखा रहा है। इससे गांवो में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ गई है। डिजिटल प्लेट फार्म का उपयोग हो रहा है। ड्रोन के माध्यम से कृषि के क्षेत्र में बड़ी सहायता मिलने की आशा है। खेतो में बीजों का छिड़काव कीटनाश का छिड़काव सम्भव हो जायेगा। अभी सीमित दायरे में इसका उपयोग हो रहा है। कृषि क्षेत्र, रक्षा उत्पादो, फार्म, नवीनीकरण ऊर्जा डिजिटल व्यवस्था के साथ प्रौद्योगिकी, सूचना तकनीक, आटो मोबाइल, मोबाइल उत्पादन, बुनियादी क्षेत्रों का विकास स्टार्टअप, ड्रोन, हरित ऊर्जा, अन्तरिक्ष जैसे क्षेत्रों में भारत वैश्विक लीडर बनने की ओर अग्रसर है। यह सब आर्थिक हालात के बेहतरी और प्रगति के सूचक है। तब राजनीतिक दल भारत विकास को छोड़ बुराइंयां गिनाने में क्यों मशगूल है। चुनाव का डर उनसे क्या क्या न करवा दे।

अन्तरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि 2024 में वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि में भारत का योगदान 16 प्रतिशत से भी ज्यादा रहने वाला है। दूसरे देशो की विकास दर कम हो रही है भारत की बढ़ती जा रही है। अब भारत की अर्थव्यवस्था में मन्दिर अर्थव्यवस्था आ गई है। जिससे पर्यटन में असीम वृद्धि हो रही है। इससे जुड़े सेक्टरों के उत्पादन बढ़ रह है, लोगो की आय बढ़ रही है लोगो को रोजगार मिल रहा है। मन्दिर को लेकर विपक्ष बहुत ही कटु है पर पीछे पीछे करता वही है। भाजपा ने सबको सामूहिक निमन्त्रण से बुलाकर किया है। इस परिप्रेक्ष में कांग्रेस का ब्लैक पेपर आप भी आंकिये।

## छात्रों को नही मिली ट्यूशन से मुक्ति



अशोक मधुप

केंद्र सरकार ने 2020 में नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) लागू कर दी। इसके हिसाब से पढाई में भी शुरू हो गई किंतु छात्र पर पढ़ाई का बोझ कम नही हुआ।स्कूल के बाद भी बच्चे का तीन-चार ट्यूशन पढ़ने पड़ते हैं।बस्ते का बोझ भी पहले जैसा ही है, वह भी कम नही हुआ। केंद्र सरकार ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के तहत सभी राज्यों में लागू कर दी। अब कक्षा एक में एडमिशन की उम्र सीमा को लेकर जारी किया गया है।केंद्र द्वारा राज्य सरकारों और केंद्र शासित प्रदेशों को लिखे पत्र में शिक्षा मंत्रालय (एमओई) के स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग ने 2020 में एनईपी लॉन्च होने के बाद से कई बार जारी किए गए अपने निर्देशों को दोहराया है। इन निर्देशों में कक्षा एक में दाखिले के लिए बच्चे की उम्र कम से कम छह वर्ष होनी चाहिए। इसी तरह का एक नोटिस पिछले साल भी जारी किया गया था.शिक्षा मंत्रालय की ओर से 15 फरवरी 2024 को जारी पत्र में कहा गया है कि नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए जल्द ही एमडिशन प्रक्रिया शुरू होने वाली है। उम्मीद है कि राज्य, केंद्रशासित प्रदेश में अब ग्रेड- एक में प्रवेश के लिए आयु 6+ कर दी गई है। मार्च 2022 में केंद्र ने लोकसभा को सूचित किया था कि 14 राज्य और केंद्र शासित प्रदेश जैसे असम, गुजरात, पुडुचेरी, तेलंगाना, लद्दाख, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, हरियाणा, गोवा, झारखंड, कर्नाटक और केरल में उन बच्चों के लिए एक प्रवेश की अनुमति है, जिन्होंने छह वर्ष पूरे नहीं किए हैं।पूर्व में केंद्र ने कहा था कि एनईपी शर्त के साथ न्यूनतम आयु को संरेखित नहीं करने से विभिन्न राज्यों में शुद्ध नामांकन अनुपात की माप प्रभावित होती है। एनईपी 2020 की 5+3+3+4 स्कूल प्रणाली के अनुसार, पहले पांच वर्षों में तीन से छह वर्ष के आयु समूह के अनुरूप प्रीस्कूल के तीन वर्ष और छह से आठ वर्ष के आयु समूह के अनुरूप कक्षा 1 और 2 के दो वर्ष शामिल हैं.केंद्र ने जारी निर्देश में सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कक्षा एक में दाखिले के लिए न्यूनतम उम्र सीमा छह वर्ष अपनाने को कहा है।

केंद्र सरकार नई शिक्षा नीति लागू करने के बाद भी छात्रों के बस्ते का बोझ कम नही कर सकी।कई बच्चों के बस्ते का बोझ उनके खुद के वजन से ज्यादा होता है।जबकि ऐसा नही होना चाहिए ।पीठ पर बोझ लदने से बच्चे का मानसिक और शारीरिक विकास रूक जाता है। शिक्षाविद और मनोवैज्ञानिक कई बार बस्तों के बोझ को लेकर चिंता जारी कर चुके हैं। पर इस पर रोक नही लगी।छात्र को होमवर्क देना तो रोजमर्रा का काम है। इसके लिए उसे दो से तीन घंटे चाहिए।स्कूल में पांच घंटे के बाद दो से तीन घंटे उसे होम वर्क करना है। इस तरह से छोटे स्तर से ही उस पर आठ नौ घंटे पढ़ाई का बोझ रहता है।यह उम्र बच्चे के खेलने- कूदने की है ताकि उसका समुचित शारीरिक और मानसिक विकास हो। हमारी पोती अमेरिका में पढती है। कक्षा पांच तक उसे कोई किताब नही दी जाती। बस स्कूल में ही क्रिटीविटी सिखाई जाती है। कहानी की पुस्तकें दो घर जाकर पढ़ने को दी जाती हैं ताकि बच्चे की रीडिंग की आदत बढ़े।बाकी कुछ नही। दूसरा भारत का कितना ही मंहगा स्कूल हो, कक्षा पांच के बाद छात्र का ट्यूशन पढ़ना उसकी मजबूरी है। घर आकर होमवर्क में दो -तीन घंटे लगाने के बाद प्रत्येक विषय के टयूशन के लिए उसे एक घंटा देना ही होता है। इस ट्यूशन में आने -जाने में भी समय लगता है। पांच टयूशन हुए तो पांच घंटे टयूशन में लगेंगे।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए।

# अधिकतम मतदान का आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत



ललित गर्ग

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मन की बात कार्यक्रम से तीन माह के लिए विराम लेते हुए लोकतंत्र के महाकुंभ चुनाव में पहली बार वोटर बने युवाओं से रिकार्ड संख्या में मतदान का आग्रह किया। अधिकतम संख्या में मतदान लोकतंत्र की जीवंतता का प्रमाण होने के साथ लोकतंत्र के बलशाली होने का आधार हैं और जनता की सक्रिय भागीदारी का सूचक है। इस बार लोकसभा चुनाव में मतदाताओं की संख्या लगभग 97 करोड़ है, इनमें बड़ी संख्या युवाओं की है। इसीलिये मोदी ने मतदान में युवाओं की सक्रिय भागीदारी का आह्वान करके एक जागरूक, सक्षम एवं जुझारु राजनेता का परिचय दिया है। अधिकतम मतदान भारतीय लोकतंत्र को अधिक स्वस्थ, सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने की एक सार्थक मुहिम है। सभी मतदाताओं को मतदान के प्रति वैसा ही उत्साह दिखाना चाहिए जैसा कुछ समय से महिलाएं दिखा रही हैं। प्रधानमंत्री ने युवाओं से यह भी अपील की कि वे राजनीतिक गतिविधियों का हिस्सा बनें और राजनीतिक-चर्चाओं को लेकर जागरूक भी रहें। विशेषतः विभिन्न राजनीतिक दलों की लोकलुभावन घोषणाओं एवं चुनावी घोषणा पत्रों पर युवाओं को गहराई से जानकारी हासिल करना चाहिए कि इन घोषणाओं का आधार क्या है, इनके लिये धन कहां से आयेगा? चुनावी तैयारियों का जायजा लेने चेन्नई गए मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने इसी बात को उठाते हुए कहा है कि यदि राजनीतिक दलों को अपने घोषणापत्रों में लोकलुभावन वादे करने का अधिकार है तो मतदाताओं को यह जानने का हक भी है कि क्या वे वादे व्यावहारिक हैं और उन्हें लागू करने के लिए धन का प्रबंध कहां से किया जाएगा। अगले माह लोकसभा चुनाव की संभावित घोषणा और उसके चलते आचार संहिता लागू हो जायेगी। अधिकतम मतदान लोकतंत्र में जन-भागीदारी का अवसर मात्र ही नहीं हैं, बल्कि देश की दशा-दिशा तय करने में आम आदमी के योगदान का भी परिचायक है। अधिकतम मतदान के लिए माहौल बनाने की आवश्यकता इसलिए है, क्योंकि देश के कुछ हिस्सों में मतदान प्रतिशत अपेक्षा से कहीं कम होता है। विडंबना यह है कि आमतौर पर कम प्रतिशत महानगरों में अधिक देखने को मिलता है। इसका कोई मतलब नहीं कि सरकारों अथवा राजनीतिक दलों के तौर-तरीकों की आलोचना तो बढ़-चढ़कर की जाए, लेकिन मतदान करने में उदासीनता दिखाई जाए। आमतौर पर मतदान न करने के पीछे यह तर्क अधिक सुनने को मिलता है कि मेरे अकेले के मत से क्या फर्क पड़ता है? एक तो यह तर्क सही नहीं, क्योंकि कई बार दो-चार मतों से भी हार-जीत होती है और दूसरे, अगर सभी यह सोचने लगें तो फिर लोकतंत्र कैसे सबल एवं सक्षम होगा? इस दृष्टि से प्रधानमंत्री मोदी का अधिकतम मतदान को प्रोत्साहन देने का उपक्रम एवं आव्हान एक क्रांतिकारी शुरूआत कही जा सकती है। इसका स्वागत हम इस सोच और संकल्प के साथ करें



कि हमें अपने मतदान से आगामी आम चुनाव में भ्रष्टाचार, राजनीतिक अपराधीकरण एवं राजनीतिक विसंगतियों पर नियंत्रण करना है।

अधिकतम मतदान के संकल्प से हमें मतदान का औसत प्रतिशत 55 से 90-95 प्रतिशत तक ले जाना चाहिए, ताकि इस लक्ष्य को हासिल करके हम भारतीय राजनीति की तस्वीर को नया रूख दे सके। मतदान करना हर नागरिक का मौलिक अधिकार है और कर्तव्य भी है, लेकिन विडम्बना है हमारे देश की कि आजादी के 77 वर्षो बाद भी नागरिक लोकतंत्र की मजबूती के लिये निष्क्रिय है। ऐसा लगता है जमीन आजाद हुई है, जमीर तो आज भी कहीं, किसी के पास गिरवी रखा हुआ है। अधिकतम मतदान की दृष्टि से श्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात में मुख्यमंत्री रहते हुए एक अलख जगाई थी। अनिवार्य वोट के लिये कानून लागू करना ही होगा और इस पहल के लिये सभी दलों को बाध्य होना ही होगा, क्योंकि भारतीय लोकतंत्र में यह नई जान फूंक सकती है। अब तक दुनिया के 32 देशों में अनिवार्य मतदान की व्यवस्था है लेकिन यही व्यवस्था अगर भारत में लागू हो गई तो उसकी बात ही कुछ और होगी और वह दुनिया के लिये अनुकरणीय साबित होगी। यदि ऐसा हुआ तो अमेरिका और ब्रिटेन जैसे पुराने और सशक्त लोकतंत्रों को भी भारत का अनुसरण करना पड़ सकता है, हालांकि भारत और उनकी परिस्थितियां एक-दूसरे के बिल्कुल विपरीत है। भारत में अमीर लोग वोट नहीं डालते और इन देशों में गरीब लोग वोट नहीं डालते।

भारत इस तथ्य पर गर्व कर सकता है कि जितने मतदाता भारत में हैं, दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं और लगभग हर साल भारत में कोई न कोई ऐसा चुनाव अवश्य होता है, जिसमें करोड़ों लोग वोट डालते हैं लेकिन अगर हम थोड़ा गहरे उतरें तो हमें बड़ी निराशा भी हो सकती है, क्या हमें यह तथ्य पता है कि पिछले 77 साल में हमारे यहां एक भी सरकार ऐसी नहीं बनी, जिसे कभी 50 प्रतिशत वोट मिले हों। कुल वोटों के 50 प्रतिशत नहीं, जितने वोट पड़े, उनका भी 50 प्रतिशत नहीं। गणित की दृष्टि से देखें तो 140 करोड़ की जनसंख्या वाले देश में सिर्फ 20-25 करोड़ लोगों के समर्थनवाली सरकार क्या वास्तव में लोकतांत्रिक सरकार है? क्या वह वैध सरकार है? क्या वह बहुमत का प्रतिनिधित्व करती है? आज तक हम ऐसी सरकारों के आधीन ही रहे हैं, इसी के कारण लोकतंत्र में विषमताएं एवं विसंगतियों का बाहुल्य रहा है, लोकतंत्र के नाम पर यह छलावा हमारे साथ होता रहा है। इसके जिम्मेदार जितने राजनीति दल है उतने ही हम भी है। यह एक त्रासदी ही है कि हम वोट महोत्सव को कमतर आंकते रहे हैं। जबकि आज यह बताने और जताने की जरूरत है कि इस भारत के मालिक आप और हम सभी हैं और हम जागे हुए हैं। हम सो नहीं रहे हैं। हम धोखा नहीं खा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने मतदान प्रतिशत बढ़ाने की अपील करते हुए यह सही कहा कि अधिक से अधिक मतदान का मतलब एक मजबूत लोकतंत्र है और मजबूत लोकतंत्र से ही विकसित भारत बनेगा, लेकिन अब ऐसी व्यवस्था एवं तकनीक विकसित करने का भी समय आ गया है जिससे अपने गांव-शहर से दूर रहने वाले वहां जाए बगैर मतदान कर सकें। ध्यान रहे कि ऐसे लोगों की संख्या करोड़ों में है। रोजी-रोटी के लिए अपने गांव-शहर से दूर जाकर जीवनयापन करने वाले सब लोगों के लिए यह संभव नहीं कि वे मतदान करने अपने घर-गांव लौट सकें। यदि सेना और अर्धसैनिक बलों के जवानों के साथ-साथ चुनाव ड्यूटी में शामिल लोगों के लिए वोट देने की व्यवस्था हो सकती है तो अन्य लोगों के लिए क्यों नहीं हो सकती? इस बार ऐसी किसी व्यवस्था के निर्माण के लिए निर्वाचन आयोग के साथ सरकार का भी सक्रिय होना समय की मांग है। इसी से हम अधिकतम मतदान के लक्ष्य को हासिल कर सकेंगे। अधिकतम वोटिंग का वास्तविक उद्देश्य है, जन-जन में लोकतंत्र के प्रति आस्था पैदा करना, हर व्यक्ति की जिम्मेदारी निश्चित करना, वोट देने के लिए प्रेरित करना। एक जनक्रांति के रूप 'भारतीय मतदाता संगठन' इस मुहिम के लिये सक्रिय हुआ है, यह शुभ संकेत है। इस तरह के जन-आन्दोलन के साथ-साथ भारतीय संविधान में अनिवार्य मतदान के लिये कानूनी प्रावधान बनाये जाने की तीव्र अपेक्षा है।

# राज्यसभा चुनाव में क्रॉस वोटिंग की छाया

कुलदीप पठानिया ने कहा कि सभी सदस्य अब सदन के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, आईडी लखनपाल, रवि ठाकुर, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र भुट्टो सभी पर विधानसभा के यह आदेश लागू हैं। आदेश जारी होने के बाद सभी छह सदस्य अब से सदन के सदस्य नहीं रहे हैं। सभी विधायकों को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित रहने के लिए व्हाट्सऐप पर संदेश भेजा गया था। हिमाचल विधानसभा ई-विधान से जुड़ी है। ऐसे में विधायक संदेश न मिलने की बात नहीं कर सकते हैं।



रोहित माहेश्वरी

हालिया राज्यसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश, हिमाचल, कर्नाटक आदि राज्यों में विधायकों ने खुल कर 'क्रॉस वोटिंग' की। बयान दिए जाते रहे कि उन्होंने 'अंतरात्मा' की आवाज पर, जिसे योग्य समझा, उसके पक्ष में वोट किया। दरअसल इसके साथ दलबदल की समस्या भी जुड़ी है। उसे रोकने पर भी कानून है, लेकिन क्रॉस वोटिंग के साथ-साथ विधायकों के दलबदल भी सामने आए हैं। उनके खिलाफ संसदीय अथवा विधानसभा के स्तर पर कार्रवाई बहुत लंबी चलती है, देरी भी होती है या आगामी चुनाव का समय भी करीब आ जाता है। फिर कानून के फायदे क्या हैं?

उत्तर प्रदेश, हिमाचल और कर्नाटक में राज्यसभा चुनाव के जो परिणाम आए उनमें समाजवादी पार्टी और कांग्रेस को झटका लगा। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के आधा दर्जन विधायकों ने भाजपा के आठवें प्रत्याशी को मत देकर अपने एक प्रत्याशी को हरवा दिया। इसी तरह हिमाचल में कांग्रेस के 6 विधायकों द्वारा भाजपा प्रत्याशी को मत देने से अभिषेक मनु सिंघवी हार गए। यदि तीन निर्दलीय ही साथ देते तो कांग्रेस उम्मीदवार जीत जाता। लेकिन पार्टी का नेतृत्व सिर पर मंडराते खतरे को भांप नहीं सका।

उत्तर प्रदेश में भी सपा विधायकों द्वारा बगावत की आशंका थी। वैसे बगावत कर्नाटक में भी हुई जहां भाजपा विधायक ने कांग्रेस प्रत्याशी को मत देकर सबको चौंका दिया। लेकिन उत्तर प्रदेश में सपा और हिमाचल में कांग्रेस का प्रत्याशी चूंकि हार गया इसलिए भाजपा पर विधायकों को लालच और भय दिखाकर तोड़ने का आरोप लगाया जा रहा है।

राजनीतिक विश्लेषक इसमें सपा और कांग्रेस के नेतृत्व की विफलता देख रहे हैं जिसने सामने खड़े खतरे को नजरंदाज किया। उत्तर प्रदेश में जया बच्चन को उम्मीदवार बनाए जाते ही सपा में बगावत के सुर उठने लगे थे जिन्हें अखिलेश यादव ने अनसुना कर दिया। इसी तरह हिमाचल में कांग्रेस को बगावत की आशंका थी इसीलिए सोनिया गांधी को राजस्थान से राज्यसभा भेजने का फैसला लिया गया। कुछ मंत्री और विधायक खुलकर मुख्यमंत्री के विरुद्ध थे। राम मंदिर के शुभारंभ पर विक्रमादित्य सिंह नामक मंत्री पार्टी लाइन से अलग हटकर अयोध्या भी गए। उन्होंने मंत्री पद से इस्तीफा दे दिया, लेकिन शाम होते-होते उन्होंने अपना इस्तीफा वापिस ले लिया। इस घटनाक्रम के अगले दिन विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप पठानिया ने व्हिप की अनदेखी करने वाले सभी छह विधायकों को अयोग्य करार दे दिया है। कुलदीप पठानिया ने कहा कि सभी सदस्य अब सदन के सदस्य नहीं हैं। उन्होंने कहा कि सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, आईडी लखनपाल, रवि ठाकुर, चैतन्य शर्मा और देवेंद्र भुट्टो सभी पर विधानसभा के यह आदेश लागू हैं। आदेश जारी होने के बाद सभी छह सदस्य अब से सदन के सदस्य नहीं रहे हैं। सभी विधायकों को व्यक्तिगत तौर पर उपस्थित



रहने के लिए व्हाट्सऐप पर संदेश भेजा गया था। हिमाचल विधानसभा ई-विधान से जुड़ी है। ऐसे में विधायक संदेश न मिलने की बात नहीं कर सकते हैं। सत्तापक्ष ने व्हिप जारी किया था और सभी छह सदस्य व्हिप जारी होने के बावजूद सदन में नहीं थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट में होने वाली न्यायिक प्रक्रिया को भी ध्यान में रखा जाएगा? छह विधायकों को अयोग्य करार देने के बाद हिमाचल की राजनीति में फिर एक बार तूफान उठने वाला है।

उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी चूंकि विपक्ष में है इसलिए उसे सरकार गिरने की चिंता तो है नहीं किंतु लोकसभा चुनाव के ठीक पहले पार्टी के विधायकों की बगावत अखिलेश के लिए चेतावनी है। निश्चित रूप से भाजपा की रणनीति विपक्षी दलों में सेंध लगाने की है । सत्ता में होने के कारण उसका प्रभाव और दबाव दोनों बढे हैं। लेकिन विपक्ष को अपनी कमजोरी भी देखनी होगी। हिमाचल में कांग्रेस की अंतर्कलह का लाभ ही भाजपा ने उठाया। उसी तरह कर्नाटक में कांग्रेस के पास भारी बहुमत होने के बाद भी उसने एक भाजपा विधायक को तोड़ने में संकोच नहीं किया।

हिमाचल के मुख्यमंत्री कांग्रेस महासचिव प्रियंका वाड्रा की पसंद थे जिन्हें पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह का परिवार पसंद नहीं करता। विक्रमादित्य उन्हीं के बेटे हैं और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह उनकी माता जी। इस प्रकार श्री सिंघवी न हारते तब भी मुख्यमंत्री की कुर्सी को हिलाने का प्रयास जारी रहता। दरअसल ये कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के लिए चेतावनी है कि उसके द्वारा थोपे गए नेताओं को आंख मूंदकर स्वीकार कर लेने वाला दौर चला गया। वैसे भी पुरानी कहावत है कि जब केंद्रीय सत्ता कमजोर होती है तो सूबे सिर उठाने लगते हैं। गांधी परिवार राज्यों में अपनी मर्जी के नेताओं को लादने की जो गलती कर रहा है उसी के कारण अनेक राज्य उसके हाथ से खिसक गए। मध्य प्रदेश में झटका खाने के बाद भी उसने राजस्थान और छत्तीसगढ में पनपे असंतोश का समय रहते इलाज नहीं किया जिसका नतीजा सामने है। सपा में भी अखिलेश खुद को सर्वेसर्वा मानकर नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ ही गठबंधन के साथियों से दूरी बनाए रहते हैं। यही कारण है कि ओमप्रकाश राजभर और स्वामीप्रसाद मौर्य के बाद जयंत चैधरी ने उनसे रिश्ता तोड़ लिया। रही-सही कसर पूरी कर दी राज्यसभा चुनाव में हुई क्रॉस वोटिंग ने। इस प्रकार ये स्पष्ट हो रहा है कि कांग्रेस और सपा जैसी पाटियों के शीर्ष नेतृत्व का निचले स्तर तक संवाद टूट चुका है। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक खबर आ गई कि असम में कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष ने भी पार्टी छोड़ दी। पश्चिम बंगाल से भी ऐसी ही जानकारी आई है। बेहतर है भाजपा को कोसने के बजाय कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी पार्टियां अपने अंदरूनी हालात सुधारें। केवल आपस में गठबंधन कर लेने से उनका बेड़ा पार नहीं होने वाला। भाजपा की रणनीति बेशक विपक्ष का मनोबल तोड़ने की है। इसके लिए वह कोई अवसर नहीं छोड़ना चाहती परंतु जहां भाजपा कमजोर है वहां विपक्ष को भी सफलता मिली। कर्नाटक और तेलंगाना इसके उदाहरण हैं। ऐसे में विपक्षी दलों को चाहिए वे अपने नेताओं और कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए उन्हें पार्टी में बने रहने प्रेरित करें। यदि वे इस काम में असफल रहते हैं तब फिर किसी और को दोष देना कहां तक उचित है? ज्यादा वक्त नहीं गुजरा है, जब बिहार में राष्ट्रीय जनता दल के नेता तेजस्वी यादव ने खेला कर दिखाने का एलान किया था, हालांकि असल वक्त आने पर खुद उनकी पार्टी के साथ खेला हो गया। बहरहाल, जब कोई चलन इतना बेपर्दा रूप ले चुका हो, तो यह जरूरी हो जाता है कि उसे संचालित करने वाली परदे के पीछे की परिघटना को समझने की कोशिश की जाए। तो अगर हम गौर करें, तो यह साफ होने में देर नहीं लगती कि जिस लोकतंत्र पर हम गर्व करते हैं, वह धीरे-धीरे धनिकतंत्र या अभिजात्य-तंत्र में तब्दील हो चुका है। जो राजनीतिक पार्टियां हैं, वे असल में देश के छोटे से प्रभु वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करने लगी हैं।

# मासिक धर्म जागरूकता में युवाओं की भागीदारी भी ज़रूरी

मासिक धर्म से संबंधित मुद्दे पर समाज विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 28 मई को वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, विकासशील देशों में महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होता है, जहां साफ पानी और शौचालय की सुविधाएं अक्सर अपर्याप्त होती हैं। इसके अलावा, पारंपरिक संस्कृतियाँ मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा करना और अधिक कठिन बना देती हैं।



कमरुन निसा

मासिक धर्म, मानव अस्तित्व का एक प्राकृतिक पहलू है, जिसे अक्सर कलंक और चुप्पी में छिपा दिया जाता है। दरअसल जागरूकता की कमी ने ही शर्म और गोपनीयता की संस्कृति को बढ़ावा दिया है। हमारे देश के अधिकतर हिस्सों में आज भी इस पर चर्चा करना बुरा समझा जाता है। यहां तक कि महिलाएं आपस में भी इस पर बात करने में शर्म और झिझक महसूस करती हैं। ऐसे में पुरुषों विशेषकर युवा वर्ग में इसे किस प्रकार लिया जाता होगा, इसकी कल्पना आसानी से की जा सकती है। ग्रामीण क्षेत्रों में ही नहीं, बल्कि शहरी क्षेत्रों में भी मासिक धर्म पर चर्चा बहुत ही सीमित होती है। अन्य क्षेत्रों की तरह केंद्रशासित प्रदेश लद्दाख के लेह के सामाजिक वातावरण में भी मासिक धर्म का मुद्दा संवेदनशील माना जाता है। जैसे-जैसे हम लेह के सामाजिक परिवेश में उतरते हैं, मासिक धर्म अधिकारों के व्यापक संदर्भ और इस मुद्दे पर बातचीत के महत्व को समझना महत्वपूर्ण हो जाता है।

मासिक धर्म अधिकारों में मासिक धर्म स्वच्छता, इससे जुड़े उत्पादों तक किशोरियों और महिलाओं की पहुंच, इसके बारे में व्यापक शिक्षा और इस प्राकृतिक जैविक प्रक्रिया से जुड़ी भेदभावपूर्ण प्रथाओं के उन्मूलन पर चर्चा महत्वपूर्ण हो जाती है। वास्तव में, लेह में मासिक धर्म का मुद्दा और इससे संबंधित बातचीत एक परिवर्तनकारी यात्रा से गुज़र रही है। परंपरागत रूप से दोस्तों के साथ छिपकर और दबी आवाज़ में इस मुद्दे पर बातचीत करना किशोरियों के लिए जानकारी का प्राथमिक स्रोत थी, जिससे यह एक वर्जित विषय बन गया। हालांकि, बदलते परिवेश में आज जबकि समाज में प्रगति हुई है, अब इस विषय पर माताओं और बेटियों के बीच खुली चर्चा संभव हो रही है। लेकिन अभी भी पुरुषों के बीच इस विषय पर चर्चा वर्जित ही मानी जाती है, जो इसके अंतर को और अधिक बढ़ा देता है।

मासिक धर्म से संबंधित मुद्दे पर समाज विशेषकर महिलाओं और किशोरियों को जागरूक करने के उद्देश्य से 28 मई को वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाता है। दरअसल, विकासशील देशों में महिलाओं के लिए मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन विशेष रूप से चुनौतीपूर्ण होता है, जहां साफ पानी और शौचालय की सुविधाएं अक्सर अपर्याप्त होती हैं। इसके अलावा, पारंपरिक संस्कृतियाँ मासिक धर्म पर खुलकर चर्चा करना और अधिक कठिन बना देती हैं। यह महिला शरीर के सामान्य कार्यों के बारे में प्रासंगिक और महत्वपूर्ण जानकारी तक पहुंच को सीमित कर देता है। इसका सीधा असर महिलाओं और किशोरियों के स्वास्थ्य, शिक्षा और सम्मान पर पड़ता है। जिसे समाप्त करने के लिए ही वैश्विक स्तर पर मासिक धर्म स्वच्छता दिवस की शुरुआत की गई है। लेह में भी आगामी 28



मई को मासिक धर्म स्वच्छता दिवस मनाया जाएगा। इसके लिए यहां के सरकारी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस प्रकार का कार्यक्रम क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण बदलाव को दर्शाता है।

हालांकि इस दिन के कार्यक्रम में एक भी पुरुष की उपस्थिति नहीं होती है, केवल कार्यक्रम के कवरेज के लिए कैमरापर्सन पुरुष होता है, जिससे महिलाओं और किशोरियों के लिए इस महत्वपूर्ण विषय पर गहराई से विचार करने के लिए एक सुरक्षित स्थान बनता है। ऐसे समाज में जहां मासिक धर्म के बारे में बातचीत गोपनीयता में छिपी रहती है, लेह ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से अंतर को पाटने का प्रयास करता है। हालांकि देश के अन्य हिस्सों की तरह लेह में भी अधिकांश दुकानदार सेनेटरी पैड को अखबार में लपेटकर देते हैं। जबकि अखबार में पैड लपेटना कोई समाधान नहीं है, बल्कि यह मासिक धर्म उत्पादों के अनुचित रखरखाव को बढ़ावा देता है। मासिक धर्म से जुड़े सामाजिक मानदंडों और प्रथाओं को बदलने के लिए अधिक सम्मानजनक और जानकारीपूर्ण दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

ऐतिहासिक रूप से, लेह में सांस्कृतिक मानदंडों ने मासिक धर्म के मुद्दे पर एक गहरी चुप्पी कायम रखी है। जिससे समाज में इस मुद्दे पर जागरूकता की कमी हुई और खुल कर बातचीत के रास्ते बंद हो गए। इस संबंध में लेह स्थित हनु इलाके की रहने वाली 17 वर्षीय मुटुप डोल्मा मासिक धर्म से जुड़ी अपनी कहानी को साझा करते हुए कहती है कि उसके गृहनगर में मासिक धर्म के बारे में खुलकर बात करना आसान नहीं है। लोग सार्वजनिक रूप से पीरियड्स जैसे शब्द कहने में भी असहज महसूस करते हैं। ऐसे में किसी पुरुष दुकानदार से पैड मांगना किसी किशोरी के लिए एक चुनौती से कम नहीं होता है। मुटुप कहती है कि हनु की तुलना में लेह शहर में इस विषय पर चर्चा करना या बोलना अधिक सहज है। स्कूल के बाद उच्च शिक्षा के लिए जब वह लेह आई तो चीजें और लोगों की सोच को काफी बदला हुआ पाया। लेह में वह बिना असहज महसूस किए पैड खरीद सकती थी। लेकिन उसके गृहनगर में सांस्कृतिक मानदंडों ने उसके लिए मासिक धर्म के बारे में बात करना कठिन बना दिया था। युवा मुटुप कहती है कि आज इस विषय पर घर और खुले मंच से बातचीत करना बहुत महत्वपूर्ण हो गया है। वह कहती है कि जब कभी-कभी मेरी माँ घर पर किसी कारणवश नहीं होती है तो मुझे पिताजी से पैड खरीदने के लिए पैसे मांगना बहुत मुश्किल हो जाता है। वह अपने पहले मासिक धर्म की चर्चा करते हुए बताती है कि जब मुझे पहली बार पीरियड्स हुए तो मैं बहुत डर गई थी। जब तक मैंने अपनी माँ से इस मुद्दे पर बात नहीं की, तब तक मेरे लिए यह समझना कठिन था कि मेरे साथ यह क्या हो रहा है? वह बताती है कि शिक्षा के लिए लेह जाने से पीरियड्स के दौरान पैड खरीदना उसके गृहनगर की तुलना में काफी आसान हो गया, क्योंकि इस शहर में उसे कोई भी दुकानदार पहचानता नहीं है और न ही दुकानदार के लिए इसे बेचना कोई शर्म की बात होती है। लेकिन इस दौरान उसे शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के बीच जागरूकता के अंतर का साफ़ एहसास हुआ है। मुटुप का अनुभव इस बात को दर्शाता है कि पीरियड्स के बारे में खुलकर बात करना कितना जरूरी है और शहर की तुलना में ग्रामीण क्षेत्रों को अभी भी किस प्रकार की चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। लेह के स्कारा की रहने वाली 19 वर्षीय जिग्मेट स्कित कहती है कि ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों में मासिक धर्म जागरूकता कार्यक्रमों का हिस्सा होने के बावजूद लड़कों के इससे अलग रखना उचित नहीं है। स्कूलों को घर जैसा खुला वातावरण बनाना चाहिए, गोपनीयता बनाए रखने के बजाय सीखने और जागरूकता को बढ़ावा देना चाहिए। जिग्मेट के अनुसार समाज में मासिक धर्म को छिपाने की एक प्रथा बन गई है। यहां तक कि स्कूलों में भी लड़कों के साथ इस पर चर्चा करने से परहेज़ किया जाता है।

# आपदा से पहले की तैयारियों को पुख्ता करेगा 'राहत गुरुकुलम'

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में आपदाओं से निपटने के लिए अब एसडीआरएफ के साथ-साथ बड़ी संख्या में प्रशिक्षित वर्क फोर्स को तैयार किया जा सकेगा। इसके लिए योगी सरकार ने गुरुवार को प्रदेश के पहले राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केंद्र 'राहत गुरुकुलम' का शुभारंभ कर दिया है। इस अत्याधुनिक केंद्र के माध्यम से एसडीआरएफ के साथ ही प्रदेशभर के आमजनमानस को भी आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके जरिये प्रदेश में आपदा से निपटने के लिए प्रशिक्षित लोगों की पूरी फौज तैयार की जाएगी ताकि आपदा से होने वाली जनहानि और धनहानि को न्यूनतम किया जा सके। बता दें कि योगी सरकार प्रदेश में आपदाओं के कारण होने वाली जनहानि को न्यूनतम करने के लिए काफी संवेदनशील है। इसी के



तहत योगी सरकार ने राहत विभाग को खुद का प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिये थे।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरुप गुरुवार को देवा रोड चिनहट स्थित मंडलीय राजस्व प्रशिक्षण केन्द्र में राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेंटर के प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में 'राहत गुरुकुलम' का शुभारंभ किया गया। इसका शुभारंभ मुख्य

### ■ प्रशिक्षण केंद्र का हुआ शुभारंभ

सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने किया। प्रदेश में आपदाओं से होने वाली क्षति, राहत वितरण तथा उनकी मॉनिटरिंग राहत आयुक्त कार्यालय के राज्य इमरजेंसी ऑपरेशन सेन्टर से ही की जाती है। आपदाओं के न्यूनीकरण के लिए विभिन्न विभागों, संस्थानों, अन्य स्टेकहोल्डर्स को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देने के लिए अभी तक विभाग का अपना कोई स्थायी प्रशिक्षण केंद्र नहीं था। सीएम योगी के निर्देश पर आत्याधुनिक प्रशिक्षण केन्द्र के रूप में अब राहत गुरुकुलम का शुभारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण केंद्र में 1 कान्फ्रेंस रूम, 2 प्रशिक्षण कक्ष, 1 आडिटोरियम तथा 8 अधिकारियों के बैठने की व्यवस्था है।

### आपदा प्रबंधन की दिशा में सकारात्मक पहल

कार्यक्रम में मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने कहा कि प्रदेश में आपदा प्रबंधन व न्यूनीकरण की दिशा में 'राहत गुरुकुलम' अहम भूमिका निभाएगा। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार ऋषि मुनि गुरुकुल में शिक्षा प्रदान करते थे, उसी तरह इस राहत गुरुकुलम के जरिये उसी पद्धति के अनुरूप आधुनिक तकनीकों से आमजनमानस को आपदाओं से सुरक्षित करने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। अपर मुख्य सचिव, राजस्व सुधीर गर्ग ने कहा कि राहत गुररुकुलम् राहत आयुक्त की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक है। इस केन्द्र के माध्यम से राहत आयुक्त कार्यालय व राजस्व विभाग द्वारा बेहतर आपदा प्रबंधन करते हुए आपदाओं के न्यूनीकरण की दिशा में सकारात्मक और ठोस पहल की जा रही है।

# मंत्री न बनाए जाने से नाराज राजभर बोले- राजपाट नहीं मिला तो होली नहीं मनाऊंगा

**लखनऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने बयान दिया है कि अगर राजपाट न मिला तो मैं होली नहीं मनाऊंगा। उन्होंने कहा कि भर जाति का राज पाठ होली के दिन ही गया था इसलिए मैं होली नहीं मनाऊंगा।

राजभर के एनडीए में शामिल हुए कई महीने गुजर चुके हैं लेकिन अभी तक यूपी सरकार में उन्हें मंत्री नहीं बनाया गया है। वह सार्वजनिक तौर पर कई बार अपनी हताशा जाहिर कर चुके हैं और अब उन्होंने होली न मनाने की बात कही है।

राज्यसभा चुनाव में सुभासपा के एक विधायक द्वारा क्रॉस वोटिंग करने पर राजभर ने कहा कि सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने सुभासपा के सिंबल पर अपना प्रत्याशी लड़ाया था उसी ने क्रॉस वोटिंग की है। हम उसकी सदस्यता खत्म कर देंगे। राजभर ने अपने अंदाज में कहा कि बात कहता हूं मैं खरा, गोली चले चाहे छर्रा।

# क्रॉस वोट पर बोले सपा विधायक, हमें अयोध्या आने से रोका गया था

**लखनऊ।** राज्यसभा के चुनाव में क्रॉस वोटिंग करने वाले सपा विधायक रामलला का दर्शन करने अयोध्या जाएंगे। विधायक मनोज पांडेय ने कहा कि प्रभु श्रीराम के दर्शन का सौभाग्य आज हमें सपरिवार मिल रहा है। भगवान राम के दर्शन से हमें अपने विधानसभा क्षेत्र, अपने जनपद और प्रदेश के तमाम लोग जो समाज के अंतिम पायदान पर खड़े हैं, उन्हें मुख्य धारा से जोड़ने की ताकत मिलेगी...।

उन्होंने सपा नेताओं के रामचरितमानस पर सवाल उठाने और बयानबाजी करने पर कहा कि जिन लोगों को सनातन और धार्मिक ग्रंथों का अपमान किया है उनका समूल नाश हो गया है। मैंने सपा में रहते हुए पार्टी के मंचों पर भी इसे उठाया है। पल्लवी पटेल के बयान पर उन्होंने कहा, उनका भी काम नहीं बन पाया है, उनको आत्ममंथन करने की




जरूरत है कि कहां खड़ा होना चाहिए और कहां क्या बोलना चाहिए।

एक अन्य क्रॉस वोट करने वाले सपा विधायक अभय सिंह ने आरोप लगाते हुए कहा कि उन्हें अयोध्या में रामलला का दर्शन करने से रोका गया था। हमें बहुत बुरा लगा। अभय सिंह ने कहा कि हम सभी प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होना चाहते थे पर हमें इसके लिए निमंत्रण नहीं मिला। इस पर हमने विधानसभा अध्यक्ष से प्रार्थना की थी कि हमें अयोध्या ले चलें। सपा को छोड़कर सभी दलों के विधायक अयोध्या दर्शन करने पहुंचे थे। हमें रोका गया था। ये कष्ट देने वाला था। वहीं, सपा अध्यख अखिलेश यादव ने भी मीडिया से बातचीत में कहा कि ये झूठ है किसी को भी अयोध्या जाने से नहीं रोका गया था।

# डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स में छात्रों ने गाये एकता के गीत



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस द्वारा विद्यालय प्रांगण में आयोजित 'डिवाइन एजुकेशन कान्फ्रेन्स' में विद्यालय के छात्रों ने रंगारंग शिक्षात्मक-साँस्कृतिक कार्यक्रमों की एक से बढ़कर एक शानदार प्रस्तुतियों से विश्व एकता व विश्व शान्ति का जोरदार अलख जगाया। स्कूल प्रार्थना, सर्वधर्म प्रार्थना, विश्व संसद एवं गीत-संगीत, कव्वाली की मनोहारी प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर छात्रों ने सार्वभौमिक जीवन मूल्यों, विश्वव्यापी चिंतन, विश्व की सेवा के लिए तथा सभी चीजों में उत्कृष्टता विषय पर सारगर्भित विचार प्रकट कर विद्यालय में प्रदान की जा रही अनूठी शिक्षा पद्धति से अभिभावकों को अवगत कराया। समारोह में विद्यालय के मेधावी छात्रों को सार्वजनिक तौर पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वोच्चता अर्जित करने वाले छात्रों एवं वार्षिक परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरष्कृत कर सम्मानित किया गया।

# टीएमयू डेंटल के ग्रेविटास की माइटी मराठाज़ नई चैंपियन

## तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर में कल्चरल वीक ग्रेविटास-2.0 का समापन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के डेंटल कॉलेज एंड रिसर्च सेंटर की ओर से आयोजित कल्चरल वीक ग्रेविटास-2.0 में विभिन्न प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मुकाबले जीतकर फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स की टीम- माइटी मराठाज़ ने ग्रेविटास-2.0 की ट्राफी अपने नाम की। ग्रेविटास-2.0 में अविन्या के तहत सांस्कृतिक, मेडल मैनिया के तहत खेल-कूद और डेंटल वर्स के तहत साहित्य की प्रतियोगिताएं हुई। सभी प्रतियोगिताओं के विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल के संग-संग सर्टिफिकेट देकर सम्मानित किया गया। इस मौके पर डेंटल कॉलेज की डायरेक्टर गवर्नेंस डॉ. नीलिमा जैन, डेंटल के प्रिंसिपल डॉ. मनीष गोयल, वाइस प्रिंसिपल डॉ. अंकिता जैन, डॉ. शलभ कुमार, डॉ. उपेन्द्र मलिक, डॉ. प्रदीप तांगडे आदि की उल्लेखनीय मौजूदगी रही। मेडल मैना के तहत हुई



क्रिकेट प्रतियोगिता में पीजी के स्टुडेंट्स डॉ. शुभम मिश्रा, डॉ. अश्विनी, डॉ. शीतल, डॉ. शिवम, डॉ. कौन्तेय, डॉ. प्रभात, डॉ. शुभम मुखर्जी, डॉ. अनुशील, डॉ. निशांत, डॉ. पप्पन, डॉ. मुजम्मिल, डॉ. वजाहत, डॉ. मनन, डॉ. ज्ञान, डॉ. शुभम जैन आदि की टीम विजेता रही। बॉक्स क्रिकेट में फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स- रोहित, प्रकाश, ईशा, प्रेमी, सलोनी, अपूर्वा और मिली जोशी ने जीत दर्ज की। टेबिल टेनिस ब्वायज़ सिंगल में थर्ड ईयर के उमंग, जबकि गर्ल्स सिंगल में फाइनल की ईशा जोशी अव्वल रहीं। टेबिल टेनिस ब्वायज़ डबल के मुकाबले में थर्ड ईयर के उमंग और अमन, जबकि गर्ल्स डबल के मुकाबले में फाइनल ईयर की ईशा और प्रेमी विजेता रही।

बैडमिंटल सिंगल ब्वायज़ की प्रतियोगिता में उमंग तो गर्ल्स सिंगल की प्रतियोगिता में इन्टर्स छात्रा साक्षी अव्वल रहे। बैडमिंटन ब्वायज़ डबल की

### ■ सांस्कृतिक, खेल-कूद और साहित्य की हुई प्रतियोगिताएं, विजेताओं को गोल्ड, सिल्वर और ब्रांज मेडल के संग-संग सर्टिफिकेट देकर किया सम्मानित

प्रतियोगिता में थर्ड ईयर के उमंग और अमन, जबकि गर्ल्स डबल के मुकाबले में इंटर्न्स की साक्षी और आकक्षी विजेता रहीं। बैडमिंटन मिक्स की प्रतियोगिता में थर्ड ईयर की उमंग और प्रशिता विजेता रहे। वालीबाल के ब्वायज़ मुकाबले में पीजी के डॉ. शुभम मिश्रा, डॉ. प्रभात, डॉ. अश्विनी, डॉ. स्नेहल, डॉ. शिवम, डॉ. कौन्तेय, डॉ. शुभम मुखर्जी, डॉ. अनुशील, डॉ. निशांत, डॉ. पप्पन आदि की टीम विजेता रही। वालीबाल गर्ल्स के मुकाबले में फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स- स्वर्णा, अपूर्वा, प्रेमी, संचिता, ईशा, अंशिका, सुनिधि, हुमा, अक्शा, फरेहा आदि की टीम विजेता रही।

# अंकिता अवस्थी का अवर अभियंता पद पर चयन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा घोषित आवास विकास एवं सिंचाई विभाग अवर अभियंता भर्ती परीक्षा के अंतिम परिणाम में मलिहाबाद के खंडसरा गांव निवासी सेवानिवृत्त दिनेश शंकर अवस्थी की लाडली बेटी अंकिता अवस्थी का सिंचाई विभाग में अवर अभियंता पद पर चयन होने से पैरेंट्स के साथ परिवार गौरवांवित महसूस कर रहा है।

अंकिता अवस्थी को लोकभवन लखनऊ में जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने नियुक्ति पत्र देकर हौसला अफजाई किया। अंकिता के पिता दिनेश शंकर अवस्थी आवास विकास परिषद में सर्वेयर पद से सेवानिवृत हो चुके हैं। बेटी की कामयाबी पर दिनेश जी ने कहा कि मेरी बेटी कई परीक्षाओं में अंतिम परिणाम में कुछ अंको से चयन में वंचित हो जाती थी, यही नहीं कुछ परीक्षाओं में अंतिम चयन के बाद भर्ती कोर्ट केस में



चली गई। लेकिन मेरी बेटी ने आत्मविश्वास नहीं खोया। मुझे अपनी लाडली बेटी के धैर्य और सतत परिश्रम से मिली इस सफलता पर गर्व है। अंकिता अवस्थी ने राजकीय पॉलीटेक्निक लखनऊ से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया और उसके बाद अवर अभियंता भर्ती परीक्षाओं की तैयारी में जुट गई। अंकिता की छोटी बहन एकता अवस्थी बीपीएससी परीक्षा द्वारा चयनित शिक्षिका पद पर कार्य है। जबकि भाई शिवम अवस्थी सिविल इंजीनियरिंग से डिप्लोमा कर रहा है।

# छोड़ो अपना सारा काम पहले चलो करें मतदान



अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से इलेक्शन कमीशन द्वारा लगातार प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में गुरुवार को जिले में भी मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। इसे जिलाधिकारी राजेश कुमार राय ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

यह रैली पंचायतीराज, प्रान्तीय रक्षक दल एवं बेसिक शिक्षा विभाग

### ■ जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखाकर मतदाता जागरूकता रैली को किया रवाना

के कार्मिकों द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से मंझनपुर चौराहा होते हुए सैनी तक निकाली गई। मतदाता जागरूकता बाइक रैली के माध्यम से जनपदवासियों को आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान करने के प्रति जागरूक किया गया। इसके साथ ही कार्मिकों द्वारा मतदान के दिन छोड़ो अपने सारे काम, पहले चलों करें मतदान व पहले मतदान, फिर जलपान तथा चाहे नर हो या नारी, मतदान है सबकी जिम्मेदारी आदि स्लोगन के माध्यम से जनपदवासियों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 रवि किशोर त्रिवेदी, अपर जिलाधिकारीगण अरूण कुमार गोंड एवं प्रबुद्ध सिंह तथा जिला पंचायतराज अधिकारी रवि शंकर द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

# रामलला की शिला का अंश प्रसाद स्वरूप में पहुंचा टीएमयू

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर विश्वविद्यालय, मुरादाबाद के लिए बुधवार का दिन विशेष हो गया। श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के कार्यकर्ता प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल रहने वाले टीएमयू कुलाधिपति श्री सुरेश जैन को प्रसाद देने के लिए विश्वविद्यालय पहुंचे। प्रसाद स्वरूप टीएमयू कुलाधिपति को श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र कमेटी के महामंत्री, चंपतराय की ओर से आभार एवं शुभकामना पत्र के साथ ही रामलला के निर्माण में प्रयुक्त पाषाण का अंश एवं भगवान राम का चित्र अंकित एक रजत सिक्का प्रदान किया। टीएमयू के कुलाधिपति, श्री सुरेश जैन ने इस प्रसाद को समूचे मुरादाबाद का सम्मान बताया। रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह में शामिल रहने को परम सौभाग्य का सूचक बताया।

इस दौरान सुरेंद्र पाल सिंह, वतन कुमार, पवन कुमार जैन, चंद्रपाल सिंह,

### ■ श्रीराम मंदिर तीर्थ क्षेत्र से शुभकामना पत्र संग पहुंचा प्रसाद

रोहित कुमार, विनोद कुमार आदि देने में शामिल रहे।

उल्लेखनीय है कि आयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में मुरादाबाद से केवल टीएमयू के कुलाधिपति, श्री सुरेश जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन, श्री मनीष जैन व मुरादाबाद में राम मंदिर आंदोलन को धार देने वाले दाऊदयाल खन्ना के पुत्र डॉ ओंकारनाथ खन्ना को निमंत्रण मिला था। अयोध्या में विगत 22 जनवरी को टीएमयू के कुलाधिपति श्री सुरेश जैन व विश्वविद्यालय के जीवीसी श्री मनीष जैन ने रामलला प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल रहकर इन ऐतिहासिक पलों का साक्षात्कार किया था। अयोध्या राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा में शामिल होने से पूर्व टीएमयू ने सबके राम पत्रिका के प्रकाशन के माध्यम से प्रभु श्रीराम की भक्ति में अपने समर्पण को भी व्यक्त किया था।

# पल्लवी पटेल की हुंकार, पूजा पाल की बेवफाई पड़ सकती है सपा पर भारी

अवधनामा संवाददाता

**कौशाम्बी।** सम्पन्न हुए राज्यसभा चुनाव में पीडीए के समर्थन में सपा विधायक का खुला विरोध करना और दूसरी ओर एक विधायक का पाला बदल कर पार्टी के प्रत्याशी को वोट न देना कहीं न कहीं सपा थिंक टैंक की उलझनें बढ़ा गया है। कौशाम्बी में सियासी हलचल तेज हो गई है।चायल की सपा विधायक को तो अपना जनाधार खिसकता दिखते ही उन्होंने पलटी मारने में देरी नहीं की। वहीं अपना दल एस की पल्लवी पटेल ने भी पीडीए का राग अलाप समाजवादी पार्टी के एक उम्मीदवार को अपना मत नहीं दिया। ऐसा लगता है कि आने वाले लोकसभा चुनाव में पल्लवी पटेल की हुंकार और पूजा पाल की बगावत कहीं न कहीं समाजवादी पार्टी पर भारी पड़ सकती है।

कौशाम्बी की चायल और विधानसभा सिराथू की विधायक ने जिस प्रकार सम्पन्न



हुए राज्यसभा चुनाव में पार्टी हाईकमान को आंख दिखा आने वाले लोकसभा चुनाव में अपने इरादे स्पष्ट कर दिये हैं। कौशाम्बी संसदीय क्षेत्र में मंझनपुर, सिराथू और चायल विधानसभा सीटें शामिल हैं। पल्लवी पटेल ने समाजवादी पार्टी से गठबंधन में सिराथू की सीट पर सपा के चुनाव चिन्ह पर केशव प्रसाद मौर्य के मुकाबले में उतर कर उन्हें चारों खाने चित कर दिया था। उसी तरह चायल विधानसभा क्षेत्र से पूर्व बसपा विधायक राजू पाल की पत्नी पूर्व विधायक इलाहाबाद पश्चिमी को समाजवादी पार्टी

### ■ जनाधार खिसकता देख दल बदल कर सकती हैं सपा से चायल विधायक

ने अपना प्रत्याशी बनाया था। राज्यसभा चुनाव में पूजा पाल ने सपा मुखिया अखिलेश यादव को आंख दिखाते हुए भाजपा प्रत्याशी को वोट देकर आने वाले आम चुनाव के लिए अपने इरादे स्पष्ट कर दिये हैं। अगर सूत्रों की मानें तो इन दिनों उमेश पाल की पत्नी की भाजपा से नजदीकियां देख कहीं न कहीं उन्हें अपना राजनीतिक भविष्य खतरे में दिखाई देने लगा है। चर्चा जोरों पर है कि हो सकता है भाजपा पाल समुदाय की सहानुभूति पाने के लिए उमेश पाल की पत्नी को 2027 के विधानसभा चुनाव में अपना उम्मीदवार घोषित कर दे। अपने समाज के वोट बैंक के खिसकने के डर से पूजा पाल ने राज्यसभा में भाजपा प्रत्याशी को अपना वोट देकर बिगड़ते समीकरण को साधने की कोशिश शुरू कर दी है।

# 'मेरा पहला वोट देश के लिए' कार्यक्रम का होगा आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** शिक्षा मंत्रालय 28 फरवरी से 6 मार्च तक मेरा पहला वोट देश के लिए कार्यक्रम का आयोजन करेगा। इसका उद्देश्य चुनावों में युवाओं की सकल प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करना है।

केंद्रीय शिक्षा और कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री श्री धर्मेंद्र प्रधान ने देश के युवाओं से अपनी आवाज उठाने का आग्रह किया। श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के उस आह्वान का जिक्र किया जिसमें उन्होंने युवाओं और पहली बार के मतदाताओं से बड़ी संख्या में अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए कहा है। शिक्षा मंत्री ने श्री प्रधान ने बताया कि उन्होंने देश के सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को 28 फरवरी से 6 मार्च तक अपने परिसरों में व्यापक मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजित करने का निर्देश दिया है, ताकि हमारी युवा शक्ति को प्रेरित किया जा सके, उन्हें मतदान की

### ■ चुनावों में युवाओं की सकल प्रबुद्ध भागीदारी सुनिश्चित करना कार्यक्रम का उद्देश्य

अहमियत बताई जा सके, उन्हें विकल्पों के बारे में जागरूक किया जा सके, और अधिक प्रतिनिधिक लोकतंत्र के लिए चुनावी प्रक्रियाओं में भाग लेने पर जोर दिया जा सके। इस पहल का मुख्य उद्देश्य युवा मतदाताओं को घर से बाहर आकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित करना और राष्ट्र के व्यापक हित के लिए मतदान के महत्व को बताना है।

यह पहल दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र में चुनावों के महत्व और मतदान के गौरव का प्रतीक है। देश भर के उच्च शैक्षणिक संस्थान (एचईआई) इस पहल में भाग लेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालयों, कॉलेजों, एचईआई में निर्दिष्ट स्थानों की पहचान की जाएगी जहां मतदाता जागरूकता संबंध गतिविधियां संबंधित संस्थानों द्वारा की जाएंगी।

# विज्ञान प्रदर्शनी में अंजली को मिला प्रथम स्थान

### चेयर मैन ने किया विज्ञान प्रदर्शनी का उद्घाटन

**कौशाम्बी।** महर्षि इंटर कॉलेज पश्चिम शरीरा में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उदघाटन नगर पंचायत अध्यक्ष एवं विद्यालय की सम्मानित अभिभावक तारा सरोज ने किया बच्चों ने अपने साइंस मॉडल के बारे में चेयरमैन को बताया इस विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता में अंजली सिंह ने प्रथम स्थान ,जेया फातिमा ने द्वितीय स्थान, तथा यश केसरवानी और आर्यन सचान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष के प्रतिनिधि संजय सरोज तथा विद्यालय के प्रबंधक राजकुमार त्रिपाठी, प्रधानाचार्य एसएन पांडे, निदेशिका अंशु सिंह, भास्कर सिंह, एसपी कुमार, सकेंद्र कुमार, पीयूष कुमार, राम सुमेर मिश्रा तथा समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

# इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता : सीसीएसआईटी का जलवा

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के टिमिट कॉलेज ऑफ फिजिकल एजुकेशन की ओर से आयोजित टीएमयू इंटर कॉलिजिएट प्रतियोगिता के गर्ल्स क्रिकेट मुकाबले में सीसीएसआईटी की टीम ने पैरामेडिकल की टीम को 08 विकेट से मात दी। सीसीएसआईटी की टीम ने टॉस जीतकर पैरामेडिकल की टीम को बल्लेबाजी का न्यौता दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए पैरामेडिकल की टीम ने निर्धारित 08 ओवर में 02 विकेट गवांए और 37 रन ही बना सकी। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सीसीएसआईटी की टीम ने 06 ओवर में ही 38 रनों के लक्ष्य को जीत लिया। बल्लेबाज मीनाक्षी ने 24 गेंदों में सर्वाधिक 18 रन बनाए। लॉ कॉलेज की टीम ने फिजिकल एजुकेशन की टीम को हराया। फिजिकल एजुकेशन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 08 ओवर में 06 विकेट के नुकसान पर 33 रनों का लक्ष्य लॉ कॉलेज की टीम को दिया।





लक्ष्य का पीछा करते हुए लॉ कॉलेज की टीम ने 05 गेंद शेष रहते 02 विकेट खोकर जीत हासिल की। बल्लेबाज गोधूलि ने 16 गेंदों में सर्वाधिक 13 रन बनाए, जबकि गेंदबाज पदमश्री ने 02 विकेट चटकाए।

दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज की टीम ने फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की टीम को मात दी। मेडिकल कॉलेज की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए

### ■ गर्ल्स क्रिकेट मुकाबले में सीसीएसआईटी, लॉ कॉलेज, मेडिकल कॉलेज रहे विजेता

02 विकेट के नुकसान पर 33 रन बनाए। 34 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी फैकल्टी ऑफ एजुकेशन की टीम निर्धारित 08 ओवर में 04 विकेट खोकर 32 रन ही बना सकी। दूसरी ओर इंटर कॉलिजिएट वालीबाल मैन प्रतियोगिता में नर्सिंग कॉलेज ने डेंटल कॉलेज को 2-0, जबकि सीसीएसआईटी कॉलेज ने फार्मेसी कॉलेज को 2-0 से मात दी। पहले सेट में नर्सिंग कॉलेज की टीम 25-14 और दूसरे सेट में भी 25-19 से आगे रही। वहीं सीसीएसआईटी की टीम पहले सेट में 25-19 और दूसरे सेट में 25-09 से आगे रही। इंटर कॉलिजिएट बास्केटबाल प्रतियोगिता में सीसीएसआईटी की टीम ने लॉ कॉलेज की टीम को 18-15, मेडिकल कॉलेज की टीम ने फिजिकल कॉलेज की टीम को 47-33 से पराजित किया।

# पटाखा विस्फोट में घायल नाबालिग की इलाज के दौरान मौत

**कौशाम्बी।** नगर पालिका भरवारी में हुए पटाखा विस्फोट में घायल एक नाबालिग की इलाज के दौरान मौत हो गई। किशोर की मौत से गांव में एक बार फिर मातम पसर गया। परिवार में गम के साथ गुस्सा भी देखा जा रहा है।अबतक इस घटना में कुल आठ लोगों की मौत हो चुकी है।



बीते रविवार को नगर पालिका भरवारी के खल्लाबाद वार्ड स्थित एक पटाखा फैक्टरी में विस्फोट हो गया था। इस विस्फोट में मौके पर मालिक सहित 7 लोगों की मौत हो गई थी। जबकि दो दिन पहले भी एक और मजदूर की इलाज के दौरान मौत हो चुकी है। गुरुवार को बहरिया भरवारी निवासी 13 वर्षी किशोर राजेंद्र पटेल पुत्र राजेश पटेल ने भी जख्मों की ताब न लाकर दम तोड़ दिया। किशोर की मौत से गांव में मातम पसर गया है।

# डीएम, एसएसपी ने एटा सदर विधानसभा क्षेत्र के गांव भगीपुर, नगला धनी पहुंचकर किया जनसंवाद

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** जिला मजिस्ट्रेट/जिला निर्वाचन अधिकारी प्रेम रंजन सिंह ने एसएसपी राजेश कुमार सिंह सहित अन्य अधिकारियों, पुलिस बल के साथ आगामी लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के उद्देश्य से बल्नेर्बल बूथ प्रा0पा0 भगीपुर, पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला धनी पहुंचकर ग्रामीणजनों से संवाद किया। डीएम ने इस प्रा0पा0 भगीपुर के बूथ संख्या 140, 141, 142, 143 एवं पूर्व माध्यमिक विद्यालय नगला धनी के बूथ संख्या 152, 153 पर पर उपस्थित ग्रामीणजनों से विगत निर्वाचनों आदि के संबंध में जानकारी की। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार आगामी समय में जनपद में लोक सभा चुनाव सम्पन्न होने हैं, लोक सभा चुनाव के दौरान बूथ पर किसी भी भी प्रकार की अराजकता स्वीकार नहीं की जाएगी।

डीएम ने कहा कि जनपद में आयोग की मंशानुरूप स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने में सभी ग्रामीणजन अपना सहयोग प्रदान करें। क्षेत्र में अराजकतत्वों पर प्रशासन एवं पुलिस द्वारा कड़ी नजर रखी जा रही है। वोट डालने से किसी भी व्यक्ति को रोकने अथवा अन्य चुनाव से संबंधित जानकारी थाना पुलिस, तहसील में दी जा सकती है। अराजकतत्वों का चिन्हांकन कर पाबंदी की कार्यवाही तहसील स्तर से अभी से कर ली जाए, जिससे कि निर्वाचन के दौरान कोई असुविधा न हो। डीएम ने जनसंवाद के दौरान ग्रामीणजनों को हिदायत दी कि आप सभी भली भांति अवगत हो लें, मतदान को प्रभावित करने वालों पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

एसएसपी राजेश कुमार सिंह ने कहा कि आयोग के निर्देशानुसार अभी से समस्त तैयारियां कर ली जाएं। बीट सिपाही, लेखपाल के साथ संयुक्त रूप से क्षेत्र में भ्रमण कर सघनता से अराजकतत्वों को चिन्हित कर कार्यवाही करें। वोटरों को डराने, धमकाने अथवा प्रलोभन देने पर सख्त कार्यवाही की जाएगी। जनसंवाद के दौराप उपस्थित ग्रामीणजनों ने निष्पक्ष मतदान सम्पन्न कराने हेतु डीएम, एसएसपी को आश्वस्त किया।

इस अवसर पर एसडीएम सदर सुश्री भावना, क्षेत्राधिकारी विक्रांत द्विवेदी, तहसीलदार नीरज वार्ष्णेय, थाना प्रभारी, लेखपाल, भारी संख्या में ग्रामीणजन आदि मौजूद रहे।

# खेलो संस्कृतियन, जी भर के खेलोः केके शर्मा

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के स्पोर्ट्स 'फिएस्टाः 2024' का शुभारंभ करने पहुंचे मुख्य अतिथि प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी, कोच, रैफरी केके शर्मा ने कहा कि आपका एक लक्ष्य होना चाहिए और उस लक्ष्य को पाने के लिए आपके अंदर एक (बर्निंग डिजायर) भूख होनी चाहिए। अपने लक्ष्य को पाने के लिए सारी ताकत लगा दें। यदि कभी सफलता न मिले तो अपने को हारा हुआ महसूस न करें फिर जुट जाएं और तब तक प्रयास करें जबतक लक्ष्य हासिल न हो जाए। रेलवे की ओर से रणजी खेलने वाले पूर्व डिवीजनल सीटीआई क्रिकेटर किशोर शर्मा(केके शर्मा) ने संस्कृति के विद्यार्थियों की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि आप बहुत भाग्यशाली हैं जो इस विवि में आपको पढ़ने का मौका मिला है। उन्होने देश के नामचीन खिलाड़ियों का उदाहरण देते हुए बताया कि किस तरह से उन्होंने लगातार प्रयास कर सफलती पाई।

# 10वां भव्य वार्षिक समारोह बड़े धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** विद्यालय के चेयरमेन मु0 उमर एवं प्रधानाचार्या डा0 शैलजा थॉमस ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का शुभारम्भ विशिष्ट अतिथि विपिन वर्मा 'डेविड' सदर विधायक, आशीष यादव एम.एल.सी. एटा, भावना विमल एस.डी.एम. एटा, धनन्जय सिंह कुशवाहा एडी. एस.पी., एटा, अमित कुमार राय सी.ओ. सदर, संजय सिंह सी.ओ. सकीट, विक्रान्त द्विवेदी सी.ओ. सिटी, यातायात निरीक्षक अनिल कुमार वर्मा, अविनाश शर्मा जिला उपाध्यक्ष भा.ज.पा. एटा, के.पी. सिंह सोलंकी जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. कासगंज, डा. पवन साहू एवं दिवाकर राव चतुर्वेदी, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्जवलित कर किया गया। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना से कार्यक्रम का आरम्भ हुआ, इसके बाद छात्र छात्राओं ने एक से बढ़कर एक मनमोहक प्रस्तुति दे कर, सभी अभिभावकों एवं अतिथियों का मन मोह लिया। प्रारम्भ से लेकर कार्यक्रम के समापन तक सभी अभिभावकगण एवं दर्शकों ने मंत्रमुग्ध होकर हर प्रस्तुति का आनन्द लिया। इस अवसर पर चेयरमेन मु. उमर के द्वारा सभी बच्चों का उत्साहवर्धन किया गया। एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या द्वारा सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये सभी को धन्यवाद दिया। और कहा इस तरह के कार्यक्रम होते रहने से विद्यार्थियों में कुछ नया करने की प्रेरणा मिलती है, और उनका समुचित विकास होता है। अंत में चेयरमेन मुहम्मद उमर ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं सभी पत्रकार बन्धुओं का इस कार्यक्रम में सम्मलित होने पर और बच्चों के उत्साहवर्धन के लिये सभी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर डा. मो. समर (डायरेक्टर), मो. समीर (डायरेक्टर), बीनू थॉमस (प्रशासनिक अधिकारी) एवं समस्त लिमरा स्टाफ उपस्थित रहा। मंच का संचालन मुनेन्द पाल सिंह द्वारा किया गया।

# एसएसपी कार्यालय एटा का वार्षिक निरीक्षण

**अवधनामा संवाददाता**



**एटा।** अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा द्वारा थाना पिलुआ का किया गया वार्षिक निरीक्षण, संबंधित को दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश, अपर पुलिस महानिदेशक आगरा जोन आगरा अनुपम कुलश्रेष्ठ द्वारा आज जनपद एटा में एसएसपी कार्यालय का वार्षिक निरीक्षण किया गया, अपर पुलिस महानिदेशक द्वारा सलामी के उपरांत एस एस पी कार्यालय का भ्रमण/निरीक्षण किया गया निरीक्षण के दौरान कार्यालय परिसर में साफ-सफाई अच्छी पायी गयी। एसएसपी कार्यालय स्थित पेशी कलां, शिकायत प्रकोष्ठ, डीसीआरबी शाखा, एलआईयू, सीसीटीएनएस, अपर पेशी, वेतन शाखा,रानी लक्ष्मीबाई प्रकोष्ठ की समस्त पत्रावलियों व अभिलेखों का निरीक्षण किया गया। कार्यालय की साफ़-सफाई एवं पूरे परिसर का रख रखाव उच्चकोटि का पाया गया,सभी कार्यो को उचित एवं समय से निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस अधिकारियों/ कर्मचारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए, जनपद एटा के थाना पिलुआ का वार्षिक निरीक्षण किया गया, एडीजी द्वारा थाने पर नवनिर्मित थानाध्यक्ष आवास का उद्घाटन तथा ग्राम प्रहरियों को साइकिल वितरित की गई, विभिन्न ग्रामों से आए सम्भ्रांत व्यक्तियों के साथ वार्ता कर पुलिस के प्रति लोगों में आए सकारात्मक बदलाव के लिए सभी की सराहना की, थाना शस्त्रागार में उपलब्ध कारतूसों व खोखा कारतूसों का पुलिस लाइन जीपी लिस्ट से मिलान करने हेतु निर्देशित किया गया, माला मुकदमाती एवं लावारिस वाहनों के समय से निस्तारण हेतु संबंधित पुलिस कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस मौके पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह,अपर पुलिस अधीक्षक धनंजय सिंह कुशवाहा, अपर पुलिस अधीक्षक अपराध योगेन्द्र सिंह, समस्त क्षेत्राधिकारीगण, समस्त प्रभारी निरीक्षक/थानाध्यक्ष, प्रतिसार निरीक्षक, जनसंपर्क अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# नवीन अग्निशमन केन्द्र का वर्चुअल/वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से लोकार्पण किया गया



**इटावा।** गुरुवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 38 अग्निशमन केन्द्रों का लोकार्पण एवं शिलान्यास कर 35 अग्निशमन वाहनों का फ्लैगऑफ कर प्रदेश को सौंपा गया। इसी क्रम में जनपद में थाना चकरनगर क्षेत्रान्तर्गत नवीन अग्निशमन केन्द्र का वर्चुअल /वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आवासीय भवनों के निर्माण कार्य एवं नवीन अग्निशमन केन्द्र का लोकार्पण किया गया तदोपरांत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार एवं मुख्य अग्निशमन अधिकारी तबारक हुसैन द्वारा रिबन काटकर आवासीय भवनों का उद्घाटन किया गया इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक नगर एवं अन्य पुलिस कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

# ओम हॉस्पिटल में सीपी आरआर और श्री राम किट विषय पर प्रेस कॉन्फ्रेंस

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद इंडियन मेडिकल एसोसिएशन फिरोजाबाद शाखा की अध्यक्ष डा पूनम अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस का आयोजन ओम हॉस्पिटल प्रांगण में किया गया कार्यक्रम की शुरुआत पीसीआर के बारे में आईएमए शाखा अध्यक्ष डॉ पुनम अग्रवाल वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गौरव अग्रवाल डॉ अतुल जैन डॉ अंशुल गुप्ता डॉ अशिया डॉ किशोर अरोड़ा डॉ मनोज जिंदल डॉ अभय गुप्ता दवारा विस्तार से जानकारी देने के साथ की गई कार्यक्रम के दौरान एक-एक सभी पत्रकारों ने डेमो किया और जाना किस तरह आपातकालीन स्थिति में किसी मरीज को जान बचाने के लिए सीपीआर देते हैं उसके बाद उसे तत्काल अस्पताल भेज कर जान बचाई जा सकती है वही इस दौरान पत्रकारों को भी जो भी दिक्कतें पीसीआर करने में आई उन्हें बेझिझक विस्तार से आईएमए शाखा अध्यक्ष डॉ पूनम अग्रवाल व वरिष्ठ चिकित्सक डॉ गौरव अग्रवाल द्वारा बताया गया आईएमए शाखा के प्रमुख पदाधिकारी यों डॉ पंकज अग्रवाल डॉ एस पी एस चौहान डॉ दीपक अग्रवाल डॉ रचना जैन डॉ सारिका अग्रवाल डॉ मनोज जिंदल जिंदल ने भी एक-एक कर मंच पर अपने विचार साझा किए उक्त कार्यक्रम के उपरांत श्री राम किट का भी सभी को वितरण किया गया इस किट को लेकर डॉ पूनम अग्रवाल ने कहा यह जीवन दान देगी उस वक्त जब दिल का दौरा पढ़ने के लक्षण सामने आए जैसे अचानक छाती में दर्द होना दर्द बाहों जबड़ें का पीठ में जा सकता है घुटन होना पसीना आना घबराहट होना ऐसी स्थिति में रओसउवस्टेटिन शामिल रही डॉक्टर पूनम अग्रवाल द्वारा बताया गया कि अचानक अगर दिल का दौरा पड़ता है इसके लक्षण अचानक छाती में दर्द होना दर्द बाहों जबड़ें या पीठ में जा सकता है।

# छेड़छाड़ के आरोपी को तीन वर्ष की सजा व अर्थदंड

**मथुरा।** विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट माननीय जज रामकिशोर की अदालत ने गुरुवार को नाबालिग से छेड़छाड़ के आरोप में अभियुक्त हरवीर उर्फ चिलुआ को दोषी मानते हुए तीन वर्ष का कारावास व 14 हजार 400 रुपए के अर्थदंड का फैसला सुनाया है। इस केस की सरकार की ओर से पैरवी कर रही स्पेशल डीजीसी पॉक्सो कोर्ट श्रीमती अलका उपमन्यु ने बताया कि पीड़िता के पिता ने थाना मगोर्रा में तहरीर दी थी जिसमें कहा गया था कि उसके तीन बच्चे है जिनमें पीडिता सबसे बड़ी है जिसकी उम्र 15 वर्ष है, उसे मेरा पडौसी हरवीर उर्फ चिलुआ आये दिन तंग व परेशान करता है और अकेला पाकर नंगा हो जाता है और उसे अश्लील इशारे करता है। इस संबंध में कई बार हरवीर उर्फ चिलुआ के परिवारीजनो से कहा तो उन्होने कहा कि हम उसे समझा देंगें। 03.09.2021 को जब प्रार्थी की पत्नी जो कि गूंगी व बहरी है।

# मोदी का कृष्ण प्रेम एक दिखावा

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने गृहराज्य गुजरात के दौरे पर द्वारका पहुंचे जहा गहरे पानी में उतरकर प्राचीन द्वारका के दर्शन करने उतरे, साथ में भगवान कृष्ण का प्रिय मोर पंख लेकर गहरे पानी में कृष्ण की आराधना कर लोगों को अपनी कृष्ण भक्ति का मजमा दिखा कर वोट बैंक की तिजोरी में कुछ और वोट जोड़ने की भरपूर कोशिश की। जिस द्वारका को बसाने वाले श्री कृष्ण की जन्म स्थली में उनकी पटरानी यमुना की दुर्दशा उनके गृहराज्य गुजरात सहित तमाम कृष्ण भक्तो से छुपी नहीं है। अगर नरेंद्र मोदी द्वारा ह्रदय से एकचित्त होकर द्वारका मैं दर्शन किए होते तो स्वम द्वारकाधीश मोदी को यमुना की करुण पुकार सुना देते। मोदी के गृहराज्य गुजरात में लाखों यमुना भक्त यमुना की करुण पुकार सुन कर अपने आप से एक ही सवाल पूछने पर मजबूर हैं। क्यू आज तक एक बार मोदी को मथुरा मै यमुना की दुर्दशा के बारे मे सही स्थिति से अवगत नही कराया । मोदी बड़े बड़े मंच से मोदी की गारंटी का लंबा भाषण देते हैं। मथुरा के यमुना भक्त मोदी से पूछना चाहते है यमुना मैया को दी गई गारंटी का क्या हुआ। मोदी की कृपा पर जीत हासिल करने वाली हेमा मालिनी ने यमुना के लिए क्या कार्य कराए। यमुना की अगर दुर्दशा का वर्तमान में कोई दोषी है तो वह मोदी ही है। मथुरा की जनता ने मोदी के नाम पर वोट दिया और यमुना सहित ब्रज के विकास की गारंटी भी मोदी की जिम्मेदारी बनती है। मथुरा के यमुना भक्तो द्वारा अनेकों बार यमुना के लिए आवाज बुलंद की किंतु मथुरा के लालची नेताओ द्वारा अधिकारियों से साठगांठ कर यमुना भक्तो की आवाज को दवा दिया।

# जनता कालेज बकेवर में शुरू हुई उत्तर प्रदेश की पहली स्नेक बाइट हेल्पडेस्क

**अवधनामा ब्यूरो**

- मुख्य अतिथि के रूप में डॉ.सूर्य कान्त ने किया हेल्प डेस्क का शुभारंभ



**इटावा।** वर्तमान समय में भारत विश्व भर में सर्पदंश से प्रभावित एक देश है जिसके तहत हर वर्ष हजारों लोगों की जान सर्पदंश के कारण सही समय पर सही इलाज न मिलने पर चली जाती है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश की वर्तमान योगी आदित्यनाथ सरकार द्वारा भी अब सर्पदंश को राज्य आपदा घोषित किया जा चुका है। जिसके तहत सर्पदंश के बाद मृत्यु होने पर मृतक के परिवार को राज्य सरकार द्वारा देय चार लाख की आर्थिक सहायता भी जिला प्रशासन के द्वारा नियमानुसार प्रदान की जा रही है। चूंकि बकेवर, भरथना, महेवा, चकरनगर इकदिल ये पूरा क्षेत्र सर्पदंश प्रभावित क्षेत्र भी माना जाता है जिसमे कोबरा करैत सर्प के दंश की घटनाएं भी अक्सर ही सामने आती रहती है और अंधविश्वास में आकर ग्रामीण सर्पदंश में पीड़ित को अस्पताल न ले जाकर झाड़ फूंक कराने लगते है जिससे अक्सर पीड़ित की सही समय के अंदर इलाज(एंटीवेनम)न मिल पाने से हालत बिगड़ जाती है और एक घंटे ने अस्पताल पहुंचने की जगह रोगी का अमूल्य समय झाड़ फूंक कराने में ही व्यर्थ हो जाता है। समाज के इसी अंधविश्वास को दूर करने के साथ साथ सर्पदंश के पीड़ित को जल्द से जल्द अस्पताल पहुंचाने के उद्देश्य से इस विशेष स्नेक बाइटहेल्पडेस्क की स्थापना जनता कालेज बकेवर के परिसर में की गई है। इसका शुभारंभ पर्यावरण एवं वन्यजीव संरक्षण के लिए समर्पित संस्था ओशन एवं मिशन स्नेक बाइट डेथ फ्री इंडिया यूपी के सहयोग से विशेष सर्प शिक्षा अभियान के अन्तर्गत लखनऊ से पधारे किंग जार्ज मेडिकल कालेज लखनऊ के रेस्पिरेट्री मेडिसिन विभाग के विभागाध्यक्ष, सुप्रसिद्ध चिकित्सक एवं संस्था ओशन के अध्यक्ष मुख्य अतिथि डॉ सूर्य कान्त ने फीता काटकर किया।

इस अवसर पर डॉ सूर्य कान्त ने कहा कि, इस क्षेत्र की शैक्षिक धरोहर एवं ऐतिहासिक संस्था रहे जनता कालेज बकेवर के इस सर्पदंश सहायता हेल्पडेस्क के माध्यम से आम जनमानस में सर्पदंश के सही उपचार की जानकारी को सही समय पर सही व्यक्ति तक पहुंचाया जा सकेगा जिससे सर्पदंश के बाद लोगों का अमूल्य जीवन भी बचेगा। इस अवसर पर कालेज के प्रबंधक/सेक्रेट्री अरविंद कुमार मिश्रा ने कहा कि इटावा जनपद में यमुना चंबल के इस ऐतिहासिक क्षेत्र में जनता कालेज बकेवर पूर्व से ही जनता के हितों के लिए लगातार प्रतिबद्ध रहा है आज का हमारा यह विशेष सर्पदंश सहायता पटल के शुरू करने का प्रयास भी उसी जनसेवा की भावना की हमारी प्रतिज्ञा का एक अंश मात्र ही है। प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी ने कहा कि, इस हेल्पडेस्क के संचालन से क्षेत्रीय ग्रामीणों को समय समय पर सर्पदंश उपचार से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारीयां सहायता पटल के हेल्पलाइन नम्बर 70172 04213 से मिलती रहेगी। सर्पदंश हेल्पडेस्क के प्रभारी सर्प मित्र/सर्प शिक्षक डॉ आशीष त्रिपाठी ने कहा कि सही समय पर सही जानकारी न मिलने के अभाव में और अंधविश्वास के कारण ही अक्सर लोगों की जान चली जाती है लेकिन इस सर्पदंश सहायता पटल के माध्यम से अब ग्रामीणों को इस क्षेत्र के विषहीन और विषधारी सर्पो को पहचानने की जानकारी के साथ साथ सही उपचार(फर्स्ट एड)की जानकारी भी मिल पायेगी जिससे जनता की अमूल्य जान भी बच सकेगी और सरकार का 4 लाख रूपये का राजस्व भी बच सकेगा। स्नेकबाइट हेल्पडेस्क के शुभारंभ के इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ सूर्य कान्त, उनकी धर्मपत्नी प्रीतिकान्त विशिष्ट अतिथि के रूप में पधारे में केलिफोर्निया मेडिकल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉ विपिन चतुर्वेदी उनकी धर्मपत्नी डॉ नीरजा चतुर्वेदी, डॉ वरुन चतुर्वेदी, सेक्रेटरी, जनता कालेज बकेवर अरविंद कुमार मिश्र, प्राचार्य डॉ आर के त्रिपाठी, प्रगतिशील किसान अमर सिंह, जन्तु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ ललित गुप्ता, अरविंद चौधरी, सर्पदंश सहायता पटल के सहायक प्रभारी श्याम बाबू मिश्रा सहित प्रोफेसर डॉ ए के पाण्डेय, डॉ पी के राजपूत, डॉ एम पी यादव, डॉ एम पी सिंह, डॉ धर्मेंद्र कुमार, डॉ अभिषेक सिंह, डॉ आदित्य कुमार, कुलदीप अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# जेल वाले सैय्यद बाबा का उर्स कुल शरीफ के बाद हुआ पूरा

- महफिले सिमा के साथ दरगाह शरीफ पर चादरें पेश की गई

**वहाज अली निहाल**



**इटावा।** मरहूम बशीर अहमद नियाज़ी मेवाती टोला द्वारा स्थापित हज़रत नूर अली जेल वाले सैय्यद बाबा का दो दिवसीय सालाना उर्स मुबारक कुल शरीफ के बाद पूरा हुआ। दरगाह कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेक्रेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर की देखरेख में सालाना उर्स मुबारक सैयद एजाज हुसैन, हाफिज मोहम्मद अहमद चिश्ती, हाफिज फैजान चिश्ती के संचालन में अदबो एहतराम के साथ सम्पन्न हो गया। उर्स के अंतिम दिन जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर गुस्ल हुआ। इसके बाद स्व.बशीर अहमद नियाजी के मकान मेवाती टोला से मोनू बशीर, पप्पू बशीर, सोनू बशीर, जिम्मी बशीर की देखरेख में अदबो एहतराम से चादर उठीं जिन्हें भोलन शहीद बाबा की दरगाह, कचहरी वाले सैयद बाबा की दरगाह, मोतीझील वाले सैयद बाबा की दरगाह के साथ जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह शरीफ पर पेश की गई। रात में जेल वाले सैयद बाबा की दरगाह पर महफिले सिमा का आयोजन किया गया जिसमें सलीम झंकार कव्वाल ग्वालियर, मतलूब नियाजी कव्वाल शमशाबाद फर्रुखाबाद ने महफिले सिमा में बेहतरीन कलाम पेश कर जमकर वाह-वाही हासिल की। उर्स के दौरान दरगाह पर श्रद्धालुओं के लिए लंगर का भी इंतजाम किया गया। उर्स की व्यवस्था में शुजा खान, रुहूल खान, चांद खां आदि का सराहनीय योगदान रहा। उर्स में इमरोज अनवर, प्रदीप जैन, चांद खां, प्रशांत शर्मा, हाजी अज़ीम वारसी, वाई के शफी चिश्ती, मोहम्मद जैद, शावेज़ नक़वी, मसूद तैमूरी, मुजफ्फर अली सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। उर्स के समापन पर दरगाह कमेटी के अध्यक्ष वसीम अहमद नियाजी जिम्मी बशीर व सेक्रेट्री इख्तियार अहमद मोनू बशीर ने कव्वालों व श्रद्धालुओं का आभार व्यक्त किया।

# डॉ. खेमचंद यदुवंशी को मिला नेपाल में अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ट प्रतिभा सम्मान

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** देश के हृदय स्थल ब्रज के साहित्य-कला संस्कृति को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त ब्रज के वरिष्ठ साहित्यकार व लोकनाट्य विशेषज्ञ आचार्य डॉ. खेमचंद यदुवंशी को नेपाल की साहित्य व संस्कृति अकादमी द्वारा लुम्बनी में अंतर्राष्ट्रीय विशिष्ट प्रतिभा सम्मान-2024 से सम्मानित किया गया है। यह विश्व स्तरीय सम्मान उन्हें नेपाल के कृषि व भूमि व्यवस्था मंत्री माननीय भण्डारी लाल यादव व भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव व प्रज्ञा सचिव सनत रेग्मी ने उन्हें प्रदान करते हुए भारतीय संस्कृति को विश्व पटल पर और आगे बढ़ाने की प्रेरणा दी। श्री यदुवंशी को नेपाल में सम्मान प्राप्त करने की खबर सुनते ही साहित्यकार, कवि व कलाकारों में खुशी की लहर दौड़ उठी है और सभी उन्हें फोन पर बधाई दे रहे हैं। जिनमें स्थानीय साहित्यकार डॉ. नटवर नागर, देवी प्रसाद गौड़, डॉ. अनिल गहलौत, प्रभाकांत सक्सेना, डॉ रमाशंकर पाण्डेय, चंद्र प्रकाश बृजवासी, मनवीर मधुर, जितेन्द्र विमल, डॉ. हरिबाबू ओम, डॉ.मुकेश शर्मा, डॉ. निम्मी गुप्ता व पं.राहुल गौड़ (हाथरस), चंद्र प्रताप सिकरवार, पवन यादव,अशोक कुमार नीलेश, मनोज कुमार यादव, एडवोकेट लाल सिंह, धर्मेश राजपूत, पं. दामोदर शर्मा, डॉ. एम. पी. सिंह, डॉ. हरि सिंह पाल (नई दिल्ली), डॉ. रमा पूर्णिमा पाण्डेय (जापान), आनंद गिरी गोस्वामी मायालु (नेपाल), पं. मदन लाल शर्मा (लंदन), डॉ. नीलू गुप्ता (केलिफोर्निया,अमेरिका), डॉ. प्रमिला भार्गव,(टोरेंटो, कनाडा), डॉ. किरण लता वैद्य (ऑस्ट्रेलिया), छोटू प्रजापति (सऊदी अरब) आदि प्रमुख हैं।

# जली हुई कार में मिले शव की हत्या का खुलासा, माँ-बेटी गिरफ्तार

**अवधनामा संवाददाता**

**मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र के अंतर्गत एक जली हुई कार में एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ था जिसकी शिनाख्त और कार की पहचान के बाद पुलिस ने गहन जांच के बाद तीन के अंदर घटना का अनावरण करते हुए मां बेटी को गिरफ्तार किया है अन्य आरोपी अभी फरार है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे ने बताया थाना फरह क्षेत्र के अंतर्गत दीन दयाल धाम के पास एक कार रोड पर जल रही थी जिसमें एक व्यक्ति का शव जली हुई अवस्था में मिला था। जली हुई कार का मालिक विजय कुमार तोमर पुत्र युवराज सिंह निवासी मोचती कटरा थाना सिकंदरा आगरा ने पुलिस को बताया की कर को पुष्पेंद्र पुत्र इंद्रपाल निवासी कासगंज हाल निवासी एत्मादपुर आगरा जो ट्रांसपोर्टर है ककरेटा जाने की कह कर ले गया था इसी जानकारी को आगे बढ़ाते हुए विवेचना में जो नाम प्रकाश में आए उनमें से डॉली पुत्री अवधेश निवासी ककरेटा थाना सिकंदरा आगरा और उसकी मां भूरी देवी को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसमें पता चला मृतक डोली को बहला फुसलाकर भगा ले गया था। जिसमें पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मृतक को गिरफ्तार कर जेल भेजा था जो अब जमानत पर चल रहा है डोली का रिश्ता उसके पिता ने राजस्थान में कर देने की खबर से मृतक आहत था। वह डोली के साथ स्वयं शादी करना चाहता था इसके लिए उसने डोली और उसके परिवार पर दबाव बनाया और उसके होने वाले पति को सब कुछ बता देने की धमकी दी थी।

# अर्चना मेमोरियल में हर्ष-उल्लास से मनाया राष्ट्रीय विज्ञान दिवस

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** अर्चना मैमोरियल में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का अयोजन। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 28 फरवरी को अर्चना मेमोरियल इंटर कॉलेज में बहुत ही हर्ष और उल्लास से मनाया गया छात्र-छात्राओं द्वारा विज्ञान और कला प्रदर्शनी लगायी गई जिसका शुभारम्भ जिला विद्यालय निरीक्षक ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस अवसर पर ज़िला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार सर, उप ज़िला विद्यालय निरीक्षक मुकेश सर, इंजीनियरिंग कॉलेज के पूर्व डीन डॉ देवेंद्र सर नेचर कंजरवेटिव सोसायटी के अध्यक्ष डॉ.राजीव चौहान सर्प मित्र डॉ आशीष त्रिपाठी राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रवक्ता राखी ने विद्यालय में आकर छात्र-छात्राओं का उत्साहवर्धन किया उन्हें विज्ञान के क्षेत्र में प्रगति करने के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ज़िला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार ने विज्ञान की नई खोज के बारे में बताया तथा नये आविष्कारो से सम्वन्धित मॉडल बनाने के लिए प्रोत्साहित किया एवं आज के समय की समस्याओं के निदान के लिए कार्य करने को कहा तथा बच्चो के प्रत्येक मॉडल को निरीक्षण किया और उप जिला विद्यालय निरीक्षक श्री मुकेश ने आज के समय में बच्चों द्वारा मोबाइल के अत्यधिक प्रयोग से होने वाले दुष्परिणाम के बारे में अभिभावकों को अवगत कराया उन्होंने बताया कि मोबाइल बहुत ही उपयोगी वस्तु है यदि उसका उपयोग सही से किया जाये। डॉ.आशीष त्रिपाठी जनपद में पाये जाने वाले सांपों के बारे जानकारी दी और सर्प के काटने पर उसके बचाव एवं प्राथमिक उपचार के बारे में वस्तृत जानकारी से अवगत कराया। डा.राजीव चैहान ने आज के युग में इन्सान के कार्यो को रोबोट के माध्यम से सरल बनाने के बारे में बताया। विद्यालय के प्रबन्धक विवेक यादव ने बच्चों को विज्ञान का सदुपयोग करने तथा आज के समय में नए नए अविष्कारों को समाज की समृद्धि एवं देश के विकास में उपयोग एवं शिक्षा के क्षेत्र में वैज्ञानिक तकनीकी का सही उपयोग करने का संदेश दिया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने असरा अहमद ने बच्चों को विज्ञान के क्षेत्र साथ- साथ अन्य विषयों के महत्व के बारे में अवगत कराया। बच्चों के साथ-साथ उनके अभिभावकों की भी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन मो.फैजान खान ने किया।

इस प्रदशनी में मार्गदर्शक के रूप में राधेश्याम, मो0 ताजीम, पी0आर श्रीवास्तव, अमिता मिश्रा, उत्कर्ष दीक्षित, नेहा, प्रशान्त ने प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में वरिष्ठ अध्यापक प्रमोद कुमार, विवेक गुप्ता, राहुल, कुशल पाठक, रविकान्त, रवीन्द्र, रामचन्द, गौतम प्रकाश शुक्ला, रश्मि श्रीवास्तव एवं समस्त स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।

# एलपीजी 2024 से पहले एलएसजी में निकोलस पूरन का बढ़ा कद, लखनऊ ने सौंपी उपकप्तानी

वहीं लखनऊ सुपर जायंट्स ने एक अहम घोषणा की है। जहां वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन को उपकप्तान बनाया। लखनऊ ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है। लखनऊ ने एक्स पर एख पोस्ट शेयर की है। इसमें केएल राहुल के साथ निकोलस पूरन नजर आ रहे हैं। आईपीएल 2024 का 22 मार्च से आगाज हो रहा है। टूर्नामेंट का पहला मैच चेन्नई सुपर किंग्स बनाम रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच खेला जाएगा। टूर्नामेंट के लिए सभी टीमों ने तैयारी लगभग पूरी कर ली है। वहीं इस सिलसिले में लखनऊ ने एक अहम घोषणा की है। जहां वेस्टइंडीज के क्रिकेटर निकोलस पूरन को उपकप्तान बनाया। लखनऊ ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के जरिए दी है।

लखनऊ ने एक्स पर एख पोस्ट शेयर की है। इसमें केएल राहुल के साथ निकोलस पूरन नजर आ रहे हैं। साथ ही टीम ने कैप्शन में लिखा है कि, पूरन को उपकप्तान बनाया गया है। निकोलस पूरन लखनऊ के साथ 2023 से हैं। इससे पहवे वे पंचाब किंग्स, सनराइजर्स हैदराबाद और मुंबई इंडियंस की टीम से रह चुके हैं।




लखनऊ ने पूरन को 16 करोड़ रुपए में खरीदा है। इसके बाद उन्हें 2024 में रीटेन किया जाएगा। पूरन ने 2022 में हैदाराबाद के साथ थे, हैदराबाद ने उन्हें 10.75 करोड़ रुपये में खरीदा था।

निकोलस पूरन अनुभवी खिलाड़ी हैं। वे आईपीएल में अभी तक 62 मैच खेल चुके हैं, इस दौरान उन्होंने 1270 रन बनाए हैं। पूरन ने टूर्नामेंट में 6 अर्धशतक भी लगाए हैं। उनका सर्वश्रेष्ठ स्कोर 77 रन रहा है। वे बॉलिंग में भी हाथ आजमा चुके हैं। पूरन ने आईपीएल में 6 विकेट भी लिए हैं। अगर उनके इंटरनेशनल करियर को देखें तो वह भी प्रभावी रहा है। पूरन ने 80 टी20 मैचों में 1848 रन बनाए हैं। इस दौरान 11 अर्धशतक लगाए हैं।

## अनुबंध नहीं मिलने पर नाराज इरफान पठान, हार्दिक पंड्या को लेकर उठाए सवाल

इरफान पठान ने बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, रणजी ट्रॉफी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर बोर्ड ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि जो मानदंड ईशान-अय्यर के लिए हैं वो हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिये क्यों नहीं था। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने बीसीसीआई के केंद्रीय अनुबंध पर सवाल उठाए हैं। दरअसल, रणजी ट्रॉफी खेलने के आदेश का पालन नहीं करने पर बोर्ड ने ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध नहीं दिया। वहीं इरफान पठान को बोर्ड का ये फैसला बिलकुल भी ठीक नहीं लगा। साथ ही उन्होंने कहा कि जो मानदंड ईशान-अय्यर के लिए हैं वो हार्दिक पंड्या जैसे खिलाड़ियों के लिये क्यों नहीं था। बता दें कि, बीसीसीआई ने बुधवार को ईशान और श्रेयस के केंद्रीय अनुबंध रद्द कर दिये जबकि 2018 से एक भी टेस्ट नहीं खेले पंड्या को ग्रेड 'ए' का अनुबंध दिया गया।

# धर्मशाला टेस्ट के लिए भारतीय टीम का ऐलान, केएल राहुल हुए बाहर



7 मार्च से धर्मशाला में खेले जाने वाले भारत और इंग्लैंड के बीच आखिरी टेस्ट मैच के लिए बीसीसीआई ने भारतीय स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इस टीम में चोट के कारण केएल राहुल बाहर हो गए हैं जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है।

भारत और इंग्लैंड के बीच पांचवें टेस्ट मैच के लिए बीसीसीआई ने स्क्वॉड का ऐलान कर दिया है। वहीं इस स्क्वॉड में केएल राहुल नहीं हैं जबकि जसप्रीत बुमराह की वापसी हुई है। दरअसल, केएल राहुल चोट के कारण इंग्लैंड के खिलाफ आखिरी टेस्ट से भी बाहर हो गए हैं।

बीसीसीआई की मेडिकल टीम केएल राहुल पर कड़ी निगरानी रख रही है। साथ ही उनकी समस्या के आगे के प्रबंधन के लिए लंदन में विशेषज्ञों के साथ बातचीत भी कर रही है। वहीं बुमराह को रांची टेस्ट में आराम दिया गया था। जिसके बाद वो 7 मार्च को मैदान पर वापसी करेंगे।

इसके साथ ही स्पिन गेंदबाज वॉशिंगटन सुंदर को टीम से रिलीज कर दिया गया है। वह 2 मार्च 2024 से मुंबई के खिलाफ शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी सेमीफाइनल मुकाबले के लिए अपनी रणजी ट्रॉफी टीम तमिलनाडु में शामिल होंगे। जरूरत पड़ने पर वह पांचवें टेस्ट के लिए घरेलू मैच पूरा होने के बाद भारतीय टीम में शामिल हो सकते हैं। रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उपकप्तान), यशस्वी जायसवाल, शुबमन गिल, रजत पाटीदार, सरफराज खान, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), केएस भरत (विकेटकीपर), देवदत्त पडिक्कल, आर अश्विन, रविंद्र जडेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, मुकेश कुमार, आकाश दीप।

# खेलमंत्री अनुराग ठाकुर का बयान, कहा खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट जारी किये जाएंगे




अनुराग ठाकुर ने घोषणा करते हुए कहा कि, सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा।

गुरुवार को खेलमंत्री अनुराग ठाकुर ने घोषणा करते हुए कहा कि, सरकार देश भर में रजिस्टर्ड खिलाड़ियों को डिजिटल सर्टिफिकेट देगी। इस पहल से खिलाड़ियों के प्रदर्शन और प्रतिभागिता को लेकर पारदर्शिता बनी रहेगी। डिजिटल सर्टिफिकेट में खिलाड़ियों की प्रतिस्पर्धाओं में भागीदारी की तारीफ रहेगी और यह उनकी उपलब्धियों का सबूत भी होगा।

साथ ही अनुराग ठाकुर ने एक्स पर लिखा, हमारे खेल ढांचे की धुरी खिलाड़ी हैं और इसे ध्यान में रखकर खेल मंत्रालय ने उन्हें डिजिटल सर्टिफिकेट देने का अहम फैसला किया है। खेलमंत्री ने खिलाड़ियों और राष्ट्रीय खेल महासंघों के लिये चीजें आसान करने की अपनी योजना का ऐलान पिछले साल 29 अगस्त को किया था। उस समय एनएसएफ पोर्टल भी शुरू किया गया था।

ठाकुर ने आगे कहा कि खिलाड़ी सर्वोपरि नीति के अनुरूप राष्ट्रीय खेल महासंघों को डिजिलॉकर के जरिये खिलाड़ियों को सर्टिफिकेट देने के लिये कहा गया है। उन्होंने कहा, यह फैसला एनएसएफ के खेल प्रशासन में पारदर्शिता और कुशलता को बढावा देने और खिलाड़ियों के दस्तावेजों की सुरक्षा, पहुंच और सत्यता सुनिन्नित करने के लिये लिया गया है। उन्होंने कहा इस साल एक जून से खेल महासंघों द्वारा डिजिलॉकर के जरिये जारी किये गए सर्टिफिकेट ही वैध होंगे और किसी कागजी प्रमाण पत्र को सरकारी और अन्य फायदों के लिये मान्य नहीं किया जायेगा। हमने महासंघों को सुझाव दे दिया है कि उनकी मान्यता प्राप्त ईकाइयां भी अगले साल एक जनवरी से डिजिलॉकर के जरिये सर्टिफिकेट देना शुरू करे।'' ठाकुर ने कहा कि इससे सर्टिफिकेट जारी करने की प्रक्रिया सुचारू होगी और प्रशासनिक बोझ कम होगा।

## क्रिस्टियानो रोनाल्डो पर लगा एक मैच का बैन, सउदी लीग मैच में किया थे अश्लील इशारे

नासर के लिये खेलते हुए कथित तौर पर अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिये निलंबित कर दिये गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3.2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किये। सउदी प्रो लीग फुटबॉल में अल नासर के लिये खेलते हुए कथित तौर पर अश्लील इशारे करने की वजह से पुर्तगाल के स्टार फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो एक मैच के लिये निलंबित कर दिये गए हैं। अल नासर ने स्थानीय प्रतिद्वंद्वी अल शबाब को रविवार को 3.2 से हराया जिसके बाद रोनाल्डो ने विरोधी टीम के समर्थकों को देखकर अभद्र इशारे किये। दर्शक उनके चिर प्रतिद्वंद्वी लियोनेल मेस्सी के नाम से 'मेस्सी मेस्सी' के नारे लगा रहे थे। सउदी अरब फुटबॉल महासंघ की अनुशासन और नैतिकता समिति ने सोशल मीडिया पर बृहस्पतिवार को इस निलंबन की घोषणा की।

# इस पूर्व खिलाड़ी का बयान, कहा खाली होने पर रोहित और कोहली को भी खेलना चाहिए घरेलू क्रिकेट

कीर्ति आजाद ने गुरुवार को क्रिकेटरों के लिये रणजी ट्रॉफी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिये।

भारत की 1983 विश्व कप विजेता टीम के सदस्य कीर्ति आजाद ने गुरुवार को क्रिकेटरों के लिये रणजी ट्रॉफी खेलने के बीसीसीआई के निर्देश का समर्थन करते हुए कहा कि यह अच्छी पहल है और रोहित शर्मा तथा विराट कोहली समेत भारतीय टीम के हर सदस्य पर लागू होनी चाहिये। ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को रणजी ट्रॉफी नहीं खेलने के कारण केंद्रीय अनुबंध गंवाना पड़ा है। आजाद ने पीटीआई वीडियो से कहा यह निर्देश बहुत अच्छी पहल है। हर किसी को रणजी ट्रॉफी खेलनी चाहिये। पांच दिन का क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। घरेलू क्रिकेट खेलना अच्छी बात है। उन्होंने कहा जब भी खिलाड़ी खाली हो तो उन्हे अपने प्रदेश के लिये रणजी क्रिकेट खेलना चाहिये। चाहे वह रोहित शर्मा हो या विराट कोहली। प्रदेश ने आपको




खिलाड़ी बनने का मौका दिया जिससे आप देश के लिये खेल सके। उन्होंने हालांकि कहा कि सिर्फ ईशान और श्रेयस को सजा देना सही नहीं है। उन्होंने कहा सिर्फ दो को सजा देना सही नहीं है। हर किसी को सजा मिलनी चाहिये। सभी को समान नजर से देखा जाना चाहिये। आजाद ने इस पर टिप्पणी से इनकार कर दिया कि क्या ईशान और श्रेयस के लिये रास्ते अब बंद हो चुके हैं। उन्होंने कहा मेरा सवाल यह है कि क्या वे पर्याप्त घरेलू क्रिकेट खेल रहे हैं। वे टी20 क्रिकेट खेल रहे हैं और हर प्रदेश में टी20 क्रिकेट लीग है। जब हम खेलते थे तब सारे सदस्य प्रदेश के लिये खेलते थे और इसमें गर्व महसूस करते थे लेकिन अब ऐसा नहीं है। उन्होंने टी20 क्रिकेट और रणजी ट्रॉफी में संतुलन बनाने के लिये ध्रुव जुरेल और सरफराज खान की तारीफ की।

# संजय लीला भंसाली की हीरामंडी से महिला किरदार के पोस्टर रिलीज, मनीषा कोइराला और मनीषा कोइराला का दमदार होगा रोल

नेटफ्लिक्स ने रिलीज़ की तारीख के बारे में अनुमान लगाने का खेल जारी रखा है, हीरामंडी के उत्साही प्रशंसकों ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली है क्योंकि विशाल ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज के उत्साह को बढ़ाने के लिए विशिष्ट विवरणों के साथ प्रत्येक किरदारों के पोस्टर जारी कर दिए हैं। हीरामंडीः मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, अदिति राव हैदरी और शर्मिन सहगल अपनी मनमोहक कहानी से दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं, जिसका निर्देशन मनमौजी फिल्म निर्माता संजय लीला भंसाली ने किया है। हालाँकि नेटफ्लिक्स ने रिलीज़ की तारीख के बारे में अनुमान लगाने का खेल जारी रखा है, हीरामंडी के उत्साही प्रशंसकों ने निश्चित रूप से राहत की सांस ली है क्योंकि विशाल ओटीटी प्लेटफॉर्म ने सीरीज के उत्साह को बढ़ाने के लिए विशिष्ट विवरणों के साथ प्रत्येक किरदारों के पोस्टर जारी कर दिए हैं।

हीरामंडी की दुनिया के सबसे चमकीले रत्न का किरदार निभाते हुए, मनीषा निस्संदेह अपने त्रुटिहीन अभिनय कौशल से मल्लिकाजान के किरदार में निपुण होंगी। उनका किरदार सबसे महत्वपूर्ण और गहन किरदारों में से एक होने की उम्मीद है। अदिति बिब्बोजान की भूमिका



निभाएंगी, एक खूबसूरत किरदार जो न केवल अपनी आजादी के लिए बल्कि दूसरों की आजादी के लिए भी तरस रहा है।

अनुभव के मामले में सबसे कम उम्र के होने के बावजूद, शर्मिन का गहरा अभिनय कौशल आलमज़ेब की भूमिका में चमकने की संभावना है, एक ऐसा चरित्र जो पैसे या शक्ति के लिए शौक से रहित है लेकिन सच्चे प्यार का बेसब्री से इंतजार करता है।बाकी किरदारों के विपरीत, वहीदा के इरादे बाकी किरदारों से बिल्कुल अलग हैं, क्योंकि वह सत्ता को अपना सबसे मजबूत हथियार बनाना चाहती है।

ऋचा ने लज्जो का किरदार निभाया है, जिसकी खूबसूरती के चर्चे पूरे शहर में हैं, फिर भी वह अपने अंदर गहरे दर्द को छुपाती है, जिसके बारे में कोई नहीं जानता। फरीदन का किरदार, जिसका रहस्यमय अतीत एक बड़ा रहस्य बना हुआ है, सोनाक्षी का किरदार दर्शकों को मंत्रमुग्ध करने के लिए तैयार है। हीरामंडी नेटफ्लिक्स पर रिलीज़ होगी, निर्माताओं ने अभी तक आधिकारिक रिलीज़ डेट का खुलासा नहीं किया है। संजय लीला भंसाली ने हीरामंडी को अपनी सबसे महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में से एक बताया है, जो उनके दिल के करीब है।

# ब्रेस्ट कैंसर बना फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा रिंकी चकमा की मौत की वजह, 29 साल की उम्र में हारी जिंगदी की जंग

फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 की खिताब धारक रिंकी चकमा का 29 वर्ष की आयु में कैंसर के खिलाफ उनकी बहादुर लड़ाई के बाद दुखद निधन हो गया। शुरुआत में 2022 में स्तन कैंसर का पता चला, ट्यूमर को हटाने के लिए उनकी सर्जरी की गई।

फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 की खिताब धारक रिंकी चकमा का 29 वर्ष की आयु में कैंसर के खिलाफ उनकी बहादुर लड़ाई के बाद दुखद निधन हो गया। शुरुआत में 2022 में स्तन कैंसर का पता चला, ट्यूमर को हटाने के लिए उनकी सर्जरी की गई। कीमोथेरेपी से गुजरने के बावजूद, कैंसर उसके फेफड़ों और अंततः उसके मस्तिष्क तक फैल गया, जिससे मस्तिष्क में ट्यूमर हो गया। उनकी साहसी लड़ाई के बावजूद, उनके स्वास्थ्य में गिरावट आई और वह कीमोथेरेपी जारी नहीं रख सकीं। पेजेंट के आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट ने उनकी कृपा और दृढ़ संकल्प के लिए उनका सम्मान करते हुए उनके निधन की पुष्टि की।

इंस्टाग्राम पर एक हार्दिक बयान में, संगठन ने उनके निधन पर शोक व्यक्त




किया और उन्हें एक असाधारण महिला बताया, जो लालित्य और उद्देश्य का प्रतीक थी। नोट में लिखा गया- गहरे दुख के साथ, हम फेमिना मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 रिंकी चकमा के निधन की खबर साझा करते हैं। एक उल्लेखनीय महिला, रिंकी वास्तव में एक ताकत थी, जो अनुग्रह और उद्देश्य का प्रतीक थी। फेमिना मिस इंडिया 2017 प्रतियोगिता में त्रिपुरा का प्रतिनिधित्व किया , उन्हें मिस ब्यूटी विद ए पर्पस के खिताब से सम्मानित किया गया, जो उनके प्रभावशाली प्रयासों और दयालु भावना का प्रमाण है। 2022 में, रिंकी के जीवन में एक बड़ा बदलाव आया जब उसे स्तन कैंसर का एक असामान्य रूप, मैलिग्नेंट फीलोड्स ट्यूमर का विनाशकारी निदान मिला। ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी के बाद, उसे कीमोथेरेपी सहित गहन उपचार से गुजरना पड़ा। दुर्भाग्य से, कैंसर मेटास्टेसिस हो गया और उसके मस्तिष्क तक फैल गया। जैसे-जैसे उनका स्वास्थ्य बिगड़ता गया, कीमोथेरेपी जारी रखना असंभव हो गया। 22 फरवरी को मैक्स अस्पताल साकेत में भर्ती कराया गया, उन्हें गहन चिकित्सा इकाई में वेंटिलेटर पर रखा गया था।

हाल ही में, रिंकी ने इंस्टाग्राम पर अपने मेडिकल खर्चों के लिए वित्तीय सहायता की अपील की। उनकी करीबी दोस्त और फेमिना मिस इंडिया 2017 की उपविजेता प्रियंका कुमारी ने रिंकी के इलाज के लिए धन जुटाने के लिए सोशल मीडिया पर रिंकी की मेडिकल रिपोर्ट साझा की। उन्होंने अपनी पोस्ट में लिखा, हाय, हम अपनी दोस्त रिंकी चकमा के लिए फंड जुटा रहे हैं। उनके परिवार की सारी पूंजी ख़त्म हो गई है क्योंकि वह पिछले दो वर्षों से कैंसर से जूझ रही हैं। पहले उन्हें स्तन कैंसर था जिसके लिए उनका ऑपरेशन किया गया था, लेकिन बाद में यह उनके फेफड़ों और मस्तिष्क में फैल गया। वह दिल्ली के एम्स में कीमो सेशन ले रही थीं। दुर्भाग्य से, उसका स्वास्थ्य बिगड़ गया, और वह आगे कीमोथेरेपी का सामना करने में असमर्थ थी, इसलिए उसे तब तक छुट्टी दे दी गई जब तक उसका स्वास्थ्य ठीक नहीं हो जाता। रिंकी चकमा की प्रतियोगिता यात्रा मिस इंडिया त्रिपुरा 2017 प्रतियोगिता में उनकी जीत के साथ शुरू हुई। मिस इंडिया पेजेंट में फाइनलिस्ट के रूप में, उन्होंने दो उप-शीर्षक जीतकर पहचान अर्जित की- मिस कंजेनियलिटी और ब्यूटी विद ए पर्पस। विशेष रूप से, उसी वर्ष मानुषी छिल्लर ने मिस वर्ल्ड और मिस इंडिया वर्ल्ड दोनों खिताब जीते।

# अनंत अंबानी-राधिका मर्चेंट की शादी से पहले की रस्में 51,000 लोगों के लिए अन्न सेवा से शुरू हुई

गुजरात के जामनगर में रिलायंस टाउनशिप के पास जोगवाड गांव में, मुकेश अंबानी, अनंत अंबानी और अंबानी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ राधिका मर्चेंट ने ग्रामीणों को पारंपरिक गुजराती भोजन परोसा। लगभग 51,000 स्थानीय निवासियों को भोजन परोसा जाएगा और यह प्रथा अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी। प्री-वेडिंग में शामिल होगी ये तमाम हस्तियां।

इस समय देश के सबसे अमीर उद्योगपति अंबानी के छोटे बेटे की शादी काफी सुर्खियों में है। अनंत अंबानी और उनकी मंगेतर राधिका मर्चेंट की शादी से पहले की रस्में बुधवार को अन्न सेवा के साथ शुरू हुई। गुजरात के जामनगर में रिलायंस टाउनशिप के पास जोगवाड गांव में, मुकेश अंबानी, अनंत अंबानी और अंबानी परिवार के अन्य सदस्यों के साथ-साथ राधिका मर्चेंट ने ग्रामीणों को पारंपरिक गुजराती भोजन परोसा। वहीं अन्न सेवा में राधिका की नानी और माता-पिता वीरेन और शैला मर्चेंट




ने भी हिस्सा लिया। लगभग 51,000 स्थानीय निवासियों को भोजन परोसा जाएगा और यह प्रथा अगले कुछ दिनों तक जारी रहेगी।

अंबानी परिवार ने 1-3 मार्च तक जामनगर में अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट के विवाह पूर्व समारोह के लिए स्थानीय समुदाय का आशीर्वाद लेने के लिए अन्न सेवा का आयोजन किया है, जहां व्यापार, खेल और मनोरंजन की दुनिया के सबसे बड़े नाम शामिल होंगे। भोजन के बाद उपस्थित लोगों ने पारंपरिक लोक संगीत का आनंद लिया। मशहूर गुजराती गायक कीर्तिदान गढ़वी ने अपनी प्रस्तुति से महफिल लूट ली। जब देश कोविड महामारी की चुनौती का सामना कर रहा था, तब भी नीता अंबानी के नेतृत्व में रिलायंस फाउंडेशन ने दुनिया का सबसे बड़ा खाद्य वितरण कार्यक्रम चलाया। परिवार की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए अनंत अंबानी ने अपने प्री-वेडिंग फंक्शन की शुरुआत अन्न सेवा से की है। 1 से 3 मार्च के प्री-वेडिंग बैश के दौरान, पहले दिन की थीम को एवरलैंड में एक शाम कहा जाता है, जिसमें ड्रेस कोड कॉकटेल के रूप में रखा गया है। दूसरे दिन सुझाए गए ड्रेस कोड जंगल फीवर के साथ ए वॉक ऑन द वाइल्डसाइड की मेजबानी की जाएगी। अंतिम दिन में भी दो कार्यक्रम होंगे। पहला, टस्कर ट्रेल्स, केजअुल ठाठ ड्रेसिंग का सुझाव देता है, क्योंकि मेहमानों से जामनगर के हरे-भरे माहौल का और अधिक पता लगाने की उम्मीद की जाती है। फाइनल पार्टी में हस्ताक्षर, विरासत भारतीय परिधान के साथ एक खूबसूरत शाम होगी।

रिपोर्टों के मुताबिक, इस कार्यक्रम में मेटा के सीईओ मार्क जुकरबर्ग, मॉर्गन स्टेनली के सीईओ टेड पिक, माइक्रोसॉफ्ट के संस्थापक बिल गेट्स, डिज्नी के सीईओ बॉब इगर, ब्लैकरॉक के सीईओ लैरी फिंक, एडनोक के सीईओ सुल्तान अहमद अल जाबेर और ईएल रोथ्सचाइल्ड के अध्यक्ष लिन फॉरेस्टर शामिल होंगे। इसके साथ ही कई और वीआईपी आएंगे, भारतीय मनोरंजन जगत के लोग। पॉप स्टार रिहाना और जादूगर डेविड ब्लेन सहित प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय कलाकार, प्री-वेडिंग कार्यक्रम में प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं। भारतीय संगीतकार जो प्रदर्शन करेंगे उनमें अरिजीत सिंह, अजय-अतुल और दिलजीत दोसांझ शामिल हैं।

# दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने गर्भावस्था की घोषणा की, सितंबर में पहले बच्चे का करेंगे स्वागत

बॉलीवुड की सबसे चहेती जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने प्रेग्नेंसी की घोषणा कर दी है। अभिनेत्री ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर खुशखबरी की घोषणा की। दोनों ने 2018 में शादी कर ली। बॉलीवुड की सबसे चहेती जोड़ी दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह ने प्रेग्नेंसी की घोषणा कर दी है। अभिनेत्री ने गुरुवार को अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर खुशखबरी की घोषणा की। दोनों ने 2018 में शादी कर ली। पोस्ट में दीपिका ने उस महीने का उल्लेख करते हुए एक तस्वीर साझा की, जिसमें उनके पहले बच्चे की उम्मीद है, यानी सितंबर 2024। जिस अभिनेत्री को आखिरी बार फाइटर में ऋतिक रोशन के साथ देखा गया था, वह वर्तमान में गर्भावस्था की पहली तिमाही में हैं। यह घोषणा उन अटकलों की पुष्टि करती है कि अभिनेत्री गर्भवती है। अफवाहें बाफ्टा में उनकी उपस्थिति के बाद शुरू हुईं, जहां वह प्रस्तुतकर्ता में से एक थीं।

दीपिका द्वारा यह घोषणा करने के तुरंत बाद, जोड़े के प्रशंसकों और फिल्म बिरादरी के करीबी दोस्तों ने टिप्पणी अनुभाग में उन्हें बधाई दी। अभिनेत्री राधिका मदान, अनीता हसनंदानी, शहनाज़ गिल, सौम्या टंडन, प्रियंका चोपड़ा, मृणाल ठाकुर सहित अन्य लोगों ने सेलिब्रिटी जोड़े



को खुशखबरी पर बधाई दी। ग्लोबल स्टार प्रियंका चोपड़ा ने लिखा, मुबारक। कृति सेनन ने कमेंट किया, ओमग!!!! आप दोनों को बधाई! गायिका श्रेया घोषाल ने अपना उत्साह साझा किया और लिखा, ओमग!!!! आप दोनों के लिए बहुत उत्साहित, बहुत खुश। बहुत-बहुत बधाई। दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर ने टिप्पणी की, बहुत बहुत बधाई। दीपिका पादुकोण और रणवीर सिंह इस पीढ़ी के सबसे पसंदीदा बॉलीवुड सेलेब्स में से एक हैं। कथित तौर पर दोनों ने संजय लीला भंसाली की फिल्म गोलियों की रासलीला राम लीला के सेट पर एक-दूसरे को डेट करना शुरू किया। बाद में, यह जोड़ी फिर से बाजीराव मस्तानी और पद्मावत में एक साथ दिखाई दी, जो बड़ी व्यावसायिक सफलता बन गई। हाल ही में, वे करण जौहर द्वारा आयोजित सेलिब्रिटी चैट शो, कॉफ़ी विद करण 8 के पहले एपिसोड में दिखाई दिए।

# भारत में ही नहीं यूरोप के कई देशों में भी सड़कों पर उतरे किसान

**नई दिल्ली।** जहां नई दिल्ली में सड़कों पर किसान धरना दे रखे हैं वहीं पूरे यूरोप में भी किसान ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर हैं। स्पेन, फ्रांस और इटली समेत कई यूरोपीय देश के किसान पूरे यूरोप में ट्रैक्टर लेकर सड़कों को जाम कर रहे हैं। यूरोप में किसान बढ़ती लागत, सस्ते आयात और घटती आय की शिकायत कर रहे हैं। स्पेन में जहां रिकॉर्ड तोड़ सूखे की हालात बनी हुई हैं वहीं इस बीच 1 फरवरी को विरोध प्रदर्शन शुरू हुआ है। हालांकि स्पेन के कृषि मंत्री ने किसान संघों से मुलाकात की, लेकिन प्रदर्शनकारी पीछे हटने को तैयार नहीं हैं। पिछले कई सप्ताह में यूरोप के अलग-अलग देशों में प्रदर्शन देखा गया। फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, इटली और ग्रीस में प्रदर्शन देखा गया है। यूक्रेन युद्ध- रूस के आक्रमण के बाद, यूक्रेन की कृषि उपज पोलैंड, हंगरी, रोमानिया




और स्लोवाकिया जैसे पड़ोसी देशों के माध्यम से मध्य पूर्व, अफ्रीका और एशिया में पहुंच रही है। यूक्रेनी अनाज का कुछ हिस्सा इन देशों के स्थानीय बाजारों में पहुंचा, जिससे घरेलू उपज की कीमतें कम हो गईं। जलवायु परिवर्तन- पानी की कमी से लेकर जंगल की आग और बाढ़ तक, यूरोप में किसान हाल के वर्षों में चरम मौसम की स्थिति से प्रभावित हुए हैं। इन परेशानियों के लिए जलवायु परिवर्तन को जिम्मेदार ठहराया जा रहा है।

# कर्नाटक बीजेपी ने कांग्रेस पर लगाया तुष्टीकरण का आरोप

**प्रदर्शन**

**विपक्ष के नेता ने कहा कि बीजेपी विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी।**

**बेंगलुरु।** कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता आर अशोक ने गुरुवार को आरोप लगाया कि कर्नाटक सरकार अल्पसंख्यकों को खुश करने के लिए बेंगलुरु में पशुपालन संपत्ति उन्हें दे रही है और इसे ÷बड़ा घोटाला करार दिया। उन्होंने कहा, ÷सिद्धारमैया की सरकार बेंगलुरु में पशुपालन संपत्ति अल्पसंख्यकों को दे रही है, क्योंकि अल्पसंख्यक अधिक हैं। यह एक बड़ा घोटाला है। उन्होंने कहा कि पशुपालन संपत्ति की कीमत 500



करोड़ रुपये से अधिक है। विपक्ष के नेता ने कहा कि बीजेपी विधानसभा के अंदर और बाहर विरोध प्रदर्शन करेगी। एक्स पर पोस्ट में कर्नाटक विधानसभा में विपक्ष के नेता ने पूछा कि मवेशियों का इलाज करने वाले सरकारी पशु चिकित्सालय को बंद करने और इसे अल्पसंख्यकों को देने की क्या आवश्यकता थी? उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, ÷कांग्रेस सरकार के भूमि जिहाद, सीएम @siddaramaiah आपने बेंगलुरु शहर के मध्य में मुसलमानों को दो एकड़ मूल्यवान पशुपालन भूमि देने का साहस किया। मवेशियों का इलाज करने वाले सरकारी पशु चिकित्सालय को बंद करने और इसे मुसलमानों को देने की क्या आवश्यकता थी? वह क्लिनिक केवल मवेशियों के लिए स्थापित नहीं किया गया है। अन्य घरेलू जानवरों के इलाज के लिए भी स्थापित किया गया था। हम शहर के बीचों-बीच पांच सौ करोड़ से अधिक की जमीन को नहीं सौंपने देंगे। उन्होंने आगे पूछा, ÷क्या कांग्रेस सरकार के इस कदम को @INCKarnataka सरकार भूमि जिहाद कह सकती है? अशोक ने राज्य सरकार को आगे सुझाव दिया कि अगर सरकार अल्पसंख्यकों को खुश करना चाहती है तो वह जमीन खरीद कर उन्हें दे सकती है। उन्होंने कहा, पशुपालन विभाग को समर्पित जमीन क्यों दें? उस क्षेत्र के पालतू या पालतू जानवर कहां जाएंगे?

इस बीच, कर्नाटक विधानसभा के बाहर कथित पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे को लेकर चल रहे विवाद के बीच, भाजपा विधायकों ने घटना पर कार्रवाई की मांग करते हुए विधानसभा में विरोध प्रदर्शन किया। विधानसभा में भाजपा विधायकों द्वारा देश का निर्णय लेने वाली कांग्रेस सरकार मुर्दाबाद, रीढ़विहीन सरकार कार्रवाई करने में सक्षम नहीं है, हमें न्याय चाहिए, अपराधी को गिरफ्तार करो, सरकार मुर्दाबाद सहित नारे लगाए गए। विपक्ष के नेता आर अशोक ने कहा कि आज कर्नाटक में विधानसभा में आपातकाल और तानाशाही आ गई है। उन्होंने कहा, ÷इंदिरा गांधी 1975 में आपातकाल लेकर आईं और अब वे इसे यहां ले आई।

## इंडी गठबंधन नेतृत्वहीन गठबंधन है, असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर ने कांग्रेस पर साधा निशाना

**गुवाहाटी।** कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर निशाना साधते हुए असम विधानसभा के डिप्टी स्पीकर डॉ नुमल मोमिन ने इंडिया ब्लॉक को नेतृत्वहीन गठबंधन कहा है। डॉ मोमिन ने बुधवार को एएनआई से कहा, इंडी गठबंधन एक बिना नेतृत्व वाला गठबंधन है। जिन राजनीतिक दलों ने यह गठबंधन बनाया है, उनमें एकता नहीं है। उन्होंने कहा,कोई इंडी गठबंधन से प्रधानमंत्री बनना चाहता है और कुछ अन्य सहयोगियों ने किसी और का नाम ले लिया। इसलिए, नीतीश कुमार जैसे महान नेता ने इंडी गठबंधन छोड़ दिया। जब चुनाव और टिकटों की घोषणा का समय आएगा, तो इंडी गठबंधन के सभी गठबंधन सहयोगी एक-दूसरे से लड़ेंगे और इंडी गठबंधन टूट जाएगा। डिप्टी स्पीकर ने कहा, ये बिना विचारधारा, बिना किसी विजन वाली पार्टियां हैं, वे गरीबों के लिए काम करने के पक्ष में नहीं हैं। केवल वे ही कह सकते हैं कि गरीबी हटाओ, देश बचाओ और उन्होंने (कांग्रेस) 65 साल तक शासन किया, लेकिन वे गरीबी को खत्म नहीं कर सके।÷

असम के डिप्टी स्पीकर ने आगे कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत जोड़ो न्याय यात्रा में व्यस्त हैं, लेकिन राज्यों की सबसे पुरानी पार्टी के नेताओं ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू कर दी है। उन्होंने कहा कि एक बात बहुत प्रमुख है कि पार्टी ने भारत जोड़ो यात्रा के बाद भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू की, लेकिन राज्यों ने कांग्रेस तोड़ो यात्रा शुरू की।

उन्होंने कहा, पूरे कांग्रेस नेताओं ने कांग्रेस छोड़ना शुरू कर दिया है और उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हमारे गतिशील नेतृत्व पर भरोसा है। पीएम मोदी के गतिशील नेतृत्व के कारण ही इतने सारे लोग कांग्रेस से भाजपा में आ रहे हैं। असम में भी कई कांग्रेस नेता भाजपा में शामिल हुए हैं।÷

नुमल मोमिन ने एएनआई को बताया, ÷आज भी पूर्व विधायक आ रहे हैं और हमारे नेतृत्व से मिल रहे हैं। उन्होंने हमारे प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ हिमंत बिस्वा सरमा के प्रति अपना विश्वास व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि कई और कांग्रेस नेता भाजपा में आएंगे।

इस महीने की शुरुआत में, कांग्रेस विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ ने असम सरकार को अपना समर्थन देते हुए एक अन्य कांग्रेस विधायक बसंत दास के साथ असम प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष के पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने आगे कहा, यह कांग्रेस टूडो का उत्कृष्ट उदाहरण है, क्योंकि यह महात्मा गांधी का सपना था। मोमिन ने कहा, 1947 में जब देश आज़ाद हुआ, उस समय महात्मा गांधी ने प्रस्ताव रखा कि, हम आजाद हो गए हैं, अब कांग्रेस की जरूरत नहीं है, यह राजनीतिक पार्टी भंग कर दी जाए। प्रस्ताव में उन्होंने कहा कि हम चुनाव चाहते हैं, ताकि एक नई राजनीतिक पार्टी बन सके।

## सुप्रीम कोर्ट का बड़ा फैसला, अब कोर्ट का स्टे ऑर्डर छह महीने बाद स्वतः खत्म नहीं होगा

दिशानिर्देश तय करते हुए फैसले में यह भी कहा गया कि संवैधानिक अदालतों, सुप्रीम कोर्ट और उच्च न्यायालयों को मामलों के निपटान के लिए समयसीमा तय करने से बचना चाहिए और ऐसा केवल असाधारण परिस्थितियों में ही किया जा सकता है। न्यायमूर्ति ए एस ओका ने कहा, संवैधानिक अदालतों को मामलों का फैसला करने के लिए कोई समयसीमा नहीं तय करनी चाहिए क्योंकि जमीनी स्तर के मुद्दे केवल संबंधित अदालतों को ही पता होते हैं और ऐसे आदेश केवल असाधारण परिस्थितियों में ही पारित किए जा सकते हैं।वहीं, न्यायमूर्ति पंकज मिथल ने मामले में एक अलग लेकिन सहमति वाला फैसला लिखा।

## 3 डिग्री तापमान बढ़ने पर हिमालय के 90% हिस्से को साल भर सूखे का करना पड़ेगा सामना



**नई दिल्ली।** एक नए शोध में हिमालय क्षेत्र में सूखे को लेकर कुछ तथ्य सामने आए हैं। शोध के अनुसार, यदि ग्लोबल वार्मिंग 3 डिग्री सेल्सियस बढ़ जाती है, तो हिमालय क्षेत्र के लगभग 90 प्रतिशत हिस्से में एक वर्ष तक सूखा रहेगा।

जर्नल क्लाइमैटिक चेंज में प्रकाशित निष्कर्षों से पता चलता है कि पेरिस समझौते के ग्लोबल वार्मिंग को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के पेरिस समझौते के तापमान लक्ष्यों का पालन करके भारत में गर्मी के तनाव के बढ़ते मानव जोखिम से 80 प्रतिशत तक बचा जा सकता है, जबकि तापमान में 3 डिग्री सेल्सियस की वृद्धि होती है। यूके में ईस्ट एंग्लिया विश्वविद्यालय (यूईए) के शोधकर्ताओं के नेतृत्व वाली टीम ने यह निर्धारित किया कि ग्लोबल वार्मिंग का स्तर बढ़ने के साथ ही राष्ट्रीय स्तर पर मानव और प्राकृतिक प्रणालियों के लिए जलवायु परिवर्तन के जोखिम कैसे बढ़ जाते हैं।

भारत, ब्राजील, चीन, मिस्र, इथियोपिया और घाना पर केंद्रित आठ अध्ययनों के संग्रह से पता चलता है कि ग्लोबल वार्मिंग की प्रत्येक अतिरिक्त डिग्री के लिए सूखा, बाढ़, फसल की पैदावार में गिरावट और जैव विविधता और प्राकृतिक पूंजी के नुकसान में काफी वृद्धि होती है।

## दो से ज्यादा बच्चे से सरकारी नौकरी नहीं... सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान सरकार के उस फैसले को बरकरार जिसमें सरकारी नौकरी के

**उद्देश्य**

**सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है।**

लिए दो बच्चों की पात्रता मानदंड की बात कही गई। सुप्रीम कोर्ट का मानना है कि राजस्थान सरकार का यह फैसला भेदभावपूर्ण नहीं है और संविधान का उल्लंघन भी नहीं करता है। राजस्थान विभिन्न सेवा (संशोधन) नियम (2001) उन उम्मीदवारों को सरकारी नौकरी पाने से रोकता है जिनके दो से अधिक बच्चे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दो-बच्चों के मानदंड को बरकरार रखते हुए पूर्व सैनिक रामजी लाल जाट द्वारा दायर अपील को खारिज कर दिया, जिन्होंने 2017 में सेना से सेवानिवृत्ति के बाद 25 मई 2018 को राजस्थान पुलिस में कांस्टेबल



की नौकरी के लिए आवेदन किया था। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24 (4) में कहा गया है कि वो उम्मीदवार सरकारी नौकरी में नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगा, जिसके 1 जून 2002 को या उसके बाद दो से अधिक बच्चे हों। यह निर्णय गैर-भेदभावपूर्ण है और संविधान का उल्लंघन नहीं करता है।सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि इस प्रावधान के पीछे का उद्देश्य परिवार नियोजन को बढ़ावा देना है। जाट की उम्मीदवारी को राजस्थान पुलिस अधीनस्थ सेवा नियम 1989 के नियम 24 (4) के आलोक में इस आधार पर खारिज कर दिया गया था कि क्योंकि 1 जून 2002 के बाद उनके दो से अधिक बच्चे थे और वह राज्य के तहत सरकारी नौकरी के लिए अयोग्य थे।

## गैर हिमाचली को राज्यसभा चुनाव में उतारने पर कांग्रेस विधायकों ने की बगावत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि हिमाचल के लोगों का कांग्रेस के नेतृत्व वाली सरकार से 14 महीने के भीतर ही विश्वास समाप्त हो गया है। इसका कारण यह है कि कांग्रेस चुनाव के दौरान किए गए बड़े-बड़े वादों को पूरा करने में विफल रही है। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने राज्यसभा चुनाव में अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान किया, क्योंकि वे राज्य से एक गैर हिमाचली को उम्मीदवार बनाए जाने से नाराज थे। कांग्रेस विधायकों की क्रॉस वोटिंग के बाद मंगलवार को कांग्रेस उम्मीदवार अभिषेक मनु सिंघवी भाजपा उम्मीदवार हर्ष महाजन से राज्यसभा चुनाव हार गए। ठाकुर ने कहा कि विधायकों में गुस्सा है। वे अपनी सरकार से नाखुश हैं, क्योंकि वे अपने वादों को पूरा करने में असमर्थ हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विधायकों ने अपने ही उम्मीदवार के खिलाफ मतदान कर अपना गुस्सा निकाला। कांग्रेस विधायक अपने निर्वाचन क्षेत्रों में मतदाताओं का सामना करने में असमर्थ हैं। उनसे चुनाव के दौरान किए गए वादों के बारे में लोग सवाल पूछ रहे हैं। उन्होंने एक सम्मेलन से इतर कहा कि कांग्रेस बिखरी और टूटी हुई दिखाई दे रही है। उसके पास इस बात का कोई जवाब नहीं है कि हिमाचल प्रदेश में उसकी ऐसी हालत क्यों हुई।

# गाजा में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फलिस्तीनियों पर इजरायल ने किया हमला

**राफा।** गुरुवार को गाजा शहर में मानवीय सहायता की प्रतीक्षा कर रहे फिलिस्तीनियों की भीड़ पर इजरायली हमले में दर्जनों लोग मारे



गए और घायल हो गए। स्थानीय अस्पताल के अधिकारियों ने इसकी जानकारी दी। शिफ़ा अस्पताल के नर्सिंग विभाग के प्रमुख डॉ. जदल्लाह शफाई ने अल जजीरा नेटवर्क को बताया कि लगभग 50 लोग मारे गए और 250 घायल हो गए। उन्होंने सटीक मरने वालों की संख्या नहीं बताया। अल जजीरा ने फुटेज चलाया जिसमें कई शव और घायल लोग शिफा पहुंचते हुए दिखाई दे रहे थे। इजरायली सेना ने कहा कि वह रिपोर्टों पर गौर कर रही है। वहीं, कमल अदवान अस्पताल में एम्बुलेंस सेवा के प्रमुख फारेस अफाना ने कहा कि घटनास्थल पर पहुंचने वाले चिकित्सकों ने ÷सैकड़ों÷ को जमीन पर पड़ा हुआ पाया। उन्होंने कहा कि सभी मृतकों और घायलों को इकट्ठा करने के लिए पर्याप्त एम्बुलेंस नहीं थीं और कुछ को गधे द्वारा खिंची जाने वाली गाड़ियों पर अस्पतालों में लाया जा रहा था। अल-अवदा अस्पताल के कार्यवाहक निदेशक डॉ. मोहम्मद सलहा ने कहा कि इसमें 90 घायल हुए और तीन की मौत हो गई, जिन्हें कमाल अदवान में स्थानांतरित कर दिया गया। उन्होंने कहा, हमें मृतकों की संख्या में बढ़ोतरी की उम्मीद है। रिसेप्शन और आपातकालीन कक्ष में अभी भी कई घायल हैं।उन्होंने कहा कि अल-अवदा काफी हद तक चालू नहीं है, बिजली नहीं है और ऑपरेटिंग रूम बैटरी पावर पर चल रहा है और केवल कुछ ही घंटे बचे हैं। इजराइल-हमास युद्ध के लगभग पांच महीने बाद गाजा का स्वास्थ्य क्षेत्र गंभीर स्थिति में है और सभी प्रकार के मेडिकल फैसिलिटी की कमी से जूझ रहा है।

## चुनाव से पहले बाइडन का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने बाइडन के स्वास्थ्य के संबंध में जानकारी साझा की है। डाक्टरों का हवाला देते हुए कहा गया है कि वह अपने कार्य के लिए पूरी तरह फिट हैं और सभी जिम्मेदारियों को पूरी तरह से निष्पादित कर रहे हैं। 81 वर्षीय बाइडन को स्वास्थ्य संबंधी कोई भी गंभीर समस्या नहीं है। यह स्वास्थ्य जांच राष्ट्रपति चुनाव से पहले की गई है। अमेरिकी राष्ट्रपति के चिकित्सक डा. केविन ओ कानर ने कहा कि वह अब भी ड्यूटी के लिए फिट हैं। वाल्टर रीड राष्ट्रीय सैन्य चिकित्सा केंद्र से चेकअप कराकर लौटने के बाद उन्होंने हंसते हुए कहा कि डाक्टरों ने कहा है कि वह बहुत युवा दिखते हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन पियरे ने कहा कि बाइडन के डाक्टरों ने संज्ञानात्मक परीक्षण नहीं करने का फैसला लिया है।

# साउथ कोरिया में महिलाएं बच्चे पैदा करने से बच रही हैं, ऐसा क्यों?

**सियोल।** दक्षिण कोरिया एक गंभीर जनसांख्यिकीय संकट का सामना कर रहा है, क्योंकि देश में जन्म दर में गिरावट जारी है। स्थानीय सरकार परिवारों को अधिक बच्चे पैदा करने के लिए मनाने के लिए सामाजिक योजनाओं में अरबों डॉलर का निवेश कर रही है। नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण कोरिया दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर से जूझ रहा है। देश में स्थिति यह है कि जन्म दर 2023 में एक नए रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गई है। दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय के अनुसार, दक्षिण कोरियाई महिला के जीवनकाल में शिशुओं की औसत संख्या 2022 में 0.78 से घटकर 0.72 हो गई है, जो लगभग 8 फीसदी कम है। तुलनात्मक रूप से 2024 में भारत की प्रजनन दर प्रति

**प्रजनन**

**नवीनतम सरकारी आंकड़ों के अनुसार, दक्षिण कोरिया दुनिया की सबसे कम प्रजनन दर से जूझ रहा है।**

महिला 2.122 जन्म है, जो 2023 से 0.79 फीसदी की गिरावट का संकेत देती है। लगातार कम जन्म, जनसंख्या में गिरावट और उम्रदराज समाज पर बढ़ती चिंताओं के बीच दक्षिण कोरिया में कुल प्रजनन दर पिछले साल चौथी तिमाही में गिर गई। देश की कुल प्रजनन दर, एक महिला द्वारा अपने जीवनकाल में पैदा होने वाले बच्चों की संख्या, पिछले साल की चौथी तिमाही में गिरकर 0.65 के सर्वकालिक निचले स्तर




पर और पूरे 2023 में 0.72 पर आ गई, जो 2022 में 0.78 से कम है। जैसा कि दक्षिण कोरिया के राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय द्वारा बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है। इसका मतलब है कि दक्षिण कोरिया में औसतन 100 महिलाएं 65 बच्चों को जन्म देंगी। इसके अतिरिक्त, जन्मों की कुल संख्या में 7.7 फीसदी की गिरावट देखी गई, जो 230,000 तक पहुंच गई, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 50 मिलियन लोगों की आबादी वाले देश में तुलनीय डेटा के लिए एक नया निचला स्तर है। अपरिष्कृत जन्म दर 2022 में 4.9 से घटकर 4.5 हो गई, जो प्रति एक हजार जनसंख्या पर जीवित जन्मों की वार्षिक संख्या दर्शाती है। जन्म दर में कमी के लिए योगदान देने वाले कारकों में से एक दक्षिण कोरियाई महिलाओं द्वारा बच्चे पैदा न करने का निर्णय लेना है। वे

## पश्चिमी नॉर्वे में हुआ हेलीकॉप्टर क्रैश, दुर्घटना में एक की मौत; पांच घायल

**ओस्लो।** पश्चिमी नॉर्वे के पास समुद्र में एक हेलीकॉप्टर के दुर्घटनाग्रस्त होने से एक व्यक्ति की मौत हो गई और पांच घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा है कि ब्रिस्टो नॉर्वे द्वारा संचालित सिकोरस्की एस-92 विमान बुधवार को खोज और बचाव प्रशिक्षण मिशन पर था जब दुर्घटना हुई। पुलिस ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि बचावकर्मियों ने जहाज पर सवार छह लोगों को समुद्र से बाहर निकाला, लेकिन एक को बाद में अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि जीवित बचे पांच लोगों में से एक को केवल हल्की चोटें आईं, जबकि अन्य चार को हल्की से गंभीर चोटें आईं। दुर्घटना का कारण का तत्काल पता नहीं चल पाया है। हेलीकॉप्टर का निर्माण करने वाली लॉकहीड मार्टिन कंपनी सिकोरस्की ने बुधवार को कहा कि सुरक्षा उसकी सर्वोच्च प्राथमिकता है और वह जांच में सहयोग के लिए तैयार है।

# टेक्सास के जंगलों में भीषण आग, परमाणु हथियार इकाई में काम ठप

**सामान्य**

**अमेरिका के परमाणु हथियार इकाई का कामकाज मंगलवार रात रोक दिया गया लेकिन इकाई की ओर से कहा गया कि यह बुधवार को सामान्य काम के लिए खुला है।**

**कैनेडियन (अमेरिका)।** टेक्सास पैनहैंडल के जंगलों में बुधवार को आग लग गई, जिसके कारण लोगों को प्रभावित क्षेत्र छोड़कर सुरक्षित स्थान पर जाना पड़ा। इसके कारण क्षेत्र में बिजली आपूर्ति काट दी गई जिससे हजारों लोग प्रभावित हुए



जबकि एक परमाणु हथियार इकाई को कुछ समय के लिए बंद करना पड़ा, क्योंकि तेज हवाओं, सूखी घास और बेमौसम गर्म तापमान के चलते आग तेजी से फैल रही थी। टेक्सास के गवर्नर ग्रेग एबॉट ने 60 काउंटी के लिए आपदा घोषित की। स्मोकहाउस क्रीक में लगी आग प्रांत के इतिहास में दूसरी सबसे बड़ी जंगल की आग बन गई। अमेरिका के परमाणु हथियार इकाई का कामकाज मंगलवार रात रोक दिया गया लेकिन इकाई की ओर से कहा गया कि यह बुधवार को सामान्य काम के लिए खुला है। अधिकारियों ने यह नहीं बताया है कि आग किस कारण से लगी हो सकती है जो कम आबादी वाले काउंटी में फैल गई। हचिंसन काउंटी के लगभग 13,000 लोगों वाले बोर्गर में एड्रियाना हिल ने कहा कि वह और उनका परिवार बहुत डरे हुआ था क्योंकि हवा के रुख बदलने तक आग ने पूरे शहर को घेर लिया था।हिल (28) ने कहा, 'यह बोर्गर के चारों ओर आग छल्ले की तरह थी, बाहर निकलने का कोई रास्ता नहीं थाउ सभी चार मुख्य सड़कें बंद थीं। आग की लपटें मेरे घर से लगभग 1.6 किलोमीटर के दायरे में आ गई, जहां मैं अपने पति और 20 महीने के बेटे के साथ रहती हूं।'' वहीं, मौसम के पूर्वानुमान ने अग्निशामकों के लिए कुछ आशा प्रदान की। ऐसा अनुमान जताया गया है कि बृहस्पतिवार को बारिश के साथ मौसम ठंडा रहेगा और हवा की गति तेज नहीं रहेगी। टेक्सास ए और एम वन सेवा की ओर से बुधवार तड़के जारी की गई ताजा जानकारी के अनुसार, हचिंसन काउंटी में स्मोकहाउस क्रीक आग ने लगभग 2,070 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को जला दिया है।

## उम्मीद है कि भारत की अध्यक्षता में क्वाड की प्रगति बरकरार रहेगी, बाइडन प्रशासन की तरफ से व्हाइट हाउस ने कहा

**वाशिंगटन।** व्हाइट हाउस ने कहा है कि अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन को उम्मीद है कि क्वाड 2024 में भारत की अध्यक्षता में अपने पिछले तीन वर्षों की गति को बरकरार रखेगा। क्वाड (चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान चार देश शामिल हैं।

व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने बुधवार को अपने दैनिक संवाददाता सम्मेलन में संवाददाताओं से कहा, ÷राष्ट्रपति (जो बाइडन) पिछले तीन वर्षों में क्वाड की प्रगति पर बहुत गर्व महसूस करते हैं। क्वाड के सदस्यों ने मार्च 2021 में व्हाइट हाउस में अपना पहला शिखर सम्मेलन आयोजित किया था। जीन-पियरे ने एक सवाल के जवाब में कहा ÷क्वाड की वर्षगांठ आ रही है और हम 2024 में उस गति के बरकरार रहने की उम्मीद कर रहे हैं और हम सिर्फ अमेरिका के बारे में नहीं, जाहिर तौर



पर भारत, जापान और ऑस्ट्रेलिया के बारे में भी बात कर रहे हैं।''

उन्होंने कहा ÷हम सभी के पास स्वतंत्र, खुले और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का एक साझा दृष्टिकोण है। क्वाड हिंद-प्रशांत क्षेत्र को लाभ पहुंचाने में मदद कर रहा है। इसलिए 2024 में भी हम इस गति को बरकरार रखना चाहते हैं और न केवल 2024 में, बल्कि उससे आगे भी।'' क्वाड देशों का वार्षिक शिखर सम्मेलन इस वर्ष भारत में होना है हालांकि इसकी तारीख अभी घोषित नहीं की गई है।

# इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के उच्चीकरण के संबंध में गहन चर्चा

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 में भीड़ प्रबंधन तथा सिक्योरिटी एवं सर्विलेंस को और बेहतर बनाने के दृष्टिगत इंटीग्रेटेड कमांड एवं कंट्रोल सेंटर के उच्चीकरण के संबंध में मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता एवं मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद की उपस्थिति में आयुक्त कार्यालय स्थित त्रिवेणी सभागार में बैठक संपन्न हुई जिसमें आई ट्रिपल सी के उच्चीकरण से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। आई ट्रिपल सी के उच्चीकरण के संबंध में आईआईटी कानपुर से वेटिंग कराई गई थी जिसके पश्चात उनके द्वारा दिए गए टेक्निकल ऑब्जरवेशन को सम्मिलित करते हुए उच्चीकरण का प्रस्ताव बनाया जा रहा है।

कुंभ 2019 के सापेक्ष महाकुंभ 2025 में मेला क्षेत्र में लगभग 2 गुना कैमरे लगाने का प्रस्ताव बनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत लगभग 950 कैमरों से पूरे मेला क्षेत्र को कवर किया जाएगा। इसमें 120 पार्किंग लाट्स भी सम्मिलित रहेंगे। कैमरों से बेहतर फीड लेने हेतु आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस बेस्ड वीडियो एनालिटिक्स का प्रयोग किया जाएगा जिससे कि बेहतर क्राउड प्रबंधन एनालिसिस की जा सकेगी। इस मॉडल का प्रयोग करके प्रशासन को अधिक भीड़भाड़ वाली जगह से लोगों को स-समय सुरक्षित निकालने तथा अधिक भीड़ भाड़ वाली सड़कों पर भीड़ प्रबंधन की बेहतर व्यवस्था करने में आसानी होगी। इस मॉडल को फूल प्रूफ बनाने के दृष्टिगत पहले से ही ड्राई रन चलाया जाएगा तथा हर प्रकार की एरर टेस्टिंग की जाएगी ताकि महाकुंभ के दौरान किसी भी तरह की समस्या ना आए।

महाकुंभ में आई ट्रिपल सी में चल रहे कॉल सेंटर का भी विस्तारीकरण किया जाएगा जिसके अंतर्गत 30 से बढ़ाकर उसे 50 सीटर कर दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त व्यूइंग केंद्रों को दो से बढ़ाकर चार करने का प्रस्ताव है। आई ट्रिपल सी तथा मॉडर्न कंट्रोल रूम पुलिस लाइन एमसीआर (सीसीसी) के अतिरिक्त झूंसी एवं अरैल क्षेत्र में भी एक-एक व्यूइंग केंद्र बनाए जाएंगे।

### कुंभ मेला अधिकारी ने किया निर्माण कार्यों का निरीक्षण

**प्रयागराज।** महाकुंभ 2025 के दृष्टिगत कराए जा रहे विभिन्न कार्यों में से तीन कार्यों का निरीक्षण आज मेला अधिकारी कुंभ मेला विजय किरन आनंद द्वारा किया गया। उन्होंने फाफामऊ में बसना नाले के किनारे प्रयागराज विकास प्राधिकरण मार्ग से बेला कछार पार्किंग तक बनाए जा रहे मार्ग, फाफामऊ साइड के शान्तीपुरम में सेक्टर-ए के अन्दर से होते हुए बेला कछार तक बनाए जा रहे सम्पर्क मार्ग तथा प्रयागराज लखनऊ मार्ग से फाफामऊ साइड में एसओटीपी0 मार्ग से बेला कछार मार्ग में इण्टरलाकिंग से कराए जा रहे नवनिर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने टीपीआईए को साइट पर बिछाई जा रही जीएसबी की गुणवत्ता की जांच करने के निर्देश दिए।

# अतीक गैंग के गुर्गे निजाम एवं भू-माफिया राहुल यादव पर मुकदमा दर्ज

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** इतना कुछ बीत जाने के बाद भी माफिया अतीक अहमद के गुर्गे अभी जमीनों पर कब्जा करने में कोताही नहीं बरत रहे। ऐसा ही एक मामला धूमनगंज थाना क्षेत्र में आया है जहां पीड़ित ने अतीक अहमद के गुर्गे निजाम और राहुल के साथ ही कई अन्य लोगों पर भी मुकदमा दर्ज कराया है। पीड़ित खलील उर रहमान पुत्र इसहारूल हक निवासी 751 बी नीम सराय थाना धूमनगंज के अनुसार उसका प्लाट संख्या 210 /14 का जुज भाग 204 वर्ग गज मौज चक मैदा पट्टी सदर प्रयागराज में है। जिस पर पीड़ित के भाइयों ने बाउंड्री कर कर अंदर कमरा बना रखा हैं और उसमें रह रहे हैं, उक्त प्लाट को पीड़ित की माँ नूरजहाँ बेगम पत्नी इजहरूल हक के नाम दिनांक 3/7/ 2006 को खालिदा फारूकी निवासी 3/11 अल्लाह पूरी कॉलोनी सदर प्रयागराज से क्रय किया था जो राजस्व अभिलेखों में दर्ज है। प्रार्थी की माँ की मृत्यु के बाद प्रार्थी एवं प्रार्थी के भाइयों के नाम उक्त बतौर वारिस दर्ज हो गया। उक्त संपत्ति पर निजामुल्ला जो आतंक का पर्याय रहे अतीक गैंग के सदस्य तोता का बहनोई है, तथा राहुल यादव, नूर मुजफ्फर, रेहान मोहम्मद इमरान, मोहम्मद शाबान एवं राजन पासी की नजर थी जो भू- माफिया है। किसी की भी संपत्ति पर कूटरचित दस्तावेज तैयार करना व कब्जा करना इनका पेशा है। इन लोगों के नाम पहले से ही कई अलग-अलग थानों में केस दर्ज है। इन लोगों ने फर्जी पेपर तैयार कर प्रार्थी के संपत्ति को अपनी चौहद्दी दिखाते हुए आराजी संख्या 210/ 1 के नाम से फर्जी बनाना नूर मौजा निजामुल्ला, राहुल यादव व राजन पासी सेआपराधिक षड्यंत्र करके प्रार्थी की भूमि भवन को फर्जी बैनामा करा लिया और प्रार्थी के भूमि भवन को बेचने का प्रयास करने लगे। 31 अक्टूबर 2022 को उपरोक्त भूमाफिया प्रार्थी के मकान के गेट व कमरे का ताला तोड़कर घुस गए और अवैध रूप से मकान पर कब्जा करने का प्रयास किया और कमरे में रखा सारा सामान लूट ले गए। राहुल यादव और निजामुल्ला ने कहा कि जब तक 10 लाख रुपए गुंडा टैक्स नहीं दोगे इस मकान में नहीं रह पाओगे। ज्यादा बोलोगे तो जान से मार दिए जाओगे।

# 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का होगा शिलान्यास

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** सड़क परिवहन और राजमार्ग केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी उत्तर प्रदेश के जौनपुर में शुक्रवार को बीआरपी इण्टर कॉलेज ग्राउण्ड, जौनपुर में करीब 10000 करोड़ रुपये की लागत से 10 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इन परियोजनाओं का गोमती नदी पर पुल सहित एन.एच.-31 के टोल प्लाजा से पूर्वांचल विश्वविद्यालय तक जौनपुर शहर के पूर्व दिशा में बाईपास का निर्माण,पूर्वांचल विश्वविद्यालय से जौनपुर-प्रयागराज मार्ग तक जौनपुर शहर के पश्चिम में बाईपास का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-135ए, ,खेतासराय-शाहगंज ग्रीनफील्ड बाईपास सहित पूर्वांचल विश्वविद्यालय से शाहगंज तक 4 लेन निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-1357, कुल लम्बाई-31 , शाहगंज-कलान-मालीपुर-अकबरपुर खण्ड का 4 लेन चौड़ीकरण एवं अकबरपुर बाईपास का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-135ए, कुल लम्बाई-45 ,मड़ियाहूँ शहर के पश्चिम में नये 4 लेन ग्रीनफील्ड बाईपास का निर्माण,राष्ट्रीय राजमार्ग-135ए, ,जौनपुर शहर में लता मंगेशकर तिराहे से प्रसाद इंस्टीट्यूशन तक 4 अण्डरपास सहित 4 लेन निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-128ए, राष्ट्रीय राजमार्ग-31, आजमगढ़ बाईपास (पैकेज-4) का निर्माण,प्रयागराज से फूलपुर तक 4 लेन सड़क एवं फूलपुर बाईपास का निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग, मुंगराबादशाहपुर बाईपास सहित फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर तक 4 लेन निर्माण, राष्ट्रीय राजमार्ग-की, फूलपुर-मुंगराबादशाहपुर मौजूदा सड़क खण्ड का रखरखाव, राष्ट्रीय राजमार्ग-319 डी, केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी शिलान्यास करेंगे ।

## लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनी अनुपमा सिंह

**जौनपुर (मुंगराबादशाहपुर)।** मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा क्षेत्र के गांव नौवाडाड़ी निवासी सपा नेत्री अनुपमा सिंह पटेल को यूथ संगठन लोहिया वाहिनी का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। अनुपमा सिंह पटेल को सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव का बड़ा ही करीबी माना जाता है। 4 वर्ष पहले मुंगरा बादशाहपुर विधानसभा से राजनीति की शुरुआत करने वाली अनुपमा सिंह पटेल लगातार दो बार छात्र सभा की विधानसभा अध्यक्ष का नेतृत्व कर चुकी है, बाद में पार्टी ने उन्हें यूथ संगठन लोहिया वाहिनी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया। अनुपमा सिंह पटेल मैनपुरी, आजमगढ़, जौनपुर समेत विधानसभा मुंगरा बादशाहपुर में चुनाव में पार्टी छात्र सभा के प्रभारी के तौर पर भी काम कर चुकी है। यूथ संगठन लोहिया वाहिनी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने के बाद लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव, सुरेश चंद सोनी व अजीत यादव समेत कई अन्य नेताओं ने बधाई दी है।

# मुविवि छात्र शिकायत निवारण समिति के पोर्टल को अपडेट करे: लोकपाल

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज में छात्र शिकायत निवारण समिति की समीक्षा बैठक कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में लोकपाल प्रोफेसर पी के साहू, पूर्व कुलपति, इलाहाबाद विश्वविद्यालय ने सुझाव देते हुए कहा कि विश्वविद्यालय के छात्र सहायता एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के पोर्टल को अपडेट किया जाए तथा प्रत्येक माह में नियमित बैठकें आयोजित की जाए। लोकपाल प्रोफेसर साहू ने कहा कि शिकायत निवारण प्रकोष्ठ पोर्टल को खोलने की प्रक्रिया का प्रारूप विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध करा दिया जाए। प्रोफेसर साहू ने यह भी सुझाव दिया कि मॉक ड्रिल के माध्यम से संशोधित छात्र सहायता एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ पोर्टल के संचालन का प्रशिक्षण सुनिश्चित किया जाए। कुलपति प्रोफेसर सीमा सिंह ने कहा कि लोकपाल, छात्र सहायता एवं शिकायत निवारण प्रकोष्ठ का सर्वोच्च अधिकारी है। लोकपाल के पास शिकायत पहुंचने से पूर्व ही विश्वविद्यालय के अधिकारी यह सुनिश्चित करें कि छात्रों की शिकायतों का निवारण यथा संभव हो जाए। कुलपति प्रोफेसर सिंह ने कहा कि सभी छात्रों को प्रेरित किया जाए कि वह अपनी शिकायतें निर्धारित पोर्टल पर ही करें तथा इस संबंध में सभी 12 क्षेत्रीय केन्द्रों के माध्यम से प्रदेश भर में व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाया जाएगा।

बैठक में विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (छात्रों की शिकायतों का निवारण) विनियम 2023 संबंधी निर्गत अधिसूचना के अनुपालन में गठित समिति के सदस्य प्रोफेसर पी के स्टालिन, प्रोफेसर छत्रसाल सिंह, डॉ दिनेश सिंह एवं छात्र प्रतिनिधि के रूप में दिग्विजय सिंह आदि उपस्थित रहे। प्रारंभ में प्रोफेसर पी के स्टालिन ने कुलपति तथा लोकपाल का स्वागत किया। अन्त में कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## दो सगे भाइयों की ट्रेन से कट कर मौत

**प्रयागराज।** करछना के पचदेवरा में बीती रात बाजार से सामान खरीदने के बाद रेलवे लाइन पार कर रहे दो मजदूरों की ट्रेन के चपेट में आने से मौत हो गई। मध्यप्रदेश के झाबुआ निवासी दोनों श्रमिक सगे भाई थे। चार भाइयों में पहले और तीसरे नंबर के थे। पूरे परिवार के साथ यहीं पर मजदूरी कर रहे थे। पचदेवरा में तीसरी रेलवे लाइन बिछाई जा रही है। ठेकेदार मान सिंह को यह काम मिला है। उसकी फर्म के अधीन ही दोनों ट्रैक बिछाने का काम करते थे। पुलिस के अनुसार मृतकों की शिनाख्त मांजू भूरिया (38) पुत्र काम भूरिया व उसके भाई रामसु भूरिया (26) निवासी राणापुर पंजा फलिया नागनखेड़ी के रूप में हुई है। कहा जा रहा है कि बुधवार की देर रात पचदेवरा बाजार में सामान लेने गए थे।

# जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के जिला अध्यक्ष पद पर अरूण केसरवानी

अवधनामा संवाददाता

**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के माननीय अध्यक्ष पूर्व राज्यसभा सांसद बनवारी लाल कंछल ने जिला प्रयागराज के जिला अध्यक्ष पद पर अरूण केसरवानी वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रयाग व्यापार मंडल को सर्वसम्मति से नियुक्त किया। इससे पहले इस पद पर मोहम्मद कादिर थे जो की संगठन के प्रति विश्वशनीय कार्य नहीं किया करते थे। उनकी कार्यशैली संदेहास्पद बनी रहती थी जिनको प्रदेश नेतृत्व ने कुछ दिन पहले ही जिलाध्यक्ष पद से हटा दिया था। महामंत्री जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल प्रयागराज के पद पर सूरज सोनकर को मनोनीत किया गया

**सूरज सोनकर मनोनीत हुए महामंत्री**

है जो की झूंसी व्यापार मंडल के अध्यक्ष है और प्रयाग व्यापार मंडल से संबद्ध है। अरूण केसरवानी एवं सूरज सोनकर को प्रदेश नेतृत्व द्वारा इस पद पर नियुक्त किए जाने पर प्रयाग व्यापार मंडल के समस्त पदाधिकारीयों की तरफ से प्रदेश अध्यक्ष को और समस्त प्रदेश के पदाधिकारियों को हार्दिक धन्यवाद प्रेषित करते हुए आपार आभार प्रकट किया गया और अरूण केसरवानी एवं सूरज सोनकर को हार्दिक बधाई भी दिया गया। प्रयाग व्यापार मंडल से संबद्ध इकाइयों की तरफ़ से भी खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी गई जिसने मुख्य रूप से बमरौली व्यापार मंडल, मुंडेरा व्यापार मंडल, प्रीतम नगर व्यापार मंडल, सुलेमसराय व्यापार मंडल, झल्वा व्यापार मंडल , राजरूपपुर व्यापार मंडल, चकिया चक निरातुल व्यापार मंडल, लूकर गंज व्यापार मंडल, हिम्मत गंज व्यापार मंडल, खुल्दाबाद व्यापार मंडल, रोशन बाग व्यापार मण्डल, बड़ी स्टेशन व्यापार मंडल, लीडर रोड व्यापार मण्डल, प्रयाग अग्रहरी वैश्य समाज के अध्यक्ष ओमप्रकाश अग्रहरि द्वारा भी हर्षोल्लास से बधाई दी गई। उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल द्वारा दिए गए निर्देश के अनुसार प्रयागराज जिले के संपूर्ण स्थान गंगापार यमुनापार सभी जगह पर संगठन को मजबूत बनाने में पूरा अधिकार दे दिया गया है।

# बच्चों ने अपनी प्रतिभा का किया शानदार प्रदर्शन

अवधनामा संवाददाता

**मुबारकपुर, आजमगढ़।** मुबारकपुर मोहम्मदाबाद मार्ग पर सठियांव शिक्षा क्षेत्र अंतर्गत ग्लोबल पब्लिक स्कूल में तीन दिवसी स्काउट गाइड प्रशिक्षण का सम्मान एवं राष्ट्रीय विज्ञान दिवस पर बुधवार को विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल के बच्चों ने विभिन्न प्रकार के वैज्ञानिक प्रोजेक्ट बनाकर अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया वहीं स्काउट गाइड प्रशिक्षण शिविर का समापन मुख्य अतिथि प्रदेश महामंत्री राजीव यादव ने बच्चों को पुरस्कार वितरित कर किया ग्लोबल पब्लिक स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय स्काउट गाइड प्रशिक्षण में बच्चों को स्काउट के नियम व गांठ बांधना खोलना सहित जानकारी दी गई इसके अलावा विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने वैज्ञानिक दृष्टिकोण से बनाए गए प्रोजेक्ट का प्रदर्शन किया इस प्रदर्शन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले बच्चे में कक्षा 5 शिवांगी यादव प्रथम कक्षा 5 के छात्रा करिश्मा यादव तथा तीसरे स्थान पर राज सिंह तीसरा स्थान प्राप्त किया मुख्य अतिथि राजीव यादव ने कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी में बच्चों ने अपनी वैज्ञानिक प्रतिभा से यह संदेश दिया है कि वह अच्छा भविष्य में कुछ कर सकेंगे इस प्रकार का कार्यक्रम किया जाना चाहिए ताकि बच्चों का विकास हो सके।

# दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी याद में मुशायरे का आयोजन

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ़।** दिवंगत स्वतंत्रता सेनानी एंव पूर्ण मुख्यमंत्री हेमवती नंदन बहुगुणा ने उर्दू को रोजी रोटी से जोड़ा। बहुगुणा कमेटी के जिला अध्यक्ष साजिद खान आजमी ने लोगों से मुशायरे को कामयाब बनाने की अपील की और कहा के उर्दू भाषा को जीवित रखने में मुशायरों का बड़ा योगदान रहा है। बहुगुणा जी एक बड़े समाजसेवी एंव धर्मनिरपेक्ष नेता थे। जिन्होंने देश की राजनति में अपनी अमिट छाप छोड़ी है। वो आपसी मेल जोल और भाई चारे में विश्वास रखते थे एंव हिंदू मुस्लिम एकता के प्रतीक थे। तथा इस संबंध में लोगों को सरकारी पदों पर नियुक्त भी किया। उनकी स्मृति में जिला आजमगढ़ के कया गहनी में आल इंडिया मुशायरा एंव कवि सम्मेलन का आयजोन पिछले कई दशकों से किया जाता रहा है। जिसमें किसी भी भेद भाव से परे सभी लोग भाग लेकर साजिद खान आजमी ने प्रेस को प्रकट करते रहे है। ये बाते हेमवती नंदन बहुगुणा समिति के जिला अध्यक्ष साजिद खान आजमी ने प्रेस कांफ्रेस के दौरान कहीं। उन्होंने बताया कि पिछली दो दहाइयों से हेमवती नंदन बहुगुणा जी की स्मृति ने मुशायरे का आयोजन कराते रहे है। इसी कड़ी में इस साल 3 मार्च को उनके पैतृक गाँव कंवरा गहनी में आल इंडिया मुशायरा एवं कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें देश के विभिन्न प्रांतो से उर्दू एंव हिंदी के प्रख्यात कवि एंव कवित्रीगण भाग लेंगे।

# किन्नरों के लिए बनाया जाये सार्वजनिक स्थानों पर शौचालय

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट परिवार ने ट्रांसजेंडर किन्नर समुदाय के लिए जौनपुर जिले में सार्वजनिक सुलभ शौचालय की व्यवस्था एवं किन्नर समुदाय के हितकारी योजना का लाभ दिलाने की मांग जिला प्रशासन से की।

ट्रस्ट की अध्यक्ष उर्वशी सिंह ने कहा कि जैसा कि ज्ञात हो सुप्रीम कोर्ट ने 2014 में ट्रांसजेंडर को थर्ड जेंडर के रूप में मान्यता दी थी, साथ ही केंद्र व राज्यों को तीसरे समुदाय किन्नर समाज के लिए अन्य सुविधाओं के साथ शौचालय सुलभ शौचालय भी बनाने का निर्देश दिया था ताकि समाज में ट्रांसजेंडर को बराबरी का हक मिले। आज भी थर्ड जेंडर समाज के लोगो को कई तरह



की परेशानियों का सामना करना पड़ता है, खासकर टॉयलेट को लेकर सबसे ज्यादा मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। इसी क्रम में जिला जौनपुर में किन्नर समुदाय की संख्या अधिक है जिसके कारण आम शौचालय में जाने पर उनको हीन भावना से देखा जाता है। जौनपुर शहर की स्वच्छता का भी ध्यान रखते हुए तीसरे समुदाय ट्रांसजेंडर किन्नर समाज के लिए सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था करवाने की का आग्रह किया। इसके साथ-साथ ट्रांसजेंडर हेतु कल्याणकारी योजनाओं का भी विशेष रूप से क्रियान्वयन किया जाए ,जिसके अंतर्गत उत्तर प्रदेश में तमाम प्रमाण पत्रों के तरह ट्रांसजेंडर सर्टिफिकेट भी बनाया जा रहा है, जिसके बाद किन्नर समाज सरकार की तमाम योजनाओं का लाभ ले सकेंगे। शिक्षा हो चिकित्सा हो जहां भी वह अपना यह सर्टिफिकेट दिखाएंगे वहां उनको उनसे संबंधित हर योजना का लाभ आसानी से मिल जाएगा।

इसी क्रम में बिट्टू किन्नर अतुल्य वेल्फेयर ट्रस्ट गुलाबी समिति अध्यक्ष ने कहा कि किन्नर समुदाय के बच्चे या परिवार के अन्य सदस्य रोजगार करना चाहते हैं तो उन्हें प्रशिक्षित कर अनुदान देकर आत्मनिर्भर बनाने की सरकार की योजना का लाभ दिलाने के लिए आवेदन दिया। अतुल वेलफेयर ट्रस्ट जिसके लिए आजीवन आपका आभारी रहेगा !मुख्य रूप से सचिव मीरा अग्रहरी,दीपक श्रीवास्तव नीतू किन्नर, अंकित गुप्ता, पिन्टू गिरी, अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# टी.डी. कालेज के शिक्षकों एवं छात्रों का वि.वि. में अपना अलग ही स्थान: वंदना

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभागार में संस्थापक स्वर्गीय ठाकुर तिलकधारी सिंह का जन्मदिन गुरुवार को संस्थापक दिवस समारोह के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम की शुभारम्भ मुख्य अतिथि वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. वंदना सिंह द्वारा संस्थापक के चित्र के सामने दीप प्रज्जवलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित करके किया ।

मुख्य अतिथि कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने संबोधन में कहा कि संस्थापक जी द्वारा निर्मित इस संस्थान से लाखों लाख की संख्या में विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करके देश-विदेश में उच्च पदस्थ होकर एवं देश की सेवा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि तिलकधारी महाविद्यालय के शिक्षकों एवं छात्रों का विश्वविद्यालय में अपना अलग ही स्थान है।

महाविद्यालय के प्रबंधक राघवेंद्र प्रताप सिंह एवं अध्यक्ष प्रबंध समिति प्रोफेसर डॉक्टर श्री प्रकाश सिंह द्वारा मुख्य अतिथि को अंग वस्त्रम एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। महाविद्यालय की प्रगति आख्या प्रो. अजय कुमार दुबे ने प्रस्तुत किया। कुलपति को संस्थापक परिवार के श्रीप्रकाश सिंह द्वारा एवं स्थानीय क्षत्रिय महासभा के सचिव डॉ राधेश्याम सिंह ,वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ राहुल सिंह, महामंत्री डॉक्टर शैलेंद्र सिंह ,पूर्व अध्यक्ष डॉ विजय सिंह, उत्तर प्रदेश



विश्वविद्यालय महाविद्यालय शिक्षक संघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रोफेसर हिमांशु सिंह , प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष दुष्यंत सिंह एडवोकेट , डॉ डी आर सिंह, पूर्व प्रमुख सुरेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मुख्य अनुशास्ता डॉक्टर एमपी सिंह, पूर्व प्राचार्य डॉक्टर अरुण कुमार सिंह, वंशलोचन सिंह, प्रबंध समिति के सदस्य गण शिवेंद्र सिंह, उपेंद्र सिंह, वीरेंद्र प्रताप सिंह ,मुख्य अनुशास्ता प्रो. रीता सिंह, डा.ए के रघुवंशी ,डॉ माया सिंह ,प्रो.वंदना दूबे,प्रोफेसर श्रद्धा सिंह ,प्रो सुषमा सिंह, टीडी कॉलेज शिक्षक संघ इकाई के अध्यक्ष डॉ नरेंद्र देव पाठक ,डॉ विपिन कुमार सिंह डॉक्टर जितेश कुमार सिंह विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ पंकज गौतम डॉक्टर जीडी दुबे ने पुष्प गुच्छ देकर एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। प्रो.कनक सिंह के निर्देशन में छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।

ठाकुर उमाशंकर सिंह स्मृति निधि से डॉक्टर सिद्धार्थ सिंह के निर्देशन में पांचो संकाय के पी जी प्रथम वर्ष के सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्रों को?10000- 10000 एवं ठाकुर कृष्णनाथ सिंह रघुवंशी स्मृति निधि से डॉक्टर रेनू सिंह के निर्देशन में विज्ञान संकाय के रसायन विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, जंतु विज्ञान ,भौतिक विज्ञान, एवं गणित के पी जी प्रथम वर्ष में सर्वोच्च अंक पाने वाले छात्र-छात्राओं को रुपया 2500-2500 का पुरस्कार कुलपति द्वारा दिया गया। स्वागत भाषण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो.(डा .)आलोक कुमार सिंह द्वारा दिया गया। अपने अध्यक्षीय संबोधन में प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्रीप्रकाश सिंह ने संस्थापक के संबंध में प्रकाश डाला एवं बताया कि किस तरह से बलरामपुर सभागार के निर्माण में व्यवधान उत्पन्न किया गया था। संस्थापक ने बड़ी ही सरलता से उक्त व्यवधान को दूर कर इस सभागार का निर्माण कराया गया था। संचालन महाविद्यालय के पूर्व प्राचार्य प्रोफेसर समर बहादुर सिंह द्वारा किया गया। आभार ज्ञापन महाविद्यालय के प्रबंधक ठाकुर राघवेंद्र प्रताप सिंह द्वारा दिया गया। उन्होंने कुलपति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए संस्थापक दिवस समारोह में आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।


# संक्षिप्त समाचार

## कर्मचारी नेता शशि भूषण पांडेय ने थामा समाजवादी पार्टी का दामन




**प्रयागराज।** एजी यूपी के सेवानिवृत्त कर्मचारी नेता व समाजसेवी समाजवादी चिंतक शशि भूषण पांडेय सहायक लेखा परीक्षा अधिकारी ने आज महानगर अध्यक्ष सैय्यद इफ्तेखार हुसैन के द्वारा रसीद कटवाकर समाजवादी पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। सपा नेताओं ने शशि भूषण पांडेय का मुंह मीठा करवा कर बधाई दी। महानगर महासचिव रवीन्द्र यादव रवि, उपाध्यक्ष ओ0पी0 पाल, उपाध्यक्ष सैय्यद मोहम्मद हामिद, नगर सचिव मोहम्मद सऊद आदि ने कर्मचारी नेता शशि भूषण पांडेय को बधाई दी।

## भाजपाइयों ने टोली निकालकर लाभार्थियों से किया संपर्क



**प्रयागराज।** भाजपा कीडगंज मण्डल द्वारा मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र मिश्रा के नेतृत्व में लाभार्थी जनसंपर्क अभियान के अन्तर्गत शक्तिकेंद्र नया बैरहना एवम मलाकराज में लाभार्थियों के घर पर जाकर व्यापक जनसंपर्क किया। इस अवसर पर जनसंपर्क के दौरान घर-घर जाकर मोदी सरकार के कार्यों का जिक्र करते हुए पत्र वितरण किया गया। जनसंपर्क में मुख्य रूप से रेखा यादव, आभा द्विवेदी, राजेश केसरवानी, सतीश जायसवाल, विजय श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, सत्येन्द्र तिवारी, प्रमोद कुमार पाण्डेय, मीनू पांडे, विश्वजीत जायसवाल, संदीप श्रीवास्तव, कबीर जायसवाल, राहुल भारद्वाज, वंदना निषाद सीमा सागर, विनय मिश्रा, मंजू देवी, आशीष गौतम आदि रहे।

## रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव



**प्रयागराज।** पुरामुफ्ती थाना क्षेत्र के मंदर देहमाफी निवासी अहमद जान का बीस वर्षीय पुत्र इरफान प्राइवेट काम करता था। गुरुवार सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया, उधर, बेटा घर नहीं पहुंचा तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू कर दी।तलाश करने के बाद उन्हें जानकारी मिली कि एक युवक का शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। पुलिस के पास पहुंचने पर परिवार वालों ने शव की शिनाख्त की। मौत की खबर सुनते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन ने बताया कि उन्हें नहीं पता कि बेटा वहां कैसे पहुंचा और कोई साथ या अकेला था। मृतक अपने पांच भाई बहनों में दूसरे नंबर का था। मृतक के चाचा रहमत जान का कहना है कि जहां पर इरफान की लाश मिली वहां पर लोहे का रोड भी मिला है और इरफान के सर पर गंभीर चोट के निशान है परिजनों ने इसे दुर्घटना नही बल्कि इरफान की हत्या होने की बात कही है फिलहाल पुलिस जांच पड़ताल कर रही है।

## निःशुल्क नेत्र शिविर तीन मार्च को

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में दिशा ऑख अस्पताल की तरफ से निःशुल्क नेत्र जॉच शिविर का आयोजन तीन मार्च रविवार को किया गया है। यह शिविर 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चलेगा। विश्वविद्यालय कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक प्रो. राजकुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी अपने नेत्र का निःशुल्क परीक्षण करा सकते हैं। साथ ही ऑख से संबंधित बीमारियों के बारे में मुफ्त सलाह भी ले सकते हैं। यह शिविर विश्वविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों और उनके परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाने के लिए किया जा रहा है। जो भी परिवार आंख संबंधी समस्या से परेशान हो वह अपना परीक्षण कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्र में रविवार को आकर करा सकता है।

## सरकारी अस्पताल में चिकित्सा प्रभारी की मनमानी

**मुबारकपुरआजमगढ़।** मुबारकपुर सामुदायिक स्वाथ्य केन्द्र मुबारकपुर(सरकारी अस्पताल) मे इन दिनो चिकीत्सा प्रभारी डा सी पी गुप्ता द्वारा आए दिन मरिजो के साथ अभ्द्रर ब्यवहार को लेकर चर्चा है दवा पर्याप्त मात्रा न होने के कारण अधिकतर दवा बाहर से लिखने के लिए मजबुर है।इतना ही नही अस्पताल परिसर मे साफ सफाई पर भी लोगो का सवालिया निसान दर्साता है ।गौर तलब यह है कि वार्ड ब्वाय उर्मिला के स्थान पर उसका पुत्र चिकीत्सा प्रभारी के मेहरबानी पर कार्य कर रहा है।जो आए दिन मरिजो से उलझने की चर्चा मे बना हुआ है प्राप्त सूत्रो के अनुसार चिकीत्सा प्रभारी अपने स्टापो से रकम लेकर खुली छुट दे रख्खे है।ताकि स्टाप मनमानी कर सके।चर्चा यह भी है ।इसकी जानकरी होने पर पत्रकार द्वारा पूछे जाने पर टाल मटोल कर रहे है।

## नेहरू युवा केंद्र के तत्वाधान में जिला स्तरीय पड़ोसी युवा संसद कार्यक्रम 2024 का आयोजन



**आजमगढ़।** नेहरू युवा केन्द्र आजमगढ़ के तत्वावधान में युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर जिला स्तरीय पड़ोस युवा संसद कार्यक्रम-2024 का आयोजन 99 यू0 पी0 बटालियन एन सी सी आजमगढ़ के राजकीय पॉलीटेक्निक ग्राउंड में लगभग 2000 युवाओं की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ जिसमें 99 यू पी बटालियन के कैडेटों के साथ ही,मिजवां वेलफेयर सोसाइटी फूलपुर,राहुल सांकृत्यायन निकेतन,कम्पोजिट विद्यालय अम्बारी के प्रधानाचार्य राजेश यादव,रामदेव इंस्टीट्यूट खिल्लूपुर, शिब्ली नेशनल कॉलेज, डी ए वी, चंडेश्वर के छात्र व अन्य युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद माननीय दिनेश लाल यादव निरहुआ ने अपने उद्बोधन में कहा कि देश का युवा ही देश का भविष्य है।

# ईज़मायट्रिप ने ट्रैवल बुकिंग पर भारी छूट के साथ लीप ईयर ट्रैवल सेल का किया अनावरण

**नई दिल्ली।** भारत के अग्रणी ऑनलाइन ट्रैवल टेक प्लेटफॉर्मों में से एक, ईज़मायट्रिप.कॉम ने लीप ईयर ट्रैवल सेल की घोषणा की है, जो एक स्पेशल स्प्रिंग सेल है जो विस्तृत रेंज की यात्रा सेवाओं पर भारी छूट का वादा करता है। 27 फरवरी से 5 मार्च, 2024 तक चलने वाली यह सेल यात्रियों को उड़ानों, होटलों, बस टिकटों, कैब किराए और हॉलिडे पैकेजों पर आकर्षक डील्स के साथ रोमांच का एक्स्ट्रा डोज़ देने के लिए डिज़ाइन की गई है।

लीप ईयर ट्रैवल सेल के दौरान ग्राहकों को मिल सकती है ये छूट

उड़ानें- 25% तक की छूट

होटल- 50% तक की छूट

बसें - 15% तक की छूट

कैब - 12% तक की छूट

हॉलिडे पैकेज INR 11,299/- से शुरू

इन शानदार डिस्काउंट को प्राप्त करने के लिए, ग्राहक ईज़मायट्रिप ऐप या वेबसाइट के माध्यम से बुकिंग करते समय प्रोमो कोड "EMTLEAP" का उपयोग कर सकते हैं। इसके अलावा, चुनिंदा बैंक भागीदारों जैसे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड (अमेज़ॅन पे क्रेडिट कार्ड सहित) के साथ बुकिंग करके, उपयोगकर्ता अतिरिक्त छूट का लाभ उठा सकते हैं, जिससे उनके यात्रा अनुभव और भी बेहतर हो जाते हैं। इस सेल को और भी रोमांचक बनाने के लिए, सेल की अवधि के दौरान किया गए हर ट्रांजेक्शन पर आपको बाटा, फर्न्स एन पेटल्स, ज़ेप्टो, वारी और वॉगल्स सहित चुनिंदा ब्रांड भागीदारों से गिफ्ट वाउचर जीतने का मौका देता है।

ईज़मायट्रिप ने इस सेल के लिए कई प्रतिष्ठित एयरलाइन पार्टनर्स के साथ हाथ मिलाया है, जिसमें अमेरिकन एयरलाइंस, एयर मॉरीशस, एयर फ्रांस, केएलएम रॉयल डच एयरलाइंस, एयर अस्ताना, अकासा, एयर इंडिया, डेल्टा एयरलाइंस, ब्रिटिश एयरवेज, इजिप्ट एयर, इथियोपियन एयरलाइंस, गल्फ एयर, आईटीए एयरवेज, इंडिगो, केन्या एयरवेज, लुफ्थांसा, स्विस इंटरनेशनल एयरलाइंस, लॉट पोलिश, म्यांमार एयरलाइंस, ओमान एयर, क्वांटास एयरवेज, कतर एयरवेज, रवांडएयर, स्टार एयर, सिंगापुर, सऊदी एयरलाइंस, तुर्की एयरलाइंस, विस्तारा, वर्जिन अटलांटिक, और वियतनाम एयरलाइंस शामिल है।

इस स्पेशल सेल के लिए सलेक्टेड होटल पार्टनर्स में बाइक, क्लब महिंद्रा, ब्रिज, जोन बाय द पार्क, जस्टा, वेलकमहेरिटेज, श्रीगो, शेवरॉन, स्टारलिट, क्यू होटल, बियॉन्ड स्टे, ले रोई, ट्रीबो, रमी ग्रुप, वेस्टा, अनंता होटल्स लाइम ट्री, गो रूम गो, मैग्नस ग्रुप, ट्रीहाउस, सुमी यशश्री ग्रुप, जियान ग्रुप, रमाडा गुड़गांव सेंट्रल, कंट्री इन एंड सूट्स-साहिबाबाद, साराका होटल्स एंड रिसॉर्ट्स, लोहोनो स्टेज़, नीमराना ग्रुप ऑफ होटल्स, विंडफ्लावर रिसॉर्ट्स एंड स्पा, टीजीआई होटल एंड रिसॉर्ट्स, सिम्फनी रिसॉर्ट्स (अंडमान द्वीप समूह), ट्री ऑफ लाइफ, कंट्री इन, लॉर्ड्स (कुछ चुनिंदा होटल), स्प्री, रॉयल ऑर्किड / रीजेंटा (कुछ चुनिंदा होटल), जिंजर (कुछ चुनिंदा होटल), मेफेयर होटल, प्राइड (कुछ चुनिंदा होटल) होटल) OTHPL (मास्टिफ़, साइट्रस, किरियाड, ISTAY), स्टर्लिंग, फैब होटल और सुबा (कुछ चुनिंदा होटल) जैसे प्रसिद्ध नाम शामिल हैं।

# सैमसंग ने गैलेक्सी A15 5G के नए मैमोरी वैरिएंट की घोषणा



**गुरुग्राम।** भारत के सबसे बड़े उपभोक्ता इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड, सैमसंग ने आज 16499 रुपये की आकर्षक कीमत पर गैलेक्सी A15 5G का एक नया स्टोरेज वैरिएंट, 6जीबी+128जीबी लॉन्च करने की घोषणा की है। गैलेक्सी A15 5G खरीदने के इच्छुक उपभोक्ताओं को यह वैरिएंट कई विकल्प देगा। यह स्मार्टफोन वर्तमान में 8जीबी+256जीबी और 8जीबी+128जीबी स्टोरेज वैरिएंट में उपलब्ध है और तीन नए रंगों ब्लू ब्लैक, ब्लू और लाइट ब्लू में आता है।


काउंटरप्वाइंट रिसर्च के मुताबिक गैलेक्सी A15 5G, गैलेक्सी A14 5G का उत्तराधिकारी है जो 2023 का भारत का नंबर 1 बिकने वाला 5G स्मार्टफोन है। यह किफायती कीमत पर नवीनतम टेक्नोलॉजी प्रदान करने की सैमसंग की क्षमता का उदाहरण है। इसी वजह से सैमसंग भारत में लाखों उपभोक्ताओं की पहली पसंद बना हुआ है।

गैलेक्सी A15 5G हेज़ फ़िनिश में ग्लैस्टिक बैक पैनल के साथ प्रीमियम अनुभव के लिए गैलेक्सी के सिग्नेचर डिज़ाइन में आता है। साइड पैनल पर नया की आइलैंड डिज़ाइन और फ्लैट लीनियर कैमरा हाउसिंग बेहतर पकड़ की सुविधा देता है। गैलेक्सी A15 5G में 6.5 इंच का सुपर एमोलेड डिस्प्ले है जो विज़न बूस्टर से लैस है। ये 90H5 रिफ्रेश रेट और आंखों के आराम के लिए कम नीली रोशनी वाले डिस्प्ले के साथ सहज, ब्राइट और जीवंत अनुभव देता है।

गैलेक्सी A15 5G में वीडीआइएस के साथ 50MP ट्रिपल कैमरा सेटअप है, जो अस्थिर या अस्थिर गतिविधियों के कारण वीडियो में धुंधलापन या विकृति को कम करता है, साथ ही इसमें प्रोफाइल-लायक सेल्फी के लिए 13MP का फ्रंट कैमरा दिया गया है।

गैलेक्सी A15 5G नॉक्स सिक्योरिटी प्लेटफॉर्म के साथ आता है जो यह सुनिश्चित करता है कि यूजर ऑटो ब्लॉकर, प्राइवेसी डैशबोर्ड, सैमसंग पासकी और दूसरी सुविधाओं के साथ अपने डेटा पर पूर्ण नियंत्रण रखें। डिवाइस में चिप स्तर पर निर्मित नॉक्स वॉल्ट चिपसेट भी है जो सॉफ्टवेयर और हार्डवेयर खतरों से सुरक्षा के लिए आपके संवेदनशील डेटा, जैसे पिन, पासवर्ड और पैटर्न को एक अलग छेड़छाड़-प्रतिरोधी स्टोरेज में सुरक्षित रखने के लिए डिज़ाइन किया गया है। बेहतर गोपनीयता और सुरक्षा सुविधाओं से भरपूर, गैलेक्सी A15 5G को 4 पीढ़ियों तक के OS अपग्रेड और 5 साल तक के सुरक्षा अपडेट के साथ भविष्य के लिए तैयार रहने के लिए डिज़ाइन किया गया है।

## फुलीलोडेड प्रोसेसर, कैमरा और डिस्प्ले के साथ आईकू जेड 9 लॉन्च होने के लिए पूरी तरह तैयार



**नई दिल्ली।** हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड, आईकू ने पिछले साल विभिन्न बाजार क्षेत्रों में उल्लेखनीय वृद्धि और सफलता हासिल की है। आईकू जेड7 प्रो और जेड7, जो 2023 में उपभोक्ताओं द्वारा सबसे पसंदीदा स्मार्टफोन था, प्रदर्शन, डिज़ाइन और कैमरे के मामले में सबसे अलग था जिससे उन्हें अमेज़न.इन पर इस सेगमेंट में सर्वश्रेष्ठ डिवाइस बना दिया गया। सेगमेंट का सबसे बेहतरीन प्रदर्शन, डिज़ाइन/डिस्प्ले और कैमरा प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए, आईकू भारत में 12 मार्च, 2024 को इन स्मार्टफोनों की सीरीज में अगला फोन आईकू जेड9 को कई सेगमेंट में पहली बार लॉन्च करने के लिए तैयार है।इस पावरहाउस में शानदार सेगमेंट का पहला मीडिया टेक डाइमेंशनसिटी 7200 प्रोसेसर है, जो सेगमेंट में गति और प्रदर्शन के लिए एक नया मानदंड स्थापित करता है। 7.3 लाख से अधिक के AnTuTu बेंचमार्क स्कोर के साथ, आईकू जेड9 अपने सेगमेंट में सबसे तेज डिवाइस के रूप में खड़ा है, जो ज्यादा कीमत वाले प्रतिस्पर्धियों को भी टक्कर देता है।स्मार्टफोन ओआईएस क्षमता के साथ सेगमेंट के पहले 50 एमपी सोनी आईएमएक्स882 कैमरे के साथ हर पल को कैद करने में मदद करता है, जिससे बेहतरीन फोटोग्राफी का अनुभव मिलता है। आईकू जेड9 सेगमेंट में सबसे शानदार अमोल्ड एवं 1800 निट्स लोकल पीक ब्राइटनेस शामिल है डिस्प्ले टेक्नोलॉजी को नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। 120H5 अल्ट्रा-ब्राइट अमोल्ड, 300H5 टच सैंपलिंग रेट के साथ एक विजुअली इमर्सिव और रिस्पॉन्सिव गेमिंग एक्सपीरियंस की गारंटी देता है। यह स्मार्टफ़ोन डुअल स्टीरियो स्पीकर से भी लैस है, जो ऑडियो अनुभव को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण है और यूज़र्स को ज़्यादा इमर्सिव और हाई-क्वालिटी साउंड आउटपुट प्रदान करता है।

## मेटा ने झूठी खबरों के प्रसार के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए 'नो व्हाट इज़ रियल' कैंपेन शुरू किया



**दिल्ली।** मेटा ने एक एकीकृत सुरक्षा कैंपेन 'नो व्हाट इज़ रियल' शुरू किया है। यह कैंपेन आज के डिजिटल दौर में झूठी खबरों और गलत जानकारियों से लड़ने के महत्व पर जागरूकता बढ़ाने की कोशिशों का हिस्सा है। इसका लक्ष्य सबसे बेहतरीन डिजिटल पद्धतियों को प्रोत्साहन और सुरक्षा के उपलब्ध साधनों (टूल्स) को चिन्हित करके यूजर्स को व्हाट्सऐप और इन्स्टाग्राम पर झूठी खबरों को पहचानने तथा उनसे निपटने के लिए शिक्षित करना है। 8 सप्ताह तक चलने वाले इस कैंपेन में व्हाट्सऐप पर ब्लॉक और रिपोर्ट, फॉरवर्ड लेबल्स जैसे इन-बिल्ट प्रोडक्ट फीचर्स तथा सुरक्षा उपायों पर जोर दिया गया है। इन उपायों से यूजर्स को झूठी खबरों को चिन्हित करने और इन्हें आगे फैलने से रोकने की क्षमता हासिल होती है। साथ ही, लोगों को संदेहजनक या गलत लगने वाली जानकारी को व्हाट्सऐप चैनलों पर फैक्ट-चेकिंग (तथ्य जाँचने वाले) संगठनों के जरिये वेरीफाई करने का प्रोत्साहन मिलता है। इन्स्टाग्राम पर मेटा ने सूचना के सत्यापन के लिए फैक्ट-चेकर्स के मजबूत नेटवर्क के साथ गठबंधन किया है। अगर डीपफेक्स जैसा कुछ झूठ पाया जाता है तो वे ऐप में वार्निंग लेबल्स लगा देते हैं जिससे लोगों को पता चल जाता है कि यह सटीक नहीं है। हम अपने फैक्ट-चेकर्स द्वारा ÷झूठा÷ (फॉल्स) लेबल लगाए गए कंटेंट की पहुँच को भी सीमित कर देते हैं ताकि कम से कम लोग ही इसे देख सकें। इस कैंपेन के माध्यम से मेटा लोगों को किसी अप्रामाणिक कंटेंट को फॉरवर्ड या शेयर नहीं करने और सूचना को वेरिफाई करने के लिए इसे शिकायत अधिकारी या किसी निष्पक्ष फैक्ट-चेकर पार्टनर्स के पास रिपोर्ट करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

# जापान में वित्त वर्ष 2027 से कॉमर्शियल रूप से ऑटोनोमस ड्राइव मोबिलिटी सर्विस उपलब्ध कराएगी निसान

**योकोहामा, जापान।** निसान मोटर कंपनी लिमिटेड ने आज जापान में अपनी इनहाउस-डेवलप्ड, ऑटोनोमस-ड्राइव*1 मोबिलिटी सर्विसेज को वाणिज्यिक रूप से शुरू करने के लिए रोडमैप की घोषणा की।

यह कंपनी के दूरगामी विजन निसान एम्बिशन 2030 को साकार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इसके तहत जापान में स्थानीय लोगों के समक्ष आने वाली परिवहन सेवाओं से संबंधित समस्याओं को दूर करते हुए मोबिलिटी सर्विसेज को मजबूती देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। यहां के स्थानीय समुदायों को ड्राइवरों की कमी समेत मोबिलिटी से जुड़ी कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। तेजी से बुजुर्ग हो रही आबादी इसका बड़ा कारण है। अपनी ऑटोनोमस-ड्राइव मोबिलिटी सर्विस के माध्यम से निसान कई ऐसी सेवाएं प्रदान करेगी, जिनसे आसानी से आवाजाही सुनिश्चित हो सकेगी।

निसान 2017 से ही जापान और अन्य देशों में मोबिलिटी सेवाओं के




लिए बिजनेस मॉडल्स का परीक्षण कर रही है। इनमें योकोहामा का मिनाटो मिराई क्षेत्र और फुकुशिमा का नेमी कस्बा शामिल हैं, जहां नेमी स्मार्ट मोबिलिटी के नाम से मैन्ड मोबिलिटी सर्विस 2021 से परिचालन में है। जापान के बाहर निसान यूके सरकार के सहयोग से लंदन और अन्य क्षेत्रों में ऑटोनोमस-ड्राइव मोबिलिटी सर्विस का परीक्षण कर रही है।

परीक्षण से मिली जानकारी के साथ निसान वित्त वर्ष 2027*2 से ऑटोनोमस-ड्राइव मोबिलिटी सर्विस उपलब्ध कराने की योजना बना रही है। इसके लिए स्थानीय प्रशासन एवं ट्रांसपोर्ट ऑपरेटर्स के साथ काम किया जा रहा है। निसान वित्त वर्ष 2024 में मिनाटो मिराई क्षेत्र में ट्रायल शुरू करेगी और आगामी वर्षों में इसे धीरे-धीरे विस्तार देगी। ट्रायल के दौरान ऑटोनोमस ड्राइविंग के स्तर को धीरे-धीरे बढ़ाया जाएगा, साथ ही ग्राहकों के बीच इसकी स्वीकार्यता का आकलन किया जाएगा, जिससे ड्राइवरलेस सर्विस उपलब्ध कराई जा सके।

इस तरह बढ़ेंगे कदम-

वित्त वर्ष 2024

सेरेना मिनीवैन पर आधारित ऑटोनोमस ड्राइविंग व्हीकल का प्रयोग करते हुए योकोहामा के मिनाटो मिराई क्षेत्र में ड्राइविंग का परीक्षण किया जाएगा।

वित्त वर्ष 2025 और 2026

मिनाटो मिराई, सकुरागी-चो और कन्नाई समेत योकोहामा क्षेत्र में 20 वाहनों के साथ सर्विस परीक्षण किया जाएगा। इन वाहनों में एक ड्राइवर भी रहेगा।

वित्त वर्ष 2027

सैकड़ों वाहनों की मदद से ग्रामीण क्षेत्रों समेत तीन से चार नगर पालिकाओं में सेवा प्रदान करने का लक्ष्य। कई नगर पालिकाओं से इस संबंध में बातचीत चल रही है।

इस पहल को जापान के आर्थिक, व्यापार एवं उद्योग मंत्रालय;भूमि, बुनियादी ढांचा, परिवहन एवं पर्यटन मंत्रालय और अन्य केंद्रीय मंत्रालयों के साथ साझेदारी मेंआगे बढ़ाया जाएगा।

## नवभारत नवनिर्माण मंच उत्तर प्रदेश 2024 पर राज्य के सम्मानित नेता हुए एकत्र




**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के हालिया विकास की गति और राष्ट्रीय प्रगति में राज्य के योगदान की महत्वपूर्ण भूमिका को संबोधित करते हुए देश के प्रमुख नेता, जिनमें यूपी के माननीय मुख्यमंत्री, योगी आदित्यनाथ, अखिलेश यादव, समाजवादी पार्टी नेता और पूर्व सीएम, जयवीर सिंह, पर्यटन मंत्री, यूपी, संदीप सिंह, शिक्षा मंत्री, अजय राय, अध्यक्ष यूपीसीसी, बेबी रानी मौर्य (महिला एवं बाल विकास मंत्री, यूपी), दुर्गा शंकर मिश्रा, मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश, और हाजी कमरुद्दीन, एमडी, सर्वोकॉन + एमएसएमई, और अन्य लोग राज्य के महत्वपूर्ण मामलों पर चर्चा की

नवभारत नवनिर्माण मंच उत्तर प्रदेश 2024 में बोलते हुए, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, एक नए यूपी में एक नया अयोध्या आ रहा है और एक नया भारत। 500 वर्षों के बाद अयोध्या में भगवान राम की उपस्थिति एक ऐतिहासिक क्षण है, और मैं आप सभी से इसे संजोने का आग्रह करता हूं।

योगी आदित्यनाथ ने ठोस आंकड़ों और नवीनतम जमीनी रिपोर्ट के आधार पर राज्य में हो रहे महत्वपूर्ण बदलावों को स्पष्ट किया ढ्ढ उन्होंने घोषणा की, उत्तर प्रदेश एक ऐतिहासिक परिवर्तन के कगार पर है। राज्य में 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक के निवेश के साथ, हम एक नए युग का जन्म देख रहे हैं।

# शालीमार कलरोथॉनः लखनऊ में कला, संस्कृति और रचनात्मकता का अनूठा संगम




**लखनऊ।** नवाबी शहर के कला प्रेमियों के लिए कलरोथॉन शालीमार कॉर्प के सहयोग से एक भव्य कला उत्सव का आयोजन 3 मार्च 2024 को गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क, में करने जा रहा है। इस बहुप्रतीक्षित कला उत्सव में हर उम्र के लोग शामिल होकर कला की इंद्रधनुषी दुनिया का आनंद उठा सकते हैं।

इस मेगा आर्ट इवेंट के आयोजन की घोषणा करते हुए शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, प्रसिद्ध वैज्ञानिक मिलिंद राज, अहमद शरीफ और शम्स वारसी संस्थापक और सह-संस्थापक मैनेजिंग ट्रस्टी कलरोथॉन फाउंडेशन और डॉ. वंदना सहगल डीन एंड प्रिंसिपल (फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग, एकेटीयू) ने गुरुवार को कार्यक्रम से पहले एक प्रेस कॉन्फ्रेंस संबोधित किया।

कलरोथॉन सिर्फ एक इवेंट नहीं, बल्कि रंगों का एक उत्सव है जो भावनाओं, विचारों और अभिव्यक्तियों को उजागर करता है। कलाकारों, चित्रकारों और स्केचिंग के शौकीन लोगों के लिए, यह एक कैनवास है जहाँ वे अपनी कल्पनाओं को रंगों में उतार सकते हैं। लाइव संगीत और मनमोहक प्रदर्शनों के बीच, कलरोथॉन प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का एक मंच प्रदान करता है। यह एक ऐसा अवसर है जहाँ आप अपनी कला के माध्यम से खुद को व्यक्त कर सकते हैं और रंगों की दुनिया में खो सकते हैं।

शालीमार कॉर्प के निदेशक कुणाल सेठ ने कहा, शालीमार को यह घोषणा करते हुए बेहद गर्व की अनुभूति हो रही है कि वह कलरोथॉन 2024 कार्यक्रम का प्रायोजक है। इस कार्यक्रम में सभी के लिए निशुल्क प्रवेश है। यह कार्यक्रम सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक उत्थान को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जाएगा। हम इस सार्थक पहल का समर्थन करने के लिए रोमांचित हैं जो सामुदायिक जुड़ाव और सामाजिक जिम्मेदारी के हमारे मूल्यों के अनुरूप है। एक जिम्मेदार कॉर्पोरेट नागरिक के रूप में, शालीमार समुदाय को वापस देने और सांस्कृतिक संवर्धन के अवसर पैदा करने के महत्व को पहचानता है।

## बेसिक एकेडमी 5000 ग्रेजुएट्स को रोजगार के अवसरों के लिए सहयोग प्रदान करेगी

**लखनऊ।** फिनटेक स्टार्ट-अप बेसिक होम लोन की स्किल डेवलपमेन्ट वेंचर बेसिक एकेडमी अगले तीन सालों में 5000 ग्रेजुएट्स को ट्रेनिंग देकर, उन्हें अप स्किल कर नौकरी पाने में सहयोग प्रदान करेगी। खास तौर पर बैंकिंग सेक्टर में सरकार के आत्मनिर्भरभारत और कौशल भारत मिशन को समर्थन प्रदान करने के लिए बेसिक एकेडमी कॉलेज ग्रेजुएट्स को होमलोन उद्योग में करियर शुरू करने और आगे बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण प्रदान करेगी।

स्किल डेवलपमेन्ट वेंचर के बारे में बात करते हुए बेसिक होम लोन के संस्थापक अतुल मोंगा ने कहा, ''एक अनुमान के मुताबिक होम लोन उद्योग अगले 3-4 सालों में 300 बिलियन साइज से दो गुना होकर 600 बिलियन डॉलर के आंकड़े तक पहुंच जाएगा। इस बीच जॉब ओपनिंग्स में बढ़ोतरी सेक्टर की बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए अपस्किलिंग के महत्व पर जोर देती है। बेसिक एकेडमी में हम 2024 में 1000 प्रोफेशनल्स को तथा अगले 3 सालों में 5000 प्रोफेशनल्स को अपस्किल करेंगे। हम बैंकिंग सेक्टर में उनके करियर के विकास के लिए मेंटर एवं पार्टनर की भूमिका निभाना चाहते हैं।' बेसिक एकेडमी इन युवा प्रोफेशनल्स को अपने पैरेंट वेंचर बेसिक होम लोन या अपने पार्टनर बैंकों में नौकरी पाने में भी मदद करेगी। ''हमारे ये सभी प्रयास भारत के कौशल विकास लक्ष्यों को हासिल करने और हमारी विकासशील अर्थव्यवस्था में विकसित बनाने में योगदान देंगे।' अतुल ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा। बेसिक एकेडमी 8-सप्ताह का एक स्पेशलाइज्ड प्रोग्राम ला रही है जिसके तहत उन युवा ग्रेजुएट्स को प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन दिया जाएगा जो बैंकिंग सेक्टर में करियर बनाना चाहते हैं। 360 डिग्री दृष्टिकोण के माध्यम से उन्हें क्लास रूम एवं फील्ड प्रशिक्षण पाने तथा बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ विशेष सैशन्स में हिस्सा लेने का मौका मिलेगा। इसके बाद उन्हें व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए चार सप्ताह के ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग सैशन्स आयोजित किए जाएंगे।

# डोनियर ग्रुप ने लॉन्च किया 'नियो स्ट्रेच फ़्रीडम टू मूव

**कानपुर।** भारत का सबसे बड़ा लाइफस्टाइल और फैशन हाउस, डोनियर ग्रुप अपनी एक पहल से इन दिनों सुर्खियों में है। इसकी वजह है कि फैशन की दुनिया में तहलका मचाने के लिए यह ग्रुप लेकर आया है एक म्यूज़िकल कैंपेन 'फ़्रीडम टू मूव'। इस म्यूज़िकल में दर्शकों के सामने होंगे टाइगर श्रॉफ, नताशा भारद्वाज और जन्नत जुबैर रहमानी। इस तिकड़ी का गीत 'नियो स्ट्रेच फैब्रिक' को लॉन्च करता है। यह दुनिया का सबसे बढ़िया फैब्रिक है जो चार तरफ़ स्ट्रेच हो सकता है। इस फैब्रिक से ग्राहकों को मिलेगी मूव के लिए ज़्यादा आजादी। लॉन्च के मौके पर डोनियर इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्रबंध निदेशक राजेंद्र वी. अग्रवाल ने कहा नियो स्ट्रेच के ब्रैंड एंबेसडर के रूप में टाइगर श्रॉफ को चुनना स्वाभाविक था। उनकी डायनैमिक एनर्जी और एफ़र्टलेस स्टाइल हमारे इस नए तरह के फैब्रिक नियो स्ट्रेच के साथ मैच होती है। डोनियर ग्रुप का यह फैब्रिक गुणवत्ता के प्रति हमारी प्रतिबद्धता के साथ ही ग्राहकों के लिए आराम और फैशन को फिर से परिभाषित करने के लिए किए जाने



वाले हमारे लगातार प्रयास का ही नतीजा है। डोनियर में हमारा मानना है कि नियो स्ट्रेच के साथ, हम फैब्रिक की दुनिया में नए स्टैन्डर्ड स्थापित करेंगे। 'फ्रीडम टू मूव' कैंपेन के बारे में बात करते हुए डोनियर ग्रुप के एवीपी ब्रांड मार्केटिंग आकाश मिश्रा ने कहा, फ्रीडम टू मूव कैंपेन के पीछे अलग तरह के फैब्रिक के लिए जगह बनाना और इससे जुड़ा अनुभव को सभी तक पहुंचाने का विचार था। नियो स्ट्रेच हमारा प्रमुख प्रॉडक्ट है जो इस नई पहल में हमारे लिए सबसे अहम प्रॉडक्ट है। हमारा लक्ष्य नियो स्ट्रेच को फैशन की दुनिया का जाना पहचाना नाम बनाना है। इस म्यूज़िकल का हर स्टेप और हर मूव इस फैब्रिक से मिलने वाले कंफर्ट और आजादी को बताता है। इनोवेशन और क्रिएटिविटी के इस सफर के लिए हमारे साथ बने रहें।÷

डोनर स्टूडियोज के लिए इस म्यूज़िकल को ख्यात म्यूजिक वीडियो डाइरेक्टर मिहिर गुलाटी ने डाइरेक्ट किया है। इसे ड्रीम्सवॉल्टमीडिया और बैंग ऑन फिल्म्स ने प्रोड्यूस किया है। इस लॉन्च में फैशन और सिनेमा से जुड़े कई सितारे नजर आए। टेक्सटाइल की दुनिया में डोनियर ग्रुप जाना-पहचाना नाम है और भारत में चार तरफ़ से स्ट्रेच होने वाले फैब्रिक का सबसे बड़ा मैन्युफैक्चरर भी है। यह ग्रुप अपने नए इनोवेशन से लोगों को मूवमेंट के लिए ज़्यादा आजादी देने जा रहा है। इस फैब्रिक में हवा की आवाजाही अब तक के सभी फैब्रिक से बेहतर है, इसका लचीलापन और आराम भी सबसे बेहतर है। इस नई पहल से डोनियर ग्रुप मार्केट में नए स्टैन्डर्ड सेट करने जा रहा है।

## एचपी ने भारत में नए ऑफिस जेट प्रो प्रिंटर्स लॉन्च किए



**लखनऊ।** एचपी ने आज विशेषरूप से भारत में एसएमबी की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किए गए ऑफिसजेट प्रो प्रिंटर्स की नई रेंज पेश की है। इस नवीनतम रेंज से अत्याधुनिक एवं सबसे भरोसेमंद, सुविधाजनक और पर्यावरण के अनुकूल प्रिंटिंग सॉल्यूशंस मिलेंगे, जिसका उद्देश्य उद्योगों की उत्पादकता बढ़ाना है। छोटे उद्यमी चाहे घर से, ऑफिस से या क्रिएटिव स्टूडियो से काम करें, उन्हें हर जगह से अपनी उत्पादकता को बेहतर करने में मदद मिलेगी।

एचपी इंडिया के सीनियर डायरेक्टर, प्रिंटिंग सिस्टम्स सुनीश राघवन ने कहा बढ़ते डिजिटलाइजेशन और हाइब्रिड वर्कफोर्स के साथ भारत में एसएमबी तेजी से विकास कर रहे हैं। एचपी छोटे एवं मध्यम उद्यमों के समक्ष आने वाली अलग तरह की चुनौतियों से निपटने और इनोवेशन में उनकी मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमारी ऑफिसजेट प्रो सीरीज में ए3 प्रिंटिंग क्षमता, बड़ी टच स्क्रीन, इंटीग्रेटेड सिक्योरिटी और कनेक्टिविटी जैसे कई फीचर्स हैं, जिन्हें विशेषरूप से भारत में एसएमबी की विविध जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। यह रेंज सुनिश्चित करती है कि सभी एसएमबी और हाइब्रिड वर्कर्स को एक आदर्श प्रिंटर सॉल्यूशन मिले तथा होम ऑफिस या बड़े ऑफिस जैसी किसी भी जगह से काम करते हुए उनकी उत्पादकता बढ़े एवं उनका विकास हो।

नई ऑफिसजेट प्रो सीरीज में कई ऐसे फीचर्स है, जो आज के भाग-दौड़ भरे माहौल में आगे बढ़ने के लिए उद्यमों के लिए बहुत जरूरी हैं। इस पोर्टफोलियो में पी3 कलर सपोर्ट के साथ इंडस्ट्री में अपनी तरह के पहले वाइड-फॉर्मेट बिजनेस इंकजेट प्रिंटर्स शामिल हैं, जिनसे प्रिंटिंग एवं स्कैनिंग दोनों में ए3 तक सभी मीडिया साइज में बेहतरीन एवं सटीक कलर रिप्रोडक्शन सुनिश्चित होता है।

# आइडेमिया इंडिया फाउंडेशन ने बायोडायवर्सिटी पार्क में 15,000 पौधे लगाए

**नोएडा।** आइडेमिया इंडिया फाउंडेशन को नोएडा के फेज़ 2 में पूर्व में औद्योगिक डंपिंग ग्राउंड रही 3.8 एकड़ भूमि को एक समृद्धशाली बायोडायवर्सिटी पार्क में तब्दील करते हुए हर्ष हो रहा है। यह पर्यावरण संरक्षण और समुदाय के कल्याण को लेकर इसकी दृढ़ प्रतिबद्धता प्रदर्शित करता है। नोएडा प्राधिकरण और गिव मी ट्री फाउंडेशन के गठबंधन में हमारी टीम ने 70 से अधिक प्रजाति के 15,000 पौधों का सफलतापूर्वक रोपण किया है जोकि उस क्षेत्र के पारिस्थितिकीय परिदृश्य को समृद्ध बनाने में एक बड़ा कीर्तिमान है।

पूर्व में अपने औद्योगिक डंपिंग यार्ड के इतिहास को लेकर कलंकित इस स्थान पर कठिन चुनौतियां थी जिसमें गहराई से बैठे औद्योगिक रसायन और जमा मलबा शामिल था। इन बाधाओं से पार पाने में छह महीने का समर्पित प्रयास लगा जो सफाईपूर्वक सफाई, चारों ओर से घिरे मलबे को हटाने और प्लास्टिक हटाने पर केंद्रित रहा। यहां पर विविध प्रकार की वनस्पति और जीव टिक सकें, यह सुनिश्चित करने के लिए मिट्टी को फिर से उपजाऊ बनाने के




गहन प्रयास किए गए।

इस भूमि का पुनरुद्धार आइडेमिया के कर्मचारियों के उदार निवेश और समय व ऊर्जा के जरिए ही संभव हो सका जिसके परिणाम स्वरूप इसका एक जीवंत जैव विविधता अभयारण्य में परिवर्तन हुआ। यह समर्पण और स्थानीय अधिकारियों एवं गिव मी ट्री टीम के सहयोगात्मक प्रयासों के बल पर यह उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल हुई। इस पौधारोपण पहल के उपरांत, प्रतिभागी इस पार्क के शांत सौंदर्य में खुद को तल्लीन करते हुए एक पोस्ट प्लांटेशन नेचर वॉक में शामिल हुए। पर्यावरण विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में सहभागी लोगों को उस क्षेत्र की समृद्ध जैव विविधता और प्राकृतिक निवास के संरक्षण के महत्व को लेकर बहुमूल्य अंतर्दृष्टि मिली।

आइडेमिया ग्रुप के भारत के क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं कार्यकारी उपाध्यक्ष (ब्रांडिंग एवं कम्युनिकेशंस) मैथ्यू फॉक्सटन ने अपना आभार प्रकट करते हुए कहा, ÷आइडेमिया इस बायोडायवर्सिटी पार्क के विकास के लिए एक कॉरपोरेट साझीदार के तौर पर हमें काम सौंपने के लिए उनकी सराहना करती है। हम सौभाग्यशाली हैं कि हमें समुदाय की बेहतरी में योगदान करने का अवसर मिला। हमारा दृढ़ विश्वास है कि जैव विविधता को प्रोत्साहन देने से वर्तमान और भावी पीढ़ियों दोनों के लिए जीवन की गुणवत्ता बढ़ती है।÷

यह पहल निगमित सामाजिक जिम्मेदारी के प्रति आइडेमिया के समग्र दृष्टिकोण का प्रतीक है जिसमें उन पहल पर ज़ोर दिया जाता है जिससे ना केवल पर्यावरण को लाभ हो, बल्कि सामुदायिक सहभागिता को बढ़ावा मिले और टिकाऊ विकास को प्रोत्साहन मिले।

## छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व सलाहकार गौरव द्विवेदी इंडिया को यूके अचीवर्स ऑनर्स 2024 में सम्मानित किया गया

**नई दिल्ली।** छत्तीसगढ़ सरकार के पूर्व सलाहकार गौरव द्विवेदी इंडिया यूके अचीवर्स ऑनर्स 2024 में सोसाइटी एवं पॉलिसी वर्ग में फाइनलिस्ट्स में शामिल हुए हैं। नेशनल इंडियन स्टूडेंट्स




एंड एल्युम्नी यूनियन यूके (एनआईएसएयू) की ब्रिटिश काउंसिल (भारत में) और यूके गवर्नमेंट डिपार्टमेंट फॉर बिजनेस एंड ट्रेड की साझीदारी में की गई इस पहल का उद्देश्य अध्ययन के ब्रिटिश प्रोग्राम की पढ़ाई करने और अपने क्षेत्र में उत्कृष्टता हासिल कर समाज में उल्लेखनीय योगदान करने वाले भारतीय विद्यार्थियों एवं पूर्व छात्रों की पहचान कर भारत-ब्रिटेन शैक्षणिक संबंधों का जश्न मनाना है। इंडिया यूके अचीवर्स ऑनर्स का महत्व रेखांकित करते हुए ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने कहा, सबसे पहले मैं इस विशेष ब्रिटेन-भारत साझीदारी की हिमायत करने के लिए आप सभी को धन्यवाद करना चाहूंगा। मुझे यह देखकर खुशी है कि दूसरी बार आप असाधारण भारतीय प्रतिभा प्रदर्शित कर रहे हैं जिसे ब्रिटेन में विकसित किया गया है। मैं ब्रिटेन-भारत साझीदारी को लेकर अत्यधिक गौरवान्वित हूं और 2023 का अचीवर्स ऑनर्स इस साझीदारी से निकले मजबूत परिणामों को रेखांकित करता है। एनआईएसएयू यूके की चेयर और यूके इंटरनेशनल हायर एजुकेशन कमीशन की कमिश्नर सनम अरोड़ा ने कहा, जैसा कि हम यहां यूके पार्लियामेंट मे इस वर्ष के अचीवर्स ऑनर्स के फाइनलिस्ट का अनावरण कर रहे हैं, हम विरासत और महत्वाकांक्षा के संगम में खड़े हैं। आज हम अदम्य भावना का जश्न मना रहे हैं जो लोगों को सीमाओं से परे ले जाता है और एक वैश्विक मंच पर सफलता को नए सिरे से परिभाषित करता है।

# 5763 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित डीएम ने केंद्रों का किया निरीक्षण

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यूपी बोर्ड परीक्षा में सख्ती के कारण 5763 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में परीक्षा सकुशल संपन्न कराई जा रही है। गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय में स्थापित कंट्रोल रूम से मिली जानकारी के अनुसार जिले में 150 केंद्रों पर प्रथम पाली की परीक्षा संपन्न हुई।

प्रथम पाली में हाई स्कूल विज्ञान विषय में पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 61518 थी जिसके सापेक्ष 57337 छात्र उपस्थित हुए जबकि 4181 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटर लेखाशास्त्र में पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 821 थी जिसमें 27 छात्र अनुपस्थित रहे। इंटर में ही पाली विषय में कुल 13 छात्र थे सभी उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में 142 केंद्रों पर परीक्षा संपन्न हुई जिसमें इंटर में जीव विज्ञान में पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 21454 थी जिसके सापेक्ष 20215 उपस्थित हुए जबकि 1239 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार इंटर गणित में पंजीकृत कुल छात्रों की संख्या 6539 थी जिसमें 309 अनुपस्थित रहे। हाई स्कूल कृषि विज्ञान में कुल 212 छात्र पंजीकृत थे जिसमें से 7 अनुपस्थित रहे। इस प्रकार गुरुवार को कुल 5763 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। बता दें कि परीक्षा को सकुशल व नकलविहीन संपन्न कराने के लिए प्रथम पाली में छः सचल दल द्वारा 38 परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया गया जबकि 29 सेक्टर, 6 जोनल व 3 सुपर जोनल मजिस्ट्रेट भ्रमण करते रहे। इसी प्रकार द्वितीय पाली में 141 केंद्रों पर छः सचल दल, 29 सेक्टर मजिस्ट्रेट केंद्रों का भ्रमण करते रहे। इस दौरान कहीं से भी कोई अनुचित साधन का प्रयोग करते नही पकड़ा गया। परीक्षा के दौरान जिलाधिकारी उमेश मिश्रा ने गुरुवार को किसान इंटरमीडिएट कॉलेज साखोपार में माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. द्वारा संचालित हाई स्कूल व इंटरमीडिएट के वर्ष 2024 की परीक्षाओं के दृष्टिगत केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा केंद्र व्यवस्थापक से कुल विद्यार्थियों की उपस्थिति, परीक्षा कक्षों की संख्या के बारे में जानकारी ली तथा सीसीटीवी युक्त कंट्रोल रूम, स्ट्रांग रूम, परीक्षा कक्षों का बारी बारी से निरीक्षण किया गया। जिसपर केंद्र व्यवस्थापक/प्रधानाचार्य द्वारा बताया गया की 9 कमरों में परीक्षा संचालित हो रही है जिसमें 391 पंजीकृत परीक्षार्थियों के सापेक्ष 375 परीक्षार्थी उपस्थित है जबकि 16 अनुपस्थित है। निरीक्षण के दौरान परीक्षा शांतिपूर्ण अनवरत संचालित की जा रही थी।

**परीक्षा के दौरान किसी भी स्तर से लापरवाही क्षम्य नही : डीएम**

## कोर्ट के आदेश पर दर्ज हुआ घर में घुसकर मारपीट, छेड़छाड़ व छिनैती का केस

**गोरखपुर।** गीडा थाना क्षेत्र के हरैया निवासी जावेद अहमद पुत्र बला उल्लाह उर्फ बांके जिनका सफी उल्लाह निवासी तुर्कमानपुर चिनली थाना राजघाट के तीनो बेटे से हरैया स्थित भूमि के संबंध में विक्रय के लिए 36 लाख में सौदा हुआ। 36 लाख भुगतान होने के बाद भूमि बैनामा करने को कहा तो इसी बीच सफी उल्लाह की चार पुत्रियां हिस्सा मांगने लगी। बातचीत में 7 लाख रुपया और देने के बाद बैनामा करने की बात करने लगे। पीड़ित ने हफीजूर्रहमान को 35 लाख चेक दिया। और चारो बहनों को भी एक एक लाख चेक देकर बैनामा करने को कहा। लेकिन बैनामा न करने का बहाना बनाने लगे। चेक वापस करने को कहा तो वह बहाना बाजी करते रहा। जैसे ही चेक की तिथि समाप्त हुआ तो जालसाज ने एनआईटी एक्ट का केस न्यायालय में दर्ज करा दिया। 8 मई 2023 को आरोपी घर में घुसकर मारा पीटा और टीवी तोड़ दिया। बचाव करने गई पत्नी मरते पीटते हुए गले से चैन छीन लिया और नग्न करने की नियत से कपड़े फाड़ दिए।

# उन्मुखीकरण कार्यशाला के तहत माताओं को किया गया जागरूक

अवधनामा संवाददाता



**बोदरवार कुशीनगर।** आंगनबाड़ी और बाल वाटिका में माताओं की भागीदारी सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से शासन के निर्देश पर प्राथमिक विद्यालयों में संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों पर माता उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है जिसके तहत उच्च प्राथमिक विद्यालय मुंडेरा में मौसम थीम के तहत सफल माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता आंगनबाड़ी कार्यकत्री आशा सिंह और प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगेश्वर त्रिपाठी ने किया। गुरुवार को कप्तानगंज क्षेत्र के मुंडेरा में को लोकेटेड उच्च प्राथमिक विद्यालय में मौसम थीम पर आधारित माता उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया। जिसमें मंजू, सुगंधी, सोनकेशा, देवंती केशरी, सुभावती, वंदना, इसरावती, मुनक्का सहित दर्जनों माताओं ने प्रतिभाग किया और अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि बदलते मौसम में बच्चों के प्रति हम माताओं की जिम्मेदारी और बढ़ जाती है। हमें बच्चों को कब गर्मी, धूप बरसात में कैसे रखना है। उन्हें कैसे तैयार कराकर विद्यालय के केन्द्र पर भेजना है। ऐसे तमाम बिंदुओं पर विधिवत प्रकाश डाला। प्रभारी प्रधानाध्यापक गंगेश्वर त्रिपाठी ने माताओं को जागरूक करते हुए कहा कि माताएं बच्चों की प्रथम गुरु होती है। उनके आचार विचार, व्यवहार और पोषण का बच्चों पर विशेष प्रभाव पड़ता है। इस अवसर पर सहायक अध्यापक मनोज कुमार मद्धेशिया ने भी अपना विचार व्यक्त किए। शिक्षा मित्र अनीता सिंह और दयाशंकर सिंह ने आई हुई माताओं के प्रति आभार प्रकट किया।

## नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के लिए निकली कलश यात्रा



**मथौली, कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** विकास खंड मोतीचक के ग्राम पंचायत मठिया उर्फ अकटहां में नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के गुरुवार को 1001 कुंवारी कन्याओं ने कलश निकला। इस दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय हो उठा था। कलश यात्रा में हाथी घोड़ा, गाजे-बाजे के बीच श्रद्धालुओं ने निकाली। इसके पूर्व सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई थी। लोग यज्ञ स्थल से रानीपार ऊर्फ हरैया, मथौली चौराहा, फरदहां होते हुए छोटी गंडक रगड़गंज घाट पर पहुंचकर यज्ञाचार्य जितेंद्र पाठक द्वारा मंत्र उच्चारण के साथ जल भरवाया गया। पुन- यज्ञ स्थल पहुंचकर मंत्रोच्चारण के बीच कलश स्थापित हुआ। इस दौरान यज्ञ के आयोजक राम लौट दास, पूर्व प्रधान इंद्रासन यादव, श्याम सुन्दर यादव, सुरेंद्र मिश्र, मुकेश नंदा, रामदास यादव, रामाज्ञा कनौजिया, अजय साहनी, मिथिला राज, विजय नंदा, दुर्गा वर्मा, संदीप वर्मा, परशुराम सिंह, मालिक बाबा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## शॉर्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, सामान जलकर राख

**अहिरौली बाजार, कुशीनगर।** सेंदुरिया विशुनपुर में मंगलवार की रात करीब 12 बजे शार्ट सर्किट से गुमटी में आग लग गई। उसमें रखा किराना का सामान राख हो गया। पीड़ित ने घटना की सूचना पुलिस और हल्का लेखपाल को दी। 112 नंबर पुलिस ने मौके का जायजा लिया। सेंदुरिया विशुनपुर निवासी इब्राहिम अली अपने धर के सामने परिवार का जीविका चलाने के लिए गुमटी में किराने की दुकान खोली है। मंगलवार की रात करीब 12 बजे दुकान के बगल में लगे बिजली मीटर में शार्ट-सर्किट से आग लग गई। परिवार के लोग सोए थे। दुकान से आग की लपट और धुंआ निकलता देख दुकानदार और परिजन जागे। घर के सामने आग लगने के कारण परिजन घर से बाहर नहीं निकल पा रहे थे। घर के अंदर से ही शोर मचाने लगे। आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों के काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। लेकिन तब तक आग ने बगल में रखी बाइक, साइकिल और एक पिकअप वाहन आग की भेंट चढ़ गई।

# एसडीएम के निरीक्षण में नवीन मंडी में मिली अवैध दुकानें

### मंडी सचिव से मांगा स्पष्टीकरण, भेजी जाएगी नोटिस



अवधनामा संवाददाता

**गोरखपुर।** सहजनवा स्थित नवीन मंडी समिति में संचालित हो रहे अवैध दुकानों के बारे में की गई शिकायत पर वृहस्पतिवार को उपजिलाधिकारी सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जो दुकानें त्रिपाल और लकड़ी लगाकर संचालित हो रही थी। उन दुकानदारों से लाइसेंस मांगा तो उनके पास कोई कागजात मौजूद नहीं मिले। जिस पर मंडी सचिव को जमकर फटकार लगाते हुए निर्देश दिए की जो भी दुकानें अवैध रूप मंडी में संचालित हो रही है। उसे तत्काल हटाने का निर्देश दिए। और मंडी सचिव से तीन दिन के अंदर स्पष्टीकरण मांगा। वही प्रतिदिन सुबह मंडी में सब्जी बेचने वाले दुकानदारों से किए जा रहे अवैध वसूली पर तत्काल रोक लगाने का निर्देश दिए। वही मंडी सचिव श्याम सुंदर ने कहा की दुकानदारों को 15 दिन के अंदर नोटिस जारी कर हटाने का निर्देश दिए जाएंगे। इस संदर्भ में एसडीएम सहजनवा कुंवर सचिन सिंह ने कहा की जांच में अवैध दुकानें मिली है। मंडी सचिव से स्पष्टीकरण मांगा गया है।

# मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत 70 कृषकों को पम्पसेट किया गया वितरित

अवधनामा संवाददाता



**देवरिया।** मुख्यमंत्री लघु सिंचाई योजनान्तर्गत वर्ष 2015 से अब तक निर्मित उथले नलकूपों पर कृषकों की आय एवं सुविधा तथा आत्मनिर्भर बनाने के उद्देश्य से सलेमपुर सांसद रविन्द्र कुशवाहा की अध्यक्षता में तथा राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम की उपस्थिति में 70 कृषकों को पम्पसेट का वितरण निरीक्षण भवन सलेमपुर में किया गया। इस अवसर पर सांसद सलेमपुर ने कहा कि डबल इंजन की सरकार में समाज के सभी वर्गों का विकास हो रहा है। ग्राम्य विकास राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश प्रगति के पथ पर निरंतर अग्रसर है। समाज के सभी वर्गों को सम्मान बढ़ा है। वितरण समारोह में वितरण कार्यकम में उपस्थित मुख्य विकास अधिकारी प्रत्यूष पाण्डेय द्वारा लघु सिंचाई विभाग के कार्यो के सम्बन्ध में कृषकों को विस्तृत जानकारी दी गयी। वितरण सभा का संचालन सहायक अभियन्ता पंकज राय द्वारा किया गया। अधिशासी अभियन्ता, देवरिया ने सांसद, राज्यमंत्री, ब्लॉक प्रमुखों, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई पंकज राय तथा आमन्त्रित कृषकों लघु सिंचाई परिवार के कार्मिक एवं क्षेत्रीय जनता को आभार व्यक्त किया गया। वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख सलेमपुर सीमा अमरेश, ब्लॉक प्रमुख लार अनुभा सिंह, ब्लॉक प्रमुख भाटपाररानी सोनमती देवी, ब्लॉक प्रमुख भागलपुर मुन्नी लाल, बनकटा ब्लॉक प्रमुख बिन्दा कुशवाहाआदि उपस्थित रहे।

## वाहन को दिखाई हरी झंडी, लोगों को किया जागरूक



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, उत्तर प्रदेश व खड्डा ब्लॉक परिसर में जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर विकासखंड के समस्त ग्राम पंचायतों एवं राजस्व ग्रामों में जल जागरूकता की समस्त टीमों की वाहनों को बीडीओ विनित कुमार, एडीओ प्रदीप कुमार मल्ल, सचिव कमल प्रसाद, धर्मेंद्र यादव व उमेश गुप्ता ने एलईडी वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उपस्थित प्रशिक्षकों ने विभिन्न गतिविधियों पर चर्चा की। वही इस मौके पर एडीपीसी मानवेंद्र सिंह व सहयोगी विवेक सिंह, मनोज, चंद्रकेश, कमलेश, हरिओम, विक्की, शिवम आदि भी उपस्थित रहे।


## नवागत एसपी ने किया पुलिस कार्यालय का निरीक्षण



**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** नवागत पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह ने पुलिस कार्यालय गौरीगंज के वाचक कार्यालय सीसीटीएनएस आईजीआरएस कार्यालय चुनाव सेल आंकिक शाखा मॉनीटरिंग सेल प्रधान लिपिक शाखा एवं रेडियो शाखा आदि शाखाओं का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यालय में लंबित प्रपत्रों अहकमातो के त्वरित निस्तारण हेतु कार्यालय में नियुक्त अधिकारी कर्मचारीगण को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। कार्यालय की साफ-सफाई व अभिलेखों का रख-रखाव संतोषजनक पाया गया। इस दौरान क्षेत्राधिकारी गौरीगंज मयंक द्विवेदी व अन्य अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

# मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना का सीएम योगी ने किया वर्चुअल शिलान्यास

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** सूबे सरकार द्वारा प्रदेश भर के विस्तारित नगर पालिकाओं व नवसृजित नगर पंचायतों में शामिल ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अंतर्गत किए जाने वाले निर्माण कार्य का वर्चुअल शिलान्यास प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने किया।

इस दौरान नगर विकास मंत्री एके शर्मा तथा राज्यमंत्री राकेश राठौर उपस्थिति रहे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वर्चुअल माध्यम से किए गए शिलान्यास कार्यक्रम में नगरपालिका परिषद पडरौना के राजपूत कॉलोनी, भिसवा सरकारी, जगदीशपुरम कॉलोनी, बसडीला, नौका टोला, रामकोला रोड, पलिया, दमवतिया, मटियरवा सहित 19 स्थानों पर सीसी सड़क व नाला निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। इस पर खुशी का इजहार करते हुए नपाध्यक्ष विनय जायसवाल ने कहा कि जल्दी ही उक्त सभी स्थानों पर निर्माण कार्य शुरू कर दिया दिया जाएगा ताकि बरसात के पहले कार्य पूर्ण हो जाए। उन्होंने पडरौना नगर के अंतिम सीमा तक विकास कार्य को पहुंचाने का अपने प्रण को दोहराते हुए कहा कि पडरौना नगर की सम्मानित जनता के विश्वास और आशीर्वाद से ही सम्भव हो सका है कि गांव और शहर एक साथ विकास की राह चल रहे हैं। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि मनीष जायसवाल बुलबुल, ईओ संतराम सरोज, सभासद रामाश्रय गौतम, भोली जायसवाल के अलावा अनुप गौड़, बृजेश शर्मा, कुन्दन सिंह, अमित जायसवाल, सचिन साहा, मंथन सिंह, राजेश कुशवाहा, विनय मद्धेशिया, अजय शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

**नगर के अंतिम सीमा तक पहुंचेगा विकास कार्य : विनय**

## नहीं रहे डॉक्टर राधेश्याम तिवारी

**अमेठी।** नगर स्थित आरआरपीजी कॉलेज में इतिहास के विभागाध्यक्ष रहे डॉक्टर राधेश्याम तिवारी ने गुरुवार को अंतिम सांस ली। कोतवाली क्षेत्र के ककवा गांव के निवासी डॉक्टर राधेश्याम तिवारी एक लंबे समय से गंभीर बीमारी से जूझ रहे थे। इन दिनों उपचार के लिए उन्हें लखनऊ के अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां गुरुवार को उन्होंने अंतिम सांस ली। डॉ राधेश्याम तिवारी यूं तो 2026 में सेवा निवृत होते लेकिन उन्होंने आवश्यक सेवा निवृत्ति के लिए आवेदन किया था जो इसी वर्ष जून में होना था। डॉक्टर तिवारी समाज सेवा के लिए क्षेत्र में जाने जाते रहे। लोगों ने डॉक्टर राधेश्याम तिवारी के निधन पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। साहित्य के क्षेत्र में भी उन्होंने अमेठी में एक अलख जगाई।एक लंबे समय से वे अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन करते रहे। साहित्यकार कवि और क्षेत्र के संभ्रांत लोग उनके निधन से काफी दुखी हैं।

## शिव विवाह की कथा सुन श्रद्धालु भाव विभोर



**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** पिपरौली ब्लॉक के ग्राम अमटौरा में पंचमुखी हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा पर आयोजित श्रीराम कथा महोत्सव में गुरुवार को संत श्री मनीष भाई जी महाराज द्वारा शिव विवाह की कथा का प्रसंग सुनाया। प्रसंग सुन श्रद्धालु भाव विभोर हो गए। इस दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी भी सजाई गई। कथा व्यास ने शिव विवाह का वर्णन करते हुए कहा कि पर्वतराज हिमालय की घोर तपस्या के बाद माता जगदंबा प्रकट हुईं और उन्हें बेटी के रूप में उनके घर में अवतरित होने का वरदान दिया। इसके बाद माता पार्वती हिमालय के घर अवतरित हुईं। बेटी के बड़ी होने पर पर्वतराज को उसकी शादी की चिंता सताने लगी। कहा कि माता पार्वती बचपन से ही बाबा भोलेनाथ की अनन्य भक्त थीं। एक दिन पर्वतराज के घर महर्षि नारद पधारे और उन्होंने भगवान भोलेनाथ के साथ पार्वती के विवाह का संयोग बताया। नंदी पर सवार भोलेनाथ जब भूत-पिशाचों के साथ बरात लेकर पहुंचे तो उसे देखकर पर्वतराज और उनके परिजन अचंभित हो गए, लेकिन माता पार्वती ने खुशी से भोलेनाथ को पति के रूप में स्वीकार किया। विवाह प्रसंग के दौरान शिव-पार्वती विवाह की झांकी पर श्रद्धालुओं ने पुष्प बरसाए। इस दौरान सुरेंद्र लाल श्रीवास्तव, राम मनोहर सिंह, गंभीर सिंह, राणा सिंह, रविप्रताप सिंह, आनंद सिंह, जीत बहादुर सिंह, मुकुंद सिंह, प्रमोद सिंह, पंकज सिंह उर्फ लड्डू सिंह, विक्की सिंह, रवि सिंह, संजय सिंह, मोनू शर्मा, मनोज सिंह सहित क्षेत्र वासी और ग्रामीण मौजूद रहे।

## गोविंद बने भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष




**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिला संगठन इकाई में गोविंद चौरसिया को पिछड़ा मोर्चा का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। क्षेत्र के औरा चौरी स्थित भाजपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह ने कार्यकर्ताओं के साथ गोविंद चौरसिया को माला पहनाकर सम्मानित किया तथा नए दायित्व की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सदर सांसद डा रमापति राम त्रिपाठी, कृषि मंत्री सूर्यप्रताप शाही, राज्य मंत्री विजय लक्ष्मी गौतम, विधायक डा शलभ मणि त्रिपाठी, एमएलसी डा रतनपाल सिंह, देवेंद्र प्रताप सिंह, सुरेंद्र चौरसिया, दीपक मिश्र शाका, सभाकुंवर कुशवाहा, जयप्रकाश निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष, गिरीश चंद तिवारी, नगरपालिका अध्यक्ष अलका सिंह, शशांक मणि, जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, अजय शाही, अजय कुमार दुबे, पवन मिश्रा, गंगा सिंह कुशवाहा, जिला महामंत्री श्रीनिवास मणि, रविंद्र कौशल, प्रमोद शाही, महेश मणि, निर्मला गौतम, सतेंद्र मणि, संजय तिवारी, रजनीश उपाध्याय, अंकुर राय, प्रभाकर तिवारी, जिला कार्यालय प्रभारी राजीव पांडे, राजेश सिंह श्रीनेत, अक्षय सिंह, मनीष मल्ल, सहित पार्टी के सभी सम्मानित पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने उनको नए दायित्व की बधाई दी।

## मारपीट के मामले में दो नामजद

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** सहजनवा थाना क्षेत्र के सेमरा स्थित एक विद्यालय में माधुरी पत्नी श्यामनदन निवासी उसरापार थाना महुली जिला संत कबीर नगर पति, बहन के साथ रहकर विद्यालय में झाड़ू पोछा करती है। उसने आरोप लगाया कि पति बहन को देखकर जलन रखते है। उसे घर वापस भेजने के नाम पर बहन और मुझे मारा पीटा। पुलिस ने पति श्याम नंदन के खिलाफ मारपीट जान से मारने की धमकी देने का केस दर्ज कर लिया है।

# प्रगतिशील कृषकों को एनपीएसएस के बारे में दिया गया प्रशिक्षण



अवधनामा संवाददाता

**अमेठी।** भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के लखनऊ स्थित क्षेत्रीय केंद्रीय एकीकृत नाशीजीव प्रबंधन केंद्र के प्रभारी डा ज्ञान प्रकाश सिंह संयुक्त निदेशक के निर्देशन एवं हरिओम मिश्रा जिला कृषि रक्षा अधिकारी के सहयोग से गौरीगंज स्थित एसडीओ कार्यालय में जिले के विभिन्न विकास खण्ड से आए हुए किसानों को नेशनल पेस्ट सर्विलांस सिस्टम (एन पी एस एस) ऐप के बारे में भारत सरकार की टीम द्वारा प्रशिक्षित किया गया। हरिओम मिश्र जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने किसानों को संबोधित करते हुऐ कहा कि भारत सरकार के एन पी एस एस प्रशिक्षण कार्यक्रम से जनपद के किसान लाभान्वित होंगे और ऐप के माध्यम से फसलों में कीड़े-बीमारी का आई पी एम तकनीक से प्रबंधन कर कम लागत में दोगुनी आय प्राप्त करेंगे। रीजनल सेंट्रल आई पी एम सेंटर लखनऊ के वनस्पति संरक्षण अधिकारी के. पी. पाठक ने एन. पी. एस. एस. ऐप की वर्तमान उपयोगिता एवं प्रासंगिकता के बारे में बताया। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी अमित सिंह ने बताया कि इस ऐप के माध्यम से प्रशिक्षित किसान फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीड़े - बीमारियों की पहचान आसानी से कर सकेंगे। सहायक वनस्पति संरक्षण अधिकारी डा. केशवमूर्ति ने एन पी एस एस ऐप के उपयोग की विधि तथा पेस्ट सर्विलांस के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान किया।

# टीबी ग्रसित मरीज के निकट सम्पर्की के लिए छह माह तक बचाव की दवा खाना अनिवार्य

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** टीबी ग्रसित प्रत्येक मरीज के निकट सम्पर्की को टीबी की जांच अवश्य करवाना चाहिए। जांच में अगर टीबी निकलती है तो उसका भी इलाज शुरू कर दिया जाएगा। अगर जांच में टीबी की पुष्टि नहीं होती है तब भी निकट सम्पर्की को छह माह तक बचाव की दवा खाना अनिवार्य है। इस संदेश को मरीज और उसके परिजनों तक पहुंचाने के लिए जिले के चिकित्सा अधिकारियों को सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) कार्यशाला में बुधवार को प्रशिक्षित किया गया।

मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष कुमार दूबे और जिला क्षय अधिकारी डॉ गणेश यादव के दिशा निर्देशन में कार्यशाला का आयोजन सेंटर फॉर हेल्थ रिसर्च एंड इनोवेशन (सीएचआरआई) संस्था के ज्वाइंट एफर्ट फॉर एलिमिनेशन ऑफ टीबी (जीत) कार्यक्रम के तहत किया गया। उप जिला क्षय अधिकारी डॉ विराट स्वरूप श्रीवास्तव ने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि वह अपने ओपीडी से फेफड़े वाली टीबी के लक्षण वाले दस फीसदी संभावित मरीजों को जांच के लिए अवश्य रेफर करें। एचआईवी ग्रसित मरीज, लंबे समय से स्टेरॉयड का सेवन करने वाले लोग, अति कुपोषित मरीज और मधुमेह पीड़ित लोग टीबी के हाई रिस्क श्रेणी में आते हैं और ऐसे लोगों की टीबी जांच अवश्य होनी चाहिए। जांच के लिए सभी ब्लॉक स्तरीय अस्पतालों पर सुविधा उपलब्ध है। साथ ही बीआरडी मेडिकल कॉलेज, जिला क्षय रोग केंद्र और बड़हलगंज सीएचसी पर उच्च जांच क्षमता वाली सीबीनॉट मशीन भी गुणवत्तापूर्ण जांच के लिए सक्रिय है। टीबी मरीज को खानपान, पोषण और सहयोग के तौर पर पांच सौ रुपये प्रति माह की दर से इलाज चलने तक धनराशि खाते में देने का प्रावधान किया गया है। मरीज की देखभाल करने वाले ट्रिटमेंट सपोर्टर को सफल इलाज के बाद ड्रग सेंसिटिव टीबी के केस में 1000 रुपये और ड्रग रेसिस्टेंट टीबी के मामलों में 5000 रुपये दिये जाते हैं डॉ श्रीवास्तव ने बताया कि जिले में सी नाइंटिन टीम के सहयोग से शीघ्र ही पोर्टेबल एक्स रे मशीन की सेवा शुरू हो जाएगी। हाई रिस्क क्षेत्रों में हेल्थ कैम्प लगा कर इस मशीन की सहायता से 16 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों का एक्स रे किया जाएगा और मौके पर ही स्वास्थ्य जांच के साथ साथ टीबी जांच की सुविधा भी दी जाएगी। उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों से कहा कि टीबी मरीजों के निकट सम्पर्कियों को बचाव की दवा खिलाने के दौरान अगर उन पर कोई प्रभाव नजर आता है तो परामर्श के साथ आवश्यक चिकित्सा सेवा भी देनी है। कार्यशाला को सीएचआरआई संस्था के ड्रिस्ट्रिक्ट लीड अमित कुमार श्रीवास्तव, रामेंद्र, डीपीसी धर्मवीर प्रताप और पीपीएम समन्वयक अभय नारायण मिश्र ने भी सम्बोधित किया।

**जिले के चिकित्सा अधिकारियों के लिए आयोजित की गयी सतत चिकित्सा शिक्षा कार्यशाला**

**पूरा सहयोग दिया जाएगा**

कार्यशाला के प्रतिभागी आयुष चिकित्सक अमरनाथ तिवारी ने बताया कि टीबी मरीजों को खोजने और संदर्भित करने में पूरा सहयोग दिया जाएगा । उन्हें खानपान संबंधी परामर्श देना है और साथ ही प्रेरित करना है कि उनकी दवा कभी भी बंद न होने पाए।

**जिले में टीबी की स्थिति**

उपचाराधीन डीएस टीबी के मरीज-8553, डीआर टीबी के उपचाराधीन मरीज-352, इस साल खोजे गये नये टीबी मरीज-1910

# सांसद कैसरगंज की अध्यक्षता में संपन्न हुई दिशा की बैठक

अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद कैसरगंज बृजभूषण शरण सिंह की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। जिसमें सांसद बहराइच अक्षयवर लाल गोंड, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मंजू सिंह, एम.एल.सी. डॉ. प्रज्ञा त्रिपाठी, पयागपुर के सुभाष त्रिपाठी, नानपारा के राम निवास वर्मा, कैसरगंज के आनन्द कुमार यादव, सांसद कैसरगंज के प्रतिनिधि संजीव सिंह व सुनील सिंह, प्रमुखगण व अन्य जनप्रतिनिधि व समिति के सदस्य, डीएम मोनिका रानी, एसपी वृन्दा शुक्ला, सीडीओ रम्या आर, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, डीएफओ बहराइच संजय कुमार व कतर्नियाघाट के बी. शिव शंकर सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

मनरेगा योजना की समीक्षा के दौरान बताया गया कि वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्राप्त हुए लेबर बजट रू. 294.30 करोड़ के सापेक्ष 22 फरवरी तक रू. 307.26 करोड़ का व्यय कर लक्ष्य 92.25 लाख मानव दिवस के सापेक्ष 109.77 लाख मानव दिवस सृजित किया गया है, जो लक्ष्य का 118.99 प्रतिशत है। दीनदयाल अन्त्योदय योजना-राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अन्तर्गत माह जनवरी 2024 तक 4806 स्वयं सहायता समूहों का गठन किया जा चुका है। सांसद श्री सिंह ने निर्देश दिया कि समूहों की संख्या को बढ़ाया जाय तथा समूहों को एमएसएमई में पंजीकरण कराकर



बैंकों के माध्यम से ऋण दिलाया जाय। दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि सेवायोजित होने वाले लाभार्थियों की सूची जनप्रतिनिधियों को भी उपलब्ध करायी जाय।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की समीक्षा के दौरान डीएफओ को निर्देश दिया गया कि नई नियमावली के अनुसार वन क्षेत्रों के सम्पर्क मार्गों के निर्माण हेतु एनओसी जारी कराएं तथा आगामी बैठकों में डीएफओ श्रावस्ती को भी आमंत्रित किया जाय। राष्ट्रीय सामाजिक सहायता कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिला समाज कल्याण अधिकारी को निर्देश दिया गया कि समस्त वंचित पात्र लाभार्थियों को पेंशन से आच्छादित किया जाय। पीएम आवास योजना ग्रामीण की समीक्षा के दौरान बताया गया कि लक्ष्य 16484 के सापेक्ष 16366 लाभार्थियों को प्रथम, 14769 को द्वितीय तथा 9974 को तृतीय किश्त की धनराशि भेजी गई। पीडी डीआरडीए को निर्देश दिया कि औपचारिकताएं पूर्ण शेष लाभार्थियों के खातों में भी शीघ्र ही धनराशि भेज दी जाय।

श्याम प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन योजना की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि योजना से आच्छादित ग्रामों की सूची जनप्रतिनिधियों को उपलब्ध करा दी जाय। आर.सेटी की समीक्षा के दौरान निर्देश दिया गया कि प्रशिक्षण सत्र के बारे में जनप्रतिनिधियों को भी अवगत कराए तथा प्रमाण-पत्र इत्यादि का वितरण भी जनप्रतिनिधियों से ही कराया जाय। शिक्षा विभाग के योजनाओं की समीक्षा के दौरान बीएसए को निर्देश दिये गये कि बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में बाढ़ का कटान से प्रभावित विद्यालयों के स्थान पर उपयुक्त भूमि की तलाश कर नये विद्यालय का निर्माण कराया जाय ताकि बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो।

# 1683 नव दंपतियों का विवाह संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**शाहजहांपुर।** यूपी सरकार की सबसे महत्वकांक्षी योजनाओं में से एक मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत आज शाहजहांपुर महानगर स्थित ओसीएफ रामलीला मैदान में हिन्दू मुस्लिम नव जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने पहुंचकर नव दंपत्तियों को आशीर्वाद दिया।इसके अलावा सभी विधानसभा के विधायक सांसद सहित जनपद के पुलिस प्रशासन के आला अधिकारी भी समारोह में मौजूद रहे।बैंड बाजो के साथ आर्केस्ट्रा की भी व्यवस्था की गयी। इस दौरान वित्तमंत्री ने पंडालों में जाकर नव दंपति को आशीर्वाद दिया। ओसीएफ राममलीला मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह



योजना के तहत करीब 1683 हिन्दू मुस्लिम जोड़ो का विवाह संपन्न कराया गया। 1583 हिंदू नव विवाहित जोड़ों ने फेयर लिए जबकि 100 मुस्लिम जोड़ों ने निकाह कुबूल किया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत नव विवाहित जोड़ों को ?35000 नगद धनराशि उनके हाथों में भेजी गई जबकि अन्य गृहस्थी के साजो सामान उन्हें उपहार स्वरूप भेंट किए गए।इस दौरान मैदान में नव विवाहित जोड़ो के लिए सेल्फी पॉइंट,बैंड,आर्केस्ट्रा का भी इंतजाम किया गया। नवविवाहित जोड़ो के लिए लंच की भी व्यवस्था की गई।समारोह में पहुँचे उत्तर प्रदेश सरकार के वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने मंच से योगी की इस योजना के बारे में सभी को विस्तार से बताया। जिसके बाद वह सेल्फी पॉइंट पर नव जोड़ो को आशीर्वाद देने पहुँचे, और उन्होंने पंडालों में भी नव विवाहित जोड़ो से बात की।

# विद्युत उपभोक्ताओं के लिए वरदान है पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना: सत्य प्रकाश




अवधनामा संवाददाता

**बहराइच।** बिजली सेवा व जनसम्पर्क अभियान अन्तर्गत बुधवार को देर शाम ऊर्जा भवन, सभागार में विद्युत वितरण मण्डल-बहराइच के अधीक्षण अभियन्ता सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में मौजूद व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों एवं प्रतिनिधि, कृषकों, उद्यमियों तथा ग्राम प्रधानों को विभाग द्वारा बिजली व्यवस्था का सुदृढ़ीकरण करने, अनुरक्षण एवं जन समस्याओं के त्वरित निस्तारण तथा पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। बैठक के दौरान अधीक्षण अभियन्ता श्री प्रकाश ने मौजूद लोगों को विद्युत आपूर्ति एवं उपभोक्ताओं के सुविधा से सम्बन्धित क्षेत्रवार कराएं जा रहे अनुरक्षण कार्यो व विभागीय योजनाओं के से अवगत कराते हुए पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को विद्युत उपभोक्ताओं के लिए अत्यन्त उपयोगी बताया। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता बहराइच शैलेन्द्र कुमार व कैसरगंज के सौरभ निगम, उप खण्ड अधिकारी बख्शीपुरा आनन्द सिंह व घण्टाघर के मुकेश कुमार सहित अन्य अधिकारी, उद्यमी गौरी शंकर भानीरामका, पवन अग्रवाल, भगवान मित्तल, संतोष सिंह, जगदीश लल्ला सर्राफ व अन्य व्यापारी तथा ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

## आम आदमी पार्टी ने सौंपा ज्ञापन, तो बौखलाई अल्पसंख्यक अधिकारी

**सुल्तानपुर।** आम आदमी पार्टी द्वारा गृह जनपद में नियुक्ति से संबंधित ज्ञापन देने से बौखलाई अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी ने अपने अधीनस्थों को नोटिस जारी किया है।गृह जनपद में तैनाती को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन कर, मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र देकर डी एम कृतिका ज्योत्सना से विधिक कार्यवाही की मांग उठाई थी। विधि विरुद्ध तैनाती छुपाने को लेकर अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता चौरसिया ने अपने अधीनस्थों को नोटिस देकर विभागीय गोपनीयता भंग करने का आरोप लगाया है। नाराज अधीनस्थ कर्मचारी यूनियन अल्पसंख्यक अधिकारी के खिलाफ मोर्चा खोल सकती है। अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी की प्रताड़ना से अधीनस्थ कर्मचारी नाराज हैं।

## नशीली दवाओं, शराब और तंबाकू के बारे में अपने बच्चों से बात करें

**ललितपुर।** जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण चन्द्रोदय कुमार के निर्देशानुसार एडीजे/सचिव कुलदीप सिंह के निर्देशन में शराब, धूम्रपान और ड्रग्स से मुक्ति के लिए साक्षरता शिविर जिला कारागार में संपन्न हुआ। शिविर एडीजे/सचिव कुलदीप सिंह ने कहा की विधिक प्राधिकरण के अंतर्गत निशुल्क विधिक सहायता प्रदान की जाती है। साथ ही आमजन को नशा करने वाले पदार्थो से शारीरिक एवं मानसिक दुष्प्रभाव की जानकारी देकर जागरूक किया जाता है। अभियान के अंतर्गत शिविर के माध्यम से आमजन को नशे के दुष्परिणाम बताये जा रहे है ताकि आमजन नशे से दुर रहे और अपने परिवार का उचित ढंग से पालन पोषण कर सकें। साथ ही यही बताया की जो व्यक्ति नशा करते है और नशे पर नियंत्रण ना कर पाना उनका चुनाव नहीं बल्कि मजबूरी होती है जो धीरे-धीरे बढ़ता जाता है और एक समय ऐसा आता है जो व्यक्ति 24 घंटे नशे में रहने लगता है। अधिक मात्रा में नशा लेने के कारण नशे पर उसकी शारीरिक एवं मानसिक परेशानी बढ़ जाती है और वो चहाकर भी नशे से दूर नहीं हो पाता है। नशे की रोकथाम के लिए नशामुक्ति केन्द्र के माध्यम से ईलाज करवाया जाता है किन्तु सर्वोत्तम उपाय यह है कि किशोर अवस्था में ही नशे से दूर रहे। ताकि इस प्रकार की समस्या भविष्य में नहीं आये। जिला कारागार अधीक्षक लाल रत्नाकर सिंह ने बताया कि नशे के पदार्थो के बढ़ते सेवन के कारण हमारे देश का भविष्य बर्बाद हो रहा है। इसलिए हम सब का दायित्व बनता है कि हम लोगों को नशीले पदार्थो के सेवन से दूर रखे और जागरूक करें।

## संक्षिप्त समाचार

### मार्ग दुर्घटना में युवक की मौत



**सुल्तानपुर,धनपतगंज।** बुधवार को देर रात निमंत्रण से घर लौट रहे युवक को अनियंत्रित वाहन ने रौंद दिया ।घटना स्थल पर ही युवक की मौत हो गयी।युवक की मौत की सूचना पर इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी। स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घटना के अनुसार हरौरा बाजार निवासी पवन कुमार यादव (40) बुधवार को देर रात बाजार के ही एक निमंत्रण से लौट रहे थे, तभी अचानक पीछे से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात वाहन ने उन्हें रौंद दिया। जिससे उनकी मृत्यु हो गयी। मिलनसार युवक की मौत की सूचना पर इलाके में हड़कंप मच गया। इलाके में शोक की लहर दौड़ गयी।गुरुवार को स्थानीय पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### किसान यूनियन के प्रदर्शन से एसपी आफिस गेट पर पहरा



**सुल्तानपुर।** योगी सरकार में अव्यस्थाओं और विभागों में व्याप्त भ्रष्टाचार को लेकर भारतीय किसान यूनियन एक बार फिर आंदोलित हो गई है। तिकोनिया पार्क में किसान नेता हृदय राम वर्मा ने शासन- प्रशासन के खिलाफ हुंकार भरी। सतर्कता के मद्देनजर नगर कोतवाल श्रीराम पांडेय तिकोनिया पार्क में पुलिस बल के साथ जम गए हैं। वहीं एसपी गेट पर फोर्स तैनात कर दी गई है। अमूमन वह सिपाही पुलिस अधीक्षक कार्यालय गेट पर लगाए गए थे, जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय में दिनभर कागजी काम निपटाते हैं। पुलिस अधीक्षक गेट पर पहरा चर्चा का विषय बना हुआ रहा।

### विधायक ताहिर खान ने किया सड़क का शिलान्यास



**सुल्तानपुर।** विधानसभा इसौली के रसूलपुर ड़ंडवा में विधायक ताहिर खान ने सड़क का शिलान्यास किया। आर इ एस विभाग से त्वरित योजना के तहत सड़क का निर्माण किया जाएगा।34 लाख की लागत से उक्त सड़क का निर्माण होगा। शिलान्यास के दौरान कार्यकर्ताओं ने जोर शोर से लोकसभा के टिकट की मांग उठाई। इस दौरान विधानसभा अध्यक्ष स्वामीनाथ यादव,ब्लॉक अध्यक्ष बृजेश यादव,उमाकांत यादव,जिला सचिव राम चन्द्र यादव,राम करन विश्कर्मा,देवी वर्मा, साबिर अली,कलीम,मूसी प्रधान बबलू खान,रमेश कनौजिया,हृदय राम यादव, प्रदीप यादव,सतीश गौतम, रमेश यादव, सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### ताबड़तोड़ अपराध से जनपदवासी सहमे

**सुल्तानपुर।** शहर में सिपाही पर हमले से नागरिक सशंकित हैं कि जब पुलिसकर्मी ही सुरक्षित नही हैं तो उनकी सुरक्षा कैसे हो सकती है,,?सिपाही पर हमले के बाद अब जयसिंहपुर के राघवपुर शुक्ल में पेट्रोल पंप पर बीती रात सवा दो लाख की लूट की घटना घटित हुई।पुलिस का काम सांप गुजर जाने पर लाठी पीटने भर का रह गया है।पेट्रोलपंप कर्मियों से सवा दो लाख रुपए की लूट की घटना घट गई। एसओजी टीम और जयसिंहपुर पुलिस जांच में जुटी हुई है।सीओ प्रशांत सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर जांच कर रहै है।बोले जल्द ही मामले का खुलासा किया जाएगा।

### आंगनबाड़ी कार्यकत्रियां व सहायिकाओं को मिले नियुक्ति पत्र

**ललितपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन लखनऊ से आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र वितरण एवं वित्तीय वर्ष 2023-24 के द्वितीय चरण के अन्तर्गत प्रदेश के 31 जनपदों में नये आंगनबाड़ी केन्द्र भवनों के शिलान्यास कार्यक्रमों का सजीव प्रसारण का जनपद स्तरीय अवलोकन का सजीव प्रसारण विकास भवन सभागार में आयोजित किया गया। जनपद में आंगनबाड़ी सहायिका से आंगनबाड़ी कार्यकत्री के पद पर चयनित कुल 24 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र का वितरण जनपद के जनप्रतिनिधियों द्वारा किया गया। चयनित हुयीं लाभार्थियों में बाल विकास परियोजना शहर से इन्द्रादेवी आ.बा.के. सुभाषपुरा-1, रेखा जैन आ.बा.के.-महावीरपुरा, रजिया बेगम आ.बा.के. नदीपुरा, शबाना आ.बा.के. कटराबाजार-3। बाल विकास परियोजना मड़ावरा रामदेवी आ.बा.के. रखवारा-2, शबाना आ.बा.के.मकरीपुर। बाल विकास परियोजना बिरधा कुंवरबाई, आ.बा.के.टेनगा-1, लीला आ.बा.के. सिमरधा, राजवती आ.बा.के. ठगारी, रामा आ.बा.के. बिरधा-4, प्रतिभा आ.बा.के. धौर्रा-2, अंजना कुमारी आ.बा.के. धौर्रा-3, उषा आ.बा.के. पिपरई, गीता आ.बा.के.मैलवारकलां।

## राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम को सौंपा

**शाहजहांपुर।** कलेक्ट्रेट पहुंचकर लोधी सेना के कार्यकर्ताओं ने विभिन्न मांगों को लेकर राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन एडीएम जे राशिद अली को सौंपा है। दिए गए ज्ञापन में पदाधिकारियों ने शिक्षा का व्यवसाय कारण और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। ज्ञापन में एनसीईआरटी पाठ्यक्रम के अनुसार ही निजी और सरकारी विद्यालयों में पठन-पाठन सुनिश्चित कराए जाने की मांग की गई है। इसके साथ ही मानक के अनुसार स्कूल बैग का वजन सुनिश्चित कराए जाने विद्यालय की वेबसाइट पर फीस स्ट्रक्चर पाठ्यक्रम पाठ्य पुस्तकों तथा स्टाफ के नाम व उनकी योग्यता का पूरा सत्र के शुरुआत के 60 दिन पहले ही अपलोड कराया जाने किसी भी स्थिति में वेबसाइट पर अंकित पुस्तकों से अलग पुस्तकों का प्रयोग न किए जाने विषय विशेषज्ञ योग्य शिक्षकों से ही अध्ययन का कार्य कराए जाने की मांग की है। इस दौरान लोधी सेना के दर्जनों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# रक्तदानियों का उमड़ा हुजूम, 41 लोगों ने किया रक्तदान

- ब्लड डॉनेटर आईकॉन जहाँ आरा का रक्तदान में शतक पूरा करने पर हुआ विशेष सम्मान

अवधनामा संवाददाता

**सुल्तानपुर।** रक्तदान महादान शिविर के शुभारंभ अवसर पर सीएमएस डॉ एस के गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान है,इससे जीवनदान मिलता है, हंमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिन्दगियों को बचाता है। सुल्तानपुर के पूर्व बीएसए व सेवानिवृत्त मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक रमेश यादव बलिया जनपद से रक्तदान करने सुल्तानपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब जब भी संघ का रक्तदान शिविर लगेगा, हम अपने साथ कुछ और रक्तदानियों के साथ आऊंगा।

बुधवार को राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ की ओर से देश की आज़ादी के लिए अपने प्राणों की आहूति देने वाले महान वीर सपूत चन्द्र शेखर आज़ाद



के बलिदान दिवस की पुण्य स्मृति में जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। 100 बार रक्तदान महादान कर कीर्तिमान स्थापित करने वाली ब्लड आईकॉन जहाँ आरा सहायक कमान्डेंट होम गार्ड ने रक्तदान शिविर का फीता काट कर शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि के तौर पर रक्तदान करने वाले महादानियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ ने रक्तदान महादान में शतक पूरा करने पर जहाँ आरा को मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ के अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने कहा कि महान क्रांतिकारी चन्द्र शेखर आज़ाद के बलिदान दिवस के पुण्य स्मृति पर रक्तदाताओं का जो हुजूम उमड़ा, आज़ाद जी को यह सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित हुई। संघ के अध्यक्ष के संयोजन में आयोजित रक्तदान महादान शिविर के शुभारंभ अवसर पर सीएमएस डॉ एस के गोयल ने कहा कि रक्तदान महादान जीवनदान है हंमारे द्वारा किया गया रक्तदान कई जिन्दगियों को बचाता है। सुल्तानपुर के पूर्व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व सेवानिवृत्त मंडलीय सहायक शिक्षा निदेशक रमेश यादव बलिया जनपद से रक्तदान करने सुल्तानपुर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अब जब भी संघ का रक्तदान शिविर लगेगा, हम अपने साथ कुछ और रक्तदानियों के साथ आऊंगा।

संघ के मार्गदर्शक निज़ाम खान ने कहा कि माह दिसम्बर- जनवरी में ब्लड बैंक भंडार में AB+ और अन्य निगेटिव ब्लड समूह का ब्लड खत्म हो गया था। जिंदगी और मृत्यु से संघर्ष कर रहे मरीज़ो के परिजन के पास डोनर होने के बावजूद भी उक्त समूह के ब्लड के लिए जूझना पड़ रहा था। जिंदगी और मौत तो ऊपर वाले के बस में है लेकिन सामाजिक संगठन होने के नाते हमारा नैतिक जिम्मेदारी बनती है कि रक्त के अभाव में जूझ रहे लोगो का जीवन बचाने का प्रयत्न किया जाए।

## परवेज पठान बने लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष



**ललितपुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश एवं प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल की संस्तुति पर आकिब मंसूरी के स्थान पर अब परवेज पठान को समाजवादी लोहिया वाहिनी का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। प्रदेश अध्यक्ष रामकरन निर्मल द्वारा जिलाध्यक्ष नामित किये जाने पर परवेज पठान ने कहा कि उन्हें संगठन से सौंपी गयी इस महत्वपूर्ण जिम्मेवारी को पूर्ण निष्ठा व ईमानदारी से निर्वह्न करेंगे। परवेज पठान के लोहिया वाहिनी जिलाध्यक्ष बनाये जाने पर पार्टी के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

# संत, महापुरुषों का अपमान कर रही भाजपा सरकार: कांग्रेस

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** जिला कांग्रेस के तत्वाधान में महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में बताया गया कि संत रविदास की जयंती के अवसर पर 24 फरवरी 2024 को झांसी में अहिरवार समाज के लोगों द्वारा जयंती मनाई गई और जुलूस निकाला गया। जिसका लगभग 100 से 150 वर्ष पुरानी परंपरा के अनुसार संत की बगिया बड़ा गांव गेट के बाहर (मेरी चैराहा) के पास समापन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं द्वारा संत रविदास एवं डा.भीमराव अंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित करने पर प्रशासन द्वारा विवाद उत्पन्न किया गया। स्थान को विवादित बताते हुए उक्त प्रतिमाएं स्थापित करने से प्रशासन द्वारा रोक दिया गया। इस दौरान कई घंटे की बैठक के बाद प्रशासन और श्रद्धालुओं में समझौता हो गया और मूर्तियों को उक्त स्थान पर से सुरक्षित स्थान पर रखवा दिया गया एवं विवाद सुलझने की स्थिति तक हिदायत दी गई। और दोनों पक्षों के बीच समझौता कर दिया गया। परंतु तीन दिन बाद सत्ता के दबाव में पूर्व केंद्रीय मंत्री वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रदीप जैन आदित्य एवं समाजवादी पार्टी के नेता डा.रघुवीर सिंह चैधरी एवं अहिरवार समाज के उमाशंकर अहिरवार एड. सहित 7 नामजद आरोपियों सहित 60 से 70 लोगों के खिलाफ धारा 147, 188, 290, 332 एवं धारा 34 के तहत मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

# वनरोज को मारकर बोरियों में टुकड़े भर रहे दो शिकारी पकड़े

- मुखबिर की सूचना पर वन दरोगा ने दी दबिश, दो शिकारी भागे
- बालाबेहट अंतर्गत महोली वन वीट का मामला

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** वन्य क्षेत्रों में जीवों का शिकार किया जा रहा है। ऐसा ही एक मामला थाना बालाबेहट क्षेत्र से प्रकाश में आया है। मामले में वनरोज (नीलगाय नर) का शिकार कर उसके टुकड़े कर बोरों में भर रहे दो शिकारियों को वन दरोगा व उनकी टीम ने पकड़ लिया, जबकि दो शिकारी भागने में कामयाब हो गये। मामले में वन जीव संरक्षण को लेकर एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। वन क्षेत्र की बालाबेहट बीट में तैनात वन दरोगा हुकुम सिंह पुत्र हरीसिंह ने बालाबेहट पुलिस को अवगत कराया कि वह 28 फरवरी की सुबह करीब 6.30 बजे बालाबेहट पश्चिमी वन जेल के अंतर्गत मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोगों ने वन रोज (नीलगाय नर) का शिकार किया है और अब वह मारे गये वनरोज के टुकड़े करके बोरे में भरकर भागने की फिराक में हैं। मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर वन दरोगा ने अपने साथ महोली वीट के वन रक्षक अनुराग व प्रहरी यादवेन्द्र सिंह के साथ बताये गये स्थान वरवासन मन्दिर से उत्तर दिशा में लगभग 1.5 किमी दूर सौंर नदी की तलहटी में पहुंचे, जहां उन्होंने देखा कि कुछ लोग वनरोज को मारकर उसके टुकड़े कर रहे हैं। वन दरोगा की टीम ने दविश देकर मौके से बालाबेहट के ग्राम डारा निवासी कल्याण यादव पुत्र बाबूलाल एवं अवरार उर्फ सोनू पुत्र वहिद को दबोच लिया, जबकि आहट सुनकर इनके साथ अन्य शिकारी मध्य प्रदेश के जिला सागर अंतर्गत खिमलासा निवासी नफीस व एक अज्ञात व्यक्ति भागने में कामयाब हो गया। वन दरोगा ने बताया कि उनकी टीम ने मौके से कटे वन रोज का मांस दो प्लास्टिक के बोरे में रखकर कब्जा लेकर जांच के लिए पशु चिकित्सालय भेजा जायेगा, जहां जांच के बाद मृत वन रोज का निस्तारण किया जायेगा। ह भी बताया कि यह कृत्य वन जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9/51 का दण्डनीय अपराध है।

# करते रहना है योग, नहीं होगा कोई रोग: अर्पित

- योगाभ्यास शरीर को बनाता है स्वस्थ: अशोक

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** नगर के मोहल्ला आजादपुरा द्वितीय में संचालित माई छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेंट स्कूल में गुरुवार को योग शिविर का आयोजन योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा द्वारा किया गया, जिसमें छात्र-छात्राओं को योग करने से शारीरिक और मानसिक दोनों रूप से अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डा.अर्जुन लाल एवं चिकित्सा अधिकारी डा.ममता वर्मा के दिशा-निर्देश में योग प्रशिक्षक अर्पित शर्मा द्वारा माई छोटा स्कूल व एसबीएन कान्वेंट स्कूल में छात्र-छात्राओं सहित शिक्षिकाओं को शिविर के दौरान योगासन, प्राणायाम, सूर्य नमस्कार, सूक्ष्म व्यायाम आदि का अभ्यास कर आहार विहार के बारे मे जानकारी दी। उन्होंने कहा कि योग न केवल हमारे शरीर की मांसपेशियों को अच्छा व्यायाम देता है, बल्कि यह हमारे दिमाग को शांत रखने में भी मदद करता है। योग तनाव से राहत देता है और बेहतर नींद लाता है, भूख और पाचन को बढ़ाता है। यह दिमाग को हमेशा शांत रखता है। यदि आप योग को अपनी दिनचर्या में शामिल करते हैं तो आप तनाव मुक्त जीवन जी सकते हैं। जब हम योग करते हैं तो मांसपेशियों में खिंचाव, मरोड़, मरोड़ और खिंचाव जैसी कई क्रियाएं होती हैं। इससे हमारे शरीर की थकान दूर होती है और हम हमेशा तरोताजा महसूस करते हैं। यदि आप नियमित रूप से योग करते हैं तो आपके शरीर में ऊर्जा का संचार होगा। विद्यालय के डायरेक्टर अशोक सेन ने शिविर को संबोधित करते हुए कहा कि योगाभ्यास शरीर को स्वस्थ बनाता है, क्योंकि यह हमें रोगों से लड़ने की शक्ति देता है। हृदय रोग, मधुमेह और अस्थमा जैसी कई अन्य बीमारियों के लिए योग की सलाह दी जाती है। योग रक्त शर्करा के स्तर को नियंत्रित करने में मदद करता है और श्वसन संबंधी विकारों को भी दूर करता है। इसलिए अगर आप रोजाना योग करेंगे तो आप स्वस्थ रहेंगे। विद्यालय के प्रधानाचार्या आराधना शर्मा ने छात्र-छात्राओं को बताया कि प्रतिदिन मात्र एक घंटे तक विविध आसनों के अलावा साधारण प्राणायाम अनुलोम, विलोम, कपालभाति, भ्रामरी करने से अनेक थायराइड, डायबिटीज, श्वास, घुटना दर्द, माइग्रेन, सर्वाइकल स्पांडलाइटिस और कैंसर जैसी बीमारी भी दूर हो सकती है।

## थाना प्रभारियों ने किया अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च

**आजमगढ़।** पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य द्वारा आगामी त्यौहार एवं लोक सभा निर्वाचन के दृष्टिगत जनपद में कानून व शान्ति व्यवस्था बनाए रखने हेतु थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत बड़ादेव से चौक, तकिया तिराहा, कोर्ट तिराहा आदि मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों मेंस फ्लैग मार्च किया गया है। फ्लैग मार्च में अपर पुलिस अधीक्षक नगर शैलेन्द्र लाल, सहायक पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल, थाना प्रभारी कोतवाली, पीएसी की बटालियन, क्यूआरटी, आदि पुलिस फोर्स मौजुद है। जिसके क्रम में जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी व थाना प्रभारियों मय पुलिस फोर्स द्वारा अपने-अपने क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया है।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

खुली ई–निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेलवे प्रबंधक (इंजीनियरिंग), उत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई निविदा प्रणाली द्वारा जिसकी अंतिम निविदा तिथि दिनांक **28.03.2024** को **15.00** बजे तक आमंत्रित की जाती है। इस निविदा के मैनुयल आफर स्वीकार नहीं किये जायेगें यदि कोई मैनुयल आफर आता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदाकर्ता निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल ireps पोर्टल पर उपलब्ध आनलाईन भुगतान प्रणाली में नेट बैकिंग, डेबिट कार्ड, केडिट कार्ड इत्यादि किया जायेगा। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर चेक, डिपाजिट रसीद एफ डी आर द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किये जायेगे

| | | |
|---|---|---|
| 1. | निविदा सूचना संख्या | 01402024 दिनांकः 29.02.2024 |
| 2. | कार्य का नाम | प्रयागराज में एचटी सबस्टेशन का प्रावधान और प्रतापगढ़ और लखनऊ डिवीजन के अन्य सबस्टेशनों पर बिजली आपूर्ति वितरण प्रणाली में संशोधन/संवर्द्धन का कार्य । |
| 3. | अनुमानित लागत | रु0 1,56,24,414.91 |
| 4. | धरोहर राशि | रु0 2,28,100.00/– |
| 5. | कार्य समापन की अवधि | स्वीकृत पत्र की तिथि से 8 माह |
| 6. | निविदा डालने का प्रारंभ | 14.03.2024 |
| 7. | निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 28.03.2024 15:00 बजे |
| 8. | वेबसाईट | www.ireps.gov.in |

नोट–:1 निविदा संबंधी अन्य विस्तृत विवरण उक्त वेबसाईट पर उपलब्ध है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

649/24

# मुस्करा में भव्यता के साथ आयोजित हुआ मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह

अवधनामा संवाददाता

**71 जोड़ों का मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत विवाह संपन्न**



**हमीरपुर।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनार्तगत 71 जोड़ों का सामूहिक विवाह विकास खण्ड परिसर मुस्करा में सौहार्दपूर्ण माहौल में विधि विधान मंत्रोच्चारण के साथ सम्पन्न हुआ तथा उपस्थित सभी अतिथियों ने नवविवाहित वरण्वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत भव्य पंडाल में सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का विधिवत रूप से शुभारम्भ हुआ। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत हमीरपुर जयन्ती राजपूत, ब्लाक प्रमुख मुस्करा, जिला विकास अधिकारी ,अपर जिलाधिकारी न्यायिक नागेन्द्र नाथ यादव,जिला विकास अधिकारी अजीत श्रीवास्तव आदि विवाह कार्यक्रम में आए हुए जोड़ों को प्रमाण पत्र वितरित किया गया।

इस दौरान कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अन्य अतिथियों ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता हैए यह योजना बहुत ही लाभकारी सिद्ध हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी तथा मुख्यमंत्री जी द्वारा केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न लाभपरक/ जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचे। महिलाओं को स्वावलंबी एवं आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है तथा उनको रोजगार मुहैया कराया जा रहा है। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार की मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना से समाज के अन्तिम छोर पर खड़े गरीब व्यक्ति तक लाभ पहुच रहा है। इसके अलावा इस विवाह समारोह में सभी लोगो का आपसी सामंजस्य एकण्दूसरे के प्रति लगाव को दर्शाता है। जिला पंचायत अध्यक्ष जयन्ती राजपूत ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत गरीब एवं असहाय परिवारों की पुत्रियों का विवाह कराया जा रहा है। सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत सभी समुदाय एवं धर्मो के रीति रिवाजों के अनुसार व्यवस्था की गई है।

उन्होंने बताया कि पहले के समय में लड़कियों की शादी करना माता पिता के लिये एक बड़ी जिम्मेदारी का कार्य होता था। जिसके लिये गरीब परिवारों को कर्ज तक लेना पड़ता था। जिससे उनकी आर्थिक स्थति कमजोर हो जाती थी। समाज के हर पहलू को देखते हुए शासन द्वारा विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है। जिसके अन्तर्गत पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित किया जा रहा है।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम में उपस्थित सभी नवविवाहित वर,वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर वर्गो, निराश्रितध्निर्धन परिवारों के विवाह योग्य कन्याओं के लिए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना प्रदेश के अंदर निवास करने वाले सभी समुदायों व वर्गों के व्यक्तियों के लिए संचालित है। जिन परिवारों की वार्षिक आय दो लाख (2,00000) रूपये से कम है वे सभी लाभ लेने के लिए अनुमन्य हैं। उन्होंने बताया कि योजनार्न्तगत प्रत्येक जोड़े पर रू0 51,000 का प्रावधान है। जिसमें संबंधित वधू पक्ष अर्थात कन्या को रू0 35,000 हजार की अनुदान राशि उनके स्वयं के बैंक खाते में अन्तरित की जाती है तथा रू0 10,000 में वधू पक्ष को विवाह हेतु सामग्री जैसे चांदी की पायल, बीछिया, डिनर सेट, कपड़े, कम्बल इत्यादि दिये जाते हैं तथा अधिक्तम 6.000 हजार खानण्पान, टैंट पण्डाल आदि की व्यवस्था पर व्यय होता है। उन्होंने बताया कि रजिस्ट्रेशन अधिकारी के द्वारा सभी जोड़ों का विवाह पंजीकरण भी किया जाता है। कार्यक्रम में संबंधित खण्ड विकास अधिकारी, नगर पंचायत/ नगर पालिका के अधिशाषी अधिकारी तथा विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सहित बडी संख्या में मौजूद अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य लोगों ने नवविवाहित दम्पतियों को शुभकामनायें दी।

# वाटर सप्लाई स्कीम का टीम ने देखा माडल

अवधानामा संवाददाता

**जल जीवन मिशन के तहत चिन्हित माडल विलेज बड़ोखर खुर्द पहुंची टीम**

**बांदा।** भारत-डेनमार्क ग्रीन स्ट्रेटजिक पार्टनरशिप के तहत डेनमार्क से सहायता प्राप्त यूनॉप्स के जल जीवन मिशन के अंतर्गत चिन्हित माडल विलेज के मिड-टर्म-रिव्यू के लिए एक समीक्षा दल बड़ोखर खुर्द गांव पहुंचा। यहां पर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार के अंतर्गत जल जीवन मिशन के सेक्टर पार्टनर द्वारा ग्राम कार्य योजना, ग्राम पेयजल एवं स्वच्छता समिति तथा ग्राम पंचायत विकास योजना के बिंदुओं का निरीक्षण दल द्वारा निरीक्षण किया गया। निरीक्षण दल में मुख्य समीक्षक क्लेस क्लेफोर्ट विदेश मंत्रालय डेनमार्क सरकार, डेनमार्क दूतावास से मिस गिनीसा स्ट्रेटजिक सेक्टर कोआपरेशन प्रोग्राम आफिसर, निकोलाई जूनियर एसोसिएट पालिटिकल एंड इकानामिक रहे। भारत और डेनमार्क अपने साझेदारी के 75वां वर्ष मना रहे हैं। ऐसे में जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन में मुख्य सहयोगी और साझेदारी के रूप में डेनमार्क और भारत सरकार एक दूसरे के साथ मिलकर ऊर्जा क्षेत्र में तथा सामुदायिक विकास में मिलकर काम कर रही है। यूनॉप्स की तरफ से माधुरी शुक्ला कम्युनिकेशन एसोसिएट, तरनप्रीत कौर, नेशनल को-आर्डिनेटर और चारू शुक्ला स्टेट कंसल्टेंट यूनॉप्स रहे।

# प्रधानमंत्री ने जयंत एवं दुधीचुआ सीएचपी-साइलो परियोजनाओं का किया लोकार्पण

अवधनामा संवाददाता



**सोनभद्र/सिंगरौली)** गुरुवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्यप्रदेश के सिंगरौली स्थित व कोयला मंत्रालय के अधीन भारत सरकार की मिनीरत्न कोयला कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की दो महत्वपूर्ण फर्स्ट माइल कनेक्टिविटी परियोजनाओं (एफएमसी) का वर्चुअल माध्यम से लोकार्पण किया। विकसित भारत के आलोक में 'आत्म निर्भर ऊर्जा क्षेत्र' व दीर्घकालिक विकास के साथ सतत खनन एवम् हरित प्रेषण की दिशा में 1393.69 करोड़ रुपये के पूँजी निवेश से निर्मित एनसीएल की इन महत्वाकाँक्षी परियोजनाओं को अहम बताया जा रहा हैद्य इन पर्यावरण अनुकूल एफएमसी परियोजनाओं के संचालन से एनसीएल द्वारा रेल के माध्यम से बिजली क्षेत्र सहित दूरस्थ ग्राहकों को भेजे जा रहे कोयला में 25 मिलियन टन वार्षिक का अतिरिक्त ईजाफा होगा।

इसके अलावा ये नई सीएचपी रैपिड लोडिंग सिस्टम (आरएलएस) का उपयोग करके तेज़ लोडिंग, स्वचालित प्री-वे हॉपर से सटीक लोडिंग के साथ ही ग्रीन हाऊस गेसेज के उत्सर्जन में कमी के साथ रोजगार सृजन करने में भी सहायक हैं।

एनसीएल के सीएमडी मनीष कुमार, निदेशक (वित्त), रजनीश नारायण, निदेशक (तकनीकी/ संचालन) जितेंद्र मलिक, सीवीओ एनसीएल, रविंद्र प्रसाद, एनसीएल के जेसीसी सदस्य अजय कुमार, बी एस बिष्ट, राकेश कुमार पांडेय, अशोक कुमार पांडेय, सीएमओएआई से सर्वेश सिंह, क्षेत्रीय महाप्रबंधक ,मुख्यालय के विभागाध्यक्ष, स्थानीय जन प्रतिनिधि व अन्य अधिकारी व कर्मचारी जयंत एवम् दुधीचुआ स्थित निर्मित सीएचपी स्थल से इस कार्यक्रम के साक्षी बने।

# कुसुम अनुदान पर मिलेंगे सोलर पंप, 330 किसानों ने किया आवेदन

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** जिले में किसानों को वित्तीय वर्ष 2024,25 अनुदान पर सोलर पंप वितरित किए जाएंगे। इसके लिए कृषि विभाग ने कवायद शुरू कर दी है। किसान विभाग की वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं। चालू वित्तीय वर्ष में 590 निजी नलकूपों में कृषि विभाग ने अनुदान पर सोलर पंप लगाए जाने के लिए आवेदन मांगे थे। इनमें 330 किसानों ने ही योजना का लाभ लेने के लिए आवेदन जमा किए हैं। इनमें से 242 किसानों ने धन जमा किया है। वित्तीय वर्ष 2024,25 में सोलर पंप के लिए पहले आओ पहले पाओ के सिद्धांत पर विभागीय लिंक के माध्यम से ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं। ऑनलाइन टोकन मिलने के बाद उन्हें पांच हजार रुपए ऑनलाइन जमा करने होंगे। चालान के माध्यम से अवशेष कृषक अंश की धनराशि 14 दिन के अंदर इंडियन बैंक की किसी भी शाखा में जमा करनी होगी। अधिकारियों ने बताया कि सत्र 2024,25 में आवंटित लक्ष्य के सापेक्ष 110 प्रतिशत सीमा तक ऑनलाइन बुकिंग वेबसाइट www.up agricultue.com पर अनुदान पर सोलर पंप के लिए बुकिंग की जाएगी। जिला उप कृषि निदेशक हरिशंकर भार्गव ने बताया कि यह योजना किसानों के लिए उपयोगी है। इसमें सिंचाई में लाभ के साथ शासन की मंशा के तहत किसानों को अनुदान भी मिलेगा।

# अशनकारियों नें खून से लिखा सीएम को पत्र

**सम्पूर्ण समाधान चाहिए आश्वासन नहीं अशनकारी**

अवधानामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** सड़क निर्माण को लेकर आज चौथे दिन क्रमिक अनशन जारी रहा आज अनशन स्थल पर ही अनशनकारियों ने अपने खून से पत्र लिखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नाथ संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी मौदहा राजेश चंद्र को सौंपा साथ ही सड़क निर्माण को लेकर पूर्ण समाधान की मांग की। आज अनशन में सुबह से ही भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे जिसको देखते हुए आज अनशन स्थल में उप जिलाधिकारी राजेश चंद्र व मौदहा बीडीओ मैं दल बल के साथ पहुंचे अनशनकारियों को समझाने का प्रयास किया लेकिन अनशन कारी अपनी मांग पर अड़े रहे। पूर्ण समाधान के सिवाय कोई आश्वासन नही चाहिए क्योंकि 2019 के बाद से सिर्फ आश्वासन ही मिल रहा हैं।आज अनशन में बुंदेलखंड नव निर्माण सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी एवं कांग्रेस के प्रदेश महासचिव सलीम अहमद भी सम्मिलित हुए और अनशन को समर्थन दिया आज के अनशन में सेना के जिलाध्यक्ष देव यादव ने बताया कि प्रशासन सिर्फ अनशन खत्म करने की बात कर रहे है लेकिन समाधान की बात नही कर रहे आज मुख्य रूप से अंकुश यादव, बब्लू यादव, संतु वर्मा, चंद्रभान पाल, कंधी यादव, दीपंशू राज, प्रीतम वर्मा, लाखन यादव, मलखान, अरविंद यादव, प्रदीप पाल, रामबाबू पाल, चौधरी अनुरागी, दिनेश अनुरागी, शंकर पाल, मोनू अनुरागी, अनिल वर्मा, मथुरा वर्मा, बलराम यादव, बिन्दा अनुरागी, बादी कुशवाहा, लाखन यादव उपस्थित रहे।

# पत्नी की हत्या करने वाले को आजीवन कारावास

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** चार वर्ष पहले पत्नी की हत्या करने वाले आरोपित को पुलिस की प्रभावी विवेचना और पैरवी के चलते न्यायालय ने बुधवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ ही 30 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया है। गौरतलब हो कि तिंदवारी थाना क्षेत्र के धौंसड़ गांव निवासी अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक कुमार पटैल पुत्र वरदानी ने अपनी पत्नी सरला की 15 जुलाई 2019 को चारपाअ्र की पाटी से वार कर हत्या कर दी थी। सरला के भाई आलोकक सिंह पुत्र रामबहादुर निवासी फतपुरवा थाना देहात कोतवाली की तहरीर पर तिंदवारी थाने में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले की विवचना तत्कालीन थाना प्रभारी निरीक्षक नीरज कुमार सिंह ने करते हुए साक्ष्य संकिल कर 4 दिसंबर 2019 को न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। लोक अभियोजक देवदत्त मिश्र की प्रभावी पैरवी और कोर्ट मोहर्रिर महिला कांस्टेबल शांति देवी, पैरोकार कांस्टेबल रोहित के प्रयासों से अभियुक्त अशोक कुमार सिंह उर्फ अशोक कुमार पटेल को न्यायालय एडीजे-वी गैंगस्टर एक्ट के द्वारा आजीवन कारावास की सजा के साथ ही 30 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

# करोड़ों के सौगात के साथ होगा जनपद का विकास: पकौड़ी लाल

अवधानामा ब्यूरो

**अपना दल एस सांसद ने विकास कार्यों पर किया चर्चा गिनाई उपलब्धि**

**पीएम मोदी के नेतृत्व में देश व प्रदेश में बह रही विकास की गंगा खुशहाल हैं आमजन**



**सोनभद्र।** स्वर्ण जयंती चौक पर गुरुवार को भाजपा सरकार अपना दल एस सरकार द्वारा विकास कार्यो को लेकर अपना दल एस सांसद पकौड़ी लाल कोल द्वारा चाय पर चर्चा कार्यक्रम के दौरान बीते वर्षो के विकास कार्यो का गिनता उपलब्धियां बताया विकसित देश का सपना हो रहा साकार।

वहीं सांसद पकौड़ी लाल कॉल ने बताया कि जनपद के प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक 14 बिंदुओं पर कायाकल्प जहां बच्चे तट पर बैठते थे आज थाट से कुर्सी पर बैठकर अध्ययन करते हैं पठन-पाठन पर्यटन क्षेत्र में 6 स्थलों को सुंदरीकरण व कायाकल्प को सुकृत हुए करोड़ों के बजट पेयजल को लेकर करोड़ की योजनाओं को धरातल पर लाने के लिए मजबूती के साथ सरकार कर रही कार्य आवास योजना में हर गांव तक पहुंचा सरकारी आवास प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास खुशहाल हैं ग्रामीण एयरपोर्ट योजना अग्निशमन से जुड़े केंद्र व भवन योजना न्यायालय कोर्ट ओबरा लेडी भवन कर्ण की सौगात कनहर सिंचाई परियोजना दुद्धीकरणों की सौगात अटल आवासीय विद्यालय में करोड़ों की सौगात राजकीय मेडिकल कॉलेज निर्माण करोड़ की सौगात 48वीं वाहिनी पीएससी में करोड़ों की सौगात पुल कुंडॉरी मार्ग कोलिया घाट सोन नदी सेतु निर्माण शाहिद सीसी रोड आंगनबाड़ी केंद्र विकास भवन पंचायत भवन ओबरा में सी प्लांट निर्माण विद्युतीकरण में सौभाग्य योजना छोटे छोटे बस्तियों को विद्युतीकरण सौभाग्य योजना जर्जर विद्युतीकरण में निर्माण कार्य आईटी लाइटों के तार पोल निर्मला दिन ओवरलोड से जलने वाले ट्रांसफार्मर की नवीनीकरण सौभाग्य योजना निशुल्क विद्युत कनेक्शन सांसद निधि के तहत 994 स्थलों पर सोलर स्ट्रीट लाइट स्थापना सर मध्य से 500 स्थलों पर सोलर लाइट स्थापित स्थापना उद्यान विभाग में 15 एकड़ के निशुल्क मांगा फल ट्रायंगल फुट स्ट्रॉबेरी की खेती 5 एकड़ बड़े पैमाने पर मशरूम की खेती की सुविधा रोजगार को लेकर सभी विकास करो में कौशल विकास योजना उपलब्ध के दौरान बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराया रेलवे चोपन चुनार सिंगल लाइन विद्युतीकरण एवं 100 किमी स्ट्रीट का ट्रैक लगभग 100 करोड़ का योगदान के ऊपर चुनार रेल मार्ग दोहरीकरण बजट हुए पास।

### भागवत कथा के साथ महाशिवरात्रि पर्व के कार्यक्रमों का हुआ शुभारंभ

**सरीला (हमीरपुर)** हमीरपुर जनपद के सरीला नगर में महाशिवरात्रि पर्व के कार्यक्रमों का भागवत कथा महापुराण के शुभारंभ के साथ आगाज हुआ। महाशिवरात्रि महोत्सव को पूरा नगर बड़ी भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाता है ।सरीला नगर में एक अति प्राचीन शल्लेश्वर मंदिर है।जो अपने आप में कई ऐतिहासिक एवं पौराणिक रहस्य छुपाए हुए। सरीला नगर में प्रतिवर्ष शिवरात्रि पर्व पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाता है हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भागवत कथा महापुराण की शोभायात्रा निकालकर भागवत पुराण का शुभारंभ हुआ।

# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत 307 जोड़े हुये एक-दूजे के

अवधानामा संवाददाता



**चोपन/ सोनभद्र।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना'' के अन्तर्गत गुरुवार को विकास खण्ड चोपन के अन्तर्गत रेलवे कालोनी स्थित फूटबॉल मैदान में 307 जोड़ों का विवाह भव्य तरीके से विवाह सम्पन्न हुआ, मुख्य मंत्री सामूहिक विवाह योजना में चोपन ब्लॉक में-47, कोन में-45, दुद्धी में-72, म्योरपुर में-61, बभनी में-65 व अन्य स्थानों के-17 यानी कुल 307 जोड़ों की शादी विकास खण्ड चोपन के अन्तर्गत रेलवे कालोनी स्थित मैदान में धूम-धाम के साथ धार्मिक रीति-रिवाजों से शादी सम्पन्न करायी गयी, जिसमें 303 हिन्दू समाज के व 04 मुस्लिम समाज के जोड़ें शादी में शामिल रहें। शादी समारोह में राज्य मंत्री समाज कल्याण संजीव कुमार गोड़, सासंद पकौड़ी लाल, समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर यादव, जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी सुधांशू शेखर शर्मा, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी गिरिजा शंकर, खण्ड विकास अधिकारी चोपन शुभम बरनवाल, जिला पंचायत सदस्य चुर्क मोहन कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि जुगैल संजीव तिवारी व सम्मानित जनप्रतिनिधिगण, अधिकारिगण सम्मलित रहे इस दौरान समाज कल्याण मंत्री ने दीप प्रज्वलन कर व गणेश भगवान की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किये, शादी समारोह में धार्मिक रिति-रिवाज से पूजा अर्चना, जयमाल, सिन्दूरदान, शादी के सात फेरे कराकर शादी सम्पन्न करायी गयी शादी समारोह में भोज का भी आयोजन किया गया, शादी समारोह में बारात आयी, बारात का स्वागत किया गया।

# साइबर थाने का मुख्यमंत्री ने किया वर्चुअल शुभारंभ

अवधानामा संवाददाता



**बांदा।** मुख्यमंत्री ने बुधवार को जनपद के साइबर थाने का वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस दौरान बबेरू में 40 पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरक का लोकार्पण भी किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक समेत अन्य अधिकारीगण भी मौजूद रहे।

शासन की मंशानुरुप साइबर अपराधों की रोकथाम तथा साइबर अपराधियों पर कड़ी कार्यवाही करने के लिए बुधवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन लखनऊ से वर्चुअल माध्यम से 57 जनपदों में साइबर थानों का शुभारंभ किया। इसी क्रम में मुख्यमंत्री द्वारा जनपद बांदा में साइबर थाना का शुभारम्भ किया।

पुलिस लाइन साइबर थाना में आयोजित कार्यक्रम में डीआईजी अजय कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्र, नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू और अन्य जनप्रतिनिधि व अधिकारीगण उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री द्वारा 30 पुरुष व 10 महिला पुलिस कर्मियों के लिए हास्टल बैरक का लोकार्पण किया गया।

### क्रिकेट मैच में एनटीपीसी विन्ध्याचल रहा विजेता

**सोनभद्र/विंध्याचल।** एनटीपीसी विन्ध्याचल के डॉ. बी. आर. आंबेडकर स्टेडियम में वीएसआर क्रिकेट टूर्नामेंट 2024 का फाइनल मैच दिनांक 28-02-2023 को एनटीपीसी रिहंद एवं विंध्याचल की टीमो के मध्य खेला गया । यह टूर्नामेंट दिनांक 25-02-2024 से 28-02-2024 तक लेदर बॉल से खेला गया। जिसमे एनटीपीसी की तीनों परियोजनाओं (एनटीपीसी विन्ध्याचल, एनटीपीसी सिंगरौली तथा एनटीपीसी रिहंद) के खिलाडियों ने भाग लिया । इस टूर्नामेंट का शुभारंभ कार्यकारी निदेशक(विंध्याचल) श्री ई सत्य फणि कुमार द्वारा 25.02.2024 को किया गया। फाइनल क्रिकेट टूर्नामेंट एनटीपीसी विंध्याचल एवं एनटीपीसी रिहंद के बीच खेला गया , जिसमें एनटीपीसी विंध्याचल अपने प्रतिद्वंद्वियों, एनटीपीसी रिहंद पर एक करीबी मुकाबले में विजयी हुआ।

# ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न



अवधानामा संवाददाता

**चोपन/ सोनभद्र।** विकास खण्ड सभागार में ब्लाक प्रमुख लीला देवी की अध्यक्षता में क्षेत्र पंचायत की बैठक संपन्न हुई। सर्वप्रथम खंड विकास अधिकारी शुभम बरनवाल ने उपस्थित क्षेत्र पंचायत सदस्यों के बिच आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किए तत्पश्चात बैठक में सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं पर चर्चा हुई जिसमें आवास ,मनरेगा, स्वयं सहायता समूह ,बोरिंग ,शौचालय व राज्य वित्त पंचम वित्त योजना किसान सम्मान निधि आदि पर चर्चा की गई। बैठक के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने अपने अपने क्षेत्र के विकास को लेकर प्रस्ताव भी दिये जिसपर ब्लाक प्रमुख लीला देवी ने कहा कि क्षेत्र के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ी जायेगी सरकार की संचालित जनकल्याणकारी योजनाएं हर व्यक्ति तक पहुंचे इसमें कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी। इस मौके पर संजीव तिवारी, गुड्डु सिंह, चंद्र भानु भारती, धर्मेंद्र कुमार,सरोज कुमार, लालता प्रसाद, सुनीता देवी, शिवकुमार प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# मौरगं खनन के अवैध पट्टों का जिन फिर निकला बोतल के बाहर

**सन 2013 में सपा सरकार में अपनें चहेतों को मानकों को ताक पर रखकर किये गये थे मौरंग खनन के 17 पट्टे: विजय द्विवेदी**



हिफजुर्रहमान

**हमीरपुर।** सीबीआई द्वारा उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को नोटिस जारी होनें के बाद हमीरपुर में चर्चाओं का बाजार खासा गर्म होगया है अवैध खनन के मामले में जहाँ चर्चाएँ शुरू हो गयी है तो वही कुछ लोगों के घबराहट भी चर्चाएं खूब हो रही हैं इस समय हमीरपुर जनपद में सब से हाट टापिक अवैध खनन है। अवैध खनन को लेकर सीबीआइ एक बार फिर सक्रिय हुई है। बता दें कि वर्ष 2013 में प्रदेश में सपा सरकार में चहेते 13 लोगों को मानकों को ताक पर रखकर जिले में 17 खनन पट्टे किए गए थे। तत्कालीन सपा एमएलसी व उनके परिवार के लोगों को लाभ पहुंचाया गया था। हमीरपुर के अधिवक्ता विजय द्विवेदी की याचिका पर हाई कोर्ट ने अवैध खनन की जांच सीबीआई से करने के निर्देश दिए थे।

### बाक्स इन लोगो को मिले थे पट्टे

एडवोकेट विजय द्विवेदी ने बताया कि 19 फरवरी से 19 मार्च 2013 के मध्य तत्कालीन सपा एमएलसी, मालती मिश्रा को तीन,सुरेश कुमार मिश्रा को दो, दिनेश कुमार मिश्रा को दो, विनोद कुमार,अशोक कुमार, प्रमोद कुमार,राबिया बेगम, मदनपाल सिंह,पूर्व सांसद घनश्याम अनुरागी व कौशल्या चौबे के नाम खनन पट्टा जारी हुए थे। सीबीआई व ईडी दोनों ने अलग-अलग रिपोर्ट दर्ज की थी। रमेश कुमार मिश्रा वर्तमान में भाजपा की शरण ले चुके हैं। उनसे संपर्क करने का प्रयास किया गया,लेकिन उनका मोबाइल फोन बंद था। याचिकाकर्ता ने बताया कि हाई कोर्ट के मौरंग खदानों पर पूरी तरह से रोक लगाने के बाद भी जिले में अवैध खनन किया जाता रहा। उन्होंने आगे और आरोप लगाते हुए कहा कि यह घोटाला करीब दस हजार करोड़ से ज्यादा का है।

### जाने क्या था अवैध खनन का खेल?



दरअसल वर्ष 2012 से 2016 के बीच सपा सरकार में अधिकारियों ने 23 खनन पट्टों के नवीनीकरण की अनुमति दी थी, जबकि इस पर सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने पाबंदी लगा रखी थी। उस दौरान पहले अखिलेश यादव और फिर गायत्री प्रजापति खनन मंत्री थे। हाईकोर्ट ने एक पीआईएल की सुनवाई के दौरान अवैध तरीके से खनन पट्टे देने की सीबीआई जांच का आदेश दे दिया। जिसके बाद सीबीआई ने फतेहपुर, सोनभद्र, देवरिया, हमीरपुर, शामली, सिद्धार्थनगर, सहारनपुर आदि जिलों में हुई गड़बड़ियों की जांच के लिए मुकदमे दर्ज किए थे। प्रारंभिक जांच में 100 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला होने के प्रमाण मिले थे।

# नपा अध्यक्ष, एडीएम, सीएमओ सीएमएस ने किया केंटीन का शुभारंभ

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** भाजपा सरकार द्वारा सहायता समूह सती बहनों को स्वरोजगार देते हुए उनको एक समाज से जोड़ने का आकार करते हुए इस कड़ी में गुरुवार को जिला अस्पताल लोढी स्थित निर्मित शक्ति रसोई कैंटीन का उद्घाटन मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद अपर जिलाधिकारी न्यायिक सुभाष चंद्र यादव सीएमओ अश्वनी कुमार सुरेश कुमार प्रधानाचार्य मेडिकल कॉलेज डीके सिंह सीएमएस परियोजना अधिकारी राकेश उपाध्याय के नेतृत्व में पिता काटकर शक्ति रसोई कैंटीन का शुभारंभ किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि नपा अध्यक्ष रूबी प्रसाद ने बताया कि पीएम मोदी सीएम योगी के नेतृत्व में सहायता समूह की महिलाओं को आगे करते हुए उनके स्वरोजगार व उनको समझ में एक संदेश देने के साथ रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एक संदेश देने का कार्य किया जा रहा है जिस क्रम में जिला अस्पताल लोहड़ी स्थिति निर्मित शक्ति रसोई का शुभारंभ करते हुए एक योगदान किया गया जिसमें स्वदेशी नाश्ता के साथ स्वदेशी सामग्रियों का प्रयोग करते हुए मरीज के साथ आम जनमानस को सुविधा दी जाएगी वही परियोजना अधिकारी डूडा राकेश उपाध्याय ने बताया की सहायता समूह की महिलाओं द्वारा वहां स्वदेशी ज्यादातर सामग्री बनवाया जाएगा जिससे कि आम जनमानस के सेहत को ध्यान में रखते हुए और सस्ती चीजे का सामग्री उपलब्ध हो जिससे कि आने जाने वाले आम नागरिकों मरीज वीवीआइपी सहित सभी लोगों को उसका लाभ मिल सके।

# मुख्यमंत्री योगी ने शिल्पकारों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का किया अवलोकन

- यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में मिला है भागीदार होने का अवसर



**लखनऊ।** टेक्सटाइल सेक्टर में हमारे हुनर, इनोवेशन और टेक्नोलॉजी का इंतजार दुनिया का बाजार कर रहा है। भारत से 17 हजार करोड़ का कार्पेट एक्सपोर्ट होता है, जिसमें से 60 प्रतिशत कार्पेट यूपी के भदोही, मीरजापुर और वाराणसी से भेजा जाता है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रगति मैदान में आयोजित %भारत टेक्स 2024 के चौथे दिन मीडिया से बातचीत के दौरान कही। वहीं प्रगति मैदान में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को देखते ही लोगों ने भारत माता की जय और जय श्रीराम का नारा लगाकर उनका स्वागत किया।

मुख्यमंत्री योगी ने भारत टेक्स 2024 के यूपी पॉवेलियन में आए सभी बायर्स और विजिटर्स का अभिनंदन किया। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इतने महत्वपूर्ण इवेंट में यूपी को पार्टनर स्टेट के रूप में भागीदार होने का अवसर दिया गया है। सीएम ने बताया कि राष्ट्रीय राजधानी के प्रगति मैदान में भारत मंडपम और यशोभूमि में इस इंटरनेशनल इवेंट के जरिए टेक्सटाइल के क्षेत्र में अतीत, भविष्य और वर्तमान की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शनी आयोजित की गई है। यह प्रधानमंत्री मोदी की सराहनीय पहल है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि पिछले 4 दिन से आयोजित इस प्रदर्शनी में देश और दुनिया से ढेर सारे लोगों ने सहभागिता की है। उन्होंने कहा कि भारत में एग्रीकल्चर के बाद रोजगार, डेवलपमेंट और टेक्नोजॉजी के क्षेत्र में टेक्साटाइल का क्षेत्र अनंत संभावनाओं वाला है।

### उ.प्र. के उत्पादों की विशेष सराहना

सीएम योगी ने बताया कि भारत टेक्स 2024 में उत्तर प्रदेश के 20 एग्जिबिटर्स यशोभूमि में और 46 एग्जिबिटर्स भारत मंडप में अपने हुनर की प्रदर्शनी के साथ शामिल हुए हैं। यहां हस्तशिल्प, कालीन और अन्य हथकरघा उत्पादों को कारीगरों ने देश-दुनिया के बायर्स के सामने प्रस्तुत किया है। सभी ने उत्तर प्रदेश के उत्पादों की विशेष सराहना की है। सीएम योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में टेक्सटाइल के क्षेत्र में अनंत संभावनाएं हैं। प्रधानमंत्री मोदी द्वारा देश में 7 स्थानों पर पीएम मित्रा पार्क योजना शुरू की गई है, इसके अंतर्गत यूपी के लखनऊ-हरदोई के बीच एक हजार एकड़ में मेगा टेक्सटाइल पार्क स्थापित होने जा रहा है। इसके अलावा हम यूपी में चार नये फ्लैटेड फैक्ट्री को विकसित कर रहे हैं।

### रोजगार सृजन के महत्वपूर्ण माध्यम हैं शिल्प

मुख्यमंत्री ने बताया कि लखनऊ की चिकनकारी, सीतापुर की दरी, बरेली की जरी जरदोजी और भदोही की कालीन को प्रमोट करने के लिए बीते सात साल में काफी कार्य हुआ है। ये सभी शिल्प रोजगार सृजन के बहुत महत्वपूर्ण माध्यम हैं। सीएम योगी ने बताया कि वैश्विक टेक्सटाइल इंडस्ट्री आज भारत की ओर आशा भरी नजरों से देख रही है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने यहां देश के अलग अलग हिस्सों से आए और उत्तर प्रदेश के हस्तशिल्पियों एवं कारीगरों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। इस अवसर पर एमएसएमई मंत्री राकेश सचान, अपर मुख्य सचिव अमित मोहन प्रसाद सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।

## प्रमुख सचिव पर्यटन ने की 47 परियोजनाओं की समीक्षा की

**लखनऊ।** प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह के निर्देश पर प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति मुकेश कुमार मेश्राम ने पर्यटन विभाग की लंबित 47 परियोजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान उन्होंने कहा कि मा0 मंत्री जी ने निर्देश दिये हैं कि विभाग की लंबित परियोजनाओं को गुणवत्ता एवं समयबद्धता के साथ पूरा करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिये कि फील्ड में तैनात अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों की निर्माण परियोजनाओं का स्थलीय निरीक्षण सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में घटिया या अधोमानक सामग्री का उपयोग पाये जाने पर संबंधित के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## मजलिसे पंजुम शुक्रवार को

**लखनऊ।** पत्रकार तंजीर अंसार के पिता स्वर्गीय अंसार हुसैन के ईसाले सवाब के लिए मजलिसे पंजुम शुक्रवार को आयोजित होगी। स्वर्गीय के पुत्र तंजीर अंसार ने बताया कि तहसीनगंज स्थित जामा मस्जिद में शुक्रवार सुबह 9 बजे कारी अजीम हैदर जाफरी तिलावते कलामे पाक से मजलिस का आगाज करेंगे। इसके बाद वसी जौनपुरी पेशख्वानी और डॉ. आरिफ जाफरी सोजख्वानी करेंगे। मजलिस को सुबह 10 बजे मौलाना वासिक रजा नकवी खिताब करेंगे। वहीं महिलाओं की मजलिस तहसीनगंज जामा मस्जिद के सामने स्थित इमामबाड़ा मलका जहां में इसी समय होगी।

# भारत निर्वाचन आयोग तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश में

स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्थाओं पर आयोग ने की चर्चा

अवधनामा ब्यूरो



- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-24 की तैयारियों की समीक्षा की
- मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार और निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल ने संयुक्त रूप से 'निर्वाचनः बढ़ते कदम' विषय पर आधारित प्रदर्शनी का किया शुभारंभ
- निर्वाचन आयोग की टीम ने यूपी के मुख्य निर्वाचन अधिकारी, राज्य पुलिस के एवं सीपीएफ के नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक
- राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ आयोग की टीम ने एक-एक करके वार्ता की

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों की समीक्षा के लिए भारत निर्वाचन आयोग की 13 सदस्यीय टीम गुरुवार को तीन दिवसीय दौरे पर उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ पहुंची। मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार की अगुवाई में निर्वाचन आयोग की टीम ने अपने दौरे के पहले दिन की शुरुआत भारत निर्वाचन प्रणाली के विकास पर आधारित प्रदर्शनी के शुभारंभ से किया। साथ ही आयोग की टीम ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक भी की। इस दौरान भारत निर्वाचन आयोग ने प्रदेश में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए जरूरी संसाधनों की व्यवस्थाओं पर चर्चा की। इसके अलावा आयोग की टीम की राष्ट्रीय एवं राज्य मान्यता प्राप्त राजनीतिक पार्टियों के साथ बैठक भी की।

मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल के साथ आयोग की टीम का एयरपोर्ट पर मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तर प्रदेश, नवदीप रिणवा ने स्वागत किया। उसके बाद भारत निर्वाचन आयोग की टीम एयरपोर्ट से सीधे योजना भवन पहुंची, जहां मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार, निर्वाचन आयुक्त अरुण गोयल और आयोग की टीम ने 'निर्वाचन- बढ़ते कदम' विषय पर आधारित प्रदर्शनी का अवलोकन और शुभारंभ किया। इस प्रदर्शनी में समय के साथ भारतीय निर्वाचन प्रणाली में हुए विकास को दर्शाया गया है।यह प्रदर्शनी नये मतदाता और आम नागरिकों के लिए काफी ज्ञानपरक है। इसमें 1951 में हुए आजाद भारत के पहले आम चुनाव से लेकर निर्वाचन आयोग द्वारा 2013 में वीवीपैट अपनाने तक की पूरी यात्रा को प्रदर्शित किया गया है। साथ ही 489 सीटों पर हुए पहले आम चुनाव में 53 राजनीतिक दलों और 1874 उम्मीदवारों ने प्रतिभाग किया था, इसका भी जिक्र है। 1982 में केरल की फरूर विधानसभा में ईवीएम के उपयोग समेत समय के साथ निर्वाचन व्यवस्था में जोड़ी गई नई व्यवस्थाओं जैसे नोटा का प्रावधान, रंगीन पीवीसी इपिक, मतदान केंद्रों पर बुजुर्गों एवं दिव्यांगजनों को उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं को भी दिखाया गया है।

# राजधानी का मुख्य द्वार चारबाग, फिर अतिक्रमणकारियों के शिकंजे में

- जाम से अयोध्या धाम दर्शन करने जाने वालों को भी होती है कठनाई

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** प्रदेश की राजधानी लखनऊ का मुख द्वार कहे जाने वाला चारबाग क्षेत्र गन्दगी और अतिक्रमण से त्रहिमाम त्रहिमाम कर रहा है। यह हाल तब है जबकि लखनऊ को मेट्रो सिटी की उपाधि और स्वच्छ भारत अभियान से जोड़ा गया है। यहां के निवासी और व्यापारी बताते हैं कि क्षेत्रीय नाका कोतवाली और नगर निगम की खाऊ कमाऊ नीति के कारण इन अतिक्रमण कारियों को आशीर्वाद मिला हुआ है और यह हाल तब है जब की इस क्षेत्र को नो वेंडिंग जोन में घोषित किया जा चुका है।चारबाग रेलवे स्टेशन और बस अड्डा तथा कानपुर, गोरखपुर, अयोध्या, गोंडा रोड होने के कारण अत्यंत व्यस्त रहता है।तथा अक्सर जाम से चरमराया करता है।अत्यधिक व्यस्त रोड होने के बावजूद पुड़ी सब्जी,बिरयानी, बाटी चोखा, इलेक्ट्रानिक आइटम की दुकानों सहित सकड़ों दुकानों की भरमार है।इस संबंध में क्षेत्रीय व्यापारियों द्वारा उपमख्यमंत्री बर्जेश पाठक तथा नगर आयुक्त से मिल कर अतिक्रमण हटवाया भी गया था। क्षेत्रीय पुलिस और नगर निगम अधिकारियों और दलालो की सांठ गांठ के चलते फिर वही अतिक्रमण और गन्दगी नो वेंडिंग जोन को मुंह चिढ़ाने लगे हैं। राजधानी में देश और परदेश लाखों लोगों का इस स्टेशन पर और सड़कों पर आना जाना है इसी अतिक्रमण के कारण यात्रियों की ट्रेनें अक्सर छूट जाती हैं।यही नहीं सरकार द्वारा अयोध्या धाम जाने वाले दर्शनार्थियों को भी इस जाम के कारण भरी कठिनाई होती है। स्टेशन का और चारबाग का सुंदरी कारण इन अधिकारियों और अतिक्रमण करियों के कारण सपना बन कर रह गया है।

## मनरेगा में तैनात किये जायेंगे इंटनर्स

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने मनरेगा में नवाचार व अनुसंधान को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से भारत सरकार की गाइडलाइंस के अनुसार प्रत्येक ग्राम पंचायत में 02 इंटनर्स रखें जाने के निर्देश दिए हैं। इस सम्बन्ध में सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, ग्राम्य विकास विभाग श्री सुखलाल भारती द्वारा ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार के दिशा निर्देशों का हवाला देते हुए समस्त जिला अधिकारियों को महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत भारत सरकार द्वारा विकसित Programme for Action through Internship in Bharat (PRATIBHA) पोर्टल के क्रियान्वयन हेतु निर्देश दिए गए हैं। जिसका उद्देश्य अनुसंधान और नवाचार को प्रोत्साहित करना है, जो ग्रामीण क्षेत्रों में लागू होना है। इसका उद्देश्य ग्रामीण विकास मंत्रालय के फ्लैगशिप कार्यक्रमों के परिणामों को बढ़ाना है।

# बहुभाषी भारत: 'एक जीवंत परम्परा' थीम पर आधारित अनोखी पुस्तक का लोकार्पण



- यह पुस्तक हर आयु वर्ग के लिए लाभप्रद है

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** नयी दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित विश्व पुस्तक मेला 24 में लेखक सीए नरेंद्र सेक्सरिया की अलौकिक पुस्तक मैजिकल पॉवर्स ऑफ ग्रैटीट्यूड के प्रदर्शन के बाद गत दिवस बेंगलुरु के आउटर रिंग रोड व्हाइटफील्ड के बी- नारायणपुरा महादेवपुरा स्थित एन.सी.सी. मेपल हाइट्स अपार्टमेंट्स के क्लब हाउस में इस अनोखी पुस्तक का लोकार्पण उनके सहलेखकों शिवानी, कल्पना, अखिलेश, जतिन एवं मोहन पुजार द्वारा किया गया। नोशन प्रेस द्वारा प्रकाशित यह पुस्तक अपने आप में इसलिए अनोखी है कि इसमे 18 लेखकों ने पुस्तक में वर्णित 21 ग्रैटीट्यूड प्रैक्टिसेस (कृतज्ञता/ आभार/ शुकराना के अभ्यास) पर आधारित अपने असल जीवन के अनुभवों को वर्णित किया है। पुस्तक के बारे में अपने विचार व्यक्त करते हुए उत्साहित नरेंद्र एवं मोहन ने बताया कि यह पुस्तक हर आयु वर्ग के लिए लाभप्रद है, यह रीडर्स (वाचकों) के अंदर अभाव से समृद्धि की दिशा में मनोवृत्ति का परिवर्तन करने में सहायक सिद्ध होगी और उनके मन में कुदरत के नियमों एवं ग्रैटीट्यूड के पॉवर्स के प्रति अटूट विश्वास का सृजन करेगी, जिससे वह आनन्द, शांति एवम खुशी की ओर जा सकेंगे। इस आयोजन में कम्युनिटी के वरिष्ठ सदस्य जयदेव यादव, कुंजूजी, सेक्रेटरी सुनीता यादव, रतीश, चंद्रिका, ऋषभ, भाविका, शरद, प्रेषित, मोहित, आन्या इत्यादि शामिल रहे।

## उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने जीता प्रतिष्ठित स्कॉच आर्डर ऑफ मेरिट अवार्ड

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य कर विभाग ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, प्रमुख सचिव नितिन रमेश गोकर्ण एवं आयुक्त मिनिस्ती एस. के कुशल निर्देशन में एक और उपलब्धि हासिल की है। विभाग द्वारा संचालित आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस बेस्ड रिटर्न स्क्रूटनी प्रोजेक्ट हेतु विभाग को प्रतिष्ठित स्काच आर्डर आफ मेरिट अवार्ड से सम्मानित किया गया है। इस अवार्ड की घोषणा स्कॉच ग्रुप द्वारा 29 फरवरी को आयोजित वर्चुअल सेरेमनी के दौरान की गयी, जिसमें देशभर के विभिन्न प्रदेशों के विभागों द्वारा प्रतिभाग किया गया। यह अवार्ड मिनिस्ती एस., राज्य कर आयुक्त की ओर से रिया केजरीवाल, अपर आयुक्त राज्य कर द्वारा प्राप्त किया गया। यह जानकारी प्रदेश की राज्य कर आयुक्त मिनिस्ती एस. ने दी। उन्होंने बताया की उत्तर प्रदेश ऐसा पहला राज्य है जो रिटर्न स्क्रूटनी हेतु नवीनतम डाटा विश्लेषण और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस तकनीक पर आधारित सिस्टम का प्रयोग कर रहा है।

## कला उत्सव का आयोजन तीन मार्च को

**लखनऊ।** नवाबी शहर के कला प्रेमियों के लिए कलरोथॉन शालीमार कॉर्प के सहयोग से एक भव्य कला उत्सव का आयोजन तीन मार्च को गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया पार्क में किया जायेगा। इस कला उत्सव में हर उम्र के लोग शामिल होकर कला की इंद्रधनुषी दुनिया का आनंद उठा सकते हैं। इस मेगा आर्ट इवेंट के आयोजन के बारे में गुरुवार को शालीमार कॉर्प के डायरेक्टर कुणाल सेठ, मिलिंद राज, अहमद शरीफ , शम्स वारसी, डॉ.वंदना सहगल ने प्रेस वार्ता की। इस दौरान आयोजकों ने बताया कि कलरोथॉन रंगों का एक उत्सव है। जिसमें कलाकार, चित्रकार, और स्केचिंग के शौकीन लोग अपनी कल्पनाओं को रंगों में उतार सकते हैं। लाइव संगीत और मनमोहक प्रदर्शनों के बीच कलरोथॉन प्रतिभागियों को अपनी रचनात्मकता को व्यक्त करने का मंच प्रदान देगा।

# लोकसभा निर्वाचन: स्वतंत्र एवं निष्पक्ष समाधान की मांग

अवधनामा ब्यूरो



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को भारत निर्वाचन आयोग के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात कर लोकसभा निर्वाचन 2024 को लेकर शिकायतें और सुझाव पत्र सौंप आयोग के प्रतिनिधिमंडल से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष समाधान की मांग की। पार्टी प्रवक्ता अंशू अवस्थी ने बताया कि मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार एवं चुनाव आयुक्त से राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी, पूर्व सांसद पी.एल. पुनिया और कांग्रेस नेता विधानमंडल दल आराधना मिश्रा मोना ने मुलाकात की। कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने फर्रुखाबाद के निर्वाचन वेयर हाउस के स्ट्रॉंग रूम में लगी आग को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के जवाब से असंतोष व्यक्त किया। साथ ही जांच कमेटी में किसी राजनैतिक दल के प्रतिनिधि व न्यायिक मजिस्ट्रेट को शामिल न करने पर भी संदेह जताया। प्रदेश के प्रशासनिक व पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण पर तत्काल रोक लगा पिछले 3 महीने में किये स्थानांतरण की समीक्षा कराने, चुनाव को देखते हुए सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग के केन्द्र व प्रदेश सरकार की नीतियों व कार्यक्रमों के विज्ञापनों पर तत्काल रोक लगाने, चुनाव के दौरान ब्लॉक स्तर पर राजनैतिक दलों के वाहनों और कार्यालयों को पूरे चुनाव तक अनुमति देने, चुनाव के दौरान पुलिस व राजनैतिक दलों के कार्यकर्ता मतदान से रोकने के लिए डर का माहौल पैदा करते हैं। चुनाव में ऐसी घटनाओं पर सख्ती से रोक लगाई जाने सहित अन्य मांगें की गयी हैं। आयोग ने शिकायतों और सुझावों को गंभीरता से लेते हुए शुक्रवार को जिला अधिकारियों के साथ होने वाली बैठक में राजनैतिक दलों को मिलने वाली मतदाता सूची के बाद कोई परिवर्तन चुनाव के वक्त पोलिंग सेंटर पर मौजूद मतदाता सूची में न करने के निर्देश देने का आश्वासन दिया।

## अवैध व्यवसायिक निर्माण को कराया सील

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण ने गुरुवार को गोमती नगर में आवासीय भू-उपयोग में अवैध रूप से किये व्यवसायिक निर्माण को सील कराया। प्राधिकरण उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी के निर्देश पर प्रवर्तन जोन-1 की टीम ने सीलिंग की कार्रवाई कराई। प्रवर्तन जोन-1 की जोनल अधिकारी प्रिया सिंह ने बताया कि गीता भट् ट व अन्य की ओर से गोमती नगर के विवेकखण्ड में भूखण्ड संख्या-4/45 पर लगभग 300 वर्गमीटर क्षेत्रफल में स्वीकृत आवासीय मानचित्र के उलट व्यवसायिक भवन का निर्माण कराया जा रहा था। विहित न्यायालय में योजित वाद में न्यायालय ने सीलिंग के आदेश दिये थे, जिस पर कार्रवाई करते हुए गुरुवार को सहायक अभियंता शिवा सिंह के नेतृत्व में अवर अभियंता सत्यवीर सिंह व सुरेन्द्र द्विवेदी ने निर्माण को सील कराया।

# लखनऊ पुस्तक मेला इस बार होगा विशेष

- पुस्तक मेले की थीम कला संस्कृति साहित्य रखी गई

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रवीन्द्रालय चारबाग लान में दो मार्च से प्रारम्भ होने वाला लखनऊ पुस्तक मेला इस बार कई मामलों में विशिष्ट होगा। इस बार पुस्तक मेले की थीम कला संस्कृति साहित्य रखी गई है। इस निशुल्क प्रवेश वाले मेले में जहां पुस्तक चर्चा व विमोचन होंगे वहीं अनेक आयोजनों के बीच विविधता भरे काव्य समारोह और अध्यात्मिक व अन्य सांस्कृतिक समारोह होंगे। महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम होंगे। आयोजक मनोज सिंह चंदेल ने बताया कि 10 मार्च तक चलने वाले मेले में नई टेक्नालॉजी से छपी पुस्तकों के साथ मेले में डिजिटल टेक्नालॉजी से जुड़े प्रकाशन उत्पाद देखने को मिलेंगे साथ ही स्टेशनरी, टीचरों व स्कूलों के लिए उपयोगी सामग्री के स्टाल होंगे। मेले में आने वाले प्रमुख प्रतिभागियों में सस्ता साहित्य मण्डल नई दिल्ली, प्रकाशन विभाग भारत सरकार, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान, उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी, नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन ऑफ उर्दू लैंग्वेज नई दिल्ली, नेशनल लाइब्रेरी ऑफ इंडिया कोलकाता, अहा गुरु एजुकेशनल टेक्नोलॉजी चेन्नई, निखिल पब्लिशर्स आगरा, बोधरस प्रकाशन, दलित साहित्य केंद्र, श्रीरामकृष्ण मिशन, योगदा सत्संग ध्यान केन्द्र, हिन्दी वांगमय, पदम्म बुक कंपनी, याशिका एंटरप्राइज, मुक्ता बुक एजेंसी मिलाकर लगभग अस्सी स्टालों से मेला सजेगा।

## जज्बात की दस्तक, नाटक का मंचन

**लखनऊ।** श्रद्धा मानव सेवा कल्याण समिति के नाट्य समारोह के तीसरे और अंतिम दिन एहसास के दर पे जज्बात की दस्तक, नाटक का मंचन किया गया। वाल्मीकी प्रेक्षागृह में आकांक्षा थियेटर आर्टस ने गिरीश अभीष्ट के निर्देशन में नाटक का मंचन किया गया।

ललित सक्सेना संवेदनशील व्यक्ति है। जिसे वेश्यावृत्ति का धंधा छोड़ चुकी वृन्दा कपूर से प्यार हो जाता है। वृन्दा को वेश्यावृत्ति में धकेलने वाले उसके पिता की उम्र वाले पति की हत्या ललित व वृन्दा कर देते हैं। ललित उस हत्या के जुर्म में सजा से बचने के लिए अपने बड़े भाई किरीट सक्सेना के पास आता है।

वह एक वकील है और राजनीति में कदम रखकर चुनाव में विधायक का चुनाव लडने जा रहा है। ललित द्वारा की गई हत्या के सार्वजनिक होने की कल्पना से किरीट को अपना कैरियर डूबता दिखता है।

# तीन दिवसीय कार्यशाला उत्तर प्रदेश एग्रोटेक का आगाज

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** भारतीय कृषि एवं खाद्य परिषद अपनी सालाना कार्यशाला व प्रदर्शनी एग्रोटेक 2024-डेवलपमेंट मीट ऑन उत्तर प्रदेश एग्रीकल्चर का आयोजन एक मार्च से करने जा रहा है। प्रदर्शनी और कार्यशाला आयोजन भारतीय कृषि खाद्य परिषद, उत्तर प्रदेश कृषि विभाग के सहयोग से आयोजित कर रहा है। कार्यक्रम के प्रायोजक स्टेट बैंक ऑफ़ इंडिया और सह प्रायोजक आईपीएल बायोलोजिकल्स लिमिटेड है। उक्त प्रदर्शनी व कार्यशाला का शुभारंभ माननीय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान दिनेश प्रताप सिंह करेंगे। प्रदर्शनी शुभारंभ कार्यक्रम के दौरान राज्य सभा के सांसद अशोक बाजपेयी, वरिष्ठ आईएएस व एडिशनल चीफ सेक्रेटरी कृषि विभाग डॉ देवेश चतुर्वेदी, नाबार्ड के सीजीएम एस के डोरा, डॉ अनीस कुमार शर्मा डायरेक्टर टेक्निकल इलेक्ट्रॉनिक्स कारपोरेशन ऑफ़ इंडिया लिमिटेड भी प्रमुख रूप से मौजूद रहेंगे। तीन दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम चरण में प्रदर्शनी का शुभारंभ होने के साथ साथ विभिन्न सत्र का आयोजन भी होगा। जिसमे प्रदेश के आला अधिकारी सहित कृषि विशेषज्ञ शामिल रहेंगे और प्रतिभागियों से विषय सम्बंधित संवाद कर उनको कृषि नवाचार से अवगत कराएँगे। विभिन्न सत्रों में प्रमुख रूप से कृषि सम्बंधित विषयो पर सारगर्भित चर्चा और संवाद का आयोजन प्रस्तावित है। कार्यक्रम के अंत में प्रदेश की राज्यपाल आनंदी बेन द्वारा यूपी इनोवेटिव अवार्ड्स का वितरण तमाम कृषको को किया जायेगा।

# पिपरा स्टेशन पर दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव




अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** रेलवे ट्रेन नम्बर 12557 व 12558 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस एवं 19037 व 19038 बान्द्रा टर्मिनस बरौनी बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस का पूर्व मध्य रेलवे के समस्तीपुर मंडल के पिपरा स्टेशन पर 29 फरवरी से दो मिनट का प्रायोगिक ठहराव दिया जायेगा। 12557 मुजफ्फरपुर आनन्द विहार टर्मिनस एक्सप्रेस 29 फरवरी से पिपरा स्टेशन पर 12:46 बजे पहुंचकर 12:48 बजे छूटेगी। 12558 आनन्द विहार टर्मिनस मुजफ्फरपुर एक्सप्रेस 29 फरवरी से पिपरा स्टेशन पर 8:46 बजे पहुंचकर 8:48 बजे छूटेगी। 19037 बान्द्रा टर्मिनस बरौनी एक्सप्रेस 29 फरवरी से पिपरा स्टेशन पर 5:35 बजे पहुंचकर 5:37 बजे छूटेगी। 19038 बरौनी बान्द्रा टर्मिनस एक्सप्रेस 29 फरवरी से पिपरा स्टेशन पर 10:50 बजे पहुंचकर 10:52 बजे छूटेगी।

### रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने पर विदाई समापक भुगतान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के मण्डल रेल प्रबंधक कार्यालय में मण्डल कार्मिक अधिकारी बसंत लाल ने मण्डल वित्त प्रबंधक उमेश कुमार की उपस्थिति में बीस रेल कर्मचारियों को सेवानिवृत्त होने के अवसर पर विदाई देते हुए समापक भुगतान किया गया। भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र एवं सेवानिवृत्ति प्रमाण पत्र प्रदान किया गया तथा रेलवे के प्रति समर्पण, निष्ठा एवं अतुलनीय योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने सेवानिवृत्त हुए रेलकर्मियों के दीर्घायु की कामना की। इसके साथ ही 17 रेल कर्मचारियों व परिजनों को असाधारण मामलों में समापक भुगतान के रूप में समापक राशि का प्रपत्र प्रदान किया गया। इस दौरान कई अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### चलाया गया संरक्षा जागरुकता अभियान

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे में संरक्षा के प्रति जागरूक करने के मकसद से डीआरएम आदित्य कुमार के मार्गदर्शन में प्राथमिक विद्यालय, उच्च प्राथमिक विद्यालयों में संरक्षा जागरुकता अभियान चलाया गया। जिसके तहत संरक्षा सलाहकारों ने बच्चों को संरक्षा ज्ञान दिया गया। संरक्षा ज्ञान के अंतर्गत बच्चों को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने एवं समपार अथवा उपरिगामी सेतु से ट्रैक पार करने के लिए जागरूक किया गया। इसके साथ ही गेटमैन पर अनाधिकृत दबाव नहीं डालने, क्षतिग्रस्त रेलवे फाटक पर सावधानी बरतने, रेलवे ट्रैक व विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा लाइन किनारे मवेशियों को न आने देने के सम्बंध में संरक्षा जानकारी दी गई।

# भारतीय प्रेस परिषद की उप समिति ने की बैठक





अवधनामा ब्यूरो

- विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर किया विचार-विमर्श

**लखनऊ।** भारतीय प्रेस परिषद, नई दिल्ली के सदस्य गुरिन्दर सिंह की अध्यक्षता में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार करने के लिए भारतीय प्रेस परिषद के उप समिति की बैठक आज पं0 दीनदयाल उपाध्याय सूचना परिसर के सभागार में आयोजित की गयी, जिसमें भारतीय प्रेस परिषद के सदस्य श्रीमती आरती त्रिपाठी व श्री श्याम सिंह पवार उपस्थित रहे। इस अवसर पर बैठक में विज्ञापन संबंधी प्रकरणों पर विचार-विमर्श किया गया और विज्ञापन संबंधी प्रकरणों की सुनवाई की। समिति ने विज्ञापन मार्गदर्शिका एवं विज्ञापन मान्यता संबंधी प्रकरणो की समीक्षा की। पत्रकार बन्धुओं की समस्याओं का निदान कराये जाने के लिए भी आश्वस्त किया। बैठक में निदेशक सूचना शिशिर, अपर निदेशक अंशुमान राम त्रिपाठी, उप निदेशक प्रेस ललित मोहन सहित संबंधित अधिकारी एवं पत्रकार बन्धु उपस्थित रहे।